कार्तिक कृष्ण पक्ष नवमी 03:23 उपरांत दशमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शुक्रवार, 25 अक्टूबर 2024
वर्ष 3 , अंक 65, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

# अमृत विचार

कानपुर नगर

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



जल्द खत्म होने जा रही है आकाशगंगा मेसियर 90 16

पुष्पा 2 : द रूल 5 दिसंबर को होगी रिलीज 15

# गुलमर्ग में आतंकी हमला सेना के दो कुलियों की मौत

श्रीनगर, एजेंसी

- सैन्य वाहन पर हुए हमले में तीन सैनिकों सहित चार घायल

उत्तरी कश्मीर के गुलमर्ग से छह किलोमीटर दूर सेना के एक वाहन पर गुरुवार को हुए आतंकी हमले में बल के साथ काम करने वाले दो कुलियों की मौत हो गई और तीन सैनिकों सहित चार लोग घायल हो गए। अधिकारियों ने कहा कि आतंकवादियों ने शाम के समय बूटापथरी इलाके में सेना के वाहन पर तब गोलीबारी की जब वह अफरावत रेंज में नागिन चौकी की ओर जा रहा था। हमले में सेना के साथ काम करने वाले दो कुली मारे गए और एक अन्य कुली तथा तीन सैनिक घायल हो गए। घायल सैनिकों में से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है तथा इलाके में अतिरिक्त सैनिकों को भेजा गया है।

### मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने की हमले की निंदा

जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कहा कि घाटी में हालिया हमले गंभीर चिंता का विषय हैं। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उत्तरी कश्मीर के बूटापथरी क्षेत्र में सेना के वाहनों पर हमले की बेहद दुर्भाग्यपूर्ण खबर है, जिसमें कुछ लोग हताहत और घायल हुए हैं।

# ग्राम पंचायतों को बनाएं स्मार्ट, जाति-निवास व आय प्रमाण पत्र वहीं बने

## मुख्यमंत्री ने दिया स्ट्रीट लाइट और सीसीटीवी कैमरा लगाने का भी सुझाव, सरकारी सेवा में चयनित 1950 युवाओं को लोकभवन में दिए नियुक्ति पत्र

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 17 स्मार्ट सिटी की तर्ज पर ग्राम पंचायतों को भी स्मार्ट बनाने पर जोर दिया है। उन्होंने तमाम सुझाव देते हुए कहा कि ग्राम पंचायत में जनसहभागिता से साफ-सफाई की व्यवस्था हो। लोगों को जाति, निवास और आय प्रमाण पत्र वहीं पर मिले। महत्वपूर्ण स्थानों पर स्ट्रीट लाइट और सीसीटीवी कैमरा लगवाएं। इससे सुरक्षा भी होगी तो रात में लाइट भी जलेगी। सेंसर या किसी कर्मचारी की ड्यूटी लगाएं कि समय पर ऑन-ऑफ हों। गांवों में पब्लिक एड्रेस सिस्टम लगाएं। केंद्र सरकार के स्तर पर कोई प्रतियोगिता हो तो हमारी ग्राम पंचायतों को भी पुरस्कार मिलना चाहिए।



लोकभवन में नव चयनितों को नियुक्ति पत्र देते मुख्यमंत्री योगी। साथ में मंत्रिगण ओम प्रकाश राजभर, असीम अरुण, संजीव कुमार गोंड, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह व अन्य।

मुख्यमंत्री गुरुवार को लोकभवन में नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ग्राम सचिवालय अतिरिक्त आय के भी माध्यम बन सकते हैं। वहां कम्युनिटी सेंटर बन सकता है, सार्वजनिक कार्यक्रम हो सकते हैं। यूजर चार्ज के आधार पर सुविधा दीजिए। इससे गांव के पास भवन भी होगा। फेयर प्राइस शॉप ग्राम सचिवालय के पास मॉडल के रूप में बन रही है। केवल सरकारी राशन ही नहीं, अन्य सामान भी वितरित कीजिए। इसका किराया ग्राम पंचायत में जमा होगा। यह भी ग्राम पंचायत के अतिरिक्त इनकम का माध्यम बन सकता है। इससे पहले मुख्यमंत्री ने 1950 नवचयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया गया। इसमें उप्र अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा 1526 ग्राम पंचायत अधिकारी, 360 ग्राम विकास अधिकारी (समाज कल्याण), 64 समाज कल्याण पर्यवेक्षक चयनित किए गए हैं। कार्यक्रम में पंचायती राज मंत्री ओमप्रकाश राजभर, समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण, समाज कल्याण राज्यमंत्री संजीव कुमार गोंड, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, कृषि उत्पादन आयुक्त मोनिका एस. गर्ग, अपर मुख्य सचिव (पंचायती राज) नरेंद्र भूषण, प्रमुख सचिव (समाज कल्याण) डॉ. हरिओम, प्रमुख सचिव (नियुक्ति व कार्मिक) एम. देवराज, अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के प्रभारी अध्यक्ष ओएन सिंह आदि मौजूद रहे।

### राज्यकर्मियों के महंगाई भत्ते में तीन प्रतिशत की वृद्धि

**लखनऊ।** राज्य कर्मियों को दिवाली से पहले वेतन, बोनस और अब महंगाई भत्ता भी दिए जाने की घोषणा शासन ने की है। राज्य के 17 लाख कर्मचारियों और पेंशनरों के महंगाई भत्ते में तीन फीसदी की बढ़ोतरी का आदेश गुरुवार को जारी कर दिया गया। बढ़ोतरी के बाद कर्मचारियों का डीए 53 प्रतिशत हो गया। बढ़ा हुआ डीए दिवाली के पहले 30 अक्टूबर को सैलेरी के साथ मिल जाएगा। डीए वृद्धि का लाभ जुलाई 2024 से मिलेगा। इस बार दीपावली से पहले कर्मचारियों को वेतन, बोनस और महंगाई भत्ता तीनों मिलेंगे।

## एक नजर

### पांच साल में 50 और हवाई अड्डे विकसित करेंगे

**नई दिल्ली।** नागर विमानन मंत्री के राममोहन नायडू ने गुरुवार को कहा कि सरकार का इरादा अगले पांच साल में 50 अतिरिक्त हवाई अड्डे विकसित करने का है। कहा कि इससे रोजगार सृजन को भी बढ़ावा मिलेगा। नागर विमानन मंत्री ने दिल्ली में एयरबस इंडिया और दक्षिण एशिया मुख्यालय पर प्रशिक्षण केंद्र के उद्घाटन कार्यक्रम में यह बात कही।

### पानी की टंकी गिरने से पांच श्रमिकों की मौत

**पुणे।** महाराष्ट्र के पुणे जिले में गुरुवार की सुबह श्रमिकों के एक शिविर में पानी की अस्थायी टंकी गिरने से पांच मजदूरों की मौत हो गई और पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि घटना पिंपरी चिंचवड शहर के भोसरी इलाके में उस वक्त हुई जब कुछ मजदूर पानी की टंकी के नीचे नहा रहे थे। पिंपरी चिंचवड के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त वसंत परदेसी ने कहा कि प्रतीत होता है कि पानी के दबाव के कारण टंकी फट गई, जिससे वह ढह गई।

### मजहर आसिफ जामिया के कुलपति नियुक्त

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने गुरुवार को मजहर आसिफ को जामिया मिल्लिया इस्लामिया का कुलपति नियुक्त किया। केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। आसिफ फिलहाल जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) के स्कूल ऑफ लैंग्वेज में प्रोफेसर हैं।

# एयर इंडिया सहित 70 से अधिक विमानों को बम से उड़ाने की धमकी

## धमकी मिलने के बाद कुछ उड़ानें की गईं डायवर्ट, कई की कराई गई इमरजेंसी लैंडिंग

- विमानों की गहन छानबीन के बाद फर्जी निकलीं धमकियां
- पिछले 11 दिनों के भीतर 250 विमानों को मिली है धमकी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय विमानन कंपनियों की 70 से अधिक उड़ानों को गुरुवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली। सूत्रों ने बताया कि एयर इंडिया, विस्तारा और इंडिगो के करीब 20 विमानों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है, जबकि अकासा एयर की करीब 14 उड़ानों को धमकी मिली है। धमकी मिलने के बाद कुछ उड़ानों को डायवर्ट किया गया जबकि अन्य की इमरजेंसी लैंडिंग के बाद गहन जांच की गई, छानबीन के बाद ये धमकियां फर्जी निकलीं।

पिछले 11 दिन में लगभग 250 विमानों को बम से उड़ाने की धमकी मिल चुकी है। अकासा एयर के प्रवक्ता ने बताया कि उसकी कुछ उड़ानों को सुरक्षा संबंधी अलर्ट मिला है, जो 24 अक्टूबर को अपने गंतव्य की ओर रवाना होने वाली थीं। प्रवक्ता ने एक बयान में कहा कि अकासा एयर का आपातकाल प्रतिक्रिया दल स्थिति पर नजर रख रहा है। वह सुरक्षा और नियामक अधिकारियों के साथ लगातार बातचीत कर रहा है। हम स्थानीय प्राधिकारियों के साथ समन्वय कर सभी सुरक्षा प्रक्रियाओं का पालन कर रहे हैं। नागर विमानन मंत्रालय, उड़ानों को मिल रही झूठी धमकियों की घटनाओं को रोकने के लिए सख्त नियम लागू करने की योजना बना रहा है, जिसमें अपराधियों को नो-फ्लाई सूची में डाला जा सकता है। इस सूची का मकसद उपद्रवी यात्रियों की पहचान करना और उन्हें विमान में चढ़ने से प्रतिबंधित करना है।





### आगरा एयरपोर्ट को भी उड़ाने की धमकी

**आगरा।** उत्तर प्रदेश में आगरा जिले के खेरिया एयरपोर्ट को उड़ाने की धमकी दी गई। केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल (सीआईएसएफ) ने इस सूचना के साथ थाना शाहगंज में मामला दर्ज कराया है। दर्ज कराई गई शिकायत में कहा गया कि विगत चार अक्टूबर को सीआईएसएफ की आगरा एयरपोर्ट इकाई की ऑफिशियल मेल आईडी पर धमकी भरा संदेश भेजा गया। जानकारी गृह मंत्रालय को देने के बाद सीआईएसएफ के सब इंस्पेक्टर अनूप कुमार ने बुधवार देर रात थाना शाहगंज में मुकदमा दर्ज कराया। सीआईएसएफ के अधिकारिक ईमेल पर चार अक्टूबर दोपहर 1.16 बजे ये धमकी भरा मेल मिला। धमकी और आईटी एक्ट की धारा में केस दर्ज किया गया।

### भुवनेश्वर-झारसुगुड़ा हवाई अड्डे पर आई धमकी भरी कॉल

**भुवनेश्वर।** ओडिशा की राजधानी भुवनेश्वर में बीजू पटनायक अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे और झारसुगुड़ा में वीर सुरेंद्र साई हवाई अड्डे पर गुरुवार को बम की धमकी की कॉल मिलने पर हाईअलर्ट के साथ ही बम और डॉग स्क्वॉड को तुरंत तैनात किया गया। बीपीआईए के निदेशक प्रसन्ना प्रधान ने बताया कि दोनों हवाई अड्डों और बेंगलुरु से पहुंची एयर आकाश की फ्लाइट की जांच में कोई बम नहीं मिला। धमकी 'एक्स' पर एक पोस्ट से मिली, जिसमें कहा गया था कि बेंगलुरु-भुवनेश्वर एयर आकाश की फ्लाइट में बम है। बेंगलुरु-झारसुगुड़ा इंडिगो विमान के बारे में बम की धमकी वाली कॉल मिलने के बाद झारसुगुड़ा हवाई अड्डे पर सुरक्षा जांच की गई।

# छठ और दिवाली पर चलाई जाएंगी 7 हजार स्पेशल ट्रेनें

## केंद्रीय कैबिनेट की बैठक में इस फैसले को दी गई मंजूरी

नई दिल्ली, एजेंसी

- दो बड़ी रेल परियोजनाओं को भी मंत्रिमंडल की मिली स्वीकृति

सरकार ने छठ और दीपावली के पर्व पर यात्रियों की भीड़ से निपटने के लिए सात हजार विशेष ट्रेन चलाने का फैसला किया है। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने गुरुवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह विशेष (स्पेशल) ट्रेनों के परिचालन का नया रिकॉर्ड होगा। उन्होंने बताया कि पिछले साल रेलवे ने छठ और दीपावली के सीजन में चार हजार विशेष ट्रेनें चलाई थीं, जो एक रिकॉर्ड था। उन्होंने कहा कि इन विशेष ट्रेनों को चलाने से हर दिन दो लाख अतिरिक्त लोग सफर कर सकेंगे। भारतीय रेल प्रतिदिन 13 हजार से अधिक यात्री ट्रेनों का परिचालन करती है। सरकार ने आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और बिहार से जुड़ी 6798 करोड़ रुपये की लागत वाली दो रेल परियोजनाओं को भी मंजूरी दी है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और बिहार से जुड़ी दो रेल परियोजनाओं को मंजूरी दी। इस पर कुल 6,798 करोड़ रुपये की लागत आने का अनुमान है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में मंत्रिमंडल की आर्थिक मामलों की समिति (सीसीईए) ने बिहार में नरकटियागंज-रक्सौल-सीतामढ़ी-दरभंगा और सीतामढ़ी-मुजफ्फरपुर खंड के 256 किलोमीटर लंबी रेल लाइन के दोहरीकरण और अमरावती होते एर्रुपलेम और नाम्बुरु के बीच 57 किलोमीटर की नई लाइन के निर्माण को मंजूरी दी। इन दोनों परियोजनाओं से मुख्य रूप से आंध्र प्रदेश और बिहार को लाभ होगा। कहा गया कि नरकटियागंज-रक्सौल-सीतामढ़ी-दरभंगा और सीतामढी-मुजफ्फरपुर खंड के दोहरीकरण से नेपाल, पूर्वोत्तर भारत और सीमावर्ती क्षेत्रों से संपर्क सुविधा मजबूत होगी। नई रेल लाइन परियोजना एर्रुपलेम-अमरावती-नाम्बुरु आंध्र प्रदेश के एनटीआर विजयवाड़ा और गुंटूर जिलों और तेलंगाना के खम्मम जिले से होकर गुजरेगी। सरकार के अनुसार, तीन राज्यों आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और बिहार के आठ जिलों से गुजरने वाली वाली ये दोनों परियोजनाएं भारतीय रेलवे के मौजूदा नेटवर्क में लगभग 313 किलोमीटर की बढ़ोतरी करेंगी।



### अंतरिक्ष क्षेत्र के स्टार्टअप के लिए 1,000 करोड़

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने गुरुवार को अंतरिक्ष क्षेत्र की स्टार्टअप इकाइयों की मदद के लिए 1,000 करोड़ रुपये के उद्यम पूंजी कोष की स्थापना को मंजूरी दे दी। केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह जानकारी दी। इस कोष से क्षेत्र की लगभग 40 स्टार्टअप इकाइयों को सहायता मिलने की उम्मीद है और इससे निजी अंतरिक्ष उद्योग की वृद्धि में तेजी आएगी। सरकार ने कहा कि इससे अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी में प्रगति को बढ़ावा मिलेगा और निजी क्षेत्र की भागीदारी के माध्यम से भारत के नेतृत्व को मजबूती मिलेगी।

# सभी जिलों में नियुक्त होंगे औषधि नियंत्रक अधिकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- उप्र खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग ने 77 पदों का दिया प्रस्ताव

**अमृत विचार :** प्रदेश में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन की औषधि नियंत्रण शाखा में जल्द ही जिला औषधि नियंत्रक अधिकारी का पद गठित होगा। जिला औषधि नियंत्रक अधिकारी विभाग की औषधि शाखा का प्रभारी होगा। जो जिले में तैनात औषधि निरीक्षकों (ड्रग इंस्पेक्टरों) के कार्यों की मॉनिटरिंग करेगा और मंडल स्तर पर तैनात सहायक आयुक्त औषधि को रिपोर्ट करेगा।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार जिला स्तर पर जिला औषधि नियंत्रक अधिकारियों के नए पद के सृजन का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है। इसमें 77 नए पद गठित करने की मांग की गई है।औषधि नियंत्रक अधिकारियों की नियुक्ति प्रदेश के 75 जिलों में व दो जिला औषधि नियंत्रक अधिकारियों की तैनाती मुख्यालय स्तर पर की जाएगी। तैनाती सीधे न होकर ड्रग इंस्पेक्टरों के प्रमोशन से करने का प्रस्ताव है। वर्तमान में प्रदेश में ड्रग इंस्पेक्टर के 198 पद स्वीकृत हैं, जिसमें 109 ड्रग इंस्पेक्टर तैनात हैं।

### शर्मा को एनआईओएस अध्यक्ष पद से हटाया

**नई दिल्ली।** शिक्षा मंत्रालय ने सरोज शर्मा को राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयीय शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) की अध्यक्ष पद से हटा दिया है। कुछ दिनों पहले ही दिल्ली पुलिस ने सरोज शर्मा के खिलाफ उनके ड्राइवर की आत्महत्या के सिलसिले में मामला दर्ज किया था। ड्राइवर ने शिक्षा मंत्रालय को पत्र लिखकर शर्मा पर उत्पीड़न और जातिगत भेदभाव का आरोप लगाया था। मंत्रालय की ओर से जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार, शर्मा को उनके मूल विभाग गुरु गोविंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय में वापस भेज दिया गया है। इस घटनाक्रम पर शर्मा की ओर से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिल पाई है।

# एडीएम की संदिग्ध हालात में मौत

कार्यालय संवाददाता, अयोध्या



- पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों ने लिया मौके पर जायजा

**अमृत विचार :** रामजन्मभूमि परिसर में तैनात फर्रूखाबाद के रहने वाले अपर जिलाधिकारी कानून-व्यवस्था की गुरुवार को संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उनका शव नगर कोतवाली क्षेत्र में सुरसरि कॉलोनी स्थित सरकारी आवास में मिला है।

बेडरूम से लेकर कमरों में खून बिखरा हुआ था। मामले की खबर पर मंडलायुक्त-आईजी समेत अधिकारियों ने घटनास्थल का जायजा लिया। पुलिस के साथ फोरेंसिक टीम ने छानबीन कर साक्ष्य जुटाए। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हृदयाघात के चलते मौत की बात सामने आई है और मृतक का लीवर, फेफड़ा डैमेज तथा भोजन नली में खून मिला है। फर्रूखाबाद जिले के नवाबगंज थाना क्षेत्र स्थित गांव मझना निवासी सुरजीत सिंह (58) पुत्र स्व. हृदयराम यहां रामजन्मभूमि परिसर में अपर जिलाधिकारी कानून-व्यवस्था के पद पर तैनात थे। लगभग एक साल पूर्व गैर जनपद से स्थानांतरित होकर आए एडीएम नगर कोतवाली के सिविल लाइंस क्षेत्र में एसएसपी आवास के पीछे स्थित सुरसरि कॉलोनी के टाइप फोर के आवास संख्या 6 में अकेले रहते थे। रोज की तरह गुरुवार सुबह 10.30 बजे आवस पर काम करने वाली पूराकलंदर थाना क्षेत्र के खानपुर मसौधा निवासी महिला किरन (44) पत्नी विनोद कुमार गौड़ उनके आवास पर पहुंची तो दरवाजा खुला हुआ था। एडीएम बाहरी कमरे में पीठ के बल पड़े मिले और बेडरूम से लेकर अगले कमरे तक खून बिखरा मिला। नौकरानी की सूचना पर ड्यूटी पर तैनात होमगार्ड गिरिजा दयाल गोस्वामी ने मामले की जानकारी पुलिस और आला अधिकारियों को दी। जिसके बाद उनके परिवार को सूचना दी गई।

# न्यायमूर्ति संजीव खन्ना नए प्रधान न्यायाधीश नियुक्त

नई दिल्ली, एजेंसी



- 11 नवंबर को लेंगे शपथ, वर्तमान सीजेआई चंद्रचूड़ 10 नवंबर को हो रहे पद मुक्त

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना गुरुवार को भारत के 51वें प्रधान न्यायाधीश नियुक्त किए गए। वह 11 नवंबर को शपथ लेंगे। इससे एक दिन पहले वर्तमान प्रधान न्यायाधीश डी. वाई. चंद्रचूड़ 65 वर्ष की उम्र पूरी करने पर पद मुक्त हो जाएंगे। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने आठ नवंबर, 2022 को प्रधान न्यायाधीश के रूप में पदभार ग्रहण किया था।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना का प्रधान न्यायाधीश के रूप में कार्यकाल छह महीने से कुछ अधिक होगा और वह 13 मई, 2025 को पदमुक्त होंगे। कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर कहा कि भारत के संविधान द्वारा प्रदत्त शक्ति का इस्तेमाल करते हुए राष्ट्रपति मुर्मू ने प्रधान न्यायाधीश से परामर्श के बाद उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति संजीव खन्ना को देश के प्रधान न्यायाधीश के रूप में नियुक्त किया है। उनका कार्यकाल 11 नवंबर, 2024 से प्रभावी होगा।

# पूर्व कोतवाल और चौकी इंचार्ज को 5 साल की सजा, 10-10 हजार जुर्माना

कार्यालय संवाददाता, कानपुर देहात

- कानपुर देहात के बलवंत सिंह हत्याकांड में सुनाई गई सजा

**अमृत विचार :** बहुचर्चित बलवंत सिंह हत्याकांड में कोर्ट ने गुरुवार को तत्कालीन शिवली कोतवाल और मैथा चौकी प्रभारी को 5-5 साल की सजा दी। साथ ही 10-10 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया है।

शिवली कोतवाली क्षेत्र के सरैया लालपुर शिवराजपुर निवासी अंगद सिंह ने रनियां थाने में अपने भतीजे बलवंत सिंह की 12 दिसंबर 2022 को पुलिस अभिरक्षा में बेरहमी से पिटाई कर हत्या करने की रिपोर्ट लिखाई थी। इस मामले में तत्कालीन शिवली कोतवाली इंस्पेक्टर राजेश कुमार सिंह, एसआई संपत सिंह, हेड कांस्टेबल विनोद कुमार, मैथा चौकी इंचार्ज ज्ञान प्रकाश पांडेय, एसओजी प्रभारी प्रशांत गौतम, हेड कांस्टेबल सोनू यादव, हेड कांस्टेबल अनूप कुमार, दुर्गेश कुमार व आरक्षी जय कुमार के खिलाफ हत्या की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। एसआईटी ने गैर इरादतन हत्या के आरोप में कोर्ट में आरोप पत्र दाखिल किया था। अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पंचम पूनम सिंह की कोर्ट ने 19 अक्तूबर को तत्कालीन शिवली कोतवाल राजेश कुमार सिंह और मैथा चौकी इंचार्ज ज्ञानप्रकाश पांडेय को दोषी ठहराते हुए फैसला सुरक्षित कर लिया था।

डीजीसी राजू पोरवाल और एडीजीसी संतोष कटियार ने बताया कि गुरुवार को कोर्ट ने राजेश कुमार सिंह और ज्ञानप्रकाश पांडेय को 5-5 साल की सजा सुनाई व 10-10 हजार रुपये अर्थदंड भी लगाया।



ज्ञान प्रकाश पांडेय



राजेश कुमार

# भाजपा ने विधानसभा उपचुनाव के लिए घोषित किए 8 प्रत्याशी

## बसपा ने आठ सीटों पर की उम्मीदवारों की घोषणा, कानपुर की सीसामऊ सीट से सुरेश अवस्थी बने भाजपा के प्रत्याशी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- सपा सांसद धर्मेंद्र यादव के बहनोई को भाजपा ने करहल से लड़ाया

**अमृत विचार :** विधानसभा उपचुनाव के लिए भाजपा ने गुरुवार को आठ उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी है। बसपा ने भी आठ और सपा ने दो और उम्मीदवार के नाम घोषित किए हैं। इसके पहले सपा सात प्रत्याशियों के नाम घोषित कर चुकी है। भाजपा ने करहल सीट से अनुजेश यादव को चुनाव में उतारा तो वहीं कानपुर की सीसामऊ सीट से सुरेश अवस्थी लड़ेंगे। गाजियाबाद से महानगर भाजपा अध्यक्ष संजीव शर्मा को टिकट दिया गया है। पार्टी ने कुंदरकी से रामवीर सिंह ठाकुर, खैर (अजा) सीट से सुरेंद्र दिलेर, फूलपुर (प्रयागराज) से दीपक पटेल, कटेहरी से धर्मराज निषाद और मझवा सीट से सुचिस्मिता मौर्या को टिकट दिया है।

कटेहरी से धर्मराज निषाद तीन बार बसपा से विधायक और बसपा सरकार में मंत्री भी रहे हैं। वह वर्ष 2022 से पहले भाजपा में आए, चुनाव लड़े और हार गए थे। भाजपा ने इन्हें फिर मौका दिया है। मझवा से सुचिस्मता मौर्य भाजपा से विधायक रही हैं। वर्ष 2022 में सीट निषाद पार्टी को दे दी गई थी। इस बार भाजपा मौर्य को लड़ा रही है। अलीगढ़ की खैर सीट से सुरेंद्र दिलेर, पूर्व भाजपा सांसद राजवीर दिलेर के बेटे हैं। भाजपा ने करहल से आजमगढ़ से सपा सांसद धर्मेंद्र यादव के सगे बहनोई अनुजेश यादव को प्रत्याशी बनाया है। अनुजेश सपा संस्थापक मुलायम सिंह यादव की भतीजी संध्या यादव के पति हैं।

### बसपा आज घोषित करेगी खैर सीट से उम्मीदवार

**लखनऊ।** विधानसभा उपचुनाव में नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन 25 अक्टूबर को बसपा अलीगढ़ की खैर सीट से प्रत्याशी घोषित करेगी। बसपा की ओर से आठ प्रत्याशियों की घोषित सूची के अनुसार कटेहरी से अमित वर्मा, फूलपुर से जितेंद्र कुमार सिंह, मीरापुर से शाहनजर, सीसामऊ से वीरेंद्र कुमार शुक्ला, करहल से डॉ अवनीश शाक्य, कुंदरकी से रफलउल्ला, गाजियाबाद से परमानंद गर्ग व मझवां से दीपक तिवारी शामिल हैं।

### सपा ने गाजियाबाद व खैर सीट पर घोषित किए प्रत्याशी

**लखनऊ।** कांग्रेस के साथ समझौता होने के बाद गुरुवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने गाजियाबाद से सिंह राज जाटव और खैर में डॉ.चारू कैन को प्रत्याशी बनाया है।

### रालोद ने मीरापुर सीट से मिथलेश पाल को उतारा

राष्ट्रीय लोकदल ने उपचुनाव में मीरापुर सीट पर मिथलेश पाल को उतारा है। यह सीट रालोद को एनडीए गठबंधन के तहत भाजपा द्वारा मिली है। गुरुवार को पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे ने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष जयंत चौधरी के नेतृत्व में मीरापुर सीट जीतेंगे, सभी नौ सीटों पर एनडीए गठबंधन जीतेगा।

## एक नजर

### बुलेट सवार युवकों ने बीच सड़क बम फोड़े

**कानपुर।** बुलेट सवार युवकों का बीच सड़क पर बम फोड़ते 16 सेकेंड का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। चकेरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज की है। चकेरी प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि वीडियो श्याम नगर छप्पन भोग चौराहे मंगला विहार के बीच का बताया जा रहा है। वीडियो में हनुमंत विहार निवासी अंशुल यादव दर्जन भर साथियों के साथ बुलेट पर सवार दिख रहा है। आरोपी समेत उसके अज्ञात साथियों के खिलाफ मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### पत्नी से विवाद के बाद पीया तेजाब, मौत

**कानपुर।** गोविंद नगर थानाक्षेत्र के दबौली वेस्ट निवासी 53 अशोक कुमार मजदूरी करता था। परिजनों ने बताया कि परिवार में पत्नी रेनू, बेटा अनुराग व अनुज है। अशोक शराब के नशे में मंगलवार रात पत्नी से झगड़ा करने लगा। जब सबने विरोध किया तो शांत हो गया। इसके कुछ देर बाद वह ऊपर गया और शराब के धोखे में उठाकर तेजाब पी लिया। जिससे हालत बिगड़ने लगी। परिजन उसे लेकर हैलट अस्पताल पहुंचे जहां उपचार के दौरान मौत हो गई। पुलिस ने मामले की जांच की।

# रीजेंसी नर्सिंग कॉलेज में छात्रों का हंगामा

संवाददाता, कल्याणपुर

- कानपुर बताकर रजिस्ट्रेशन दिल्ली संस्थान से करा दिया
- प्रदेश में लैब संचालन नहीं कर पाएंगे

**अमृत विचार।** कल्याणपुर के आवास विकास तीन अंबेडकरपुरम स्थित रीजेंसी नर्सिंग कॉलेज में डीएम एलडी के छात्र छात्राओं ने मैनेजमेंट पर अनियमिताओं का आरोप लगाते हुए गुरुवार को जमकर हंगामा काटा। मामला इतना बढ़ गया कि पुलिस बुलानी पड़ गई। पुलिस ने समझा कर और लिखित शिकायत लेकर छात्रों को शांत कराया।

छात्रों का आरोप है कि मैनेजमेंट ने उनसे झूठ बोला। सत्र 2023-25 के लिए कानपुर संस्थान में फीस जमा कराकर उनका रजिस्ट्रेशन दिल्ली के संस्थान से करा दिया। ऐसा होने से वह आगे चलकर उत्तर प्रदेश में लैब संचालित नहीं कर सकते हैं। जबकि उन्हें एडमिशन के दौरान उत्तर प्रदेश से रजिस्ट्रेशन करने की जानकारी दी गई थी। साथ ही उनसे स्कॉलरशिप व प्लेसमेंट की भी बात कही गई थी। दिल्ली से रजिस्ट्रेशन होने की जानकारी होने पर भड़के छात्र व छात्राएं कॉलेज परिसर में धरने पर बैठ गए और संस्थान के विरोध में जमकर नारेबाजी की।

छात्र-छात्राओं ने कहा कि झूठ बोलकर उनके भविष्य से खिलवाड़ किया गया है। उनके लाखों रुपये बेकार चले जाएंगे। हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस ने छात्र-छात्राओं को समझने का प्रयास किया लेकिन छात्र-छात्राएं मैनेजमेंट से बात करने पर अड़ गए। काफी देर हंगामे के बाद छात्र-छात्राओं ने मामले की शिकायत पुलिस से लिखित में की है। इस संबंध में कल्याणपुर इंस्पेक्टर ने बताया कि छात्रों के आरोपों की जांच की जाएगी। छात्रों से शांति बनाए रखने की अपील की गई है।

# सैंपल फेल, 43 लाख का 32 टन तेल सीज

**मिलावट का शक**

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- खाद्य विभाग ने जांच के लिए और सैंपल प्रयोगशाला भेजे
- साकेतनगर स्थित मां वैष्णो आयल ट्रेडर्स गोदाम पर मारा गया छापा

**अमृत विचार।** सहायक आयुक्त खाद्य (द्वितीय) ने टीम के साथ गुरुवार को केशवनगर स्थित मां वैष्णो आयल ट्रेडर्स के गोदाम में छापा मारा। सचलदल प्रयोगशाला में खाद्य तेलों के तीन नमूने भरे गए जो रैपिड टेस्ट में फेल मिले। इस पर टीम ने सरसों का तेल, सूरजमुखी रिफाइंड व राइस ब्रान आयल समेत करीब 32.5 टन तेल सीज कर दिया। जिसकी कीमत करीब 43 लाख रुपये है।

साकेतनगर के मोहल्ला केशवनगर में मां वैष्णो आयल ट्रेडर्स का गोदाम है। यहां रनिया से सूरजमुखी और राइस ब्रान का तेल और मध्य प्रदेश से सरसों का तेल आता है। टैंकों के माध्यम से तेलों को साकेतनगर स्थित गोदाम लाया जाता है। यहां पर बोतलों में तेल की पैकिंग कर दुकानों में आपूर्ति की जाती है। इन तेलों में मिलावट की शिकायत मिलने पर खाद्य विभाग सक्रिय हुआ और गुरुवार को विभाग की टीम ने गोदाम में छापा मारा।

> सरसों, सूरजमुखी, राइस ब्रान का करीब 32 .5 टन तेल जिसकी कीमत 43 लाख के करीब है, सीज किया गया है। जांच के लिए सैंपल लैब भेजा है। तेल में क्या मिलाया गया, यह जांच रिपोर्ट आने के बाद ही पता चलेगा।
>
> –संजय प्रताप सिंह, सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय

गोदाम में जांच करने पहुंची टीम ने निरीक्षण के बाद सचलदल प्रयोगशाला में अलग-अलग तीनों प्रकार के तेलों के नमूनों की रैपिड जांच की तो मिलावट का पता चला। तेलों में क्या मिलावट है, इसका अभी पता नहीं चल सका है। टीम ने सरसों, सूरजमुखी, राइस ब्रान आयल का सैंपल लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला भेजा है। वहीं मौके पर 1207000 रुपये कीमत का सरसों का तेल 8.5 टन, 17,82000 रुपये का सूरजमुखी का तेल 13.5 टन और 1302000 रुपये कीमत का राइस ब्रान तेल 10.5 टन मिला। कुल 32.5 टन तेल जिसकी कीमत करीब 43 लाख रुपये है, खाद्य विभाग टीम ने सीज कर दिया है। सहायक आयुक्त खाद्य द्वितीय ने बताया कि इलाकों में खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीमें जांच व छापेमारी कर रही हैं। नमूने फेल होने पर प्रतिष्ठानों पर कार्रवाई की जा रही है।

### सचलदल प्रयोगशाला में हो रही रैपिड जांच

- खाद्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार मिलावटखोरी पर अंकुश लगाने के लिए टीम के साथ एक वैन नियमित बाजारों में घूम रही है। सामग्रियों के नमूने भरे जा रहे हैं। सचलदल वैन में रैपिड जांच की सुविधा होने के कारण तत्काल कार्रवाई की जा रही है। मामूली कमी मिलने पर दुकानदारों को हिदायत दी जाती है।


गोदाम में सैंपल लेते अधिकारी। अमृत विचार

# बेकाबू एसयूवी पलटी, सपा नेता की मौत

- हादसे में कार में बैठे चार अन्य लोग भी हुए घायल
- कई वाहनों को टक्कर मारकर मंदिर से टकराई

कार्यालय संवाददाता, कल्याणपुर/कानपुर


अभिषेक सेंगर।

**अमृत विचार।** कल्याणपुर थानाक्षेत्र में गुरुवार देर रात तेज रफ्तार एसयूवी कार अचानक हैंड ब्रेक लगा देने पर अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी कारों-बाइकों को टक्कर मारते हुए मंदिर से टकराने के बाद पलट गई। हादसे में कार सवार समाजवादी पार्टी के युवजन सभा के प्रदेश सचिव समेत पांच लोग घायल हो गए। पुलिस घायलों को सर्वोदय नगर स्थित निजी अस्पताल लेकर गई, जहां डॉक्टर ने सपा के प्रदेश सचिव को मृत घोषित कर दिया। वहीं अन्य घायलों का उपचार चल रहा है।


टक्कर लगने के बाद टूटा मंदिर। अमृत विचार


हादसे में क्षतिग्रस्त एसयूवी। अमृत विचार

पुलिस के अनुसार वह लोग बार महामंत्री का चुनाव लड़ रहे अमित सिंह के प्रचार से देर रात अपने अपने घर लौट रहे थे।

गूबा गार्डन क्रॉसिंग के पास मेट्रो पिलर नंबर 19 के सामने रहने वाले दीपक कठेरिया ने बताया कि गुरुवार रात करीब ढाई बजे तेज रफ्तार एसयूवी कार ने घर के बाहर खड़ी उनकी कार में टक्कर मार दी। कार अन्य वाहनों को टक्कर मारते हुए पास के शिव मंदिर से टकराकर पलट गई। कार के नीचे दबकर कल्याणपुर नया शिवली रोड गौतम विहार निवासी समाजवादी पार्टी के प्रदेश सचिव युवा नेता व अधिवक्ता अभिषेक सेंगर साथी कुंवर नाहर व यश ठाकुर, सिद्धार्थ समेत एक अन्य साथी गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें मौके पर पहुंची पुलिस निजी अस्पताल लेकर गई, जहां डॉक्टर ने सपा नेता अभिषेक सेंगर को मृत घोषित कर दिया, जबकि अन्य का उपचार चल रहा है। अभिषेक के ताऊ के बेटे विराट सेंगर ने बताया कि गुरुवार रात वह लोग बार चुनाव में महामंत्री पद के दावेदार अमित सिंह के प्रचार से अपने साथियों के साथ लौट रहे थे। तभी हादसा हो गया। हादसे में इकलौते पुत्र की मौत से परिवार में कोहराम मच गया। मां साधना, बहन अपूर्णा, आकांक्षा बेसुध हो गईं।

### बहनों ने फोन कर रुकवाया पोस्टमार्टम

- गुरुवार दोपहर करीब एक बजे सपा नेता अभिषेक की पोस्टमार्टम प्रक्रिया शुरू वाली थी। इतने में लोग पोस्टमार्टम प्रभारी डॉ नवनीत चौधरी के पास पहुंचे और बहनों के आने की बात कहकर एक घंटे रोककर पोस्टमार्टम करने के लिए कहा। इस पर प्रक्रिया रोककर बहनों का इंतजार किया गया। परिजनों का कहना था कि एक बार बहनें अपने इकलौते भाई का चेहरा देखना चाहती थीं।

### कार में मिली शराब की बोतल

- कार से शराब की बोतल, गिलास मिलने से नशे के चलते हादसा होने का अंदेशा जताया जा रहा है। कार में पांच पैकेट नमकीन, कोल्ड ड्रिंक भी मिली है।

# अस्पताल पहुंचने से पहले गर्भवती की मौत, मायके पक्ष ने किया हंगामा

कार्यालय संवादाता, कानपुर

- आरोप, अस्पताल में भर्ती कराने की बात पर पत्नी को घर ले आया था पति
- मायके पक्ष ने थाने में दी तहरीर, पुलिस जांच में जुटी
- जूही जगन्नाथ का हाता का मामला , किया था प्रेम विवाह


घटना की जानकारी देती मां व मामी।

**अमृत विचार।** जूही थानाक्षेत्र में इलाज को ले जाते वक्त रास्ते में आठ माह की गर्भवती महिला की मौत हो गई। मायके पक्ष ने पति पर इलाज न कराने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने हंगामा काट कर पति पर कई आरोप लगाए।


अंशिका।

जूही के जगन्नाथ का हाता निवासी 22 वर्षीय अंशिका ने घर के पास रहने वाले शशांक से प्रेम विवाह किया था। पति ने बताया कि शादी के कुछ समय बाद से अंशिका की मानसिक हालत ठीक नहीं रहती थी। जिसका इलाज चल रहा था। बताया कि अंशिका आठ माह की गर्भवती थी। बुधवार को अचानक पत्नी की हालत बिगड़ी। वह उसे डॉक्टर के पास ले गया। डॉक्टर ने कहा डफरिन ले जाओ। वहां पहुंचते ही डॉक्टर ने हैलट के लिए रेफर कर दिया। शशांक पत्नी को लेकर घर चला गया। इसके बाद वहां से उसे हैलट ले जा रहा था। तभी रास्ते में अंशिका की मौत हो गई। मायके वालों ने इलाज न कराने का आरोप लगाते हुए हंगामा काटा। मायके पक्ष ने पति के खिलाफ जूही थाने में तहरीर दी। अंशिका की मां पूनम, मामा आदित्य, मामी सोनाली का आरोप है कि वह ठीक से उसकी देखभाल नहीं करता था। गर्भवती होने पर अस्पताल में समय-समय पर रोटीन चेकअप कराया जाता है, लेकिन शशांक ऐसा नहीं कर रहा था। लापरवाही से ही अंशिका की जान चली गई। जूही थाना प्रभारी मनोज मिश्रा ने बताया कि जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# स्टेटस पर मिस यू पापा लिखकर दे दी जान

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** वाट्सएप स्टेटस पर शायरी...जिस पर गुजरती है सिर्फ वही जानता है, बाकी सब तो ज्ञान देने वाले होते हैं। मिस यू पापा लिखकर बेटे ने फांसी के फंदे पर लटककर अपनी जान दे दी। परिजनों ने बताया कि वह एक वर्ष में दो भाई और पिता की मौत से बहुत दुखी था।


सोहन गुप्ता।

पुरवामीर सिकठिया निवासी 25 वर्षीय सोहन गुप्ता फास्ट फूड का काम करता था। परिवार में मां रामजानकी, छह भाई व चार बहनें हैं। बड़े भाई शंकर ने बताया कि पिता कृष्ण कुमार, भाई सुधीर और प्रेम की बीते वर्ष मौत हो चुकी है। जिसकी वजह से वह दुखी था। बुधवार रात वह 9 बजे घर आया था। खाना खाने के बाद सोने चला गया। रात ढाई बजे तक मोबाइल चलाया। इसके बाद जब वह लोग सो गए तो उसने अपने मोबाइल पर रोते हुए इमोजी की दो लाइन की शायरी लिखी इसके बाद पिता मिस यू स्टेटस लिखकर फांसी के फंदे पर लटककर जान दे दी। गुरुवार सुबह जब वह लोग सोकर उठे तो पता चला। भाई शंकर ने बताया कि छोटे भाई ने आग लगाकर जान दे थी। वहीं प्रेम और पिता की स्वाभाविक मौत हुई थी। उन लोगों की याद कर करके परेशान रहता था।

# नशेबाजी का विरोध करने पर पीटा, रिपोर्ट

**कानपुर।** चकेरी थानाक्षेत्र के सनिगवां में नशेबाजी का विरोध करने पर आरोपी पड़ोसी ने अपने साथियों के साथ मिलकर मामा और भांजी को पीट दिया। पीड़ित ने रिपोर्ट दर्ज करायी है।

सनिगवां के भाभा नगर निवासी छोटे के अनुसार बीती 20 अक्टूबर की रात को आरोपी पड़ोसी सूरज गुप्ता अपने साथी छोटे, विशाल और धर्मेन्द्र समेत आधा दर्जन अज्ञात लोगों के साथ शराब पीकर गाली गलौज कर रहे थे। जिस पर उन्होंने विरोध किया तो आरोपियों ने उन्हें मारापीटा। बीच बचाव करने पहुंची छोटे की भांजी ज्योति से भी आरोपियों ने मारपीट की। प्रभारी निरीक्षक अशोक दुबे ने बताया कि मामला दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

# पेंशनर हक मांग रहे, भीख नहीं

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** रावतपुर स्थित सेंटल वर्कशॉप में गुरुवार को ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति के पेंशनरों की सभा हुई। राष्ट्रीय अध्यक्ष कमांडर अशोक राउत ने कहा कि पूरे देश के पेंशनरों की चार सूत्री मांगें हैं, जिसके पूरा न होने पर पेंशनरों में काफी रोष व्याप्त है। महाराष्ट्र सहित अन्य क्षेत्रों में होने वाले चुनावों में पेंशनर अपनी शक्ति का प्रदर्शन करेंगे। पेंशनर अपना हक मांग रहे हैं, किसी से भीख नहीं।

प्रांतीय अध्यक्ष ओम शंकर तिवारी की अध्यक्षता में हुई सभा में पदाधिकारियों ने कहा कि केंद्र सरकार पेंशनरों की लंबे समय से की जा रही न्यूनतम पेंशन में बढ़ोत्तरी और मुफ्त चिकित्सा सुविधा की मांग को अनदेखा कर रही है। ऐसा कर पेंशनरों के साथ धोखा किया जा रहा है। सभा में सभी पेंशनरों को संगठित करने पर विशेष रूप से बल दिया गया। इस दौरान राष्ट्रीय सचिव राजीव भटनागर, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बीएस नारखेडे, राष्ट्रीय अध्यक्ष महिला मोर्चे शोभा आरस, राष्ट्रीय सचिव सरिता ताई, प्रांतीय सचिव राज शेखर नागर, राजेश शुक्ला, राजेश तोमर, एजाज उर रहमान, पीके श्रीवास्तव, मुख्य समन्वयक जयरूप सिंह परिहार, उमाकांत सिंह, चंद्रशेखर पाठक, हनुमान सहाय, नासिर खान, आर एस गुप्ता, अशोक यादव, गंगा प्रसाद लोधी, सुभाष चौबे, सुधीर मिश्रा, हर्ष गौतम, सतीश अग्निहोत्री समेत आदि पेंशनर मौजूद रहे।


सभा में उपस्थित राष्ट्रीय संघर्ष समिति के पेंशनर्स। अमृत विचार

# साइबर सेल धमकी देने वाले की तलाश करेगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- डीसीपी पूर्वी ने साइबर सेल को सौंपी जांच
- एयरपोर्ट को मेल भेजकर धमकी देने का मामला

**अमृत विचार।** चकेरी एयरपोर्ट को मेल भेजकर धमकी देने के मामले में चकेरी पुलिस के रिपोर्ट दर्ज करने के बाद डीसीपी पूर्वी ने जांच साइबर सेल को सौंप दी है। अब साइबर सेल धमकी वाली ई मेल किस आईपी एड्रेस से जेनरेट हुई है इसका पता लगाने के साथ जांच में जुट गई है।

4 और 6 अक्टूबर को दो अज्ञात मेल से सीआईएसएफ की आधिकारिक मेल पर चकेरी एयरपोर्ट को धमकी दी गई थी। जिसके बाद सीआईएसएफ के सहायक कमांडेंट के एस राठौड़ ने चकेरी थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी।

इसके बाद डीसीपी पूर्वी श्रवण कुमार सिंह ने मामले की जांच साइबर सेल को सौंप दी है। जिसके बाद साइबर सेल मेल किस आईपी एड्रेस से जेनरेट हुई है इसका पता लगाने के साथ जांच कर रही है। एयरपोर्ट पर सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

**समारोह** उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ

# व्यापारी एक रहें, व्यापार के साथ संगठन को भी समय दें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल की नवगठित कार्यकारिणी का गुरुवार को शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। आयोजन में व्यापारियों को एकजुटता की सीख दी गई। कहा गया कि संगठन की मजबूती और व्यापारिक हितों के लिए व्यापारियों को अपने व्यापार के साथ संगठन के लिए भी समय निकालना चाहिए। समारोह में सचिन तांगड़ी को वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है।


उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन हुआ। अमृत विचार

समारोह की शुरुआत विधायक सुरेंद्र मैथानी ने की। इस दौरान उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के प्रदेश प्रभारी एवं नगर अध्यक्ष कपिल सब्बरवाल ने व्यापारियों को एकजुटता का मंत्र दिया। कहा कि जब तक व्यापारी संगठित नहीं होंगे उनका शोषण होता रहेगा। व्यापारी को जागरूक होना चाहिए। समारोह में संरक्षक मंडल ओमप्रकाश अग्रवाल, वरुण मिश्रा, अमनदीप सिंह गंभीर की ओर से व्यापारी समाज को राजस्व दाता बताया गया। कहा गया कि व्यापारी सरकार को अपना खून पसीना बहा कर मेहनत करके तमाम विभागों के माध्यम से राजस्व देते हैं। जिससे सरकार चलती है, फिर भी व्यापारियों का अधिकारी शोषण करते हैं। इसके खिलाफ मिलकर आवाज उठानी होगी। चेयरमैन ऋषि कत्याल, महामंत्री रंजीत सिंह बिल्लू, संयोजक विक्रम पांडे, उपाध्यक्ष आमिर सिद्दीकी, अजय सराफ, युवा अध्यक्ष सौरभ गुप्ता ने व्यापारियों से संगठन की मजबूती पर काम करने की सलाह दी। समारोह में यह भी ऐलान किया गया कि उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के पदाधिकारी जल्द ही अपनी सदस्यता अभियान के माध्यम से अधिक सदस्य बनाकर एक जुट होकर संगठित होकर व्यापारी हितों के लिए कार्य करेंगे। इसके अलावा व्यापारियों का शोषण करने वाले अधिकारियों के खिलाफ रणनीति बनाकर अभियान चलाएंगे। कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश युवा व्यापार मंडल के सदस्यों को सदस्यता प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। अभियान के पहले ही दिन 76 सदस्य बनाए गए। मुख्य अतिथि के रूप में विधायक सुरेंद्र मैथानी ने नवगठित कार्यकारिणी को शपथ ग्रहण कराई। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से संजय टंडन, ओम प्रकाश अग्रवाल, वरुण मिश्रा, श्याम निगम, सरबजीत सिंह, हरजीत सिंह रोमी, महेश केसवानी, आशीष सचान, आयुष द्विवेदी, श्याम गुप्ता, सुभाष शर्मा व अजय स्वामी सहित अन्य व्यापारी मौजूद रहे।

# पर्सनल ला बोर्ड के अध्यक्ष आए सम्मेलन आज

**कानपुर।** मदरसा जामे उल उलूम जामा मस्जिद पटकापुर में शुक्रवार शाम तहफ्फुजे औकाफ कॉन्फ्रेंस होगी जिसमें शिरकत करने के लिए मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना खालिद सैफ उल्लाह रहमानी शहर आ चुके हैं।

मदरसे के मुतवल्ली मोहीउद्दीन खुसरू ताज ने बताया कि वक्फ सम्पत्ति के संरक्षण के प्रति जागरूकता पैदा करने और वक्फ संशोधन बिल के खतरों से आगाह करने के लिये कान्फ्रेंस का आयोजन किया जा रहा है। इसकी अध्यक्षता पर्सनल ला बोर्ड के अध्यक्ष करेंगे। बोर्ड के महासचिव मौलाना फजलुर्रहीम मुजद्दिदी, दारूल उलूम नदवतुल उलेमा लखनऊ के मौलाना सैयद जाफर मसूद हसनी नदवी भी शिरकत करेंगे।

अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

**सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि एलआईसी (पॉलिसी संख्या–214248389) में नॉमिनी गुड़िया हैं, जोकि मेरा ही नाम है। मेरा नाम **शांति उर्फ गुड़िया पत्नी स्व रूपनरायन पांडेय है व ग्राम निधऊ पुरवा माझा तरहर, पो0– मधईपुर** की निवासी हूँ। उपरोक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति का है व मुझे दोनो नाम से जाना पहचाना जाता है। मेरे पति के एलआईसी में नामिनी के तौर पर मुझे ही जाना जाये।

**बैठक सूचना**
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत हरख तहसील नवाबगंज जिला बाराबंकी में मत्स्यजीवी सहकारी समिति का गठन दिनांक 27–10–2024 को पंचायत भवन हरख में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें सभी ग्राम वासी, ग्राम जन प्रतिनिधि एवं ग्राम प्रधान और अधिकारी गण सादर अमंत्रित हैं।
आयोजक
**रामेश्वर कश्यप**
ग्राम व पोस्ट–शरीफाबाद विकास खण्ड – हरख जिला – बाराबंकी
मो0–8009562499

**सूचना**
साध्वी सिंह बनी असिस्टेंट प्रोफेसर शीर्षक से प्रकाशित समाचार त्रुटि वश प्रकाशित हो गया था। साध्वी सिंह ने नेट/ जेआरएफ परीक्षा पास की है।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं **गिरधारी शुक्ला पुत्र हौसिला शुक्ला, निवासी–ग्राम मठा भुसुन्डा पर0/तह0 व थाना मु0खाना, जिला अमेठी,** मैं अपने लडके मनीष कुमार व पुत्रवधू कीर्ति के क्रिया–कलापों से परेशान व तंग होकर अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता करता हूॅ। आज से मेरा उससे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा अपने कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होगें।

**सूचना**
सूचित हो कि मैं विद्या, माता 2999629एन हवलदार संजय सिंह जो कि 2 राजपूत में सेवारत है मेरे पुत्र के सर्विस दस्तावेज में मेरा नाम विद्यावती देवी और जन्मतिथि 06–06–1950 दर्ज है जो कि गलत है। मेरा वास्तविक नाम विद्या है और जन्म तिथि 01/01/1953 है अतः मेरा सही नाम मेरे पुत्र के सर्विस दस्तावेज में अंकित किया जाय। **निवासी– गांव पो. हरदासपुर तहसील–टाण्डा, जिला–अम्बेडकर नगर (उ0प्र0) पिन–224143**

**आज का मौसम**

आसमान साफ रहने के कारण वर्षा की कोई संभावना नहीं है।

| 34.2° | 19.6° |
|---|---|
| अधिकतम तापमान | न्यूनतम तापमान |
| सूर्योदय 06 : 14 | सूर्यास्त 05 : 31 |

## एक नजर

### चुनाव के लिए प्रेक्षक आए

**कानपुर।** सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण संपन्न कराए जाने के लिए भारत निर्वाचन आयोग ने सामान्य प्रेक्षक रितेश कुमार अग्रवाल को तैनात किया है। गुरुवार को वे शहर आ गये हैं। प्रेक्षक आईआईटी के वेटिंग लॉबी, विजिटर्स हॉस्टल-2 में रुकेंगे। प्रेक्षक का मोबाइल नंबर 8887148626 है और जनता से उनके मिलने का समय सुबह 10 से 11 बजे तक है। किसी भी व्यक्ति को चुनाव से संबंधित समस्या है तो उक्त नंबर पर संपर्क कर सकता है। प्रेक्षक के लाइजन ऑफिसर श्रवण कुमार मिश्रा हैं, उनका मोबाइल नंबर 9598887447 है।

### बिना अनुमति नहीं निकाल सकेंगे जुलूस


**कानपुर।** सीसामऊ सीट से चुनाव लड़ रहे उम्मीदवार या उनके समर्थक बिना अनुमति के जुलूस या सभा नहीं कर सकेंगे। राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों को इस संबंध में अवगत करा दिया गया है। यदि में बिना अनुमति जुलूस निकालते हैं या सभा करते हैं तो इसे चुनाव आचार संहिता का उल्लंघन माना जाएगा। ऐसी स्थिति में उनके विरुद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम की धाराओं में एफआईआर भी दर्ज कराई जाएगी। चुनाव प्रचार में होने वाले व्यय के लिए उन्हें अलग बैंक खाता भी खोलना होगा और निर्धारित समय में व्यय का हिसाब भी देना पड़ेगा।

# भाजपा ने तीसरी बार सुरेश को चुनाव में उतारा

## 2017 विस. चुनाव में नजदीकी मुकाबले में मिली थी हार

**सीसामऊ उपचुनाव**

**विशेष संवाददाता, कानपुर**



समर्थकों के साथ सुरेश अवस्थी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** भारतीय जनता पार्टी ने सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव में ब्राह्मण कार्ड खेलते हुए एक बार फिर से सुरेश अवस्थी पर दांव लगाया है। सुरेश अवस्थी वर्ष 2017 में भाजपा से सीसामऊ सीट पर विधानसभा का चुनाव लड़ चुके हैं, तब नजदीकी मुकाबले में वह सपा के इरफान सोलंकी से हार गए थे। इसके बाद पार्टी ने उन्हें 2022 के चुनाव में आर्यनगर विधानसभा सीट से भी मौका दिया था, लेकिन यहां भी वह सपा प्रत्याशी अमिताभ बाजपेयी से कांटे के संघर्ष में पराजित हो गए थे। सुरेश अवस्थी शुक्रवार को अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे।

डीएवी कॉलेज के छात्र नेता के रूप में राजनीतिक जीवन शुरू करने वाले सुरेश अवस्थी की पहचान तेज-तर्रार नेता की है। वह भाजपा संगठन में प्रदेश मंत्री रह चुके हैं। साल 2017 में पहली बार भाजपा के टिकट पर विधानसभा चुनाव में सीसामऊ से उतरे थे। लेकिन सपा के हाजी इरफान सोलंकी से 5,826 वोटों से पराजित हो गए थे। उस समय सुरेश की हार को भितरघात और चुनाव प्रबंधन में चूक से जोड़ा गया था।

इसके बाद साल 2022 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने सुरेश अवस्थी को आर्यनगर विधानसभा सीट से टिकट दिया था। यहां उन्होंने सपा प्रत्याशी अमिताभ बाजपेयी को कड़ी टक्कर दी। लेकिन 7,700 वोटों से चुनाव हार गए। तब उनकी हार का कारण सीट बदलना माना गया। दरअसल भाजपा ने सीसामऊ सीट से सुरेश को दोबारा मौका देने के बजाए सलिल विश्नोई को उतार दिया था और सुरेश को आर्यनगर सीट से चुनाव लड़ने को कहा गया था। सुरेश अवस्थी को तीसरी बार सीसामऊ के प्रतिष्ठा से जुड़े उपचुनाव में टिकट मिलने का कारण जातीय संतुलन साधने के साथ उनकी 'फाइटर' छवि को बताया जा रहा है। बताते हैं सुरेश अवस्थी का टिकट फाइनल कराने में सांसद रमेश अवस्थी के साथ ही भाजपा संगठन के दो बड़े पदाधिकारियों ने अहम भूमिका निभाई।

### कचहरी में वकीलों के पास बैठे रह गए राकेश सोनकर

- **कानपुर।** सीसामऊ से तीन बार के भाजपा विधायक रहे राकेश सोनकर उपचुनाव में अपनी प्रत्याशिता को लेकर खासे निश्चिंत थे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से भेंट करने के बाद वह चुनावी तैयारी को लेकर गंभीर थे। सोनकर और उनके समर्थकों ने कहा था कि गुरुवार को नामांकन पत्र भरेंगे और शुक्रवार को जुलूस निकालकर शक्ति प्रदर्शन करेंगे। लेकिन सुबह से हवा ऐसी बदली कि राकेश सोनकर वेटिंग जोन में ही बैठे रह गए। दोपहर में सुरेश अवस्थी का टिकट फाइनल होने की खबर मिलते ही राकेश की उम्मीदें टूट गईं। करीबियों ने बताया कि राकेश नामांकन पत्र दाखिल करने की तैयारी करके दो वकीलों के साथ कचहरी में बैठे भाजपा के सिम्बल का इंतजार करते रहे। समर्थकों ने कहा कि उनके साथ 2002 में भी ऐसा ही हुआ था। अंतिम समय कपूरचंद सोनकर को भाजपा ने टिकट दे दिया था।

## आज सरसैया घाट से उठेगा भाजपा का नामांकन जुलूस

**कानपुर।** भाजपा संगठन ने प्रत्याशी के नाम की घोषणा का इंतजार न करके सीसामऊ उपचुनाव के लिए नामांकन जुलूस की पहले से ही तैयारी कर ली थी। गुरुवार को क्षेत्रीय अध्यक्ष और भाजपा पार्षद दल नेता ने पार्षदों की बैठक में नामांकन जुलूस की रूपरेखा को अंतिम रूप दिया। एमएलसी मानवेंद्र सिंह ने मोर्चा व सीसामऊ विधानसभा के मंडल अध्यक्षों के साथ बैठक करके नामांकन जुलूस में भीड़ जुटाने का खाका खींचा। तय हुआ है कि भाजपा प्रत्याशी सुरेश अवस्थी का नामांकन जुलूस शुक्रवार सुबह 11 बजे सरसैया घाट स्थित गोकुल प्रसाद धर्मशाला से उठेगा। नामांकन जुलूस को लेकर गुमटी क्रॉसिंग स्थित एक होटल में क्षेत्रीय अध्यक्ष प्रकाश पाल ने बैठक की। इसमें पार्टी के सभी पार्षदों को बुलाया गया। नवीन पंडित, महेंद्र पांडेय पप्पू, कौशल मिश्रा, नीरज बाजपेयी संतोष साहू, अभय शुक्ला, आरती विजय गौतम, अवधेश त्रिपाठी प्रमुख रूप से मौजूद रहे। क्षेत्रीय अध्यक्ष ने प्रत्येक पार्षद से 50 लोगों के साथ शुक्रवार सुबह 10 बजे सरसैयाघाट पहुंचने को कहा। दूसरी बैठक में एमएलसी मानवेंद्र सिंह ने मोर्चा अध्यक्षों के साथ सीसामऊ के सभी मंडल अध्यक्षों के साथ जुलूस की रणनीति तैयार की। नामांकन में पार्टी ने 10 हजार की भीड़ का लक्ष्य तय किया है।

### सांसद, विधायक और पूर्व उप मुख्यमंत्री होंगे शामिल

- प्रत्याशी सुरेश अवस्थी के नामांकन जुलूस में कानपुर व अकबरपुर के सांसद, सभी विधायक, पूर्व उपमुख्यमंत्री डॉ. दिनेश शर्मा, वित्त मंत्री सुरेश खन्ना, आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल, प्रदेश महामंत्री अनूप गुप्ता भी उपस्थित रहेंगे। भाजपा उत्तर जिलाध्यक्ष दीपू पांडे ने बताया कि तीनों मंडलों और प्रमुख कार्यकर्ताओं को नामांकन जुलूस सफल बनाने की जिम्मेदारी दी गई है।

### तेज तर्रार युवा नेता और फाइटर की छवि

**कानपुर।** डीएवी कालेज छात्र संघ के नेता रहे सुरेश अवस्थी की छवि कठिनाई में भी हार नहीं मानने वाले 'फाइटर' नेता की है। परमट निवासी सुरेश एमकॉम और एलएलबी शिक्षित हैं और व्यवसायी हैं। उनका परिवार होटल, टेलीकम्यूनिकेशन और पेट्रोल पंप जैसे व्यवसाय से संबद्ध है। उनकी पत्नी पूनम अवस्थी सामाजिक कार्यकर्ता हैं। 2022 के विधानसभा चुनाव में सुरेश अवस्थी सीसामऊ से ही चुनाव लड़ना चाहते थे। वह क्षेत्र में लगातार सक्रिय भी थे। चुनाव से पहले उन्होंने विधान सभा क्षेत्र में 2 बड़े कार्यक्रम भी किए थे। लेकिन अंतिम समय में पार्टी ने चुनाव क्षेत्र बदलते हुए उन्हें आर्यनगर से टिकट दे दिया था। वहां उनके सामने सपा विधायक अमिताभ बाजपेयी की चुनौती थी। सुरेश ने कड़ी मेहनत की। अमिताभ से कांटे का संघर्ष हुआ। मतगणना में कई दौर तक सुरेश आगे भी रहे, लेकिन अंतिम चरणों में चुनाव हार गए थे।

## पिछली बार चूके, अबकी प्रचंड जीत पाएंगे: सुरेश



**कानपुर।** 'मैं सौभाग्यशाली हूं... कि पार्टी ने सीसामऊ सीट पर दूसरी बार चुनाव लड़ने का मौका दिया है। 2017 के विधानसभा चुनाव में जो कमी रह गई थी, वह इस बार नहीं होगी। बड़ों और महिलाओं के आशीर्वाद तथा छोटों को गले लगाकर चुनाव में उतरूंगा। इस बार भाजपा प्रचंड मतों से सीसामऊ सीट जीतेगी।' यह बात गुरुवार को सीसामऊ से प्रत्याशी घोषित किए जाने पर भाजपा नेता सुरेश अवस्थी ने अमृत विचार संवाददाता अभिषेक वर्मा से कही। उन्होंने कहा कि सीसामऊ की जनता ने उन्हें गोद लिया है, अब वही मुझे जीत दिलाएगी।

- सीसामऊ विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी बनाए गये सुरेश अवस्थी ने बताई जीत की रणनीति
- बड़ों और महिलाओं के आशीर्वाद और छोटों को गले लगाकर इस बार सीट जीतने की तैयारी

**❍ सीसामऊ में तमाम दावेदारों के बीच पार्टी ने आप पर फिर से भरोसा किया?**

शीर्ष नेतृत्व के साथ क्षेत्रीय और जिले के पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों का धन्यवाद है। पिछले चुनाव में जनादेश में थोड़ी सी कमी रह गई थी, जो इस बार कतई नहीं होगी।

**❍ 2017 में आप क्यों हारे, इसका आकलन किया?**

मैं पहली बार चुनाव लड़ा था। उससे पहले पार्टी के दायित्वों से शहर से बाहर भी रहा था। लेकिन चुनाव में जनता ने भरपूर प्यार दिया था।

**❍ चुनाव जीतने की क्या रणनीति है?**

बड़ों और महिलाओं का आशीर्वाद लेने तथा छोटों को गले लगाने घर-घर जाऊंगा। सीसामऊ बस्तियों का क्षेत्र है। केंद्र व राज्य सरकार की जनकल्याण योजनाओं का यहां सबको लाभ मिला है। इसमें धर्म विशेष के लोग भी शामिल हैं। केंद्र की मोदी और प्रदेश की योगी सरकार से लोग प्रभावित हैं। क्षेत्र में प्रदेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री व भाजपा नेताओं के साथ हम महीनों से घर-घर जाकर मेहनत कर रहे हैं।

**❍ सपा ने इरफान की पत्नी को टिकट दिया है, तीन बार से सीट सपा के पास है। कैसे निपटेंगे?**

आज किसी के लिए कोई टिप्पणी नहीं करूंगा। सभी पार्टियां अपने हिसाब से चुनाव में जाती हैं। हमारा मुद्दा सबका साथ सबका विकास है।

**❍ विधानसभा में विकास बड़ा मुद्दा है, जीतने के बाद क्या लक्ष्य होगा?**

हमारी सरकार ने हर क्षेत्र में विकास की गंगा बहाई है। सड़कों, गलियों, फुटपाथ को बनवाया गया है। घर-घर दर्जनों योजनाओं का लाभ हर वर्ग को दिया जा रहा है। चुनाव जीतने के बाद सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में जनता से जुड़ी सभी समस्याएं खत्म कराने के साथ विकास के नए आयाम स्थापित करना लक्ष्य है।

# दो बार हराया है, इस बार अंतर और बढ़ेगा: फजल

**दावा**

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

**अमृत विचार।** सपा दो बार पहले सीसामऊ फिर आर्यनगर में भाजपा के प्रत्याशी हरा चुकी है। सपा के सामने तीसरी बार उन्हें बड़े अंतर से हार का सामना करना पड़ेगा। यह दावा सपा जिलाध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने भाजपा से सीसामऊ उपचुनाव में सुरेश अवस्थी को टिकट मिलने पर किया। सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी ने कहा कि वह हर चुनौती से लड़ने के लिए तैयार हैं, यह उपचुनाव जनता का चुनाव है, जीत निश्चित होगी।

सपा की पीडीए मिशन युवा टीम ने गुरुवार को दर्शनपुरवा, नसीमाबाद, जरीब चौकी व नेहरू नगर क्षेत्र के अलावा मलिन बस्तियों में जनसंपर्क किया। प्रत्याशी ने क्षेत्र में कई बैठकें की। जिलाध्यक्ष ने कहा कि पूरे शहर में गंदगी से पर्यावरण दूषित है, लेकिन भाजपा की मेयर को फुर्सत नहीं है। कार्यक्रमों में प्रदेश सचिव केके शुक्ला, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिंटू, महासचिव संजय सिंह बंटी सेंगर, नंदलाल जयसवाल, सत्यनारायण गहरवार, हाजी अयूब आलम, रजत मिश्रा, राहुल यादव, संजय निषाद, सलमान शेख मंसूरी, इशरत इराकी, जस्वेन्द्र निषाद, आसिफ कादरी व वरुण जायसवाल रहे।

### कांग्रेस गठबंधन धर्म के तहत सपा को देगी ताकत

- कानपुर। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने उप चुनाव वाली जिला इकाइयों को गठबंधन प्रत्याशी की जीत के लिए जुटने का संदेश दिया है। इसे देखते हुए सीसामऊ से गठबंधन प्रत्याशी को मजबूती देने के लिए शुक्रवार को सपा जिलाध्यक्ष के साथ कांग्रेस नेता वार्ता करके प्रचार की रणनीति बनाएंगे। यूपी के प्रभारी सचिव नीलांशु चतुर्वेदी ने बताया कि पार्टी हाईकमान ने गठबंधन प्रत्याशियों के पक्ष में जुटने के निर्देश दिए हैं। शहर कांग्रेस अध्यक्ष नौशाद आलम मंसूरी ने बताया कि सीसामऊ से प्रत्याशी लड़ाने की संभावना में पार्टी ने बूथ और वार्ड स्तर पर तैयारी की थी। अब यही तैयारी गठबंधन से सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी के काम आएगी। सपा अध्यक्ष फजल महमूद के अनुसार कांग्रेस का साथ मिलने से ताकत में इजाफा हुआ है। हर बूथ पर सक्रियता दिखेगी।



नामांकन कराने जाते बसपा प्रत्याशी वीरेंद्र कुमार। अमृत विचार



भीम आर्मी के प्रत्याशी ने भी पर्चा दाखिल किया। अमृत विचार

# बसपा व आसपा के प्रत्याशियों ने कराया नामांकन

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

- दोनों के समर्थकों में नारेबाजी होने से टकराव होते बचा
- भीड़ को संभालने में पुलिसकर्मियों का छूटा पसीना

**अमृत विचार।** सीसामऊ विधानसभा उपचुनाव में गुरुवार को सातवें दिन बसपा प्रत्याशी वीरेंद्र कुमार व आजाद समाज पार्टी (आसपा) से चांद बाबू बाल्मिकी ने अपना नामांकन कराया। इस दौरान नामांकन कक्ष के बाहर विवाद की स्थिति भी बनी। बसपा व आसपा के समर्थक जब आमने-सामने आए तो नारेबाजी होने लगी। टकराव की नौबत देख पुलिसकर्मियों को समर्थकों को संभालने में पसीना छूटा। किसी तरह समर्थकों को परिसर से बाहर किया।

उपचुनाव की नामांकन प्रक्रिया 18 अक्टूबर से शुरू है। शुक्रवार को नामांकन का आखिरी दिन है। गुरुवार को सातवें दिन तक केवल तीन ही नामांकन हुए हैं। सपा, बसपा, आसपा प्रत्याशियों के अलावा किसी निर्दलीय ने भी नामांकन नहीं कराया है। गुरुवार दोपहर बाद आजाद समाज पार्टी के प्रत्याशी चांद बाबू बाल्मिकी अपने समर्थकों के साथ नामांकन करने पहुंचे।

चेतना चौराहा के पास बैरिकेडिंग पर वाहनों को खड़ा कर समर्थक नारेबाजी करते हुए नामांकन कक्ष तक पैदल पहुंचे। जहां प्रत्याशी समेत पांच लोगों ने नामांकन कक्ष में जाकर एसीएम तृतीय रामशंकर की कोर्ट में नामांकन पत्र दाखिल किया। इसी बीच बसपा प्रत्याशी वीरेंद्र कुमार शुक्ला भी समर्थकों के साथ नामांकन पत्र दाखिल करने पहुंचे।

जब दोनों पार्टी के समर्थक नामांकन कक्ष के बाहर आमने-सामने आए तो उनके बीच नारेबाजी होने लगी। करीब पांच मिनट की नारेबाजी के बाद टकराव स्थिति बनने पर पुलिसकर्मी बीच में आए और समर्थकों को धकियाकर कक्ष से बाहर किया।

### दो निर्दलियों ने लिया नामांकन फार्म

- नामांकन प्रक्रिया के सातवें दिन गुरुवार को दो और निर्दलीय उम्मीदवारों ने नामांकन फार्म लिया। दोपहर बाद विनय शंकर व सौरभ दीक्षित ने नामांकन फार्म लिया। कुल मिलाकर अब तक 40 नामांकन फार्म लिए जा चुके हैं। एसीएम तृतीय रामशंकर की कोर्ट में बुधवार सुबह 11 बजे से नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई, जो दोपहर बाद तीन बजे तक चली। एसीएम तृतीय ने बताया कि अब तक 40 नामांकन फार्म व तीन नामांकन पत्र दाखिल किए गए हैं। शुक्रवार को अंतिम दिन होने के कारण भीड़ अधिक होने की उम्मीद है।

## आसपा प्रत्याशी मजदूर, बसपा वाले करोड़पति

**कानपुर।** हमीरपुर के पूर्वी तरौस मौदहा निवासी आजाद समाज पार्टी (आसपा) प्रत्याशी चांद बाबू आयकर दाता की श्रेणी में नहीं आते हैं। पेशे से मजदूर चांद बाबू की मासिक आय 32 हजार रुपये है। जबकि पत्नी नगर निगम में चपरासी हैं। प्रत्याशी के पास कुछ भी स्वार्जित संपत्ति नहीं है। पत्नी के पास एक कार व एक स्कूटी है। जेवर में मंगलसूत्र व अंगूठी है। जिसकी कीमत पांच लाख है। पति व पत्नी के हाथ में कुल नकदी डेढ़-डेढ़ लाख रुपये है।

वहीं बसपा प्रत्याशी वीरेंद्र कुमार शुक्ला कानपुर देहात के दरियापुर निटर्रा के रहने वाले हैं। आय का साधन पेंशन व कृषि भूमि है। आवास विकास योजना संख्या तीन कल्याणपुर में मकान है। जिसकी कीमत एक करोड़ 50 लाख है। प्रत्याशी के हाथ में नकदी एक लाख व पत्नी के पास 50 हजार है। एक बाइक व एक कार है, जिसकी कीमत साढ़े आठ लाख रुपये है। प्रत्याशी के पास 50 ग्राम सोना, पत्नी के पास 100 ग्राम सोना व एक किलो चांदी के जेवर हैं। कानपुर देहात डेरापुर दरियापुर निटर्रा में उनकी कृषि भूमि है।

**विकास** विकास नगर में दो बिल्डिंग पूरी, दीपावली पर लांचिंग होगी

# केडीए का 4 स्टार होटल-शॉपिंग मॉल तैयार

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**

- 150 कमरे, कान्फ्रेन्स हॉल, 3 बैंक्वेट हॉल, 160 दुकानें

**अमृत विचार।** विकास नगर में केडीए का 4 स्टार होटल व शॉपिंग मॉल बनकर तैयार हो गया है। दीपावली से पहले केडीए आम लोगों के लिये अपने दोनों भवनों को लांच कर देगा। गुरुवार को समीक्षा बैठक के बाद केडीए सचिव अभय कुमार पाण्डेय ने स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों का देखा। उन्होंने शेष बचे कार्य को एक सप्ताह में पूरा करने के साथ ही साफ-सफाई के निर्देश दिये। होटल व शॉपिंग मॉल कम ऑफिस को जहां है जैसा है के आधार पर ई-ऑक्शन के लिये खोला जायेगा।

केडीए उपाध्यक्ष मदन सिंह गर्ब्याल ने समीक्षा बैठक की और बन रहीं दोनों बिल्डिंग को दीपावली पर लॉन्च किये जाने के लिये अभियन्त्रण व विक्रय अनुभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया। जिसके बाद अधिकारी मौके पर निरीक्षण करने पहुंचे। केडीए अधिकारियों के अनुसार नौ मंजिला 4 स्टार होटल बिल्डिंग में लगभग 150 कमरों के साथ-साथ कान्फ्रेन्स हॉल, 3 बैंक्वेट हॉल हैं। शॉपिंग मॉल कम ऑफिस में 8 मंजिल हैं। प्रथम चार तलों पर शॉपिंग मॉल की व्यवस्था है। जिसमां लगभग 160 दुकानें बनाई गईं हैं। सचिव अभय कुमार पाण्डेय ने बताया कि पांचवें तल से आठवें तल तक ऑफिस का प्राविधान है। शॉपिंग मॉल कम ऑफिस में 10 लिफ्ट, 4 एस्कलेटर के साथ-साथ टैरेस पर 50 लोगों के बैठने के लिये चार मिनी थियेटर हैं। होटल व शॉपिंग मॉल में दो फ्लोर अन्डरग्राउण्ड पार्किंग हैं, जिसमें लगभग 200 गाड़ियों की पार्किंग की व्यवस्था है।

### सिग्नेचर ग्रीन्स से सटे हैं दोनों भवन

- दोनों बिल्डिंग सिग्नेचर ग्रीन्स आवासीय परियोजना से सटी हुयी है। जिसमें प्राधिकरण ने 1128 3 बीएचके व 2 बीएचके फ्लैट का निर्माण कराया था। वर्तमान में लगभग 1000 परिवार यहां निवास कर रहे हैं।



केडीए सचिव अभय कुमार पाण्डेय ने स्थलीय निरीक्षण कर कार्यों का देखा।

## कार हुई चोरी, गैराज मालिक पर रिपोर्ट

**कानपुर।** शुक्लागंज की रहने वाली एक महिला ने आरोप लगाया कि उनकी कार गैराज से चोरी हो गई। उन्होंने गैराज मालिक से कार की क्षति पूर्ति करने को कहा। इस पर गैराज मालिक ने धमकाना शुरू कर दिया। उन्होंने उप मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर रिपोर्ट दर्ज करायी है।

शुक्लागंज की गांधीनगर निवासिनी शिप्रा गौतम के अनुसार उन्होंने 16 मई को अपनी कार सर्विस के लिए चकेरी के प्रयागराज रोड स्थित नवीन यादव के गैराज में दी थी। 18 मई को वह गैराज पहुंची तो जानकारी हुई कि कार चोरी हो गई है। इस पर उन्होंने कार की क्षति पूर्ति के लिए बात की तो आरोपी नहीं माने। जिसके बाद उन्होंने चकेरी थाने में मामला दर्ज कराया। आरोप है कि पुलिस ने कोई कार्रवाई नहीं की। फिर उन्होंने पुलिस की मदद से आरोपी से बात की तो उसने उसी मॉडल की दूसरी कार या कार की रकम लौटने का वादा किया। समय बीत जाने के बाद भी क्षति पूर्ति न होने पर उन्होंने नवीन से बात की तो वह धमकाने लगा।

# जिम से लौटे दरोगा को पड़ा हार्टअटैक

**कार्यालय संवाददाता, कानपुर**



अस्पताल में चर्चा करते साथी पुलिसकर्मी। अमृत विचार

- दूध पीने के बाद सीने में बताई जलन, साथी पुलिसकर्मी ले गए अस्पताल, मौत
- बुलंदशहर के थाना खानपुर के ग्राम जरिया आलमपुर के थे रहने वाले



विष्णु कुमार शर्मा।

**अमृत विचार।** काकादेव थाने में तैनात दरोगा की गुरुवार सुबह जिम से लौटने के बाद हार्ट अटैक पड़ने से घर में हालत बिगड़ गई। आनन-फानन पुलिस की जीप से उन्हें कॉर्डियोलॉजी पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। डीसीपी सेंट्रल समेत एसीपी ने कॉर्डियोलॉजी पहुंचकर घटना की जानकारी ली।

मूलरूप से जिला बुलंदशहर के थाना खानपुर के ग्राम जरिया आलमपुर निवासी विष्णु कुमार शर्मा सीसामऊ थानाक्षेत्र में पी रोड स्थित विजय टावर अपार्टमेंट में पत्नी रजनी और दो बेटे कनिष्क (12) और तनिष्क (9) के साथ रह रहे थे। वर्ष 2020 में कानपुर कमिश्नरेट में उनकी तैनाती सीसामऊ थाने की चौकी जवाहर नगर में हुई थी। 6 अक्तूबर 2024 को उन्हें काकादेव थाने में ट्रांसफर कर दिया गया था। इसी अपार्टमेंट में रहने वाले सीसामऊ के दरोगा प्रशांत कटेरिया, कल्पेश, दो अन्य पुलिसकर्मी ने बताया कि सुबह वह लोग कमरे पर थे तभी उनकी पत्नी ने मामले की जानकारी दी। वह लोग भागते हुए कमरे पर पहुंचे तो पता चला कि दरोगा विष्णु जिम करके घर लौटे थे और दूध पीने के बाद सीने में जलन और दर्द की बात बताई। घटना की जानकारी उनके मित्र सीसामऊ थाना प्रभारी हिमांशु चौधरी को दी गई। वह जीप लेकर आए और रास्ते में सीपीआर देते हुए उन्हें कॉर्डियोलाजी पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने चेकअप करके उन्हें मृत घोषित कर दिया। सूचना पर डीसीपी सेंट्रल दिनेश त्रिपाठी, एसीपी चित्रांशु, इंस्पेक्टर काकादेव मनोज सिंह भदौरिया पहुंचे और घटना की जानकारी ली। सुबह 11.20 के आसपास मौत के बाद पत्नी को दोपहर तीन बजे तक मौत की जानकारी नहीं दी गई थी। गांव से पिता व भाई के पहुंचने के बाद शाम को जानकारी दी गई।



किसान मेले में पांच फिट की लौकी दिखाई गई। अमृत विचार



खेती-किसानी में काम आने वाला ड्रोन भी रखा गया। अमृत विचार



स्टालों पर बीज लेने के लिए किसानों की भीड़ उमड़ी। अमृत विचार

# आदमी की लंबाई जितनी लौकी किसान मेले में दिखाई

## सीएसए में किसान मेला में कन्नौज से आई पांच फिट की लौकी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** सीएसए कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में गुरुवार से शुरू हुए किसान मेले में विवि के कन्नौज केंद्र से आई 5 फुट की लौकी आकर्षण का केंद्र रही। कृषि विशेषज्ञ डॉ. अरम सिंह ने बताया कि 'नरेंद्र शिवानी' नामक यह लौकी मचान पर उगाने से 7 फुट तक लंबी हो जाती है। इसे हर सीजन में उगाया जा सकता है। मेले में किसानों ने ड्रोन और आधुनिक खेती फॉर्म के मॉडल में भी दिलचस्पी दिखाई।

सीएसए में 2 दिवसीय किसान मेला एवं कृषि उद्योग प्रदर्शनी की शुरुआत करते हुए मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद (उपकार) के महानिदेशक डॉ संजय सिंह ने वैज्ञानिक खेती के लिए शोध और अनुसंधान की जानकारी देते हुए किसानों से उन्नत बीज व खेती अपनाने को कहा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए कुलपति डॉ आनंद कुमार सिंह ने कहा कि जलवायु परिवर्तन के हिसाब से जलवायु अनुकूलन प्रजातियां किसान अपनाएं। इससे उनकी आय बढ़ेगी। रसायनों के न्यूनतम प्रयोग पर जोर दिया। प्रदेश के प्रगतिशील किसानों का सम्मान हुआ और विश्वविद्यालय परिसर के प्राथमिक विद्यालय के बच्चों को किट देकर पुरस्कृत किया गया। निदेशक प्रसार डॉ आरके यादव, डॉ वीके कनौजिया डॉ अरविंद कुमार डॉ सीएल मौर्य, डॉ विजय कुमार यादव, डॉ पीके उपाध्याय, डॉ. मुक्ता गर्ग व कृषक समिति के अध्यक्ष बाबू सिंह उपस्थित रहे।

### हाईटेक हॉर्टिकल्चर मॉडल दिखाया

मेले में सीएसजेएमयू के छात्र-छात्राओं का हाईटेक हॉर्टिकल्चर मॉडल पसंद किया गया। आकाश सिंह, दिव्या तिवारी, निखिल शुक्ला, पलक सक्सेना व सिमरन वत्स के बनाए इस मॉडल में ग्रीन हाउस, ड्रेगन फ्रूट की खेती, मेडीटेशनल गार्डन, सोलर पैनल, जीआईएस जैसी सुविधाओं को दिखाया गया।

### मत्स्य पालन से बनाई ज्वेलरी

मेले में मत्स्य पालन से निकली सामग्री की ज्वेलरी से आमदनी बढ़ाने का रास्ता सुझाया गया। कॉलेज ऑफ फिशरी साइंस एंड रिसर्च सेंटर के छात्र प्रशीक जायसवाल बताया कि इस तरह की खेती सबसे ज्यादा जापान में की जाती है। इसमें मछली पालन के साथ ही तालाब से निकली सीप और मोती की डिजाइनर ज्वेलरी बनाई जाती है।

### बड़े काम का चांद छाप ड्रोन

मेले में चांद छाप ड्रोन सेवा की किसानों को जानकारी दी गई। गोपाल शर्मा ने बताया कि इस ड्रोन से किसान 300 रुपये प्रति एकड़ का भुगतान कर खेत में रसायन का छिड़काव कराते हैं। ड्रोन 10 मिनट में एक एकड़ खेत पर रसायन छिड़क देता है।

## झुकने न देना हिंदुस्तान की कसम

- सीएसए में लगे किसान मेले में बही काव्य रस की गंगा
- कविताएं सुनकर श्रोताओं ने बजाईं तालियां

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** चन्द्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय (सीएसए) में लगे किसान मेले में शाम को कवि सम्मेलन आयोजित हुआ। रचनाओं को सुनकर श्रोताओं ने तालियां बजाकर वाहवाही की।

सम्मेलन की शुरुआत विश्वविद्यालय के वीसी डॉ. आनंद कुमार सिंह ने की। उन्होंने कहा कि कविता अंतर्मन के भावों की अभिव्यक्ति है। जिसे हर कोई काव्य रूप में व्यक्त नहीं कर सकता है। यह केवल कवि ही कर सकता है। कवि सम्मेलन की अध्यक्षता समीर शुक्ल ने तथा संचालन गोविंद गजब ने किया। सम्मेलन में नवगीतकार जयराम जय ने 'सब हैं पागल हुए आज कल खूब कमाने में, कहते कोई नहीं दूसरा और जमाने में' सुनाकर वाहवाही लूटी। बैसवारा के गोविंद गजब ने 'तिरंगे की आन बान शान की कसम, झुकने न देना हिंदुस्तान की कसम' शान में कमी न आये ध्यान रखना, तिरंगे की बेमिसाल शान रखना' सुनाकर राष्ट्रध्वज का सम्मान किया। फतेहपुर से आए हास्य व्यंग्य के कवि समीर शुक्ला की कविता 'अरे मोरे भैया बच के रहना गिरगिट मिलिहै सतरंगा, टिंनिक-टिंनिक हरि गंगा' सुनाकर तालियां लूटीं। सम्मेलन के दौरान कवयित्री शिखा मिश्रा, कवि मनीष मीत, गजलकार अनीता अनुश्री ने अपनी रचनाओं से सभी को रिझाया।




कवि सम्मेलन में कविता पेश करते कवि। अमृत विचार

## जू का होगा सुंदरीकरण सड़कें भी बनाई जाएंगी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर




- सांसद ने विकास के लिए डीएम को लिखा पत्र
- नगर निगम ने प्रस्ताव बनाना शुरू किया

**अमृत विचार।** कानपुर जू का जल्द सुंदरीकरण होगा। प्राणि उद्यान के अंदर 8 किमी. क्षतिग्रस्त सड़कें चमाचम होंगी तो वहीं मुख्य द्वार की भव्यता बढ़ाई जाएगी। इसके साथ फ्लड लाइट, पटरी निर्माण समेत अन्य कार्य भी होंगे। जू निदेशक की मांग पर सांसद रमेश अवस्थी ने जू के अंदर विकास कार्य कराने को लेकर जिलाधिकारी राकेश कुमार को पत्र लिखा था। जिलाधिकारी के निर्देश पर नगर निगम ने प्रस्ताव बनाना शुरू किया है। नगर निगम के अधिकारी जू का निरीक्षण कर कुल खर्च का एस्टीमेट बनाएंगे जिसके बाद कार्य शुरू होंगे।

कानपुर जू में नगर व सीमावर्ती जिलों से हर वर्ष 8 लाख आते हैं। इसके साथ देश के दूसरे हिस्सों और विदेश तक से लोग भ्रमण करने आते हैं। मौजूदा समय में खराब एंट्री गेट व निकासी गेट की वजह से छवि खराब हो रही है। वहीं अंदर की सड़कें भी टूटी हैं। शाम होते ही जू व आस-पास अंधेरा छा जाता है। इन्हीं समस्याओं को देखते हुये जू निदेशक केके सिंह ने सांसद से विकास कार्य कराने का आग्रह किया था। सांसद ने जू निदेशक से लिखित में कार्यों की सूची देने को कहा, जिसपर निदेशक ने जू की प्रमुख आंतरिक गलियों के निर्माण, उद्यान के मुख्य द्वार, पटरी का सौंदर्यीकरण, सड़कों का निर्माण कार्य कराने का अनुरोध किया। सांसद ने जिलाधिकारी व नगर आयुक्त को पत्र भेजकर प्रस्ताव बनाने को कहा है।

### यह कार्य होने हैं

8 किमी. क्षतिग्रस्त सड़कों का निर्माण, चिड़ियाघर चौराहा और नवाबगंज रोड व जू बाउंड्रीवाल के बीच में पटरी का जीर्णोद्धार, फ्लड लाइट लगाने का कार्य, मुख्य द्वार का भव्य निर्माण, गेट से टिकट घर तक सड़क निर्माण, आवास से चिड़ियाघर तक आपातकाल सड़क का निर्माण, वनमानुष कैंटीन से बब्बर शेर तक सड़क निर्माण, जेब्रा बाड़े से गेंडा व अस्पताल तक सड़क सुधार, एडवेंचर पार्क व जू के अन्य स्थानों के पास इंटरलॉकिंग टाइल्स व साइट पटरी का कार्य।

## सार-संक्षेप

### गवाह को धमकाने में जमानत अर्जी खारिज

**कानपुर।** गवाह को धमकाने के मामले में गुरुवार को अपर जिला जज 7 आजाद सिंह की अदालत ने अभियुक्त रोशन लारी की जमानत अर्जी को खारिज कर दिया। एडीजीसी विनोद कुमार त्रिपाठी ने बताया कि जाजमऊ आगजनी मामले में गवाह विष्णु सैनी ने आरोप लगाया था कि सुनवाई के दौरान इरफान सोलंकी, रिजवान, शौकत अली और रोशन लारी समेत आधा दर्जन लोगों ने उसे धमकाने के साथ रंगदारी मांगी थी। जिसपर विष्णु सैनी ने जाजमऊ थाने में मुकदमा दर्ज कराया था। इस मामले में सुनवाई करते हुए कोर्ट ने अभियुक्त रोशन लारी की जमानत अर्जी खारिज कर दी है।

### काकादेव पुलिस ने दो को दबोचा

**कानपुर।** काकादेव पुलिस ने गुरुवार को दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। काकादेव प्रभारी निरीक्षक मनोज सिंह भदौरिया ने बताया कि छल व कूटरचित मामले में दो लोग वंछित चल रहे थे। पुलिस ने पनकी बहेड़ा बहादुर नगर निवासी राम आसरे व बांदा के नरैनी थाना शंकर बाजार निवासी कमलेश को गिरफ्तार कर लिया।

### अखिल भारतीय इंदिरा मैराथन प्रयागराज में

**कानपुर।** खेल निदेशालय की ओर से 39वीं प्राइजमनी अखिल भारतीय इंदिरा मैराथन 42.195 किमी पुरुष व महिला वर्ग की दौड़ प्रयागराज में 19 नवंबर को होगी। दौड़ में देश व प्रदेश के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय धावक एवं धाविका हिस्सा लेंगे। ग्रीनपार्क स्टेडियम के क्रीड़ाधिकारी अमित पाल ने बताया कि प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए इच्छुक धावक व धाविका 17 नवंबर तक प्रयागराज स्थित क्षेत्रीय क्रीड़ा कार्यालय मदन मोहन मालवीय में या वेबसाइट पर अपने आवेदन भर सकते हैं।



नगर इकाई के सदस्यों ने बैठक की। अमृत विचार

## स्कूलों में कन्या पूजन और आचार्य वंदन हो

- हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा संस्थान इकाई की मांग

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा संस्थान पूर्वी उत्तर प्रदेश के अंतर्गत कानपुर महानगर इकाई के नवगठित सदस्यों की पहली बैठक गुरुवार को हुई, जिसमें छह मांगें उठाई गईं। विद्यालयों में कन्या पूजन, आचार्य वंदन और परमवीर चक्र विजेता वंदन कार्यक्रम शुरू करने की मांग की गई।

काकादेव के एक रेस्टोरेंट में हुई बैठक में कानपुर इकाई संस्थान के संयोजक व स्कूल्स वेलफेयर एसोसिएशन के महामंत्री पं.कृष्ण कुमार दुबे ने बताया कि हिंदू अध्यात्म एवं सेवा मेला, प्रकृति बंधन , गौ-वंदन , गंगा वंदन, मातृ-पितृ वंदन, आचार्य वंदन, कन्या वंदन, परमवीर चक्र विजेता वंदन, सामूहिक वंदेमातरम् आदि विभिन्न आयोजनों द्वारा श्रेष्ठ नागरिक निर्माण का अभिनव प्रयास किया जा रहा है। हिंदू आध्यात्मिक एवं सेवा संस्थान का बीजारोपण चेन्नई में जनवरी 2008 में हुआ था। भारतीय संस्कृति को नवभारत के नव निर्माण में नव मार्ग प्रशस्त करने के लिए विद्यालयों में छह सूत्रीय कार्यक्रमों का आयोजन जरूरी है। उन्होंने विद्यालयों में प्रथम चरण में तीन सूत्री कार्यक्रम आयोजित करने का सुझाव दिया, जिसमें विद्यालयों में कन्या पूजन, आचार्य-वंदन एवं वृहद रूप में परम-वीर चक्र विजेता वंदन का आयोजन शामिल हैं। संयोजक अमरनाथ ने नवगठित कानपुर इकाई के सदस्यों के विभागों का बंटवारा करने की बात कहीं। संघ प्रचारक व संगठन के पूर्वी उप्र के संयोजक अमरनाथ, सुनील टंडन, अनंत प्रकाश पांडेय, रेणु अवस्थी, प्रशांत शुक्ला, एडवोकेट अर्पित मिश्रा , अनुज पांडे, अमर सिंह , ईशान सिंह रहे।

## छेड़छाड़ के आरोपी को दबोचा

**कानपुर।** सचेंडी पुलिस गुरुवार को छेड़छाड़ के आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने मेडिकल कराने के बाद आरोपी को जेल भेज दिया। सचेंडी थानाक्षेत्र के एक गांव में मंगलवार को पड़ोसी से मारपीट करते हुए उसकी नाबालिग बेटी से छेड़छाड़ की थी। पीड़ित ने सचेंडी थाने में आरोपी शिवसागर के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने गुरुवार को आरोपी शिवसागर को गांव के पास से दबोच लिया।

## लापता गर्भवती का शव नाले में मिला

- परिजनों ने हत्या कर फेंकने का लगाया आरोप

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** गुजैनी में चार दिन पहले नाले में मिली महिला की शिनाख्त गुरुवार को परिजनों ने की। वग 18 अक्टूबर को घर से निकली थी, तबसे लापता थी। गुरुवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। पोस्टमार्टम में मौत की बजह साफ न होने पर विसरा सुरक्षित रखा गया।

विश्व बैंक कॉलोनी निवासी विजय वर्मा की शादी 12 मार्च 2024 को कौशांबी के अलवारा गांव महेवा घाट की अनुष्का उर्फ कोमल के साथ हुई थी। पति ने बताया कि 18 अक्तूबर को गर्भवती पत्नी घर से बिना बताए कहीं चली गई थी। परिजनों ने आसपास व नाते-रिश्तेदार के यहां तलाश की। जानकारी न मिलने पर बर्रा थाने में जानकारी दी। 20 अक्तूबर को गुजैनी में नाले में एक महिला का शव मिला। पुलिस ने शव को नाले से बाहर निकलवा कर मार्चुरी में रखवा दिया था। 23 अक्तूबर को परिजन महिला की तलाश करते हुए पोस्टमार्टम पहुंचे। वहां पति और मृतका के मौसा जीतू ने महिला की शिनाख्त की। परिजन गुजैनी थाने पहुंचे और पुलिस को महिला की शिनाख्त करने की जानकारी दी। मौसा ने बताया कि उसके शरीर पर चोटों के निशान थे। आरोप है कि हत्या करने के बाद उसका शव फेंका गया होगा। इस संबंध में गुजैनी थाना प्रभारी विनय कुमार ने बताया कि महिला के परिवार वालों ने तहरीर नहीं दी है।

## 17 डॉक्टरों ने 22 टीबी रोगियों को गोद लिया

- देखभाल करने के साथ ही छह माह तक उपलब्ध करानी है पोषण पोटली

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** राष्ट्रीय क्षय (टीबी) उन्मूलन कार्यक्रम के तहत गुरुवार को बड़ा चौराहा स्थित डफरिन अस्पताल में एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कानपुर मंडल की अपर निदेशक डॉ.संजू अग्रवाल व जिला क्षयरोग अधिकारी डॉ.आरपी मिश्रा के निर्देश पर 17 डॉक्टरों ने 22 टीबी मरीजों को गोद लिया। यह डॉक्टर टीबी मरीजों को छह माह तक पोषण पोटली प्रदान करने के साथ ही उनकी देखभाल करेंगे।

शहर को वर्ष 2025 तक टीबी मुक्त कराने की मुहिम के तहत डफरिन अस्पताल में कार्यक्रम हुआ, जहां मौजूद लोगों, तीमारदारों व मरीजों को टीबी के प्रति जागरूक किया गया। अपर निदेशक, संयुक्त निदेशक, जिला क्षयरोग अधिकारी, डफरिन की प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक व मुख्य चिकित्सा अधीक्षक समेत 17 डॉक्टरों ने 22 क्षय रोगियों को गोद भी लिया। सभी को अपर निदेशक ने निक्षय मित्र के रूप में प्रमाण पत्र दिए। अपर निदेशक ने कहा कि लगतार छह महीने तक सभी क्षय रोगियों को पौष्टिक पोषण के लिए पोषण सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। गोद लिए गए क्षय रोगियों को डॉट्स के माध्यम से दी जाने वाली औषधियों को बिना दवा बंद किये संपूर्ण उपचार अवधि में खाने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। संयुक्त निदेशक डॉ. जीके मिश्रा ने कहा कि समाज के हर व्यक्ति की जिम्मेदारी बनती है कि वह टीबी उन्मूलन में प्रधानमंत्री ने जो आह्वान किया है उसमें सहयोग करे। प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सीमा श्रीवास्तव ने कहा कि गोद लिए गए मरीजों को हर महीने पोषण पोटली उपलब्ध कराई जाएगी।




निक्षय मित्र बनने पर डॉक्टर को प्रमाण पत्र देतीं अपर निदेशक डॉ .संजू अग्रवाल।

### लक्षणों को न करें नजरअंदाज

जिला क्षय रोग अधिकारी ने कहा कि दो हफ्ते या इससे ज्यादा समय तक खांसी, बार-बार बुखार आना, वजन में लगातार कमी, भूख न लगना, रात में पसीना आना और सीने में दर्द इस बीमारी के प्रमुख लक्षण हैं।

## विकास में शिक्षा का योगदान सबसे अहम

- जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल का स्थापना दिवस समारोह

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** शिक्षा हर देशवासी का अधिकार है। देश के विकास में शिक्षित नागरिकों का योगदान बहुत अधिक होता है। ऐसे में यह जरूरी है कि शिक्षा का उपयोग न सिर्फ खुद की बल्कि देश की तरक्की के लिए भी जरूर करना चाहिए।

यह विचार गुरुवार को जीडी गोयनका पब्लिक स्कूल के स्थापना दिवस समारोह में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने व्यक्त किए। समारोह के दौरान सांसद रमेश अवस्थी भी शामिल हुए। समारोह में विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ठता प्राप्त करने वाले स्कूली बच्चों को पुरस्कृत भी किया गया। समारोह में केंद्रीय गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय ने कहा कि यदि सड़क टूटी हो तो सिर्फ पैर टूटता है लेकिन सही शिक्षा न मिले तो देश और समाज की किस्मत फूट जाती है। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शिक्षा व्यवस्था को मजबूत और सुशिक्षित बनाने का प्रयास कर रहे हैं। इस मौके पर विद्यालय के चेयरमैन डॉ. चंदन अग्रवाल, प्रिंसिपल मोनिका दत्त और भाजपा दक्षिण जिलाध्यक्ष शिवराम सिंह मौजूद रहे।

## एआरटीओ के चालक का था नाले में मिला शव

**कानपुर।** सेन पश्चिम पारा थानाक्षेत्र में बुधवार को नाले में मिला शव एआरटीओ के चालक का था। परिजन सोशल मीडिया पर वायरल फोटो के आधार पर पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और शिनाख्त की।

सोशल मीडिया पर वायरल फोटो की मदद से गुरुवार सुबह पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे परिजनों ने शिनाख्त रवींद्र नगर यशोदा नगर निवासी कानपुर एआरटीओ चालक 55 वर्षीय आनंद अहेरवार के रूप में की। परिवार में पत्नी सीमा, बेटा मिहिर सेन व बेटी सौम्या आनंद है। उन लोगों ने बताया कि मंगलवार रात को वह डयूटी से लौटे थे, इसके बाद घर से निकले थे। वह शराब पीते थे, शायद उसी कारण नाले में गिर गए होंगे।

## एलिवेटेड सेक्शन में ट्रैक स्लैब ढलाई शुरू

- बारादेवी-नौबस्ता एलिवेटेड सेक्शन का मामला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** कॉरिडोर-1 के अंतर्गत चुन्नीगंज स्टेशन से नौबस्ता स्टेशन तक बैलेंस सेक्शन का निर्माण कार्य तेजी से आगे बढ़ रहा है। मैकरॉबर्टगंज स्थित रैंप एरिया से कानपुर सेंट्रल स्टेशन तक अप-लाइन पर और नयागंज स्टेशन तक डाउन-लाइन पर ट्रैक निर्माण पूरा करने के बाद अब लगभग 5 किमी लंबे बारादेवी-नौबस्ता एलिवेटेड सेक्शन पर भी ट्रैक निर्माण का कार्य शुरू कर दिया गया। अफसरों ने बताया कि अंडरग्राउंड सेक्शन में नयागंज और कानपुर सेंट्रल के बीच डाउन-लाइन पर चल रहा ट्रैक निर्माण भी जल्द ही पूरा कर लिया जाएगा।

बारादेवी-नौबस्ता एलिवेटेड सेक्शन पर सबसे पहल बारादेवी स्टेशन के निकट डाउन-लाइन पर रेल पटरियों को बिछाने और एफबीडब्लू (फ्लैश बट्ट वेल्ड) प्लांट से वेल्ड करने का काम आरंभ किया गया। रेल पटरियों और एफबीडब्लू प्लांट को क्रेन के माध्यम से पुल पर पहुंचाया गया था। पटरियों को बिछाने और वेल्ड करने के बाद निश्चित छोटी-छोटी दूरियों पर इनके नीचे स्लैब के ढलाई की शुरुआत की गई। आगे ट्रैक स्लैब पर डिरेलमेंट गार्ड भी बनाया जाएगा और थर्ड रेल लगाने के लिए भी प्रबंध किए जाएंगे।

## दीपक और यशी ने जीता गोल्ड

**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महाराज विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा परिसर स्थित स्टेडियम में गुरुवार को अंतर महाविद्यालयीय क्रॉस कंट्री (पुरुष -महिला) प्रतियोगिता 2024-25 का आयोजन किया गया। दीपक खरोल ने गोल्ड, अविनाश ने सिल्वर व किशन ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। महिला वर्ग में यशी ने गोल्ड, नंदिनी ने सिल्वर व आकांक्षा कुमारी ने ब्रॉन्ज मेडल जीता है। प्रतियोगिता की शुरुआत विश्वविद्यालय के क्रीड़ा सचिव डॉ प्रभाकर पांडे ने की। विभागाध्यक्ष डॉ श्रवण कुमार यादव एवं प्रतियोगिता सचिव राहुल दीक्षित ने हरी झंडी दिखाई। प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय से संबद्ध 19 महाविद्यालयों के 113 पुरुष एंव महिला खिलाड़ियों ने भाग लिया।

मनोरंजन

डीपीएस कल्याणपुर में पैनोरमा के दौरान रहा उत्साह

## पंजाबी सिंगर परमिश ने गीतों पर झुमाया

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** दिल्ली पब्लिक स्कूल कल्याणपुर में गुरुवार को पंजाबी सिंगर परमिश वर्मा ने अपने चर्चित गीतों से सभी को झुमाया। एक के बाद एक हिट उनके हिट गीत सभी के लिए आकर्षण का केंद्र बने। स्कूली बच्चों ने पंजाबी सिंगर के साथ गीतों की धुन पर तालियां बजाकर उत्साह जताया।

पंजाबी सिंगर की ओर से जब 'गल नी कड़नी, मेरी मर्जी, हसदी तू रह सोनिये, चल के, रूब्रिकौन' जैसे गीत सुनाए श्रोता तारीफ किए बिना न रह पाए।

श्रोता बच्चों का उत्साह देख पंजाबी सिंगर परमिश वर्मा भी खुद को रोक न पाए। अपने प्रदर्शन के दौरान वे कई बार मंच से ही बच्चों के नजदीक आकर गीत सुनाने लगे। उधर रेड एफएम 94.3 की प्रसिद्ध आरजे नम्रता ने अपनी उपस्थिति से मंच पर उत्साह भर दिया। इसी तरह पैनोरमा के तीसरे दिन इवेंट भी हुए। इनमें गायकी, नृत्य अभिनय, मिमिक्री में प्रतिभागियों ने प्रतिभा और टैलेंट का प्रदर्शन किया। ऑनलाइन गेमिंग जोन रेडिएंट वलरेंट का फाइनल राउंड खेला गया। पर्सनल ला पॉपुलैर इवेंट में अंतिम दिन चुने गए प्रतिभागियों पर वोटिंग की गई और विजेता स्पीकर का चयन किया गया। जिसमें समाज के मुद्दों पर सबसे सशक्त ढंग से विचार अभिव्यक्त किए थे। समारोह का मुख्य अतिथि आईआईटी के प्रो संदीप भट्टाचार्य ने विद्यार्थियों को उनकी प्रतिभा के प्रदर्शन के लिए बधाई का पात्र बताया।



परमिश वर्मा ने बटोरीं तालियां। अमृत विचार

### यह रहे विजेता

इंडीस्कोपी इवेंट में ओवरआल चैंपियनशिप ट्रॉफी लखनऊ पब्लिक स्कूल के नाम रही। परसेप्शन पैले की ओवरऑल चौंपियनशिप ट्रॉफी एलेन हाउस पब्लिक स्कूल खलासी लाइन ने जीता। मीडिया एंड कम्युनिकेशन में डीपीएस गोमती नगर ने बाजी मारी। ब्रेन ओ वर्व में ओवरआल चैंपियन दीनदयाल उपाध्याय ने अपने नाम किया।

# बार एसोसिएशन चुनाव में 79.89% मतदान

## 21 पदों पर 99 प्रत्याशियों के बीच मुकाबला, 6516 अधिवक्ता वोटरों में 5206 ने डाले वोट

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** बार एसोसिएशन चुनाव में गुरुवार को 6516 अधिवक्ताओं में से 5206 ने मताधिकार का प्रयोग किया। इस तरह 79.89 प्रतिशत वोट पड़े। यह मतदान प्रतिशत बीते साल से 1.73 प्रतिशत कम रहा। 21 पदों पर 99 प्रत्याशियों ने जोर आजमाइश की।

डीएवी डिग्री कालेज में मतदान प्रक्रिया सुबह 9 बजे से शुरू हुई।। एल्डर्स कमेटी के निर्देशानुसार प्रत्याशियों को खाली बैलेट बाक्स दिखाकर सील किया गया। इसके बाद प्रत्याशियों ने वोट डाले। सुबह 10 बजे डीएवी इंटर कालेज तिराहे से लेकर डीएवी गेट तक मतदाताओं की लाइन लगी नजर आई। अधिवक्ताओं को सीओपी (सर्टिफिकेट ऑफ प्रैक्टिस) कार्ड दिखाने पर ही मतदान केंद्र में प्रवेश मिला। 15 बूथों पर मतदान में एक नंबर बूथ पर वरिष्ठ अधिवक्ता व 15 नंबर बूथ पर युवा मतदाताओं ने वोट डाले। हर बूथ पर एक दरोगा और दो सिपाही रहे। बार कोड स्कैन करने के बाद वोटरों को पर्ची दी गई। शाम 5 बजे तक लाइन में लगे सभी मतदाताओं ने वोट डाले। डीएवी कालेज के रास्तों पर पुलिसकर्मी व गेट पर एल्डर्स कमेटी के सहयोगी मुस्तैद रहे। कमेटी के चेयरमैन उमा शंकर गुप्ता व अन्य सदस्य मतदान केंद्र के भीतर कंट्रोल रूम में बैठे रहे।


बार चुनाव में भारी फोर्स की मौजूदगी में हुआ मतदान। अमृत विचार


**1.73%** कम रहा मतदान प्रतिशत बीते साल से

**01** नंबर बूथ पर वरिष्ठ अधिवक्ता व 15 नंबर बूथ पर युवा अधिवक्ताओं ने डाले वोट

**01** दरोगा और दो सिपाही की ड्यूटी रही हर बूथ पर

### किस बूथ पर पड़े कितने वोट

| बूथ संख्या | कुल मतदाता | वोट पड़े |
|---|---|---|
| 1 | 422 | 303 |
| 2 | 463 | 361 |
| 3 | 503 | 398 |
| 4 | 546 | 441 |
| 5 | 473 | 380 |
| 6 | 515 | 407 |
| 7 | 358 | 304 |
| 8 | 464 | 354 |
| 9 | 378 | 308 |
| 10 | 472 | 373 |
| 11 | 395 | 304 |
| 12 | 431 | 355 |
| 13 | 484 | 382 |
| 14 | 395 | 342 |
| 15 | 217 | 194 |


बुजुर्ग अधिवक्ता भी वोट डालने आए।

### मोबाइल पर रोक बेअसर, नारेबाजी व जुलूस निकले

**कानपुर।** बार एसोसिएशन चुनाव में पहली बार मोबाइल पर लगाई गई रोक बेअसर रही। सुबह आधा घंटे तक रोक का असर दिखा, इसके बाद अधिवक्ता मोबाइल लेकर वोट डालने गए। सुरक्षा में तैनात पुलिस कर्मी अधिवक्ताओं के हाथ में मोबाइल देखने पर उसे ऑफ करके जेब में रखने के लिए कहते रहे। इसी तरह एल्डर्स कमेटी ने मतदान के दौरान जुलूस और नारेबाजी पर रोक लगाई थी, लेकिन इसका असर भी नहीं नजर आया। मतदान के दौरान प्रत्याशियों के समर्थक नारेबाजी करते और पर्चियां उड़ाते रहे। मतदान के बाद समर्थकों ने बधाई जुलूस भी निकाले।

#### कोपस्टेट चेयरमैन और पूर्व सांसद ने डाला वोट

- दादानगर कोपस्टेट चेयरमैन विजय कपूर और पूर्व सांसद राजाराम पाल भी वोट डालने पहुंचे। एल्डर्स कमेटी ने गेट पर उनके सीओपी कार्ड चेक किए। मतदान का युवा अधिवक्ताओं में खासा जोश दिखाई दिया। 612 युवा मतदाताओं में 536 ने वोट डाले। उधर, ज्यादातर वरिष्ठों ने सुबह ही मतदान किया। 422 वरिष्ठ अधिवक्ताओं में 303 वोट डालने पहुंचे।


बार चुनाव के कारण वीआईपी रोड पर जाम में फंसे सैकड़ों वाहन। अमृत विचार

## डायवर्जन धड़ाम, जाम में फंसे राहगीर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **बार चुनाव के कारण सड़कों-गलियों में लगी थीं बेरीकेडिंग**

**अमृत विचार।** बार एसोसिएशन चुनाव में मतदान को लेकर कमिश्नरेट पुलिस ने कचहरी के आसपास के क्षेत्र में डायवर्जन की व्यवस्था लागू की थी जो धड़ाम हो गई। बड़े चौराहा, सिविल लाइंस इलाके में जाम में फंसे सैकड़ों वाहन सवारों को घोर परेशानियों का सामना करना पड़ा। जाम को खुलवाने के लिए ट्रैफिक पुलिस पसीना बहाती रही।

चुनाव में वोटिंग के दौरान डीएवी कॉलेज का पूरा क्षेत्र सील कर दिया गया था। एमजी कॉलेज पर पहली बेरीकेडिंग लगाई गई थी। यहां से केवल हल्के वाहन ही अंदर जाने दिए जा रहे थे। वहीं दूसरी बेरीकेडिंग वीरेंद्र स्वरूप के सामने लगी थी।

केवल पुलिस कमिश्नर ऑफिस की तरफ जाने का रास्ता था। वीआईपी रोड पर सरसैया घाट चौराहे पर पहली बेरीकेडिंग और गोरा कब्रिस्तान से दूसरी बेरीकेडिंग लगाई गई थी। इसके बाद डीएवी कॉलेज पुलिस चौकी पर लगी तीसरी बेरीकेडिंग पूरी तरह से बंद थी। यातायात पुलिस ने डायवर्जन की व्यवस्था की थी लेकिन इसके बाद भी बंद रूटों पर वाहन सवार पहुंच गए। वापस करने पर पीछे जाम लगता चला गया। बड़े चौराहा, सिविल लाइंस के इलाके जाम की गिरफ्त में रहे। दोपहर का समय वीआईपी रोड का यातायात पूरी तरह से जाम था। इसी बीच दो स्कूलों की छुट्टी ने मुसीबत और बढ़ा दी। वोट देने वाले अधिवक्ता भी बड़ी संख्या में सड़क पर थे इस कारण सड़क के दोनों तरफ दो-दो लेन में कारें खड़ी थीं। जाम में फंसने से बचने के लिए बहुत सारे लोगों ने दूसरे मार्गों को चुना।

### किस पद पर कितनों में मुकाबला

अध्यक्ष व महामंत्री-8, वरिष्ठ उपाध्यक्ष-7, कनिष्ठ उपाध्यक्ष-7, मंत्री-4, कोषाध्यक्ष-5, संयुक्त मंत्री प्रशासन-6, संयुक्त मंत्री प्रकाशन-7, संयुक्त मंत्री पुस्तकालय-6, वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य-18, कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य-23

## एक नजर

### नौ लोग मिले डेंगू संक्रमित

**कानपुर।** वायरल बुखार के साथ ही डेंगू का भी आतंक दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। गुरुवार को आई रिपोर्ट के आधार पर नौ लोग डेंगू पॉजिटिव मिले है। बुधवार को एक , मंगलवार को चार लोग और रविवार को तीन लोग डेंगू पॉजिटिव मिले थे। जिनका इलाज किया जा रहा है। एसीएमओ डॉ .आरपी मिश्रा का कहना है कि इस बार डेंगू पहले से ज्यादा आक्रामक नहीं है। लेकिन इसका ये मतलब नहीं की लापरवाही की जाए। मच्छरों से बचाव करना हर मौसम में जरूरी है। घर व छत पर पानी एकत्र न होने दें, सफाई का विशेष महत्व रखे। घर में अगर कोई व्यक्ति बीमार है तो उसका पूर्ण रूप से इलाज कराए। बिना डॉक्टर की सलाह पर मेडिकल स्टोर से दवा लेकर उसका सेवन न करें।

### महिला के खाते से 14.73 लाख पार

**कानपुर।** प्रयागराज के सीआरपीएफ कैंप निवासी पुष्पा दिवाकर ने बताया कि खाते से 14 .73 लाख रुपये की साइबर ठगी हो गई। पीड़िता ने साइबर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि एसबीआई की रेलबाजार शाखा में उनका खाता है। एक सितंबर को वह बैंक पहुंची तो पता चला कि खाते में रुपये ही नहीं है। ब्रांच मैनेजर से बात करने पर जानकारी हुई कि 17 नवंबर 2022 से खाते से पैसा निकल रहा है। इस दौरान 14,73,242 रुपये खाते से निकल गए। बैंक का रजिस्टर्ड नंबर बदल कर किसी ने दूसरा नंबर लगा दिया और धोखाधड़ी की। इस संबंध में साइबर थाना प्रभारी ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

### आईआईटी-गोल चौराहे तक मार्ग चौड़ा करें

**कानपुर।** जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह की अध्यक्षता में सरसैया घाट स्थित नवीन सभागार में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। इस दौरान डीएम ने कानपुर-हमीरपुर-सागर मार्ग पर अवैध मौरंग धुलाई करने वालों के विरूद्ध कार्रवाई करने के निर्देश दिये। भू-गर्भ जल विभाग एवं विद्युत विभाग को आपसी समन्वय बनाकर कार्य करने को कहा गया। उन्होंने नगर निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि अति व्यस्त आईआईटी से गोल चौराहे तक के मार्ग को अतिक्रमण मुक्त करें। इसके साथ ही इस मार्ग को चौड़ा करने एवं लाईटिंग की व्यवस्था के साथ तत्काल आगणन तैयार करें। आईआईटी से गोल चौराहे तक स्मार्ट रोड बनाने के लिए विद्युत लाइनों, टेलीफोन लाइनों को भूमिगत करने के लिये यूटिलिटी बॉक्स बनाने के निर्देश केस्को तथा बीएसएनएल विभाग के अधिकारियों को दिए। बैठक में एनएचएआई के अधिकारी उपस्थित न होने पर जिलाधिकारी ने कड़ी नाराजगी व्यक्त की और उन्हें कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये।

### तीन जुआरियों को दबोचा

**कल्याणपुर।** रावतपुर पुलिस ने केशवपुरम में सड़क किनारे खड़ी गाड़ियों की आड़ में जुआ खेल रहे तीन लोगों को धर दबोचा। मौके से पुलिस ने 2405 रुपये नकद बरामद किए हैं।

## निलंबित थानेदार ने खुद को बताया निर्दोष

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **रेलबाजार के पूर्व थाना प्रभारी का ऑडियो वायरल**
- **बोले-चोर और सोना बर्रा थानेदार को सौंप दिया था**

**अमृत विचार।** बर्रा में शिक्षिका शालिनी के घर लाखों की चोरी में मामला तूल पकड़ता जा रहा है। चोर को पकड़ने के बाद तकरीबन 25 लाख रुपये का सोना हड़पने पर तत्कालीन रेलबाजार थाना प्रभारी विजयदर्शन शर्मा, एक अंडरट्रेनिंग दरोगा, दो हेड कांस्टेबल व सिपाही को निलंबित कर दिया गया था। गुरुवार को निलंबित थाना प्रभारी ने सोशल मीडिया पर सफाई देते हुए एक ऑडियो वायरल किया। कहा कि मैंने बरामद माल और चोर को बर्रा पुलिस के हवाले कर दिया था। अगर मैंने सोना हड़पा तो पुलिस की लिखापढ़ी में क्यों नहीं है।

बर्रा छह निवासिनी शिक्षिका शालिनी दुबे के घर 30 सितंबर को चोरी हो गई थी। चोर 25 लाख का सोना और 5 लाख रुपये कैश ले गए थे। बर्रा इंस्पेक्टर राजेश शर्मा ने चोर पकड़े तो चोर ने बताया कि उससे 25 लाख के जेवरात रेलबाजार थाना प्रभारी विजय दर्शन ने ले लिये थे। इस पर थाना प्रभारी विजय दर्शन, दरोगा नीरज श्रीवास्तव, हेड कांस्टेबल सुभाष तिवारी, आमिल हाफिज व कांस्टेबल आकश कुमार को निलंबित कर दिया गया था।

> अगर कोई निर्दोष है तो जांच अफसरों के सामने अपना पक्ष रखे। बयान दर्ज कराने नहीं आ रहे और गैरहाजिर क्यों चल रहे हैं। सोशल मीडिया पर सरकारी दस्तावेजों को वायरल किया गया। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।
>
> -हरीश चंदर, अपर पुलिस आयुक्त कानून एवं व्यवस्था

### इन बिंदुओं पर दी सफाई

निलंबित थाना प्रभारी ने वायरल वीडियो में कहा कि यहां सभी मीडियाकर्मियों को अवगत कराना चाहता हूं मैं उपनिरीक्षक विजय दर्शन बोल रहा हूं, मेरे ऊपर आरोप लगा है कि चोर को पकड़कर छोड़ दिया और 25 लाख का सोना गलाकर बेच दिया। मैं इस मामले में तथ्यों के साथ अवगत कराना चाहता हूं कि मेरे सस्पेंशन लेटर जिसमें लिखा है कि मेरे द्वारा 10 अक्तूबर को चोर और बरामद माल बर्रा एसओ राजेश शर्मा को दिया। अगर 10 तारीख को चोर और बरामद माल दिया तो 12 तारीख तक चोर और बरामद माल को कहां रखा गया। कहीं भी चोर ने मेरा नाम नहीं लिया अब तक। इसके बाद मैं आपको 21 अक्तूबर का भी पर्चा भेज रहा हूं। जो कि न्यायालय ने सीन भी किया है। इसमें अभी तक मेरा नाम कहीं भी नहीं खोला गया है। इससे एक बात तो साफ है कि पुलिस की लिखापढ़ी में कोई भी ऐसा तथ्य नहीं आया जिससे कि मेरा नाम सामने आया हो और चोर को पकड़कर छोड़ दिया या फिर सोना गलवाकर बेच दिया। ऑडियो में कहा कि आरोप लगाया जा रहा है कि गाजियाबाद में मैंने एक जिम ट्रेनर को गोली मार दी थी। न्यायालय ने उक्त मामले में मुझे दोषमुक्त कर दिया था। इसके अलावा मुझे विभाग से जबरदस्ती छुट्टी पर भेज देने की बात कही जा रही है जबकि मैं अपने माता पिता की तबियत खराब होने पर नियमता छुट्टी लेकर संस्तुति पर गया था।

## औद्योगिक घराने का विवाद सड़क पर

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



प्रेसवार्ता में जानकारी देतीं अंबिका सिंघानिया। अमृत विचार

**अमृत विचार।** प्रमुख औद्योगिक घरानों में शुमार शहर के सिंघानिया परिवार में संपत्ति का विवाद कोर्ट के बाद अब थाने तक पहुंच गया है। गुरुवार को अंबिका सिंघानिया ने प्रेसवार्ता कर पुलिस पर कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया।

कालपी रोड स्थित राधाकुंज निवासी अंबिका सिंघानिया ने बताया कि वह उद्योगपति हेमंतपत सिंघानिया की बहू और अरुणपत की पत्नी हैं। अरुण की म=त्यु 2003 में हुई थी। अंबिका ने अपने जेठ शरद सिंघानिया और बेटे अद्ववैतपत पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि जेठ फर्जी तलाक की डिग्री बनवाकर पुश्तैनी संपत्ति हड़पना चाहते हैं। उनके बेटे को भी बरगला रखा है। उन्होंने कहा कि 3 अक्टूबर को कोर्ट की तारीख पर दिल्ली जाने की जानकारी देकर पुलिस आयुक्त आखिल कुमार से आशंका जताई थी कि इस दौरान उनके घर में चोरी या कब्जा हो सकता है। इस पर पुलिस आयुक्त ने फजलगंज पुलिस को सुरक्षा के निर्देश दिए थे। अंबिका के अनुसार जब वह दिल्ली से लौटीं तो पता चला घर से कई सामान चोरी हो गया है। सीसीटीवी में नौकर हरीश, गार्ड राज कुमार समेत अन्य 4-5 लोग दिखे। उन्होंने थाने से लेकर डीसीपी तक फरियाद की, लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की।

### मां-बेटे में संपत्ति का विवाद

डीसीपी सेंट्रल दिनेश त्रिपाठी ने बताया कि मां- बेटे के बीच संपत्ति का विवाद है। मां की शिकायत पर जांच करवाई जाएगी। जांच के तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।

## पीजीआई में इलाज के लिए घर बैठे बन सकेगा पर्चा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- **प्रदेश में पहली बार जीएसवीएसएस पीजीआई में शुरू होने जा रही सुविधा**

**अमृत विचार।** जीएसवीएसएस पीजीआई में जल्दी ही मरीजों को पर्चा बनवाने के लिए लाइन नहीं लगानी पड़ेगी। घर बैठे ऑनलाइन अप्वाइंटमेंट लेकर मरीज ओपीडी में उपलब्ध कराए गए समय पर डॉक्टर से परामर्श और उपचार ले सकेंगे। प्रदेश में अपनी तरह की यह सुविधा पहली बार जीएसवीएसएस पीजीआई में शुरू की जा रही है। वर्तमान व्यवस्था में जीएसवीएसएस पीजीआई में गेट से प्रवेश करने के बाद मरीज को काउंटर पर टोकन नंबर लेना होता है। इसके बाद पर्चा काउंटर पर जाकर पर्चा बनवाना पड़ता है। इससे अक्सर गंभीर मरीजों को खासी परेशानी उठानी पड़ती है। इन्हीं समस्याओं का समाधान करने के लिए पीजीआई के नोडल अधिकारी डॉ.मनीष सिंह ने नया सॉफ्टवेयर बनाने की योजना बनाकर जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य प्रो.संजय काला से वार्ता की। इसके बाद योजना पर काम शुरू हुआ।

### इस तरह बनाया जा सकेगा पर्चा

एंड्रायड मोबाइल पर गूगल में कानपुर पीजीआई सर्च कर उसे ओपन करें। इसमें मिलने वाले ऑप्शन में पेशेंट अप्वाइटमेंट पर क्लिक करना होगा। विवरणिका खुलने पर नाम, पता, पिता/पति, पता, उम्र और किस विभाग में किस डॉक्टर को दिखाना है, यह दर्ज करके सबमिट करना होगा। इसके बाद मोबाइल पर आए मैसेज में ओपीडी कक्ष नंबर, मरीज का नंबर और कितने समय पर पहुंचना है, जानकारी मिल जाएगी।

> घर बैठे पर्चा बनाने की सुविधा प्रदेश में पहली बार जीएसवीएसएस पीजीआई में शुरू की जाएगी। प्रक्रिया की तैयारी पूरी होने के करीब है। कुछ अपडेट बाकी हैं, जल्दी ही यह सुविधा मरीजों को मिलने लगेगी।
>
> – डॉ .मनीष सिंह, नोडल अधिकारी, पीजीआई

**आयोजन** गोबर से बनी गणेश-लक्ष्मी प्रतिमाएं आकर्षण का केंद्र, उप्र माटी कला बोर्ड की ओर से 30 तक चलेगी प्रदर्शनी

## माटी कला प्रदर्शनी में सजे 2 हजार से अधिक उत्पाद

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

**अमृत विचार।** उप्र माटी कला बोर्ड की ओर से गुरुवार को रेलवे मैदान निराला नगर में माटी कला प्रदर्शनी आयोजित हुई। प्रदर्शनी में माटी के 2 हजार से अधिक उत्पादों के साथ ही गोबर की गणेश-लक्ष्मी प्रतिमाएं भी आकर्षण का केंद्र रहीं।

30 तक चलने वाली प्रदर्शनी में दीपावली में उपयोग होने वाले सभी तरह के उत्पादों की बिक्री सबसे अधिक हुई। प्रदर्शनी में शिल्पकारों द्वारा माटी से निर्मित उत्पादों व गणेश लक्ष्मी, गृह निर्माण सामग्री, सजावटी वस्तुए, मूर्ति, खिलौने, दीपक सहित अन्य उत्पादों की बिक्री पहले ही दिन शुरू हुई। प्रदर्शनी व


प्रदर्शनी का उद्घाटन करते कैबिनेट मंत्री राकेश सचान। अमृत विचार

मेले की शुरुआत कैबिनेट मंत्री राकेश सचान ने की। मेले में कानपुर गौशाला समिति ने भी अपना स्टॉल लगाया। जिसमें मुख्य रूप से गोबर से बने उत्पादों व गणेश लक्ष्मी की मूर्ति, दीपक गमला आदि का पहली बार उत्पादन कर प्रदर्शन किया गया। मेले में उप्र० खादी ग्रामोद्योग महासंघ के अध्यक्ष सुरेश गुप्ता, बाल कृष्ण देवड़ा, योगेन्द्र पाल भी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कानपुर मंडल के जनपदों इटावा, फर्रुखाबाद, औरैया, कानपुर देहात, कन्नौज एवं कानपुर नगर से आये माटीकला शिल्पकारों द्वारा अपने अपने उत्पादों का प्रदर्शन किया जा रहा है।

मेले में बिठूर से आये हुए प्रजापति समाज के शिल्पकारों एवं जनपद बांदा से आई हुई फर्म द्वारा अपने विशिष्ट माटीकला उत्पादों एवं विशिष्ट मोमबत्तियों का भी प्रदर्शन किया किया। मेले में जिला ग्रामोधोग अधिकारी संजीव कुमार सिंह, मोहम्मद शारिब, आशीष यादव, राजीव द्विवेदी, वरूण जौहरी, हरेन्द्र सिंह निषाद, राजीव रावत सहित अन्य मौजूद रहे।

## सार-संक्षेप

### एआईडब्लूई में डॉ श्रेया सिंह का चयन


डॉ . श्रेया।

**कानपुर।** छत्रपति शाहू जी महराज विश्वविद्यालय कानपुर के स्कूल आफ एडवांस्ड एग्रीकल्चर साइंसेज एंड टेक्नोलॉजी में कार्यरत सहायक आचार्य डॉ . श्रेया सिंह को नई उपलब्धि मिली है। उनका चयन ऑस्ट्रेलियन रिसर्चर्स कोऑपरेशन हब (एआरसीएच इंडिया) के ऑस्ट्रेलियन इंडियन विमिन रिसर्चर्स एक्सचेंज प्रोग्राम (एआईडब्लूई) के लिए हुआ है। इस प्रोग्राम के तहत डॉ . श्रेया दो महीने के लिए ऑस्ट्रेलिया की यूनिवर्सिटी ऑफ न्यू कासल, न्यू साउथ वेल्स में स्टेम शोधकर्ताओं के साथ 'क्लाइमेट रेसिलिएंट एग्रीकल्चर' पर शोध करेंगी। वह इस शोध कार्यक्रम के लिए भारत से चयनित पांच लड़कियों में से एक हैं। इस उपलब्धि पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक ने डॉ . श्रेया को शुभकामनाएं दी हैं।



राहुल-रोहित मिश्र ने शास्त्रीय संगीत पेश किया। अमृत विचार

### मेरो मन रामहि राम रटे...

**कानपुर।** बनारस घराने के भारतीय शास्त्रीय गायक बंधु राहुल-रोहित मिश्र ने शहर की खुशनुमा शाम को अपनी गायन शैली से भक्ति और आध्यात्म के वातावरण में ढाल दिया। उनका गाया राग पूरिया धनाश्री आधारित, मेरो मन रामहि राम रटे भजन सुनकर लोग भावविभोर हो उठे। दोनों गायकों ने राग गौरी मंजरी में तुलसी का भजन जननी मैं न जियूं बिन राम . .और राग मिश्र खमाज में मीराबाई का भजन पायो जी मैने राम रतन धन पायोसुनाया। लक्ष्मीदेवी ललित कला अकादमी के तत्वावधान में अवतरण-2024 द्वारा आयोजित भजन संध्या का उद्घाटन उत्तर प्रदेश संगीत नाट्य अकादमी के अध्यक्ष प्रो .जयंत खोत ने किया। उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम भारत के गीत-संगीत परंपरा को समृद्ध बनाते हैं। संस्था के संरक्षक महेंद्र मोहन ने कहा कि अकादमी सांस्कृतिक गतिविधियों को उत्तरोत्तर बढ़ावा देती रही है। विशिष्ट अतिथि अपर श्रमायुक्त सौम्या पांडेय ने कार्यक्रम की सराहना की। संस्था के अध्यक्ष सुनील गुप्ता ने कलाकारों एवं अतिथियों का स्वागत किया। अतिथि कलाकारों का स्वागत महासचिव इंद्रमोहन रोहतगी ने किया। विशिष्ट अतिथि ऋतु गुप्ता ने श्रोताओं संबोधित करते हुए अकादमी की बाबत जानकारी दी। इससे पूर्व अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन किया।



भौंती गौशाला में हुआ सम्मेलन। अमृत विचार

### ग्रामीण अंचलों के बने उत्पादों को प्रोत्साहन दें

**कानपुर।** उप्र . गोसेवा आयोग व उप्र . खादी ग्रामोद्योग महासंघ और कानपुर गौशाला सोसाइटी के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को गौशाला भौंती में कौशल विकास पर मण्डलीय प्रशिक्षण सम्मेलन हुआ। जिसमें कई वैज्ञानिकों ने भाग लिया। पंचगव्य विद्यापीठम विश्वविद्यालय के कुलपति निरंजन भाई ने जनोपयोगी औषधियों के लिये गौशाला में लगे नए उपकरण का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि अध्यक्ष उप्र . गौसेवा आयोग श्याम बिहारी गुप्ता ने कहा कि ग्रामीण अंचल के बने उत्पादों को प्रोत्साहन देने से स्वरोजगार वृद्धि होगी। उन्होंने कहा कि गाय का हमारे समाज में विशेष महत्व है। गाय न केवल दूध एवं पर्यावरण संरक्षण के लिये वरदान है। आईएएस व पूर्व सचिव भारत सरकार डॉ . कमल टावरी ने कहा कि कानपुर गौशाला सोसाइटी एक आदर्श गौशाला है। जिसके उत्पाद आज देश के हर कोने में उपलब्ध हैं। अशोक शर्मा ने कहा कि गौशालाओं को खादी ग्रामोद्योग बोर्ड आर्थिक एवं मार्केटिंग में सहयोग करेगा। कार्यक्रम में सुबोध अग्रवाल, पुरुषोत्तमलाल तोषनीवाल, विश्वनाथ कनौडिया, श्रीकृष्ण गुप्ता, विजय पाण्डेय, श्यामकृष्ण कनौडिया, मंजू गुप्ता, वेदवृत संचान, जितेन्द्र यादव, लक्ष्मीनारायण सिंह आदि रहे।

### बढ़ीं पीजी की नौ सीटें

**कानपुर।** जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज ने पीजी की सीटें बढ़ाने का प्रस्ताव नेशनल मेडिकल कमीशन को दिया था, जिसको गुरुवार को हुई नेशनल मेडिकल कमीशन की बैठक में मंजूरी मिल गई है। कॉलेज के प्राचार्य प्रो . संजय काला ने बताया कि कॉलेज में पीजी की नौ सीटें बढ़ी है, जिसमे तीन सीटें न्यूरोलॉजी डीएम, तीन सीटें बायोकेमेस्ट्री एमडी और तीन सीटें माइक्रोबायोलॉजी एमडी की हैं। इन सीटों के बढ़ने का लाभ मेडिकल कॉलेज प्रशासन के साथ ही मरीजों को भी मिलेगा।

# बोर्ड की बैठक में 10 प्रस्ताव पारित

## शास्त्रीनगर वार्ड में विकास कार्य नहीं होने का आरोप लगा सभासद ने दिया इस्तीफा

संवाददाता, घाटमपुर



नगर पालिका की बैठक में मौजूद अध्यक्ष और सभासद। अमृत विचार

**अमृत विचार।** नगर पालिका परिषद की बोर्ड बैठक गुरुवार को अध्यक्ष गजाला तबस्सुम की अध्यक्षता में हुई। इस दौरान 10 विकास कार्यों के प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए। बैठक के दौरान शास्त्री नगर वार्ड के पार्षद ने उनकी अनदेखी किए जाने का आरोप लगाकर सभासद पद से इस्तीफा दे दिया। हालांकि बोर्ड में इस्तीफा विचाराधीन है।

घाटमपुर नगर पालिका कार्यालय में आयोजित बोर्ड की बैठक में घाटमपुर नगर के विभिन्न मुद्दों और विकास कार्यों पर चर्चा हुई। नगर पालिका बैठक का संचालन डॉ. महेंद्र कुमार अधिशासी अधिकारी ने किया। जिसमें नगर के विकास के संबंध में 10 प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पास किया गया। दो प्रस्ताव नगर पालिका परिषद सीमा विस्तार एवं पालिका भूमि के उपयोग परिवर्तन के प्रस्ताव को अगली बैठक में पुनः रखने हेतु बोर्ड द्वारा निर्णय लिया गया। पारित प्रस्ताव में पालिका की भूमि गाटा संख्या 464 में जलकन नंबर 1 के बगल में निर्मित 18 दुकानों के पीछे गाटा संख्या 788 उसर हुआ गाटा संख्या 797 बंजर भूमि पर भगवान विश्वकर्मा सार्वजनिक पार्क बनाने के संबंध से प्रस्ताव पारित किया गया है। वहीं गोपालपुर रोड प्रणाली के ऊपर पटिया निर्माण, रौनिया चौराहे पर निर्मित दुकानों का किराया न मिलने पर पुनः नीलामी करने की स्वीकृत प्रदान की गई।

- नगर पालिका के सीमा विस्तार और बंजर भूमि पर पार्क बनाने के प्रस्तावों पर लगी मुहर

कजियाना में बड़ा कुआं सुंदरीकरण, वार्ड में लाइट नए पोल, वायर लगाने, महापुरुषों, स्वतंत्रता संग्राम सेनानी स्मृति द्वार बनाने, वार्डों में भूमि उपलब्ध कराने के प्रस्ताव को कर समस्या पारित किया गया है नगर पालिका सीमा विस्तार एवं पालिका भूमि के उपयोग परिवर्तन के प्रस्ताव को अगली बैठक में पुनः रखने हेतु बोर्ड द्वारा निर्णय लिया गया है।

### फिर मेरे सभासद रहने का क्या फायदा

बैठक के दौरान शास्त्री नगर वार्ड के सभासद विजय वाल्मीकि ने उनके वार्ड में विकास कार्य न होने की नाराजगी जताई है। कहा कि उनके वार्ड में कोई विकास कार्य नहीं हो रहे तो उनके सभासद रहने का क्या फायदा। जनता के साकने जाते हैं तो उन्हें शर्म आती है। यह कहकर उन्होंने सभासद पद से अपना इस्तीफा बोर्ड बैठक में सौंप दिया। सभासद के इस्तीफा देने से नगर पालिका में हड़कंप मच गया। हालांकि पालिका अध्यक्ष और नगर पालिका ईओ ने पार्षद को उसके वार्ड में विकास कार्य कराने का आश्वासन दिया। जिम्मेदारों ने कहा कि उनका इस्तीफा विचाराधीन है।

# सजेती थाने के दरोगा ने युवक को बेरहमी से पीटा

संवाददाता, घाटमपुर

- घाटमपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चल रहा इलाज

**अमृत विचारः** सजेती थाना क्षेत्र के बीरबल के अकबरपुर गांव में दो भाइयों के बीच मारपीट की सूचना पर पहुंची पुलिस एक युवक को थाने ले आई। वहां से युवक को सीएचसी लाकर भर्ती कराया गया है। पीड़ित ने थाने के एक दरोगा पर बंद कर पीटने का आरोप लगाया है। थाना प्रभारी का कहना है कि दो भाइयों के बीच मारपीट हुई है। पुलिस पर आरोप निराधार है।

सजेती थाना क्षेत्र के बीरबल अकबरपुर गांव निवासी वीर सिंह पुत्र जगदीश का भाई से आपस में विवाद हो गया। लड़ाई-झगड़े में मारपीट हुई। मारपीट की सूचना पर पहुंची सजेती पुलिस वीर सिंह को थाने ले आई और उसे मेडिकल परीक्षण के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया। अस्पताल में वीर सिंह ने आरोप लगाया कि सजेती थाने के एक दरोगा ने उसे जमकर पीटा, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। मारपीट में उसकी हालत बिगड़ती देख उसे सीएचसी लाया गया, जहां उसे भर्ती कर इलाज शुरू किया गया। थाना प्रभारी बृजमोहन सिंह का कहना है कि दरोगा पर आरोप निराधार हैं। भाई से झगड़े में घायल हुआ है। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

# पशुओं को ले जाते दो तस्कर गिरफ्तार

**बिल्हौर।** अरौल क्षेत्र में गुरुवार को पुलिस ने चेकिंग के दौरान मवेशियों को पकड़ा, जिसमें 10 भैंस के बच्चे शामिल थे। इन्हें इटावा पशु बाजार से अलसफर सालासर हाउस उन्नाव ले जाया जा रहा था। पुलिस ने पशुओं के प्रपत्र मांगे, तो तस्कर कोई प्रपत्र नहीं दिखा सके। जिस पर पुलिस द्वारा पशु क्रूरता निवारण अधिनियम के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज कर जावेद खान पुत्र रफीक निवासी लालबाग थाना कायमगंज जिला फर्रुखाबाद और सैफ पुत्र असलम निवासी लोहड़ी अलीगंज को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

## कार्यालय ग्राम पंचायत पारा विकास खण्ड कुरारा (हमीरपुर)

पत्रांक: मेमो/मनरेगा/15वां वित्त/विज्ञप्ति/2024–25 दिनांक 24.10.2024

**अल्पकालीन निविदा सूचना**

महामहिम राज्यपाल की ओर से मनरेगा / 15 वां वित्त योजना के निम्नलिखित निर्माण कार्य हेतु पंजीकृत फर्म / सप्लायर्स से निविदायें दिनांक 30.10.2024 तक कार्यालय ग्राम पचायत पारा विकास खण्ड कुरारा में आमत्रित की जाती है। जो दिनाक 25.10.2024 से दिनांक 29.10.2024 तक बेची जाएगी तथा दिनांक 30.10.2024 को 2 बजे तक सील्ड बाक्स में डाली जाएगी, तथा दिनांक 30.10.2024 को ही समय 3 बजे अधोहस्ताक्षरी द्वारा उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जाएगी। निविदा प्रपत्र निर्धारित मूल्य देकर कार्यालय दिवस में दिनाक 25.10.2024 से दिनांक 29.10.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत पारा विकास खण्ड कुरारा से प्राप्त की जा सकती है। धरोहर धनराशि राष्ट्रीय बचत पत्र, डाक घर पासबुक, एफ0डी0आर0, सी0डी0आर के रूप में जो ग्राम विकास अधिकारी पारा के पद नाम पर बंधक हो निविदा के साथ संलग्न करना आवश्यक है। बिना धरोहर राशि के निविदा पर विचार नहीं किया जायेगा। निविदा के साथ रसीदी टिकट पर हस्ताक्षर युक्त 100.00 रू0 मूल्य का स्टाम्प पेपर संलग्न करना अनिवार्य है। बिना कारण बताए किसी भी निविदा को आंशिक अथवा पूर्ण रूप से अस्वीकार करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। कार्यालय दिवस में कार्य का समस्त विवरण देखा जा सकता है।

| क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रू0 में) | धरोहर राशि 2 प्रतिशत | निविदा का मूल्य +टी.टी. | कार्य पूर्ण होने की अवधि | कार्यालय का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | ग्राम पंचायत पारा मे सी0सी0 रोड निर्माण कार्य ओम प्रकाश के दरवाजे से सुनील के दरवाजे तक | 5.47 | 10940.00 | 450+50 | 3 माह | ग्राम पंचायत पारा |

अन्य शर्तें:–

1. सर्शत निविदा स्वीकार नही की जाएगी।
2. प्रतिशत में अंकित दरें मान्य की जाएगी।
3. सामग्री की मात्रा आवश्यकतानुसार घट बढ़ सकती है।
4. ठेकेदार निविदा डालने के पूर्व कार्य स्थल को निरीक्षण कर लें।
5. सामग्री की आपूर्ति निर्धारित अवधि में पूर्ण न करने पर अनुबन्ध की शर्तो के अनुसार कार्यवाही की जाएगी।
6. नियमानुसार स्टाम्प ड्यूटी एवं अन्य देयकर ठेकेदार द्वारा वहन किया जाएगा।
7. रायल्टी से सम्बन्धित प्रपत्र एम0एम0–11 अन्तिम भुगतान के समय कार्यालय में प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति मे नियमानुसार रायल्टी की कटौती बिल से कर ली जाएगी।
8. निविदाता को प्रत्येक निविदा प्रपत्र के साथ समस्त सूचनाए निर्धारित प्रपत्र (टी.4, टी.5. टी. 6) को निविदा के साथ डालना अनिवार्य होगा।
9. किसी भी निविदादाता को जिसका आपराधिक रिकार्ड हो निविदा प्रक्रिया में भाग लेने के लिए अनुमति नहीं दी जा सकती है। यदि ऐसा पाया जाता है तो निविदा अस्वीकार की जाएगी।
10. निविदा की वैधता निविदा प्रस्तुत करने की अन्तिम तिथि से 90 दिवस होगी। एक बार प्रस्तुत की गई निविदा वापिस नही ली जा सकती है।

**ग्राम विकास अधिकारी**
**पारा वि0ख0 कुरारा (हमीरपुर)**



एसीएमओ की गाड़ी के आगे खड़ी होकर रोती एएनएम।




निरीक्षण से अफरा-तफरी मची रही। अमृत विचार

# एसीएमओ के फटकार लगाने पर रो पड़ी पतारा की एएनएम

संवाददाता, घाटमपुर

- एएनएम के विलंब से आने पर कार्रवाई की दी थी चेतावनी

**अमृत विचार।** पतारा सीएचसी का एसीएमओ ने गुरुवार को औचक निरीक्षण किया और कर्मचारियों की बैठक ली। इस दौरान एएनएम के लेट आने पर उन्होंने फटकार लगाई और कार्रवाई करने की बात कही। इस पर एएनएम रो पड़ी और उनकी कार के आगे खड़ी हो गई। इस पर स्टाफ ने एएनएम को समझाया। एसीएमओ राजेश्वर ने पतारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण किया। उन्होंने यहां सभी पटलों का निरीक्षण कर कार्मिकों की बैठक ली। मरीजों के उपचार में किसी भी तरह की लापरवाही नहीं बरती जाए और विभागीय कामकाज को गति दी जाए। इस दौरान पतारा की एएनएम अल्पना लेट पहुंची, जिस पर एसीएमओ ने उसे फटकार लगाते हुए बाहर चले जाने के साथ कार्रवाई की बात की। इस पर वह रोने लगी और कार्रवाई करो कहकर कार के आगे खड़ी हो गई। किसी तरह उसे डॉक्टरों ने समझाया बुझाया तब जाकर महिला गाड़ी के सामने से हटी। इस दौरान चिकित्साक अधीक्षक अभिषेक कटियार भी मौजूद रहे।

# हर सेक्टर में आयोजित करें पीडीए ग्राम चौपाल

संवाददाता, बिल्हौर

- सपा विधानसभा इकाई के अध्यक्ष विनय यादव ने प्रदेश अध्यक्ष से की मुलाकात

**अमृत विचार।** समाजवादी पार्टी के विधानसभा अध्यक्ष विनय यादव ने सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल से लखनऊ स्थित कार्यालय में भेंट कर राजनीतिक विषयों पर चर्चा की।

इस दौरान विनय यादव ने विधानसभा के अंतर्गत आयोजित हो रही पीडीए ग्राम चौपालों व मासिक बैठक की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की। उन्होंने विधानसभा में कार्यकर्ताओं द्वारा निरंतर किये जा रहे मतदाता सूची पुनरीक्षण अभियान, मतदाता बढ़ाने व बूथ पर जीत सुनिश्चित करने की रणनीति पर चर्चा की। वहीं प्रदेश अध्यक्ष ने विधानसभा में संतोषजनक प्रगति की सराहना करते हुए निरंतर काम में लगे रहने को प्रेरित किया।

उपचुनाव के बाद बिल्हौर विधानसभा में पीडीए सम्मलेन करने को कहा है। उनके साथ में राजू पाल, हरी प्रकश, ज्ञान सिंह पाल जिला पंचायत सदस्य व अन्य लोग मौजूद रहे। आगामी विधानसभा चुनाव 2027 से पहले विधानसभा इकाई पर समाजवादी पार्टी के पदाधिकारी सेक्टर स्तर पर संगठन को खड़ा करने में लगे हुए हैं।



सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामलाल पाल से मिले विस इकाई के अध्यक्ष विनय यादव।

# शिक्षा विभाग का क्लर्क रिश्वत लेते पकड़ा गया

संवाददाता,चौबेपुर

- ड्यूटी से नाम हटाने के नाम मांगे थे 5 हजार रुपये

**अमृत विचार।** ड्यूटी हटवाने के नाम पर जूनियर क्लर्क द्वारा शिक्षिका से पांच हजार रुपये रिश्वत लेते विजिलेंस टीम ने रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया।

नव शीलधाम फेस टू, कल्यानपुर निवासी अंकिता पांडे चौबेपुर ब्लाक के हृदयपुर प्राथमिक विद्यालय में सहायिका अध्यापक हैं। विजिलेंस टीम को दिए पत्र में उन्होंने बताया कि उनकी ड्यूटी बिल्हौर विस क्षेत्र के भाग 399 में बीएलओ के रूप में लगाई गई है। वह दिव्यांग हैं और उनका 9 महीने का एक बेटा है। समस्या को लेकर उन्होंने 19 अक्टूबर को खंड शिक्षा अधिकारी को अवगत कराया था। इसके बाद ड्यूटी से नाम हटाने के नाम पर बीआरसी के जूनियर क्लर्क विवेक कुमार पांडेय ने उनसे 5000 रुपये की मांग की। शिक्षिका की शिकायत पर गठित की गई टीम ने गुरुवार को आरोपी विवेक पांडेय को ट्रैप कर उसे नवशील धाम के सामने स्थित हनुमान मंदिर के निकट से रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। विजिलेंस टीम द्वारा आरोपी के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कराया गया है। प्रभारी निरीक्षक राजेंद्र कांत शुक्ला ने कहा कि मामला कल्यानपुर का है, उन्हें जानकारी नहीं है। कल्यानपुर एसओ सुधीर कुमार ने भी अनभिज्ञता जताई।

# घायल सारस का कराया उपचार

संवाददाता, चौबेपुर



राजकीय पक्षी को उपचार के लिए पशु चिकित्सालय ले जाते लोग। अमृत विचार

- पचोर गांव में घायल मिला राजकीय पक्षी, सूचना पर गांव पहुंचे वन विभाग के कर्मी

**अमृत विचार।** क्षेत्र के पचोर गांव में गुरुवार सुबह प्रदेश के राजकीय पक्षी सारस को घायलावस्था में पड़ा देख पूर्व प्रधान ने मामले की सूचना वन विभाग अधिकारियों को दी। जानकारी पाकर मौके पर पहुंचे वन विभाग कर्मी सारस को उपचार के लिए पशु चिकित्सा केंद्र लेकर गए।

पचोर गांव निवासी पूर्व प्रधान पीयूष मिश्रा ने गुरुवार सुबह घर के बाहर राजकीय पक्षी सारस को घायल अवस्था में पड़ा देखा तो मामले की जानकारी वन विभाग बिल्हौर के दरोगा अमित कटियार व चिड़ियाघर के पशु चिकित्सा अधिकारी अनुराग सिंह को दी। इसके बाद मौके पर पहुंचे वनकर्मी हिमांशु तिवारी व विजय शुक्ला घायल पक्षी को उपचार के लिए कस्बे के पशु चिकित्सा केंद्र लेकर गए। गौरतलब है कि प्रदेश के राजकीय पक्षी सारस की संख्या में गिरावट को देखते हुए इसके संरक्षण के लिए शासन द्वारा पहल शुरू की गई है। जिसके लिए वन विभाग द्वारा जागरूकता अभियान भी शुरू किया गया है। वन दरोगा ने बताया कि घायल सारस को उपचार के बाद वन विभाग की नर्सरी चंपतपुर में रखा गया है। स्वस्थ्य होने पर उसे छोड़ दिया जाएगा।

## कार्यालय ग्राम पंचायत औरंगपुर सांभी, विकासखंड बिल्हौर कानपुर नगर

पत्रांक/पं/रा.वि.आ./पंद्रहवां वित्त/2024–25 दिनांक – 24/10/2024

**निर्माण कार्य हेतु अल्पकालीन निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत औरंगपुर सांभी विकासखंड बिल्हौर में कार्यदाता एजेंसी व सामग्री आपूर्तिकर्ताओं को सूचित किया जाता है की पंचम राज वित्त आयोग /15 वित्त आयोग योजना के अंतर्गत वित्त वर्ष 2024 – 25 में उपलब्ध धनराशि से ग्राम पंचायत द्वारा निम्नलिखित निर्माण कार्य संपादित कराए जाने की निविदा दिनांक 25 /10 /2024 को आमंत्रित की जाती है तथा दिनांक 27/10/ 2024 को साय काल 3:00 बजे ग्राम पंचायत कार्यालय में गठित टेंडर समिति द्वारा निविदा दाताओं के समक्ष खोली जाएगी निविदा के संबंध में विस्तृत जानकारी अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस पर प्राप्त की जा सकती हैं।

| क्रम सं0 | कार्य का नाम | सामग्री विवरण | अनुमानित लागत | निविदा मूल्य | कार्य करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | कालिकापुरवा में बंबा से रावेंद्र के दरवाजे तक इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 4.95 लाख | 2% | एक माह |
| 2 | कालिकापुरवा में रावेंद्र के दरवाजे से कमल सिंह के दरवाजे तक इंटरलॉकिंग कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 4.95 लाख | 2% | एक माह |
| 3 | कालिकापुरवा कमल सिंह के दरवाजे से राज नारायण के दरवाजे तक इंटरलॉकिंग कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 4.96 लाख | 2% | एक माह |
| 4 | राम पाटी गांव में लल्ला के घर से रमेश के घर तक इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 4.95 लाख | 2% | एक माह |
| 5 | राम पाटी गांव में नर सिंह के घर से राजू के घर तक इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य | प्राक्कलन के अनुसार | 4.95 लाख | 2% | एक माह |

**नियम व शर्तें –**

1– उपरोक्त एक कार्य पूर्ण होने पर धन राशि की उपलब्धता के अनुसार एक–एक ही कर कराए जाएंगे।
2– निविदा कर्ता कार्यालय दिवस में सुबह 10:00 बजे से लेकर 2:00 तक दिनांक 25/10/2024 तक निविदा संबंधित जानकारी एवं प्रपत्र प्राप्त कर सकता है।
3– निविदा कर्ता का पंजीकरण आयकर विभाग में अवश्य होना चाहिए बिना जीएसटी नंबर पैन नंबर के निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी।
4– दिनांक 27/ 10 /2024 को यदि बिना किसी कारण निविदा खुलने का कार्य प्रभावित होता है तो यह अगले कार्य दिवस में यह कार्य संपन्न होगा।
5– निविदा स्वीकार करने अथवा निरस्त करने का पूर्ण अधिकार समिति का होगा।
6– बिना कोई कारण बताएं निविदा निरस्त की जा सकती है।

**ग्राम प्रधान**
**ग्राम (औरंगपुर सांभी)**
**वि.ख.बिल्हौर कानपुर नगर**

**सचिव**
**ग्राम (औरंगपुर सांभी)**
**वि.ख.बिल्हौर कानपुर नगर**

बजट स्वीकृत

यूपीसीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मयूर माहेश्वरी ने किया औद्योगिक क्षेत्र का निरीक्षण

# 42 करोड़ से बनेंगीं रूमा औद्योगिक क्षेत्र की सड़कें

कार्यालय संवाददाता, कानपुर



रूमा औद्योगिक क्षेत्र का लेआउट देखते मुख्य कार्यपालक अधिकारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** रूमा औद्योगिक क्षेत्र को मॉडल बनाने के लिए कवायद तेज हो गई है। गुरुवार को यूपीसीडा के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मयूर माहेश्वरी ने औद्योगिक क्षेत्र का निरीक्षण किया और वहां विकास कार्यों के लिए तैयार की गई रूपरेखा के बारे में जाना। इस औद्योगिक क्षेत्र का 86 करोड़ रुपये की लगात से विकास होना है। इसके लिए अटल इन्फ्रास्ट्रक्चर मिशण्न के तहत बजट स्वीकृत किया गया है।

रूमा औद्योगिक क्षेत्र की तमाम सड़कें टूट गई हैं। यहां जल निकासी, पेयजल आपूर्ति समेत कई समस्याएं हैं। मार्ग प्रकाश की भी दिक्कत है। इन समस्याओं को दूर करने के उद्देश्य से ही मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने इसे मॉडल औद्योगिक क्षेत्र के रूप में विकसित करने का निर्णय लिया है। यहां पर अगले माह के प्रथम सप्ताह से विकास कार्य शुरू हो जाएगा।

प्रथम चरण में 42.00 करोड की लागत से औद्योगिक क्षेत्र की सड़कें एवं नालियों का निर्माण किया जाएगा। मुख्य मार्ग कंकरीट से बनेगा। तीन एमएलडी के कॉमन सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट के लिए पाइप लाइन डाली जाएगी और औद्योगिक इकाइयों से जोड़ा जाएगा। औद्योगिक क्षेत्र की समस्त स्ट्रीट लाइटों को 10 करोड़ की लागत से बदला जाएगा। डार्क स्पॉट में हाई मास्क लाइट लगाई जाएंगी।

द्वितीय चरण में औद्योगिक क्षेत्र में 3 स्वागत द्वार, बस सेल्टर, ईवी चार्जिंग स्टेशन, लैंड स्केपिंग तथा सौंदर्यीकरण का कार्य किया जायेगा। तीन एमएलडी सीईटीपी का निर्माण किया जाएगा। मुख्य कार्यपालक अधिकारी ने विकास कार्यों के संबंध में उद्यमियों के साथ बैठक की गई और उनसे सुझाव भी लिए गए। यूपीसीडा द्वारा निर्मित सार्वजनिक शौचालय को क्रियान्वित करने पर निर्णय लिया गया। क्षेत्रीय प्रबंधक मंसूर कटियार से कहा कि रूमा औद्योगिक क्षेत्र के आवंटियों के साथ समय-समय पर बैठक कर उनकी समस्याओं का निवारण करें। निरीक्षण के दौरान प्रधान महाप्रबन्धक संदीप चन्द्रा, महाप्रबन्धक, प्रदीप कुमार कौशिक, उप महाप्रबन्धक सलिल यादव, उद्यमी बद्री प्रसाद, खंडेलवाल, नवीन आदि मौजूद रहे।



अदालत के फैसले के बाद शासकीय और वादी पक्ष के अधिवक्ता। अमृत विचार



बलवंत हत्याकांड के बाद गांव में आक्रोशित लोगों का उमड़ा था हुजूम। फाइल फोटो।

# पुलिस अफसरों से वसूले जाएंगे 10 लाख रुपये

## सरकार को पत्नी को 10 लाख प्रतिकर देने का आदेश, तत्कालीन एसपी, दो सीओ और रनियां एसओ के वेतन से होगी वसूली

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** बलवंत हत्याकांड में अदालत ने राज्य सरकार को पीड़ित पत्नी को 10 लाख रुपये प्रतिकर राशि दो माह के अंदर देने के आदेश दिए हैं। यह धनराशि विवादित थानों का पर्यवेक्षण करने में तत्कालीन पुलिस अधीक्षक, दो सीओ और रनियां एसओ के वेतन से वसूला जाएगा।



बलवंत सिंह।

रनियां थाने में पुलिस पिटाई से व्यापारी बलवंत सिंह की मौत के बाद कैबिनेट मंत्री ने तत्काल सहायता राशि का चेक परिजनों को सौंपा था। गुरुवार को अदालत ने तत्कालीन शिवली कोतवाल राजेश कुमार सिंह और मैथा चौकी इंचार्ज को कारावास की सजा सुनाते हुए प्रत्येक पर 10-10 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है।

अदालत ने बलवंत की पीड़ित पत्नी शालिनी सिंह को 10 लाख रुपये प्रतिकर धनराशि दिए जाने का जिम्मा राज्य सरकार को सौंपा है, जो निर्णय की तारीख से दो माह के अंदर जिलाधिकारी के माध्यम से देने का आदेश दिया है। इस शासकीय धनराशि की प्रतिपूर्ति राज्य सरकार प्रकरण के विवादित थानों का पर्यवेक्षण करने वाले वरिष्ठ अधिकारी तत्कालीन एसपी सुनीति, तत्कालीन रसूलाबाद सीओ आशाराम पाल सिंह, तत्कालीन सीओ अकबरपुर प्रभात कुमार और तत्कालीन रनियां थाना प्रभारी शिवप्रकाश सिंह के वेतन से किश्तों के रूप में वसूल करेगी।

**दो बच्चों के सिर से उठा था पिता का साया:** पुलिस कस्टडी में मारा गया बलवंत सिंह अपने पिता मुन्ना सिंह का अकेला पुत्र था। घटना के समय उसकी करीब चार साल पहले शीलू के साथ शादी हुई थी। उसके दो बच्चे काव्या और यश हैं। पिता की मौत से बेखबर बच्चे घर के बाहर खेलते रहे थे।



कोर्ट परिसर में मौजूद दोषी मैथा चौकी इंचार्ज की मां रानी पांडेय।



फैसले से असंतोष जाहिर करती दोषी शिवली कोतवाल की पत्नी प्रीती सिंह।



हत्याकांड के बाद बिलख पड़ी थीं परिवार की महिलाएं। फाइल फोटो।

### फैसले के बाद फूट-फूटकर रोये दोषियों के परिवार वाले

बलवंत हत्याकांड में गुरुवार को अदालत का फैसला सुनने के लिए तत्कालीन शिवली कोतवाल राजेश कुमार सिंह की पत्नी प्रीती सिंह और तत्कालीन मैथा चौकी इंचार्ज ज्ञानप्रकाश पांडेय की मां रानी पांडेय, पत्नी साधना पांडेय भी अदालत परिसर में मौजूद रहीं। अदालत की ओर से दोनों दोषियों को पांच-पांच साल कैद की सजा सुनाए जाने के बाद परिजन फूट-फूटकर रोने लगे। दोषियों के परिजनों का कहना था कि वे अदालत के फैसले से संतुष्ट नहीं हैं। जिन आरोपियों ने बलवंत सिंह को उठाकर मारपीट की थी, उनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है। वहीं वादी अंगद सिंह और उनके अधिवक्ता जितेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि अब वह उच्च न्यायालय में अपील करेंगे।

# चश्मदीद गवाह को रात के सन्नाटे में भेजा था घर

**कानपुर देहात।** रनियां थाने में पुलिस पिटाई से जान गंवाने वाले व्यापारी बलवंत मामले के चश्मदीद राम सिंह राठौर ने बताया था कि पुलिस ने उसे व बलवंत को रनियां की चोकर फैक्टरी के बाहर से ही उठा लिया था। मौके पर उसे तीन-चार थप्पड़ मार कर कार में पीछे की ओर बैठाया गया। बलवंत को बीच में बैठाकर पुलिस कर्मी रनियां थाने ले गए थे। वहां उसे दूसरे कमरे में बंद कर दिया गया। कुछ देर बाद उसे बलवंत के जोर-जोर से चीखने की आवाजें सुनाई दीं। पुलिस कर्मी बलवंत को बेरहमी से पीट रहे थे, जिससे वह सहम गया था। बाद में उसकी भी डंडे से पिटाई की गई, जिससे उसकी भी हालत बिगड़ने लगी थी। बलवंत की मौत के बाद पुलिस ने उसे मंगलपुर थाने भेज दिया था, जहां से दूसरे दिन हवासपुर सीएचसी में भेजकर उसका इलाज कराया गया। इसके बाद पुलिस उसे घर छोड़ गई।



सजा सुनाए जाने के बाद कोर्ट से बाहर आता दोषी दरोगा ज्ञानप्रकाश पांडेय।



सजा सुनाए जाने के बाद अदालत से निकलता दोषी इंसपेक्टर राजेश सिंह।



अकबरपुर पोस्टमार्टम हाउस पहुंची थीं राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला। फाइल फोटो।

## एक नजर

### वृद्धाश्रम में नि:शुल्क नेत्र परीक्षण शिविर आज

**कानपुर देहात।** रनियां के वृद्धाश्रम में शुक्रवार को निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन होगा। समाजसेविका कंचन मिश्रा ने बताया कि वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज डॉ. अवध दुबे व उनकी टीम वृद्धजनों का नेत्र परीक्षण करेगी। चिह्नित मोतियाबिंद मरीजों का ऑपरेशन दीपावली के बाद किया जाएगा।

### महिला को जहरीले कीड़े ने काटा, अस्पताल में भर्ती

**पुखरायां।** सट्टी थाना क्षेत्र के गांव में महिला को जहरीले कीड़े ने काट लिया। अजैयापुर गांव के रमाकांत ने बताया कि पत्नी साधना (45) त्योहार को लेकर घर में साफ-सफाई कर रही थी। तभी अचानक हाथ में जहरीले कीड़े के काटने से हालत बिगड़ गई। परिजन उन्हें सीएचसी ले गए। जहां डॉ. सौरभ सचान ने उपचार किया।

### खेलकूद प्रतियोगिता में बच्चे के पैर की टूटी हड्डी

**संदलपुर।** बुधवार को ब्लॉक स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में छात्र ऋषि कुमार की पैर की हड्डी टूट गई थी। उसे सीएचसी हवासपुर में भर्ती कराया गया था। जहां डॉक्टर गौरव पाल ने जिला अस्पताल रेफर किया था। अब छात्र के पिता उमाशंकर संबंधित विद्यालय के शिक्षक से सभी प्रकार के खर्चों के लिए दबाव बना रहे हैं। इस बावत बीईओ अशोक कुमार ने कहा कि बच्चे का इलाज ट्रामा सेंटर अकबरपुर मे चल रहा हैं। डॉक्टर के अनुसार एक्सरे रिपोर्ट में पैर की हड्डी टूटी है। आपरेशन का खर्च खेलकूद प्रतियोगिता आयोजक मंडल द्वारा वहन किया जाएगा।

### खनन में तीन ट्रैक्टर ट्रॉली सीज, पुलिस के सुपुर्द

**रूरा।** क्षेत्र में खनन माफिया बड़े पैमाने पर खनन कर मिट्टी को खोद कर समतल जगह पर गड्ढे बना रहे हैं। रूरा-शिवली मार्ग पर गहलों रिंद नदी के तराई में हो रहे अवैध खनन की सूचना पर पहुंचे नायब तहसीलदार मैथा अनुरुद्ध सिंह ने तीन ट्रैक्टरों को पकड़ लिया। सूचना पर पहुंचे दरोगा यशपाल को नायब तहसीलदार ने तीनों ट्रैक्टर सुपुर्द कर दिए। दरोगा ने बताया की तीनों ट्रैक्टर को सीज कर थाने में खड़ा करा दिया गया है।

### बाइक सवार दो बकरा चोर पकड़े गए, पूछताछ शुरू

**मंगलपुर।** क्षेत्र के उडनवापुर निवासी सुरेंद्र कुमार ने पुलिस को दी तहरीर में बताया था कि बीते बुधवार की रात वह अपने घर के बाहर सो रहा था और पास में उसके व पड़ोसियों आठ बकरे बंधे हुए थे। किसी ने उसका एक बकरा चोरी कर लिया। नींद खुलने पर उसने पड़ोसियों को जानकारी दी तो वह लोग एकत्रित होकर तलाश में जुट गए। इसी दौरान बाइक सवार उसका दूसरा बकरा खोलकर भागने लगे। उसने ग्रामीणों की मदद से बाइक सवार दो चोरों को पकड़ लिया और पुलिस के हवाले कर दिया। थाना प्रभारी संजय गुप्ता ने बताया कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है।

# आरोग्य मंदिर में ताला बंद कर गईं सीएचओ

संवाददाता, राजपुर

**अमृत विचार।** गांव स्तर पर मरीजों के प्राथमिक उपचार के लिए संचालित आयुष्मान आरोग्य मंदिरों (हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर) पर अव्यवस्थाओं का बोलबाला है। हालत यह है कि समय से पहले तालाबंद कर स्वास्थ्य कर्मी चले जाते हैं जिससे मरीजों को सीएचसी-पीएचसी या प्राइवेट अस्पतालों की दौड़ लगानी पड़ती है।

राजपुर ब्लॉक क्षेत्र में 20 हेल्थ वेलनेस सेंटर संचालित हैं। अधिकांश सेंटरों में तैनात सीएचओ आनलाइन डयूटी में हेराफेरी करते हैं। वहीं समय से पहले सेंटरों में तालाबंदी कर सीएचओ घर चले जाते हैं। गुरुवार को भाल आरोग्य मंदिर में दोपहर दो बजे ताला लटकता मिला। जबकि सेंटर संचालित होने का समय सुबह 10 से शाम 4 बजे तक है। सेंटर में तैनात सीएचओ श्वेता ने बताया कि वह दो बजे सेंटर बंद कर दस्तक अभियान के तहत गांव गई थी। ग्रामीणों को उनके गांव या फिर समीपवर्ती गांव में ही 30 मिनट में इलाज दिलाने के लिए उप स्वास्थ्य केंद्रों पर हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर बनाए गए हैं।



भाल के आरोग्य मंदिर में लटकता मिला। अमृत विचार

- इलाज को सीएचसी-पीएचसी व प्राइवेट अस्पतालों की दौड़

इन सेंटरों को आयुष्मान आरोग्य मंदिर नाम दिया गया है। मरीजों को सामान्य बीमारियों का इलाज मिलने के साथ ही गंभीर रोगों में बेहतर परामर्श दिए जाने के लिए ही सीएचओ की तैनाती की गई है। सेंटरों पर मलेरिया, हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर, बलगम आदि की जांच की सुविधा से लैस भी किया गया है। यहां सीएचसी अपनी डयूटी से नदारद रहते हैं। जिससे ग्रामीणों को इलाज नहीं मिलता। जिसकी वजह से मरीजों को सीएचसी, पीएचसी, जिला अस्पताल व निजी हॉस्पिटल की दौड़ लगानी पड़ती है।

# खुदकुशी से पहले दंपति ने बनाया था वीडियो

संवाददाता, राजपुर

- वीडियो में पड़ोस के आठ लोगों पर गंभीर आरोप लगाए गए

**अमृत विचार।** बुधवार की रात पुखरायां स्टेशन के पास इंटरसिटी एक्सप्रेस के आगे कूदकर खुदकुशी करने से पहले दंपति ने वीडियो बनाया था। हालांकि अमृत विचार इस वाडियो की पुष्टि नहीं करता। एएसपी ने कार्रवाई की बात कही है।

पति-पत्नी ने वीडियो बनाकर पड़ोस के आठ लोगों पर दबंगई का आरोप लगाकर खुदकुशी करने की बात कही थी। वीडियो बनाने के बाद दंपति ने एक-दूसरे का हाथ पकड़ कर ट्रेन के सामने कूदकर जान दे दी थी। परिजनों को वीडियो की जानकारी हुई तो मृतक सोम शुक्ला के पिता विजय शुक्ला ने संपर्क करने का प्रयास किया था। पुखरायां पहुंचने पर बेटा व बहू की मौत हो चुकी थी। पिता ने सिकंदरा थाने पहुंचकर आरोपियों के खिलाफ प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। विजय शुक्ला ने बताया कि काफी दिनों से आरोपी उनके बेटे को परेशान कर रहे थे। बेटा जब भी नौकरी करने जाता था तो उसका रास्ता रोक कर घेराबंदी कर प्रताड़ित करते थे, जिससे बेटा व बहू परेशान रहते थे। तीन दिन पहले आरोपियों ने बेटे को औरैया में घेर कर मारपीट करने का प्रयास किया था। थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि मौके पर दो दरोगा समेत पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है। समझाने का प्रयास किया जा रहा है। एएसपी राजेश पांडेय ने कहा कि मामले में छानबीन कर कार्रवाई की जाएगी।



पुखरायां कस्बे में व्यापारी के घर चोरी के बाद छानबीन करती पुलिस। अमृत विचार

# व्यापारी के घर से कैश-जेवर चोरी

संवाददाता, पुखरायां

- एसपी, एएसपी ने की छानबीन सीसीटीवी कैमरों से जांच शुरू

**अमृत विचार।** कस्बा के पटेल चौक के पास चोरों ने एक व्यापारी के घर का ताला तोड़कर नगदी-जेवरात समेत अन्य सामान पार कर दिया। सूचना पर एसपी व एएसपी ने मौके पर छानबीन की। पुलिस सीसीटीवी कैमरे के माध्यम से घटना की जांच पड़ताल में जुटी है।

कस्बे के पटेल चौक के पास व्यापारी रितेश ओमर अपने परिवार के साथ रहते हैं। बुधवार शाम वह पत्नी सीता, पुत्र पार्थ, महेंद्र गुप्ता के बच्चे, मित्र गोविंद दास गुप्ता व अमित के साथ कानपुर नगर के एक अस्पताल में भर्ती दोस्त को देखने गए थे। देर रात वापस घर आने पर घर के मुख्य गेट का कुंडा टूटा हुआ है। शक होने पर यूपी डायल 112 पर पुलिस को घटना की सूचना दी। इसके बाद घर के अंदर जाकर देखा तो पूरा समान बिखरा पड़ा हुआ है।

व्यापारी ने बताया कि चोरों ने घर में लाख रुपये समेत हार सेट, कान के बाले, चैन, पेडल सेट, अंगूठी, सोने के सिक्के, कड़े व एक किलो चांदी के सिक्के आदि जेवरात चोरी कर ले गए। सूचना पर एसपी बीबीजीएसटी मूर्ति, एएसपी राजेश पांडेय, सीओ संजय कुमार सिंह, कोतवाल अंजन कुमार व चौकी इंचार्ज उमेश शर्मा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और जायजा लिया। वहीं फॉरेंसिक टीम टीम ने घटना स्थल से साक्ष्य एकत्रित किए। पीड़ित व्यापारी रितेश ओमर ने थाने में चोरी की तहरीर दी है। एसपी ने कहा कि जल्द खुलासा होगा।

**मिलेगी सुविधा** अकबरपुर ब्लाक परिसर में नि :शुल्क उपकरण वितरण के लिए कैंप का आयोजन

# राज्यमंत्री ने बच्चों को दी होम बेस्ड लर्निंग किट

कार्यालय संवाददाता,कानपुर देहात

**अमृत विचार।** दिव्यांग बच्चों के कल्याण एवं सक्षम बनाए जाने के उद्देश्य से आधार कार्ड बनाने, दिव्यांगता प्रमाण पत्र एवं निशुल्क उपकरण वितरण के लिए अकबरपुर ब्लाक में कैंप का आयोजन हुआ।

गुरुवार को राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला ने कैंप की शुरुआत की। इसके बाद बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा चिंहित 15 दिव्यांग बच्चों को होम बेस्ड लर्निंग किट दी। राज्यमंत्री ने कहा कि शासन की हर योजना को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही उनका उद्देश्य है। हर बच्चे की कुछ विशिष्ट क्षमताएं होती हैं। सीडीओ लक्ष्मी एन. ने कहा कि दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को सरकारी कार्यालय की भाग दौड़ से बचाने के लिए सभी विभागों को एक साथ ब्लॉक परिसर में लाकर प्रमाण पत्र जारी करना कैंप का प्रमुख उद्देश्य है ताकि दिव्यांग बच्चे भी समाज की मुख्य धारा में शामिल होकर एक बेहतर जीवन जी सकें। कैंप में बाल विकास विभाग द्वारा 6 वर्ष से कम उम्र के 41 बच्चों का पंजीकरण किया गया। जिसमें 39 का परीक्षण कर 12 आधार कार्ड जारी किए गए। बेसिक शिक्षा विभाग में 6 वर्ष से ऊपर के 17 नामांकन प्राप्त हुए। जिसमें चार बच्चों के मौके पर आधार बनाए गए। पंचायती राज विभाग में 139 पंजीकरण हुए। आरबीएसके टीम ने 35 लोगों की शुगर जांच की गई। आठ लोग हाई शुगर के चिंहित हुए। 30 लोगों को ओपीडी से से निशुल्क दवा उपलब्ध कराई गई। दिव्यांग उपकरण के लिए 10 व प्रमाण पत्र के लिए 79 आवेदन प्राप्त हुए। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख आशीष मिश्रा, पूर्व चेयरमैन जितेंद्र सिंह गुड्डन, प्रतिनिधि बउवा पांडेय, बीडीओ अखिलेश अग्निहोत्री, सीएमओ डॉ. एके सिंह, डिप्टी सीएमओ डॉ. आईएच खान, डीपीओ राकेश यादव, एसआरजी अनंत त्रिवेदी, संत कुमार दीक्षित आदि मौजूद रहे।



कैंप में लोगों से जानकारी लेतीं राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला। अमृत विचार

# राष्ट्रीय मुक्केबाजी में विशाल यादव ने जीता स्वर्ण पदक

**रनियां।** राष्ट्रीय स्तर की मुक्केबाजी आरईसी कंबाइंड टैलेंट हंट प्रोग्राम रेक खेलो में जनपद के विशाल यादव ने स्वर्ण पदक जीता है।

यह प्रतियोगिता 15 से 22 अक्टूबर तक नेशनल बॉक्सिंग एकेडमी रोहतक हरियाणा में आयोजित की गई थी। इसमें 1300 से अधिक खिलाड़ियों ने भाग लिया था। जिला बॉक्सिंग एसोसिएशन के अध्यक्ष देवेंद्र सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता में अपने भार वर्ग में विशाल यादव ने अंकों के आधार पर फाइनल मुकाबला अपने नाम किया। उन्होंने बताया कि उद्यमीं हरदीप सिंह राखरा, केके जैन व अन्य लोगों के सहयोग से शहीद भगत सिंह बॉक्सिंग एकेडमी रनियां में निशुल्क खेल प्रशिक्षण प्राप्त दिया जाता है।

## सार-संक्षेप

### राज्यमंत्री ने चयनित वीडीओ को बांटे नियुक्ति पत्र

**कानपुर देहात।** अधीनस्थ सेवा चयन आयोग से जनपद में चयनित 39 ग्राम पंचायत व विकास अधिकारी, समाज कल्याण पर्यवेक्षकों को राज्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र बांटे। इस दौरान मुख्यमंत्री के नियुक्ति पत्र वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा व सुना गया। मिशन रोजगार अंतर्गत उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग द्वारा 1526 ग्राम पंचायत अधिकारी, 360 ग्राम विकास अधिकारी (समाज कल्याण) व 64 समाज कल्याण पर्यवेक्षक के नियुक्ति पत्र वितरण प्रदेश स्तर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया। जनपद में नवचयनित 32 ग्राम पंचायत अधिकारी, 5 ग्राम विकास अधिकारी (समाज कल्याण) व 2 समाज कल्याण पर्यवेक्षकों को नियुक्ति पत्र राज्यमंत्री प्रतिभा शुक्ला, विधायक रसूलाबाद पूनम संखवार, डीएम आलोक सिंह व सीडीओ लक्ष्मी एन. द्वारा मां मुक्तेश्वरी देवी सभागार कक्ष कलेक्ट्रट में दिए गए। राज्यमंत्री ने कहा कि निष्पक्ष एवं पारदर्शी चयन प्रक्रिया से सभी को रोजगार प्राप्त हुआ है। सरकार युवाओं के बेहतर भविष्य के लिए निरंतर प्रयासरत है। इस मौके पर परियोजना निदेशक वीरेंद्र सिंह, डीपीआरओ विकास पटेल समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

### वर्षाकाल में रोपे गए पौधों की सुरक्षा की जाए

**कानपुर देहात।** वर्षाकाल-2024 में रोपे गए पौधों की सुरक्षा, सिंचाई व नियमित रखरखाव करें। प्रत्येक विभाग कम से कम 10 प्रतिशत पौधरोपण स्थलों का रखरखाव कर सूचना डीएफओ कार्यालय में भेजे। यह निर्देश डीएम आलोक सिंह ने जिला पौधरोपण समिति की कलेक्ट्रेट में बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि राजस्व, ऊर्जा, बेसिक शिक्षा व कृषि विभाग द्वारा पौधरोपण लक्ष्य के सापेक्ष शत-प्रतिशत जियो टैगिंग नहीं की गई है, जिसे एक सप्ताह में पूरा किया जाए। डीएम ने कहा कि विभागों द्वारा रोपे पौधों का अंतर्विभागीय भौतिक सत्यापन नवंबर में कराया जाना है। यदि कहीं पौधे सूख गए हैं तो उनको तत्काल बदल दिया जाए। डीएम ने कहा कि अस्पतालों में अपशिष्ट जल उपचार संयंत्र लगाए जाएं। बॉयो मेडिकल वेस्ट को खुले में न फेकें। शहरी निकाय कूड़ा वाहनों को ढक कर ले जाएं। जिला गंगा समिति की समीक्षा में प्रभागीय वनाधिकारी एके द्विवेदी ने बताया कि 4 नवंबर को गंगा उत्सव का आयोजन होगा। इसके लिए तैयारी कर ली गई है। स्कूली छात्र-छात्राएं, गंगा ग्राम समितियों के सदस्य व जन सामान्य के साथ गंगा स्वच्छता कार्यक्रम, खेल प्रतियोगिता, नृत्य और नाटक, कहानी सुनने का सत्र, रंगोली एवं चित्रकला प्रतियोगिता, गंगा प्रदर्शिनी, सांस्कृतिक उत्सव, आध्यात्मिक संपर्क कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इस मौके पर सीडीओ लक्ष्मी एन., पीडी वीरेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

### बीमारी से परेशान बुजुर्ग ने दे दी जान

**संदलपुर।** बीमारी से परेशान बुजुर्ग ने फंदा लगाकर जान दे दी। डेरापुर थाना क्षेत्र के कुढ़ावल गांव निवासी रामगोपाल (65) ने गुरुवार दोपहर बीमारी से तंग आकर अपने खेत में लगे शहतूत के पेड़ पर फंदा लगाकर जान दे दी। घटना की जानकारी पर घर में कोहराम मच गया। सूचना पिर थाना प्रभारी देवेंद्र कुमार फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे। उन्होंने बताया कि प्राथमिक छानबीन में बीमारी के चलते आत्महत्या की बात सामने आई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

### श्रीविष्णु महायज्ञ को लेकर भूमि पूजन

**रूरा।** श्रीविष्णु धर्म प्रसार सनातन समिति के द्वारा तीन नवंबर से शुरू हो रहे तीसवें श्रीविष्णु महायज्ञ व मानस संगीत सम्मेलन का भूमि पूजन गुरुवार को थाना परिसर में संपन्न हुआ। समिति अध्यक्ष केजी पांडेय, जगदीश शुक्ला जनक, अवधेश पांडेय, हरीकांत मिंटू पांडेय, प्रशांत ओमर, राकेश शुक्ला, राजेंद्र अवस्थी, पुत्तन द्विवेदी, प्रमोद शुक्ला, रामबाबू शुक्ला, धीरेंद्र सिंह, महेश मुनीम, अखिलेश गुप्ता, हरनाम यादव प्रधान, रामप्रकाश अग्निहोत्री, पूतन अवस्थी, आशुतोष अग्निहोत्री, विष्णुमोहन दीक्षित, संजय पांडेय ने थाना परिसर में यज्ञ चबूतरे पर विधिविधान से पूजा की। भूमि पूजन पंडित उमा शंकर तिवारी बैरी ने कराया।

### पारिवारिक विवाद में मारपीट, सात लोग घायल

**पुखरायां।** पारिवारिक विवाद में दो पक्षों के बीच मारपीट हो गई। जिसमे महिला सहित सात लोग घायल हो गए। चार लोगों को रेफर किया गया है। भोगनीपुर के मस्जिद वाली गली में पारिवारिक विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। जिसमे विनय कुमार (16), अवधेश कुमार (18), प्रहलाद (22), सुभाष की पत्नी पुष्पा (45) और दूसरे पक्ष के मनोज कुमार की पत्नी रानी (48), अमित कुमार (24) व मनोज कुमार (50) घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस सभी घायलों को सीएचसी ले गई। जहां डॉ सौरभ सचान ने प्राथमिक उपचार के बाद प्रहलाद, अमित, पुष्पा व रानी की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल अकबरपुर रेफर कर दिया। पुलिस ने तहरीर मिलने पर कार्रवाई की बात कही है।

### सड़क किनारे अतिक्रमण करने वालों को चेतावनी

**राजपुर।** कस्बे में मुगल रोड किनारे फुटपाथ पर दुकानदारों के अतिक्रमण से आए दिन लोगों को जाम की समस्या से जूझना पड़ता है। शिकायत पर गुरुवार को थानाध्यक्ष दिनेश कुमार गौतम, चौकी इंचार्ज सूरज पाल सिंह ने पुलिस बल के साथ मुख्य चौराहे पर अतिक्रमण हटाया। पुलिस को देखकर अतिक्रमणकारियों में अफरा-तफरी मच गई। सड़क के किनारे ठेला व पटरी लगाने वाले लोग भागने लगे। इस दौरान पुलिस ने अतिक्रमणकारियों को कार्रवाई की चेतावनी दी।

### रेल पटरी के किनारे मिला शव, शिनाख्त नहीं

**शिवली।** मैथा रेलवे स्टेशन के समीप पुलिस को एक युवक का शव मिला है। पुलिस का अनुमान है कि युवक किसी ट्रेन से गिरा होगा। शरीर कई हिस्सों में बंट गया है। मैथा चौकी प्रभारी जितेंद्र तिवारी ने बताया कि शव मिला है। अभी उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## एक नजर

### महिला को जहरीले कीड़े ने काटा, रेफर

**बांगरमऊ।** कोतवाली क्षेत्र के गांव भिखारीपुर निवासी कुन्हे की 35 वर्षीय पत्नी जानकी देवी बीती बुधवार रात घर में काम कर रही थी। तभी अचानक घर में छिपे बैठे जहरीले कीड़े ने उसे काट लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ने लगी। हालत बिगड़ते देख परिजन आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां चिकित्सक ने उसे गंभीर देख जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

### पैर फिसलने से छत से नीचे गिरा वृद्ध, भर्ती

**बांगरमऊ।** फतेहपुर चौरासी थानाक्षेत्र के गांव शिवपुरी निवासी शेर सिंह (70) पुत्र झाम सिंह गुरुवार सुबह अपने घर की छत पर मक्का सुखाने के लिए फैला रहा था। तभी अचानक उसका पैर फिसल गया और वह असंतुलित होकर नीचे जमीन पर आ गिरा। जिससे वह गंभीर घायल हो गया। परिजन आनन-फानन उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाए। जहां डाक्टर ने वृद्ध को गंभीर देख जिला अस्पताल भेज दिया।

### उद्योग जांचने पहुंचे सहायक श्रमायुक्त को बंद मिली फैक्ट्री

**बिछिया।** दही औद्योगिक अंतर्गत साइड-2 की एक चर्म ईकाई में गुरुवार को श्रमिक राजाराम ने शिकायत की कि उसे बीते दो माह से काम नहीं दिया जा रहा है। इस शिकायत पर सहायक श्रमायुक्त नागेश ने वहां पहुंचकर जांच की। जहां उन्हें फैक्ट्री बंद मिली। इस पर वह वापस चले गए। सहायक श्रमायुक्त ने बताया कि श्रमिक की शिकायत पर जांच करने गए थे। लेकिन, फैक्ट्री बंद मिली है।

### अवैध आतिशबाजी के साथ युवक गिरफ्तार

**उन्नाव।** दीपावली नजदीक आते ही अवैध रूप से पटाखों की बिक्री के लिए भंडारण का काम शुरू हो गया है। हालांकि पुलिस काफी सतर्क है। लेकिन, गावों तक तेज धमाके वाले पटाखों का भंडारण तेजी से किया जा रहा है। इसके चलते बारासगवर पुलिस ने ऊचगांव कस्बा में मुखबिर की सूचना पर विकास पुत्र कृष्ण कुमार मिश्रा निवासी नथईखेड़ा को गिरफ्तार किया। उसकी दुकान से बिना लाइसेंस के आतिशबाजी बरामद हुई। जिसमें तेज धमाके वाले सुतली व बुलेट बम भी मिले हैं। एसओ धर्मेंद्र मिश्रा ने बताया कि युवक को अवैध आतिशबाजी के साथ पकड़ा गया है। केस दर्ज कर उसे कोर्ट भेजा गया है।

### बाल श्रम करते 5 बच्चे छुड़वाये गये

**उन्नाव।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा जिला स्तर पर बाल एवं किशोर श्रम के उन्मूलन कार्यक्रम के चलते बनी डिस्ट्रिक्ट टास्क फोर्स ने सिकंदरपुर कर्ण ब्लॉक के अचलगंज कस्बा के प्रतिष्ठानों में चिन्हीकरण अभियान चलाया। इस दौरान 5 बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया। वहीं प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कार्रवाई भी की गई। टीम ने सेवायोजक से अपने प्रतिष्ठानों में बाल व किशोर श्रमिक न रखने की अपील की। टीम में जिला प्रोबेशन अधिकारी संजय मिश्रा, एंटी ह्यूमन ट्रेफिक थाना प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह, एसओ अचलगंज राजेश्वर त्रिपाठी सहित श्रम विभाग की टीम मौजूद रही।

### सड़क हादसे में गई जान

**उन्नाव।** बिहार थानाक्षेत्र के बक्सर मार्ग पर क्षेत्र के हमीरपुर गांव निवासी सिद्धार्थ (26) बुधवार को भगवंत नगर कस्बा से घर लौट रहा था। तभी लालता खेड़ा के पास सामने से आई बाइक की टक्कर से वह उछलकर सड़क पर गिर गया था। सिर में आई चोटों को देखते हुए उसे पीएचसी से जिला अस्पताल फिर कानपुर के हैलट अस्पताल भेजा गया था। जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। परिजनों में कोहराम मच गया।

### करीब 8 वर्ष पहले बनकर हुए थे तैयार आवास, आवंटित होने से पहले ही हो गए जर्जर

# 17.97 करोड़ से बने 468 'आसरा' आवासों को लगा भ्रष्टाचार का घुन

संवाददाता हसनगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** एक ओर जहां केंद्र व प्रदेश की सरकारें भ्रष्टाचार को जड़ से समाप्त करने के लिये ऐड़ी-चोटी का जोर लगाए हुए हैं। वहीं दूसरी ओर भ्रष्टाचार के दलदल में डूबे अधिकारी अपनी यह आदत छोड़ नहीं पा रहे हैं। इसी के चलते हसनगंज तहसील अंतर्गत नगर पंचायत मोहान में करीब आठ साल पहले 17.97 करोड़ से बनाए गए 468 आसरा आवास बिना आवंटित हुए ही जर्जर हो गए हैं, जिससे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की महत्वाकांक्षी योजना 'आसरा' गरीब परिवारों के लिए सपना बनकर रह गई है।



जर्जर पड़ा आसरा आवास। अमृत विचार

नगर पंचायत मोहान क्षेत्र में गरीब परिवारों को रहने के लिए वर्ष-2017 में 17 करोड़ 97 लाख 21 हजार से चार मंजिला भवन में 468 आसरा आवास बनाए गए थे। जिनका आठ वर्ष बाद भी आवंटन नहीं हो सका है। हाल यह है कि आवास आवंटन से पहले ही आवासों की बिल्डिंग जर्जर होने लगी है। यहां बने कई आवासों के छज्जे दरार देने लगे हैं तो कुछ के छज्जे तो गिर भी चुके हैं।

गलीमत रही कि आवासों में कोई रहता नहीं था नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। फिलहाल छज्जे को सही कराया जा चुका है। सूत्र बताते हैं कि निर्माण के बाद 7 नवंबर-2022 को नगर पंचायत के जिम्मेदारों द्वारा आवासों की गुणवत्ता की जांच करवाए बिना ही मोहान नगर पंचायत से हैंडओवर भी कर लिया गया था। लेकिन, आठ साल बाद भी पात्रों को इनका आवंटन तक नहीं किया सका। अब लोगों का यह कहना है कि अगर यह आवास गरीबों को आवंटित भी कर दिये गए तो उनमें रहना उनके लिये कितना सुरक्षित होगा। क्योंकि अधिकतर आवासों के छज्जों में दरारें आ चुकी है। जो यहां रहने वाले लोगों के लिए जान का खतरा है।

#### बोले चेयरमैन

मोहान चेयरमैन समरजीत यादव ने कहा कि आसरा आवासों का हाल बहुत खराब है। आवंटन से पहले ही उनमें पानी की व्यवस्था नहीं है क्योंकि वहां की मोटर खराब है। साथ ही दरवाजे, खिड़कियां भी टूटी पड़ी हैं। उन्होंने आरोप लगते हुए कहा कि डूडा अफसरों व पूर्व ईओ द्वारा करोड़ों का बंदरबांट कर अधूरे और मानक विहीन आवास बनाये गये थे। इसके बाद भी इन आवासों को हैंडओवर कर लिया गया था। तब से अब तक वे वैसे ही अधूरे पड़े हैं। इसे लेकर जिम्मेदार पल्ला झाड़ रहे हैं।

#### बोले जिम्मेदार

पीओ डूडा अरविंद सिंह ने बताया कि आसरा आवासों के छज्जे के टूटने की सूचना मिली थी। जिन्हें सही करा दिया गया है। वहीं आवास आवंटन की प्रक्रिया चल रही है। तहसील में पात्रता सूची के आधार पर इसकी जांच भी चल रही है। जल्द ही पात्र लोगों को आवास आवंटित कराए जायेंगे।



बिछिया के तौरा गांव स्थित मिनी स्टेडियम का बदहाल पड़ा मैदान। अमृत विचार

# अनदेखी की भेंट चढ़ा 10 लाख से बना मिनी स्टेडियम

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** ग्रामीण क्षेत्र में युवाओ की प्रतिभाओं को बढ़ावा देने के लिए विकासखंड बिछिया के गांव तौरा में दही-पुरवा मार्ग पर करीब दो साल पहले लाखों की लागत से बनाया गया मिनी स्टेडियम बदहाली के आंसू रो रहा है। हाल यह है कि स्टेडियम का मैदान पूरी तरह ऊबड़-खाबड़ पड़ा है।

बता दें कि राज्य वित्त व मनरेगा से करीब दो साल पहले 10 लाख की लागत से मिनी स्टेडियम का निर्माण हुआ था। जिसका शुभारंभ पुरवा विधायक अनिल सिंह ने किया था। दो साल बाद जिम्मदार अफसरों व जन प्रतिनिधियों के ध्यान न देने से स्टेडियम का मैदान ऊबड़-खाबड़ हो गया है। वहीं स्टेडियम अब बदहाली के आंसू बहा रहा है। जबकि स्टेडियम में झूले और जिम के सामान टूट चुके हैं। जिस मैदान पर खिलाड़ियों व युवाओं को अभ्यास करना चाहिए वहां आवारा मवेशी धमाचौकड़ी करते हैं। मैदान में बड़ी-बड़ी घास और झाड़ियों ने मैदान ढक लिया है। सफाई न होने से गंदगी का अंबार है। स्टेडियम में किनारे लगी सोलर लाइट भी खराब पड़ी है। स्टेडियम का मुख्य गेट टूटने से यह खुला रहता है। स्टेडियम की बदहाली के चलते खिलाड़ी चाहकर भी प्रैक्टिस नहीं कर पाते हैं। जिससे ग्रामीण प्रतिभाएं आगे नही निकल पा रही हैं।

#### बोले जिम्मेदार

बीडीओ फ़हद खान ने बताया कि ग्राम सचिव से बात कर इसकी कमियों में सुधार कराया जाएगा। साथ ही वहां साफ-सफाई भी कराई जाएगी।

## राम लीला में लगे जय श्रीराम के जयकारे

**उन्नाव।** हिलौली में चल रही पारंपरिक रामलीला के तीसरे दिन स्थानीय कलाकारों ने रावण-बाणासुर संवाद, जनक विलाप, परशुराम-लक्ष्मण संवाद से लेकर बारात तक की लीला का मनोहारी मंचन किया। इस दौरान दर्शक जय श्री राम का जयघोष करते रहे।

सीता के स्वयंवर में देश भर के राजा, महाराजा, राजकुमार और योद्धा शामिल हुए। सभी ने शिव धनुष को उठाने की कोशिश की। लेकिन वे इसे हिला तक नहीं सके। अंत में महर्षि विश्वामित्र की आज्ञा से राम उठे और धनुष को उठाकर जैसे ही प्रत्यंचा चढ़ाने की कोशिश की धनुष टूट गया। धनुष टूटने और राम के गले में सीताने वरमाला डााल दी। धनुष टूटने की आवाज पर परशुराम जी प्रकट हो जाते हैं। परशुराम क्रोधित होकर बोले जिसने शिवजी का धनुष तोड़ा है वह समाज से अलग हो जाए। वरना सभी राजा मारे जाएंगे। उसके बाद परशुरामऔर लक्ष्मण में जबरदस्त संवाद हुआ , जिसे देखने के लिये सुबह तक दर्शक बैठे रहे। इस दौरान अशोक मिश्रा, मनोज शुक्ला, संजय श्रीवास्तव, महेश सोनी रहे।



लोगों को परिवार नियोजन संबंधी जानकारी देते अधिकारी। अमृत विचार

## उम्मीद परामर्श केंद्र में दंपति ले सकेंगे परिवार नियोजन संबंधी जानकारी

**हसनगंज उन्नाव।** परिवार नियोजन पर जागरूकता के लिए कार्य रही पॉपुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा उम्मीद परियोजना की शुरुआत गुरुवार को हुई। सीएचसी प्रभारी ने इसके लिए बनाए गए परामर्श केंद्र का उद्घाटन किया।

सीएचसी प्रभारी डॉ. प्रमोद कुमार ने बताया कि उम्मीद परामर्श केंद्र का उद्देश्य लोगों में परिवार नियोजन के विषय में जागरूकता बढ़ाना है। बताया कि इसमें इच्छुक दंपति परिवार नियोजन के संबंध में जानकारी करने के साथ परिवार नियोजन के साधनों का लाभ ले सकते हैं। बताया कि संस्था जिला महिला चिकित्सालय सहित आठ ब्लाकों में सीएचसी पर उम्मीद परामर्श केंद्र स्थापित कर रही है। इस दौरान डा. सादिया अंसारी, पंकज कुमार वर्मा, सहायक शोध अधिकारी राजीव अवस्थी आदि रहे।

# प्रधान व सचिव पर भ्रष्टाचार के आरोप लगा मुख्यमंत्री से की शिकायत

संवाददाता हसनगंज

**अमृत विचार।** विकासखंड के लालपुर गांव में ग्रामीणों ने प्रधान व सचिव पर विकास कार्यों में अनियमितिता और भ्रष्टाचार करने के आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से की है।

उन्होंने बताया कि कई साल से सामुदायिक शौचालय में ताला बंद है। फिर भी केयर टेकर को मानदेय दिया जा रहा है। ग्रामीणों ने प्रधान व सचिव पर आरोप लगाया कि पहले केयर टेकर रिंकू था जो सही तरीके से काम कर रहा था। लेकिन प्रधान व सचिव ने उसको हटाकर प्रधान की भांजी की केयर टेकर के रूप में नियुक्ति कर दी। जो पूरी तरह से गलत है। लोगों का कहना था कि केयर टेकर की तैनाती तो कर दी गई लेकिन इसके बाद से आज तक कई साल गुजरने के बाद भी सामुदायिक शौचालय का ताला नहीं खुला है। जिसका लोगों ने विरोध किया है। ग्रामीणों ने इसकी शिकायत मुख्यमंत्री से की है। इसे लेकर वीडियो आईएसबी मुनेंद्र कौशिक ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है। जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

### लेखपाल ने भू-माफिया पर दर्ज कराई रिपोर्ट

**बांगरमऊ उन्नाव।** राजस्व विभाग की टीम द्वारा एक वर्ष पूर्व क्षेत्र के गांव फरीदपुर कट्टर की 11 बीघा सरकारी भूमि पर जबरन काबिज 6 से अधिक भू-माफियाओं को बेदखल किया था। इसके बावजूद भू-माफियाओं ने सरकारी जमीन पर दोबारा कब्जा कर लिया। हल्का लेखपाल ने भू-माफियाओं के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। फरीदपुर कट्टर गांव के लेखपाल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा कि ग्राम समाज की भूमि गाटा संख्या 389 रकबा 2.745 हेक्टेयर पर अरसे से गांव निवासी चंद्रभान, डिप्टी, डालचंद, राजेश कुमार, राम जीवन, रामनरेश, महेश व राजेश का कब्जा था और वे लोग इस भूमि पर फसल बुआई व कटाई करते चले आ रहे थे। ग्रामीणों की शिकायत पर बीती 27 दिसंबर-2023 को तत्कालीन एसडीएम द्वारा गठित राजस्व टीम ने सरकारी जमीन की जुताई करवाकर भूमाफियाओं को बेदखल कर दिया था। किंतु बाद में भूमाफियाओं द्वारा इस जमीन पर दोबारा कब्जा कर लिया गया है। गांव के किसान राम औतार निषाद की शिकायत पर राजस्व कर्मियों की जांच में इस जमीन पर भूमाफियाओं का दोबारा कब्जा पाया गया है। इस पर गुरुवार को हल्का लेखपाल अमित पाल ने भूमि पर काबिज लोगों के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई है। साथ ही कोतवाल प्रभारी राजेश पाठक से जमीन को कब्जा मुक्त कराने व संबंधित लोगों पर कार्रवाई करने की मांग की है।

## सार-संक्षेप



शिव महापुराण कथा में सामूहिक रुद्राभिषेक करते लोग। अमृत विचार

### सामूहिक रुद्राभिषेक में उमड़े श्रद्धालु

**उन्नाव।** शहर के मोहल्ला पीडी नगर स्थित प्रियदर्शिनी गेस्ट हाउस में चल रही शिव महापुराण कथा में नौवें दिन राष्ट्रीय कथा प्रवक्ता विज्ञानानंद सरस्वती जी महाराज ने शिव जी द्वारा अनेकानेक दैत्यों के विनाश की कथा सुनायीं। कहा कि हर युग में शिव जी की आराधना को सर्वश्रेष्ठ माना गया है और विशेष रूप से कलिकाल में जो लोग शिव की सच्चे मन से आराधना और पूजन करते हुए शिव जी के अनुष्ठानों में अपनी भागीदारी और सहयोग करते हैं उन पर भोलेनाथ कृपा बनाए रखते हैं। वे उनके परिवार के कष्ट दूर करते हैं। बड़ी संख्या में परिवारों ने मनोकामना पूर्ति के लिए सामुहिक रुद्राभिषेक भी किया। यजमान हरिप्रसाद साहू व उनकी पत्नी संतोष साहू व सुनीता शुक्ला व राखी शुक्ला ने पूजन किया।

### एक करोड़ की जालसाजी में फरार आरोपी गिरफ्तार

**सोहरामऊ उन्नाव।** सोहरामऊ थानांतर्गत बजेहरा गांव के पास स्थित एयरटेल कंपनी में 3 माह पूर्व एक करोड़ की जालसाजी के मामले में रिपोर्ट दर्ज कर 3 लोगों को हिरासत में लेकर कोर्ट में पेश किया गया था। जहां से वे जेल भेजे गए थे। गुरुवार को इसी मामले में फरार चल रहे एक अन्य अभियुक्त को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया गया। 31 जुलाई को प्रशासन प्रबंधक नॉर्थ वेस्ट कैरिंग कंपनी रामजी शुक्ला की तहरीर पर सोहरामऊ में रिपोर्ट दर्ज की गई थी। प्रबंधक ने आरोप लगाया था कि उन लोगों द्वारा मेल को एडिट व फर्जी तरीके से फारवर्ड कर कंपनी का कई ट्रक सामान फर्जी पते पर भेजकर अवैध तरीके से बेचा है। दरोगा असलम ने मामले में वांछित शाह इंतजार निवासी आंबेडकर नगर, पवन प्रजापति निवासी आजमगढ़ व खालिद निवासी आजमगढ़ को पूर्व में ही गिरफ्तार कर जेल भेजा था। गुरुवार को थानाक्षेत्र के गांव कुशहरी स्थित शिव मंदिर के पास 26 वर्षीय वांछित एक अन्य अभियुक्त मोहित पुत्र जगदीश सिंह निवासी अबोहर प्रांत पंजाब को पकड़ कर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेजा गया है।



पुलिस गिरफ्त में जालसाजी का आरोपी।

### महिला से मारपीट कर तोड़ दिया हाथ

**गंजमुरादाबाद उन्नाव।** विवादित भूमि पर मिट्टी भरान को लेकर लेकर हुई कहासुनी के बाद एक पक्ष ने दूसरे पक्ष की महिला पर लोहे की रॉड ने हमला कर दिया। इसमें उसके हाथ में गंभीर चोट आई है। महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस में जांच शुरू की है। बांगरमऊ कोतवाली क्षेत्र के कस्बा गंजमुरादाबाद के मोहल्ला गुर्थनिया निवासी सरवरी पत्नी अब्दुल ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि उसके घर के पास एक प्लाट है। जिसके मालिकाना हक को लेकर इस्लामुद्दीन आदि से उसका विवाद चल रहा है। जिसका केस अदालत में विचाराधीन है। बताया कि मंगलवार को वह घर में अकेली थी। तभी मोहल्ले के इस्लामुद्दीन व निजामुद्दीन विवादित प्लॉट पर मिट्टी डलवाने लगे। उसने इसका विरोध किया तो इस्लामुद्दीन व उसके साथी ने लोहे की रॉड से उस पर हमला कर दिया। इसमें उसके हाथ में चोटें आई हैं। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू की है। एसएचओ राजेश पाठक ने बताया कि दोनों पक्षों में जमीनी विवाद है। महिला की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

# डीएपी की जगह जैविक खाद का करें प्रयोग

कार्यालय संवाददाता (उन्नाव)

**अमृत विचार।** रबी फसल की बुआई में हर साल जिले में सैकड़ों टन रासायनिक खाद का इस्तेमाल होता है। किसानों को उचित दाम पर खाद उपलब्ध कराने के लिए सरकार सब्सिडी देती है। इस वजह से देश व प्रदेश के खजाने पर करोड़ों रुपये का बोझ पड़ता है।

शासन के अफसर लगातार प्रयास कर रहे हैं कि किसान डीएपी की जगह वैकल्पिक खाद का इस्तेमाल करें। सबसे खास बात है कि यह डीएपी से सस्ता भी हैं, लेकिन किसान लेने को तैयार नहीं हैं। खेतों में रासायनिक खादों के लगातार और अधिक इस्तेमाल ने किसानों की मुसीबत बढ़ा दी है। इससे खेतों की उर्वरा शक्ति कम होने लगी है। परिणाम है कि खेती में किसानों का खर्च बढ़ता जा रहा और उत्पादन घटता जा रहा। दूसरी तरफ बुआई के समय डीएपी खाद नहीं मिलना भी बड़ी समस्या है। यह अभी जिला समेत अन्य जिलो में परेशानी का सबब बना हुआ है। ऐसे में किसानों को सबसे पहले खेतों की मिट्टी की जांच निश्चित तौर पर करानी चाहिए। खेतों में रासायनिक खादों के अधिक इस्तेमाल से बचना चाहिए। अगर किसान मिट्टी की जांच कराए बिना पारंपरिक तरीके से ही रासायनिक खादों का बेवजह इस्तेमाल करते रहे तो मिट्टी का स्ट्रक्चर खराब हो जाएगा। वही जिला कृषि विभाग अधिकारी शशांक चौधरी ने कहा कि किसान भाई जागरूक हों, रबी फसल बुआई के मौसम में विभिन्न प्रकार के उर्वरकों की पर्याप्त उपलब्धता है। जहा उपलब्ध नहीं है वहां कराई जा रही है। विभाग से लगातार उर्वरकों का रेक मिल रहा है। उर्वरकों का संतुलित उपयोग आवश्यक है ताकि मिट्टी की उर्वरा शक्ति को बरकरार रखा जा सके।



#### इनका इस्तेमाल कर ले सकते हैं अच्छी पैदावार

किसान भाई डीएपी के स्थान पर नैनो तरल एरिया व डीएपी, सल्फर कोटेड यूरिया एवं एस एस पी, हरी खाद, जैविक खाद, वर्मी कम्पोस्ट का इस्तेमाल कर अच्छी पैदावार ले सकते हैं।



प्रशिक्षण कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को दी जाती जानकारी। अमृत विचार

## माय भारत पोर्टल के विषय में दी जानकारी

**उन्नाव।** शहर स्थित डीएसएन कॉलेज में एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रचना त्रिवेदी ने राजकीय औद्योगिक शिक्षा संस्थान उन्नाव में एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम रखा। जिसका विषय माय भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कैसे करें ।

प्रशिक्षण में आईटीआई के एक सैकड़ा से अधिक छात्र-छात्राओं ने प्रतिभाग किया। आईटीआई के प्राचार्य अमरेंद्र पांडेय ने राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यक्रम अधिकारी डॉ. रचना त्रिवेदी को पुष्प देकर स्वागत किया। उन्होंने बताया कि माय भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन कैसे करना है और इसके माध्यम से छात्र-छात्राएं क्या कर सकते हैं। उन्होंने बताया कि माय भारत पोर्टल के माध्यम से आप अपने कार्य का प्रजेंटेशन अच्छे से कर सकते हैं और अन्य लोगों को जागरूक भी कर सकते हैं।

### भक्ति-भावना

56 पकवानों के महाप्रसाद का भोग लगाकर हुआ रासलीला महोत्सव का समापन ,लोगों में दिखा जबरदस्त उत्साह

# डांडिया नृत्य के साथ भक्तों ने खेली बरसाने की होली

संवाददाता सफीपुर उन्नाव

**अमृत विचार।** स्थानीय भगवती चरण वर्मा पार्क में चल रहे रासलीला महोत्सव का बरसाने की होली मंचन के साथ समापन हो गया। इस दौरान वृंदावन धाम से आए कलाकारों ने आकर्षक वेष-भूषा में श्रद्धालुओं के साथ डांडिया नृत्य कर फूलों की होली खेली। जिसे देख श्रद्धालु खुश हो गए। इसके पूर्व गिरिराज का पूजन किया गया। भिनकीपुर हनुमाज धाम के महंत रामस्वरुप ब्रह्मचारी ने गिरिराज जी का पंच द्रव्य से अभिषेक कर 56 पकवानों का भोग लगाया। इसके बाद महा प्रसाद वितरित किया गया।

मंचन में कलाकारों ने दिखाया कि ब्रज की गोपियां कृष्ण व उनके सखाओं को होली खेलने का आमंत्रण देती हैं। इसके बाद कृष्ण सखाओं के साथ होली खेलने पहुंचते हैं। जहां गोपियां सखाओं व कृष्ण के साथ फूलों की होली खेलती हैं। राधा-कृष्ण पर सभी गोपियां व बाल सखा फूलों की वर्षा करते हैं। इसके पूर्व गिरिराज का भिनकीपुर हनुमान धाम के महंत रामस्वरूप ब्रह्मचारी ने पंच द्रव्य से स्नान कराकर विधिविधान से पूजन किया। इसके बाद 56 पकवानों का महा प्रसाद वितरित किया गया। यहां राधा-कृष्ण संग महिलाओं ने डांडिया नृत्य में बढ़चढ़ कर भाग लिया। सात दिन तक चले रासलीला व रामलीला के आयोजन से नगर व क्षेत्रवासी राम व कृष्ण की भक्ति से सराबोर रहे। संयोजक व्यापार मंडल महामंत्री संजीव गुप्ता ने सहयोगियों सहित नगर व क्षेत्रवासियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने प्रमुख सहयोगी विधायक बम्बालाल दिवाकर, चेयरमैन प्रतिनिधि सौरभ बाजपेई, प्रमुख व्यवसायी गुलाब चंद्र गुप्ता, मुन्ना सेठ, अखिलेश स्वर्णकार, अनिल गुप्ता, छोटाबाबू, गोल्डी गुप्ता, रत्नेश गौड़, जिला पंचायत सदस्य गुड्डू मिश्रा, सुरेश गुप्ता, रामखेलावन गुप्ता, किरन गुप्ता, नागेंद्र सिंह, नेहरू गौड़, मंजू सिंह, राजू चौहान, राजेश तिवारी, लल्ला तिवारी, पवन सोनी, भूपेंद्र सिंह, अशोक गुप्ता, विकास गुप्ता आदि की सराहना की।



जागरण में झांकी प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

#### जागरण में माता रानी के भजनों पर झूमे भक्त

**औरास उन्नाव।** मां जगत जननी जागरण कमेटी द्वारा दुर्गा जागरण आयोजित किया गया। इसमें मातारानी के भजनों पर भक्त रातभर थिरकते रहे। मनमोहक झांकियां देख भक्त भावविभोर होते रहे। विकासखंड औरास के मिर्जापुर अजिगांव के नंदेश्वर बाबा स्टेडियम में मां जगत जननी जागरण कमेटी द्वारा पांचवा विशाल आदिशक्ति मां नवदुर्गा जागरण आयोजित किया गया। सिम्मी तिलक धारी जागरण पार्टी कानपुर द्वारा भजन व झांकियां प्रस्तुत की गईं। कार्यक्रम का उद्घाटन गणेश वंदना के साथ हुआ। जागरण में अर्धनारीश्वर, महिषासुर मर्दिनी जैसी मनमोहक झांकियां देखकर भक्त देवी मां की भक्ति में लीन होकर भाव विभोर हो गए। जिसमें बृज की होली का आयोजन भी किया गया। इसमें अंशु गोस्वामी, ज्योति गोस्वामी, पागल बाबा, आयशा वर्मा व मनोज मौजी आदि कलाकारों द्वारा पूरी रात माता का जागरण किया गया।

# ईश्वर के समक्ष पापों का प्रायश्चित करने से मिलती है मुक्ति : आचार्य

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** अजगैन क्षेत्र के गांव बक्तूखेड़ा में समस्त राठौर परिवार द्वारा आयोजित भागवत कथा के तीसरे दिन कथावाचक घनश्याम वशिष्ठ (कान्हा भईया) जी महाराज सिद्धपीठ श्री चमेलीवन धाम (भुलवाना) होडल ब्रजधाम ने विश्व शांति के लिए प्रार्थना कर श्रोताओं से कहा कि मनुष्य जीवन में जाने अनजाने रोजाना कई पाप होते हैं। उन पापों का ईश्वर के समक्ष प्रायश्चित करना ही एक मात्र मुक्ति पाने का उपाय है।

उन्होंने सभी से ईश्वर आराधना के साथ अच्छे कर्म करने का आह्वान किया। श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के तीसरे दिन कथा में मौजूद श्रद्धालुओं से उन्होंने जीवन में सत्संग व शास्त्रों में बताए आदर्शों का श्रवण करने का आह्वान करते हुए कहा कि सत्संग में वह शक्ति है जो व्यक्ति का जीवन बदल देती है। कहा कि लोगों को अपने जीवन में क्रोध, लोभ, मोह, हिंसा, संग्रह आदि का त्याग कर विवेक के साथ श्रेष्ठ कर्म करने चाहिए। व्यास पीठाधीश्वर ने गुरुवार को भागवत कथा के दौरान श्रष्टि की रचना, कपिल उपाख्यान, सती चरित्र, ध्रुव चरित्र, जड़ भरत चरित्र, नृसिंह अवतार व कथा के विश्राम में बलि महाराज व वामन भगवान आदि प्रसंगों पर प्रवचन किया।

उन्होंने भगवत कीर्तन करने, ज्ञानी पुरुषों के साथ सत्संग कर ज्ञान पाकर अपना जीवन सार्थक करने का आह्वान किया। कथा सुन मौजूद श्रोता भावविभोर होकर नाचते रहे।



कथा सुनाते आचार्य व पूजन करते भक्त।

- भागवत कथा सुनते हुए भावविभोर होकर झूमते रहे श्रद्धालु

# एंटी करप्शन टीम ने कानूनगो को 5 हजार रुपये घूस लेते दबोचा

## टीम ने उसके आवास से उसे रंगेहाथ किया गिरफ्तार

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव


लाल घेरे में पकड़ा गया कानूनगो।

- अजगैन कोतवाली लेकर पहुंची एंटी करप्शन टीम

**अमृत विचार।** लखनऊ से आई एंटी करप्शन टीम ने गुरुवार देरशाम हसनगंज तहसील में तैनात कानूनगो को शिकायत कर्ता से 5000 रुपये रिश्वत लेते उसके घर से रंगेहाथ दबोच लिया। इसके बाद टीम उसे अजगैन कोतवाली लाई, जहां रिपोर्ट दर्ज कराकर उसे पुलिस के सुपुर्द किया गया । शुक्रवार को उसे लखनऊ की विशेष कोर्ट में पेश किया जाएगा। कानूनगो के पकड़े जाने से तहसील कर्मियों में हड़कंप मचा रहा।

क्षेत्र के खानपुर मऊ निवासी अवधेश कुमार की जमीन का कुछ हिस्सा सड़क निर्माण में जा रहा था। इस पर उसने तहसील में भूमि की पैमाइश के लिये प्रार्थनापत्र दिया था। लेकिन उसे काफी दिनों से दौड़ाया जा रहा था। इस पर उसने लखनऊ में मंडलायुक्त के यहां रिवीजन डाला था। मामला लखनऊ पहुंचने पर कानूनगो अनिल पांडेय ने निपटारे के लिए उससे 10 हजार रिश्वत मांगी थी, जिसकी शिकायत अवधेश ने एंटी करप्शन विभाग में की थी। जांच के बाद गुरुवार देरशाम लखनऊ से प्रभारी शिव कुमार की अगुवाई में आई टीम ने हसनगंज कस्बा स्थित कानूनगो के आवास के पास घेराबंदी की। अवधेश ने पेशगी के 5000 रुपये जैसे ही अनिल पांडे को दिए पीछे से पहुंचे टीम के सदस्यों ने उसे रंगेहाथ दबोच लिया। कोई कुछ समझ पाता इससे पहले ही उसे गाड़ी में बैठा कर टीम अजगैन कोतवाली ले आई। यहां पर उसका सीएचसी में मेडिकल कराने के बाद उसके विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई। कानूनगो के पकड़े जाने की सूचना मिलने के बाद तहसील के अन्य कर्मियों में हड़कंप मचा हुआ है। पकड़े गए कानूनगो पर पहले भी लोग दबी जुबान से भ्रष्टाचार के आरोप लगा चुके हैं। लेकिन वह कार्रवाई से बचता रहा। वहीं, कानूनगो के पकड़े जाने की सूचना पर कोतवाली अजगैन में राजस्व कर्मियों का भी जमावड़ा लगने लगा है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपी कानूनगो को कोतवाली से हटाकर किसी अन्य स्थान पर ले जाया जा सकता है।

# फीडर 1 के कई मोहल्लों में 6 घंटे ठप रहेगी बिजली

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव




- सुबह 10 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक नहीं आयेगी बिजली
- मरम्मत कार्य के चलते शक्ति नगर और मिश्रा कॉलोनी फीडर 7 घंटे रहेंगे बंद

**अमृत विचार।** बिजली विभाग ने विद्युत संयंत्रों के रखरखाव का कार्य शुरू किया है। मगरवारा गोकुल बाबा सब स्टेशन में मेंटिनेंस कार्य के चलते आज (शुक्रवार) शुक्लागंज फीडर 1 सहित अन्य फीडरों की बिजली आपूर्ति लगभग 6 घंटे के लिए बाधित रहेगी।

उन्नाव विद्युत वितरण खंड द्वितीय के अधिशासी अभियंता ने एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि शुक्रवार को गोकुल बाबा विद्युत सबस्टेशन पर ब्रेक, पैनल, पॉवर परिवर्तक आदि का परीक्षण किया जाएगा। इसके कारण 11 केवीए शुक्लागंज फीडर 1, 11 केवीए नेहरू बाग औद्योगिक, 11 केवीए मगरवारा औद्योगिक, और 11 केवीए ग्रामीण की बिजली सप्लाई सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक बंद रहेगी।

इस मेंटिनेंस कार्य के कारण नगर के कई मोहल्लों जैसे गायत्री नगर, भातूफार्म, अंबिका पुरम, कंचन नगर, सर्वोदय नगर, आदर्श नगर, मंशा खेड़ा, नाथू खेड़ा, रहमत नगर, गांधी नगर, और राजमार्ग के निवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ सकता है। विभाग ने उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

वहीं एसडीओ राजेन्द्र प्रसाद ने बताया कि 33/11 केवी विद्युत उपकेन्द्र शुक्लागंज एवं गंगाघाट के फीडर दो शक्ति नगर, मिश्रा कॉलोनी, ब्रम्ह नगर, झंडा चौराहा, चंपापुरवा में विद्युत मरम्मत कार्य होने के चलते सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक बिजली गुल रहेगी।


खंड शिक्षाधिकारी जगदीश श्रीवास्तव को प्रतीक चिह्न देते शिक्षक। अमृत विचार

# दौड़, खो-खो, कबड्डी, लंबी कूद ऊंची कूद में बच्चों ने दिखाया दम

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- पंचायत स्तरीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

**अमृत विचार।** गुरुवार को सिकंदरपुर सरोसी के देवाराकला में पंचायत स्तरीय वार्षिक क्रीड़ा प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता खंड शिक्षा अधिकारी जगदीश श्रीवास्तव ने की। उद्घाटन दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया, जिसमें महामंत्री जूनियर शिक्षक संघ, अवनीश कुमार पाल ने खंड शिक्षा अधिकारी का स्वागत बैज अलंकरण और पुष्प गुच्छ देकर किया।

कार्यक्रम में कन्या देवारा कला के छात्रों ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की, वहीं प्राथमिक विद्यालय देवाराकला द्वितीय के बच्चों ने देशभक्ति गीत पर मनमोहक प्रस्तुति दी। चन्द्रेश्वर मिश्र, जिला समन्वयक बालिका शिक्षा का स्वागत बैज अलंकरण द्वारा किया गया। अन्य अतिथियों का भी सम्मान किया गया। प्रतियोगिता में प्राथमिक और उच्च प्राथमिक स्तर के बच्चों के लिए 50, 100, 200 मीटर दौड़, खो-खो, कबड्डी, लंबी कूद, ऊंची कूद सहित विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। इस सफल आयोजन का नेतृत्व ब्लाक व्यायाम शिक्षक राजेन्द्र कुमार ने किया। विजेता टीम और खिलाड़ियों को ट्रॉफी और मेडल देकर प्रोत्साहित किया गया। कार्यक्रम के अंत में क्रीड़ा प्रभारी और निर्णायक मंडल के सदस्यों ने सभी प्रतिभागियों और विजेताओं को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। सभी विद्यालयों के शिक्षकों ने इस प्रतियोगिता को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। रामाशीष, डॉ. सर्वेश यादव, अरुण, श्याम किशोर शुक्ला रहे।

# गमगीन माहौल में परिजनों ने बच्ची का शव किया दफन

**फालोअप**

- ढाई साल की बच्ची की पानी भरे गड्ढे में डूबने से हुई थी मौत

संवाददाता नवाबगंज उन्नाव

**अमृत विचार।** अजगैन कोतवाली क्षेत्र के दांदूपुर गांव में ढाई साल की बच्ची की गड्ढे में भरे पानी में डूबने हुई मौत गई थी। गुरुवार सुबह परिजनों ने उसके शव को दफन किया। वहीं घटना को लेकर पड़ोसी महिलाओं पर परिजनों ने शक जताया था। जिन्हें पुलिस ने हिरासत में लेकर पूछताछ की थी।

मंगलवार को अजगैन कोतवाली क्षेत्र के जनसार गांव के मजरा दांदूपुर निवासी जेसीबी चालक मनोज की ढाई वर्षीय बेटी अचानक लापता हो गई थी। बुधवार को उसका शव पड़ोसी बबलू के घर के आगे पानी भरे गड्ढे में मिलने बाद परिजनों ने दबी जुबान से तंत्रमंत्र के चक्कर में हत्या किए जाने की आशंका जताई थी। इस पर पुलिस ने दो महिलाओं सहित कई लोगों से पूछताछ की थी। पीएम रिपोर्ट में डूबने से मौत होने की पुष्टि के बाद पिता मनोज ने पीएम रिपोर्ट पर संतोष जताया था। उधर रिपोर्ट आने के बाद पुलिस ने महिलाओं को हिदायत देकर छोड़ दिया। पुलिस की मौजूदगी में गुरुवार सुबह गमगीन माहौल में बच्ची के शव का परिवार के ही खेत में अंतिम संस्कार किया गया।

# बीमारी से तंग किशोरी ने फांसी लगाकर दी जान

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव


सौम्या।

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र निवासी 17 वर्षीय सौम्या दीक्षित ने बुधवार देर रात बीमारी से तंग आकर फांसी लगाकर जान दे दी। बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा सौम्या पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रही थी। रात करीब एक बजे वह अपने कमरे में चली गई और वहां पंखे के सहारे पर्दे से फांसी लगा कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली।

सुबह जब उसकी मां गुड्डन ने कमरे में जाकर देखा तो सौम्या को फंदे पर लटका पाया यह देखकर उनकी चीख निकल गई । गुड्डन की चीख पुकार सुनकर आसपास के लोग जमा हो गए। सूचना मिलने पर बिंदा नगर चौकी इंचार्ज रवि शंकर पांडे पुलिस कर्मियों के साथ मौके पर पहुंचे और शव को फंदे से उतरवाया। पुलिस ने पंचनामा भरकर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। उसके पिता सर्वेश दीक्षित, मां गुड्डन सहित अन्य परिजन सदमे में हैं। वहीं मृतका का भाई हर्षित एयरफोर्स कर्मी है, उसकी तैनाती असम में हैं। बहन की मौत की सूचना उसे दी गई। वह असम से घर के लिये निकल पड़ा। इस बाबत चौकी इंचार्ज ने कहा कि फिलहाल प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला लग रहा है। हालांकि, सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।


सौम्या की मौत पर रोती बिलखती मां व अन्य। अमृत विचार

### गृह कलह के चलते किशोरी ने लगाई फांसी, गंभीर

**बांगरमऊ उन्नाव।** घरेलू कलह के चलते एक किशोरी ने घर में फांसी लगा ली। तभी उसकी मां ने उसे देख लिया और आनन-फानन उसे अन्य लोगों के साथ मिलकर फंदे से उतार कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले आये। जहां चिकित्सक ने उसकी हालत नाज़ुक देख उसे जिला अस्पताल के लिये रेफर कर दिया। कोतवाली क्षेत्र के गांव नेवल निवासी विजय पाल की 16 वर्षीय बेटी प्रीती घरेलू कलह के चलते घर में फांसी के फंदे पर लटक गई। तभी उसकी मां रामादेवी ने उसे देख लिया और आनन-फानन उसे फंदे से नीचे उतार लिया। मां उसे बेहोशी हालत में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाई। जहां चिकित्सक ने हालत गंभीर देख उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया।


कैंप में मरीजों की जांच करते चिकित्सक। अमृत विचार

# 162 लोगों का परीक्षण कर जांची सेहत

**शुक्लागंज।** गुरुवार को सीएचसी प्रभारी डॉ. राहुल मिश्रा ने नगर के गोताखोर स्थित नगरीय स्वास्थ्य केंद्र का दौरा कर वहां स्वास्थ्य कैंप आयोजित किया।

इस दौरान स्थानीय लोग कैंप में पहुंचे और अपनी सेहत की जांच पड़ताल कराई। यहां पर नेशनल मोबाइल मेडिकल यूनिट की एम्बुलेंस मौजूद रही। सीएचसी प्रभारी ने बताया कि कैंप में 162 लोगों का परीक्षण किया गया। इसमें सर्दी, जुकाम व बुखार के अलावा कई अन्य रोगों की भी जांच की गई। डॉक्टर ने मरीजों को उनकी स्वास्थ्य समस्याओं के बारे में जागरूक किया और दवाइयां भी दीं। जांच करा कर दवाइयां लेकर लोग खुश दिखे।

# ग्रीन सिटी के पीछे खाली मैदान में लगेगा थोक पटाखा बाजार

**कानपुर।** शहर में घनी आबादी वाले क्षेत्र से बाहर दीपावली त्योहार पर थोक पटाखा बाजार सजेगा। यह बाजार बिठूर रोड पर ग्रीन सिटी के पीछे खाली मैदान में लगेगा। थोक और फुटकर पटाखा कारोबारियों को 34 नियम पूरे करने होंगे। इसके बाद ही पटाखे के दुकान लगा सकेंगे।

दीपावली से पहले थोक पटाखा बाजार, नानाराव पार्क, उसके बाद यूनियन क्लब, क्राइस्टचर्च ग्राउंड, वृजेंद्र स्वरूप पार्क और फिर जाजमऊ के अकील कंपाउंड में लगा था। आबादी के बीच थोक पटाखा बाजार लगने से किसी तरह का हादसा होने पर जानमाल की ज्यादा हानि होने की आशंका रहती थी। इसलिए थोक पटाखा बाजार शहर से बाहर किया गया है। इस बार थोक पटाखा बाजार बिठूर रोड पर ग्रीन सिटी के पीछे खाली मैदान में लगेगा। वहीं, देशी पटाखे पूरी तरह से प्रतिबंधित होंगे और ग्रीन पटाखे ही प्रयोग करना होगा।


पालिका द्वारा क्षेत्र में कराई जाती फागिंग। अमृत विचार

# गलियों में एंटी लार्वा और चूने का छिड़काव कराया

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- वार्ड 24 में संचारी रोग नियंत्रण को लेकर चला अभियान

**अमृत विचार।** संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान को देखते हुये गुरुवार को पालिकाध्यक्ष और ईओ के निर्देश पर सफाई कर्मी वार्ड 24 में पहुंचे और वृहद स्तर पर साफ सफाई अभियान चलाया।

पालिकाध्यक्ष कौमुदी पांडे और ईओ मुकेश कुमार मिश्रा के निर्देश पर गुरुवार को पालिका के सफाई कर्मी वार्ड 24 ब्रम्ह नगर पहुंचे। जहां सफाई कर्मियों ने वार्ड की सभी गलियों में झाड़ू लगाने के साथ ही नालियों की साफ सफाई करते हुये एंटी लार्वा और चूने का छिड़काव कराया। इसके साथ ही नाला-नालियों की साफ सफाई की गई। जिसके बाद पालिका कर्मियों ने सिल्ट हटाई गई।

वहीं शाम के समय पालिका ने मोहल्लों की सभी गलियों में फागिंग कराई गई। इसके साथ ही वार्ड 23 पश्चिमी गंगाघाट में फागिंग कराई गई।

# पहचान छिपाकर बेच रहा था कबाब पराठा

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने किया हंगामा, रामगोपाल चौराहे का मामला

**अमृत विचार।** गुजैनी थानाक्षेत्र में जय श्री राम लिखी शर्ट पहनकर दुकान में काम करना मुस्लिम युवक को महंगा पड़ गया। बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने पहचान छिपाकर काम करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। कार्यकर्ताओं का आरोप था कि कबाब पराठा की दुकान में कुछ अन्य वस्तु मिलाकर उसे लोगों को खिलाया जा सकता है। उनका कहना था कि टी शर्ट पहनने वाले युवक से नाम पूछा गया तो वह अपनी पहचान छिपाने लगा। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है।

बजरंग दल कार्यकर्ता विकास शुक्ला ने बताया कि गुरुवार शाम दो कार्यकर्ता रामगोपाल चौराहे पर कबाब पराठा खाने आए थे। उनको स्वाद में कुछ भिन्नता लगी तो उनको शक हुआ उन्होंने जयश्री राम की टी शर्ट पहने युवक का नाम पूछा तो वह कतराने लगा। जिसके बाद उन्होंने अन्य कार्यकर्ताओं को व पुलिस को मामले की सूचना दी। पुलिस ने पहुंचकर पूछताछ की तो युवक ने अपना नाम मो कल्लू बताया। जिस पर कार्यकर्ता भड़क गए और सामग्री में मिलावट करने का आरोप लगाकर जमकर हंगामा किया। जिस पर पुलिस ने कार्रवाई का आश्वासन देकर मामला शांत कराया। गुजैनी एसओ विनय तिवारी ने बताया कि रामगोपाल चौराहे पर बउआ सविता की दुकान पर मो. कल्लू काम कर रहा था। बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने आरोप लगाते हुए तहरीर दी है।

# प्रभु की भक्ति में ही शक्ति है : आचार्य


भागवत कथा सुनते श्रद्धालु। अमृत विचार

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव


कथा सुनाते पं. राम करन अवस्थी।

**अमृत विचार।** आदर्श नगर स्थित नागेश्वर मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन कथा व्यास ने मौजूद श्रोताओं को भागवत कथा का रसपान कराया। इसके साथ ही कथा व्यास ने प्रहलाद चरित्र, गजेन्द्र उद्धार, बावन अवतार की कथा सुनाई।

कथा वाचक पं राम करन अवस्थी ने कहा कि हिरण्यकश्यप सबको आदेश दे रहा है कि भक्त प्रह्लाद को खत्म करो, भस्म करो। लकड़ियों के चारों तरफ जल्लाद खड़े कर दिए गए। इस दौरान जब आग भयानक हुई, तब भक्त प्रहलाद ने इतना ही कहा अच्छा प्रभु, अच्छा मेरे राम तेरी मर्जी और भक्त प्रह्लाद बच गए। नरसिह अवतार में हिरण्यकश्यप को मार कर भक्त प्रह्लाद को बचाया। प्रभु की भक्ति में ही शक्ति है। उन्होंने कहा कि सभी अपने बच्चों को संस्कार अवश्य दें, जिससे वह बुढ़ापे में अपने माता पिता की सेवा कर सकें, गो सेवा, साधु की सेवा कर सकें।

इस मौके पर कमल किशोर तिवारी, सत्यभामा तिवारी, रमाकांत, उमाकांत, राजकिशोर, शशांक, शोभित मौजूद रहे।

**तैयारी** यह रेलवे पुल 1910 में ब्रिटिश काल में पुराना गंगापुल के समानांतर बनाया गया था

# एपॉक्सी केमिकल से रेलवे पुल के गाटर की हुई मरम्मत

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव


रेलवे गाटर की मरम्मत करता कर्मचारी। अमृत विचार

**अमृत विचार।** कानपुर-लखनऊ रेल रूट पर स्थित रेलवे पुल का गाटर जर्जर हो गया था, जिसके चलते रेलवे ने गुरुवार को मरम्मत कार्य शुरू किया। इस कार्य में एपॉक्सी केमिकल का उपयोग कर उखड़े गाटर को चिपकाया गया है।

यह रेलवे पुल 1910 में ब्रिटिश काल में पुराना गंगापुल के समानांतर बनाया गया था। इस पुल की लंबाई 814 मीटर है। 1925 में रेलवे ने इस पुल को राज्य सरकार को सौंप दिया, जिसके बाद से प्रतिदिन सैकड़ों ट्रेनें इसी पुल से गुजर रही हैं। शुक्लागंज की ओर, पुल पर पहली कोठी के बगल में स्थित गाटर ईंटों से बना था, जो ट्रेनों की धमक के कारण कई स्थानों पर दरारों का शिकार हो गया था। रेलवे विभाग ने सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए इस मरम्मत कार्य को अंजाम दिया। कर्मचारियों ने बताया कि एपॉक्सी केमिकल का उपयोग इस मरम्मत में किया गया है, जिससे गाटर के उखड़ने की संभावना कम हो जाएगी। यह रूट लखनऊ और कानपुर के बीच लगभग 200 ट्रेनों का आवागमन करता है, इसलिए पुल की सुरक्षा बेहद महत्वपूर्ण है।

### सरैयां क्रॉसिंग पर दिनभर रुक-रुक कर लगा जाम

**शुक्लागंज उन्नाव।** बैराज मार्ग स्थित सरैयां रेलवे क्रॉसिंग पर चल रहे आरओबी के कार्य के कारण गुरुवार को पूरे दिन जाम की स्थिति बनी रही। इससे आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। आरओबी के निर्माण के चलते रूट डायवर्जन के कारण सुबह से लेकर रात तक जाम की स्थिति बनी रही। जाम में न केवल आम नागरिक, बल्कि कई वीआईपी और मरीजों को लाने-ले जाने वाली एंबुलेंस भी फंसी रहीं। यह स्थिति राहगीरों के लिए बेहद कठिनाई भरी रही, खासकर उन लोगों के लिए जो समय पर गंतव्य तक पहुंचना चाहते थे। इसके अलावा, नवीन पुल पर भी सुबह और शाम के पीक ऑवर में जाम की समस्या बनी रही।


बैराज मार्ग पर जाम में फंसे वाहन सवार। अमृत विचार

# मारपीट की शिकायत पर किया गया पथराव

**कानपुर।** बाबूपुरवा थानाक्षेत्र में मारपीट की शिकायत करना एक परिवार को महंगा पड़ गया। पड़ोसी ने साथियों के साथ मिलकर लाठी-डंडे से जमकर पीटा। पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच में जुटी हुई है। वहीं पुलिस का कहना है कि जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जायेगी।

बगाली निवासी गोविंद प्रसाद ने बताया कि पड़ोसी निखिल, सुमित ने नबालिग बेटे को पोट दिया था। उनके घर पर शिकायत की गयी तो उनके परिजनों ने गाली-गालौच कर लाठी-डंडे से हमला कर पथराव कर दिया। आरोपियों ने घर में घुसकर मारपीट की। बाबुपुरका पुलिस रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच में जुटी है। पुलिस का कहना है कि दोषियों को पकड़ा जायेगा।

# महिला से चेन स्नेचिंग और 3 लाख की चोरी में 15 को उठाया

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

- उठाये गये युवकों में अधिकांश पुराने आरोपी
- 5 दिन बाद भी पुलिस किसी नतीजे पर नहीं पहुंची

**अमृत विचार।** गंगाघाट कोतवाली के गांधी नगर क्षेत्र में रविवार सुबह बाइक सवार लुटेरों ने एक महिला से चेन स्नेचिंग की घटना को अंजाम दिया और उसके बाद उसी रात राजधानी मार्ग पर स्थित एक हार्डवेयर की दुकान से 3 लाख रुपये की नकदी दीवार में सेंध लगाकर चोरी हुई।

नगर के श्री नगर निवासी आयकर कार्यालय के अधीक्षक राजाराम मौर्या की बेटे संतोष मौर्या की पत्नी सुनीता मौर्या, अपनी ननद किरन के साथ मंदिर से लौटते समय गांधी नगर में बाइक सवार लुटेरों ने झपट्टा मारकर सुनीता की चेन लूट ली थी, जहां आधी चेन सुनीता के हाथ में रह गई, वहीं आधी चेन और लॉकेट लुटेरे लेकर भाग निकले थे। इसी दिन रात को गोपीनाथपुरम में भरत साहू की आनंदेश्वर हार्डवेयर दुकान में चोरों ने सेंध लगाकर 3 लाख रुपये की नकदी चुरा ली थी। पुलिस ने इस मामले में सक्रियता दिखाई है। एएसपी ने 4 से 5 टीमें गठित की हैं, लेकिन इन टीमों के प्रयास अब तक बेअसर रहे हैं। पुलिस ने मामले में जांच के लिए 15 संदिग्ध युवकों को उठाया है, जिनमें से अधिकांश पुराने आरोपी हैं। पुलिस को अभी तक कोई ठोस सबूत नहीं मिले।

ये वदन्तीह सत्यानि प्राणत्यागेऽप्युपस्थिते ।
प्रमाणभूता भूतानां दुर्गाण्यतितरन्ति ते ॥

प्राण त्याग की परिस्थिति में भी जो सत्य बोलता है, वह प्राणियों में प्रमाणभूत है । वह संकट पार कर जाता है ।

## संपादकीय

# पाकिस्तान के इशारे पर

एक दशक बाद जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव हुए। उमर अब्दुल्ला के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद उम्मीद जगी थी कि जम्मू कश्मीर में शांति की बहाली होगी और विकास की गति तेज होगी। चिंता की बात है कि सरकार गठन के बाद पाकिस्तान के इशारे पर कश्मीर घाटी में लगातार आतंकी घटनाओं को अंजाम दिया जा रहा है। गुरुवार को अधिकारियों ने बताया कि बिजनौर के रहने वाले शुभम कुमार को बटागुंड गांव में आतंकवादियों ने गोली मार दी। पिछले एक सप्ताह में कश्मीर में प्रवासी मजदूरों पर हमले का यह तीसरा मामला है। रविवार को गांदरबल जिले में एक निर्माण स्थल पर हुए आतंकी हमले में छह प्रवासी मजदूरों और एक स्थानीय चिकित्सक की मौत हो गई थी, जबकि 18 अक्टूबर को शोपियां जिले में आतंकवादियों ने बिहार के एक मजदूर की गोली मारकर हत्या कर दी थी। गांदरबल में हुए आतंकी हमले की जिम्मेदारी द रेजिस्टेंस फ्रंट (टीआरएफ) ने ली थी। टीआरएफ के मुखिया पाकिस्तान में बैठकर घाटी में दहशत फैलाने की साजिश रचते हैं। पाकिस्तान इस आतंकी संगठन को फंडिंग भी करता है। इस संगठन का नाम ही इसके मकसद को ज़ाहिर कर देता है। हकीकत तो ये है कि आईएसआई ने टीआरएफ को एक अलग तरह की रणनीति के तहत बनाया है, जो अन्य आतंकवादी संगठनों से बिल्कुल अलग है।

जम्मू कश्मीर में दूसरे राज्यों से आकर काम करने वालों पर हमले का सिलसिला जारी रहने से प्रवासी नागरिकों में दहशत का माहौल है। उन कश्मीरी पंडितों में भी डर पैदा हो गया है जो प्रधानमंत्री रोजगार योजना के तहत कश्मीर के विभिन्न हिस्सों में तैनात हैं। गौरतलब है कि कश्मीर घाटी में आतंकवादियों के सफाए के लिए भारतीय सेना और सुरक्षा बल के जवान लगातार मुहिम चला रहे हैं। इसके बावजूद राज्य में दहशत फैलाने की कोशिशों पर रोक लगा पाना जटिल चुनौती बनकर उभरा है। अभी भी वहां बड़ी संख्या में आतंकवादी छिपे हुए हैं। इस कारण वहां से प्रवासी श्रमिकों व कश्मीरी पंडितों का पलायन तेज होगा जो कि चिंता की बात है। नई सरकार बनने के बाद वहां सक्रिय आतंकवादियों और अलगाववादी ताकतों के हौसले बुलंद हुए हैं। सीमा पार से पाकिस्तान टीआरएफ के जरिए कश्मीर घाटी में अशांति फैलाने की साजिशें कर रहा है, जिनसे निपटने के लिए अलग रणनीति पर काम करने की जरूरत है। साथ ही जम्मू कश्मीर में भारतीय सेना और सुरक्षाबलों को और अधिक सतर्क रहने की जरूरत है।

# लोक कल्याणकारी अवधारणाएं संकट में



डॉ. राजेंद्र रंजन चतुर्वेदी
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

व्यावसायीकरण और संप्रदायीकरण हो रहा है । लोक संस्कृति के ऊपर औद्योगीकरण और मशीनों का दबाव है जैसे मिट्टी के बर्तन, चटाई । देश की सार्वभौमिकता के सामने भूमंडलीकरण वाली शक्तियों और संस्थाओं का दबाव है । लोककल्याणकारी अवधारणाएं संकट में हैं ।

भूमंडलीकरण एक ऐसे विश्व-समाज की परिकल्पना है, जिसमें शक्ति संपन्न लोग और अधिक शक्ति संपन्न बनें और बनते चले जाएं। भूमंडलीकरण अर्थात बाजार का साम्राज्य। भूमंडलीकरण अर्थात समाज को बाजार के रूप में परिवर्तित करने की योजना। बाजार, जिसमें हर चीज बिकाऊ है मानव-संबंध भी, मनुष्य की भावना और विचार भी ब्रांड बन चुके हैं। विज्ञापनों की चकाचौंध है, दिग्भ्रम है। हजारों साल की संचित विरासत की विस्मृति है।

उत्तर क्षेत्र को कॉउ-बेल्ट कहना, लोकविश्वास और लोकाचार के प्रति राजनेता का दृष्टिकोण बाजार, प्रशासन, मीडिया और बुद्धिजीवियों के दृष्टिकोण अलग-अलग हैं। विभक्त चेतना, विभक्त मानस। व्यावसायीकरण और संप्रदायीकरण हो रहा है। लोक संस्कृति के ऊपर औद्योगीकरण और मशीनों का दबाव है जैसे मिट्टी के बर्तन, चटाई। देश की सार्वभौमिकता के सामने भूमंडलीकरण वाली शक्तियों और संस्थाओं का दबाव है। लोककल्याणकारी अवधारणाएं संकट में हैं। विकसित देशों की नकल है आराम की जिंदगी नैतिकता पर बाजार के मुनाफे का प्रभाव, मूल्य हीनता का प्रसार।

भारत के लोकजीवन की अतीन्द्रिय-अवधारणाओं की पहचान कठिन हो गई है। मनुष्य और मनुष्यता की पहचान ही कौन कर रहा है? करे भी क्यों? सत्ता की राजनीति से पहचान करने में मुनाफा है। फिर भी लोक की जिजीविषा अदम्य है, मौजूदा समय में लोक अपनी अस्मिता की लड़ाई लड़ रहा है, जैसे-मोर सैंया तो खूबै कमात हैं, महंगाई डायन खाए जात है।

आवश्यकता निरन्तर बढाते रहना। मैं उपभोक्ता हूं, बाकी सब कुछ मेरे लिए है। प्रकृति हो या मनुष्य! एक ओर तो विश्व बाजारवाद के रूप में मनुष्य की कहीं भी और कभी भी समाप्त न होने वाली तृष्णा है, जो मनुष्य को केवल उपभोक्ता के रूप में देखती है और चराचर-प्रकृति को कच्चामाल समझती है, उसके परिणाम-स्वरूप पर्यावरण का संकट है, जो पृथ्वी पर जीवन के अस्तित्व के लिए एक सवाल बन गया है, और इसी के साथ समाज में जस-जस सुरसा बदन बढ़ावा की तरह नित-नित बढ़ने वाली विषमता है। दूसरी ओर मानव-सभ्यता के आकाश में आतंक की घनघोर घटाएं मंडरा रही हैं। आतंकवाद की जडें कितनी गहरी हैं, कितनी व्यापक हैं और कितनी दूर-दूर तक फैल चुकी हैं, इसका अन्दाज किसे है? उपभोक्ता है, कंज्यूमर। प्रकृति उसके लिए कच्चा माल है वह विकास जिसके लिए धनी आदमी उपभोक्ता और निर्धन आदमी तथा यह समस्त प्रकृति (नदी-समुद्र-पहाड़) कच्चामाल है? बाजार का वैश्वीकरण हो गया किन्तु समाज का वैश्वीकरण नहीं हुआ। दुनियां के सेठ तो एक हो गए, दुनियां के मजदूर एक नहीं हो सके। बाजार और उपभोक्ता-संस्कृति जीवन के हर क्षेत्र में हावी होती जा रही है। मानव-सभ्यता ज्ञान विज्ञान के शिखर की ऊंचाइयों पर चढ़ रही है तो दूसरी ओर मानव-सभ्यता के सामने संकट भी बहुत बड़े हैं। संसार के सभी धनकुबेर एक जगह संगठित हो गए हैं, धन की शक्ति राज करेगी, धन इंसान का नियामक होगा। जो जितना बड़ा धनकुबेर होगा, वह निर्बल से धन छीन लेगा। उसकी नजर में विराट-प्रकृति उपभोग्य-सामग्री है।

> असहिष्णुता, प्रांतीयता, भाषाभेद, फंडामेंटलिज्म, उग्रवाद, पंथीकरण, उग्र-जातिवाद, अलगाववाद, संकुचित दृष्टिकोण, क्षेत्रीय-जोश, कुछ देने की जगह कुछ पाने की लालसा, जनसत्ता के विरुद्ध बाहुबल और बुद्धिजीवी का गठजोड़ । सत्ता का वह खेल जो सामान्य- जन के विरुद्ध जाता है ।

विश्व बाजारकी नजर में उपभोग आनन्द है और यह आनन्द एक सौदा है, जिसे बाजार में खरीदा और बेचा जा सकता है। ये चैनल चौबीसों घंटे बता रहे हैं कि आनन्द स्थूल है और तोल से बिकता है। कमती पैसा कमती आनन्द और अधिक पैसा अधिक आनन्द। ये बता रहे हैं कि देह-सुख और इन्द्रिय आनन्द ही जीवन का पुरुषार्थ है, जीवन का प्रयोजन है। जब मैने अपनी शोध रिपोर्ट डाक्टर कपिलावात्स्यायन को भेजी थी, तब उन्होंने मुझे जो पत्र लिखा था, उसकी एक पंक्ति भारतीय-संस्कृति ही नहीं, विश्व संस्कृति के अध्येताओं के लिए भी विचारणीय है। आज आधुनिक-सभ्यता ने जो दिशा ली है, उसमें आत्मा का देह से संबंध विच्छिन्न हो गया है। जीवन का सरोकार देह तक सीमित कर देना मनुष्यता को सीमित कर देने जैसा है। शरीर आधुनिक सभ्यता ने आज जो दिशा ली है, उसमें शरीर और आत्मा का संबंध विच्छेद हो गया है। आत्मा का सिद्धांत भारत के हजारों हजारों वर्ष की ज्ञान साधना के पुण्य का फल है। वह प्राण तत्व है, मूल तत्व है लेकिन हम अपने घर में ही किराएदार बन चुके हैं। आधुनिक सभ्यता ने आज जो दिशा ली है, उसमें शरीर और आत्मा का संबंध विच्छिन्न हो गया है। आत्मा का सिद्धांत भारत के हजारों हजारों वर्ष की ज्ञान-साधना के पुण्य का फल है। वह प्राण तत्व है मूल तत्व है लेकिन हम अपने घर में ही किराएदार बन चुके हैं। भोग परायण और विज्ञापन की संस्कृति।

भूमंडलीकरण के नाम पर बाजार का जो साम्राज्य बिछा है, उसमें लोक संस्कृति का भी समावेश हो चुका है। सौंदर्य-प्रतियोगिताओं से लेकर त्योहारों, पर्वों, धार्मिक-आयोजनों, कथा-भागवत तथा मानवीय-संबंधों में भी बाजार आज नियामक की भूमिका में आ गया है। आज संबंधों में आत्मीयता का स्थान लाभ-हानि के गणित ने ले लिया है। स्थानीय-उत्पादन आज प्रतियोगिता से बाहर हो चुका है। खान-पान, वेशभूषा से लेकर भाषा भी बेदखल हो गई।

भांगड़ा की पहचान वैसाखी जैसे त्योहार से हुआ करती थी। आज वही भांगड़ा पंजाब के खेतों से निकल कर दिल्ली व मुंबई के डिस्कोथेक में पहुंच चुका है। लोकनृत्य अपने परिवेश से विच्छिन्न हो चुके हैं। संचार माध्यम किसी न किसी निहित-स्वार्थ के अधिकार में होते हैं और कुल मिलाकर बाजार अर्थव्यवस्था से जुड़े होते हैं, वही परोसते हैं जो प्रच्छन्न रूप में उनके लिए लाभकारी होता है। नयई पीढ़ी उनकी चमक-दमक से विभ्रमित हो जाती है। परिणाम अपसंस्कृति और अपनी भाषा एवं परंपराओं से अलगाव के रूप में सामने आता है। देवी-जागरण भी डिस्को कल्चर से प्रभावित हुआ है। एक बात यह भी उल्लेखनीय है कि लोक कलाओं को वैश्विक मंच भी मिला है। बिहार की मधुबनी-कला, छत्तीसगढ़ की पंडवानी, राजस्थान की कठपुतली, कालबेलिया का बीन वादन और सर्प नृत्य कला ने विश्व बाजार में अपना स्थान बनाया है। वह छोटे क्षेत्र से निकलकर विश्व फलक पर आई है लेकिन लोकसंस्कृति के व्यावसायीकरण में डालर की कमाई का लोभ है। लोकनृत्य अपने मूल गुण-धर्म को छोड़ कर मनोरंजन की सामग्री बन चुके हैं।

असहिष्णुता, प्रांतीयता, भाषाभेद, फंडामेंटलिज्म, उग्रवाद, पंथीकरण, उग्र-जातिवाद, अलगाववाद, संकुचित दृष्टिकोण, क्षेत्रीय-जोश, कुछ देने की जगह कुछ पाने की लालसा, जनसत्ता के विरुद्ध बाहुबल और बुद्धिजीवी का गठजोड़। सत्ता का वह खेल जो सामान्य- जन के विरुद्ध जाता है।

इसमें कोई संदेह नहीं है कि मनुष्य रहेगा और मनुष्यता भी रहेगी। कारण बड़ा स्पष्ट है कि मनुष्य सामाजिक-प्राणी है, अकेला जी नहीं सकता, समाज उसके लिए अनिवार्य है और समाज के लिए सामाजिकता अनिवार्य है। मनुष्यता इस सामाजिक-भाव की ही देन है। व्यष्टि और समष्टि का द्वंद्व चलता रहता है, इतिहास के अंधेरे युगों से लेकर आज तक यह द्वन्द्व चलता आ रहा है और भविष्य के युग-युगान्तर तक यह द्वन्द्व चलता ही रहेगा। द्वंद्व चलेगा तो उसके साथ समायोजन और सामरस्य भी चलता रहेगा। वर्तमान संदर्भ में भी हम लोकसंस्कृति को इसी जीवनक्रम के अंतर्गत निरख-परख सकते हैं।

भूमंडलीकरण और बाजारवाद कोई दूसरी चीज नहीं है, वह व्यष्टिसत्ता का ही विराट रूप है। जो व्यष्टिसत्ता कल राज्य-संस्था के आयुधों के साथ साम्राज्यवाद के रूप में थी, वही व्यष्टिसत्ता नयी तकनीक को लेकर आज बाजार-सत्ता के रूप में प्रकट हुई है। नई वैश्विक अर्थव्यवस्था में सर्वाधिक समृद्ध देश वर्चस्व प्राप्त कर लेता है। शक्ति की वही आदिम-होड़ चल रही है, वैसे ही युद्ध चल रहे हैं। हार और जीत के निर्णय विध्वंसक-शक्ति के आधार पर ही हो रहे हैं। भूमंडलीक्रणकी प्रक्रिया शक्ति के उसी सिद्धांत के आधार पर चल रही है-जिसकी लाठी उसकी भेंस।

## प्रसंगवश

# अब तो देखें न्याय की नई देवी

अदालतों में लगी न्याय की नई देवी की आंखों की पट्टी खुल गई है। कुछ बातें, जो पहले जनता तो देखती थी, पर वे नहीं देख पाती थीं, क्योंकि आंखों में पट्टी बंधी थी। अब उन्हें देख लेना चाहिए। जिला अदालतों में पीठासीन अधिकारी के बगल में बैठा पेशकार मुकदमों की पेशी में नीचे से पैसे लेता रहता है, जो दस्तूरी मान्य है। तारीख देने तक के पैसे होते हैं। बोलचाल की भाषा में इसे 'सुविधा शुल्क' कहते हैं। उसका कनिष्ठ बाबू, जिसे 'अहलमद' कहते हैं, कार्याधिक्य वश कई बाहरी लोगों को नौकर रखकर काम करवाता है, जिनसे सरकार का कोई लेना देना नहीं है। इन्हें "एडीशनल हैण्ड्स" कहते हैं। उनकी न्यायालय-पत्रावलियों तक पूरी पहुंच होती है। उन पर लिखा पढ़ी भी वे करते हैं। उनकी तनख्वाह कहां से निकलती है? जाहिर है कि ऊपरी आमदनी से ही निकलती होगी। देवी जी यह भी देखें कि उच्च और सर्वोच्च न्यायालय में बड़े राजनीतिक प्रकरणों तथा नामी गिरामी वकीलों द्वारा प्रस्तुत मामले तुरंत सुन लिए जाते हैं, शेष आम आदमियों के करोड़ों वाद शायद ही कभी सुनवाई हेतु लगते हों, जबकि कानून और न्याय की दुनियां का एक प्रसिद्ध सिद्धांत है "वीकर फर्स्ट"(कमजोर को पहले)। एक अंतिम बात वे देवी जरूर देखने का कष्ट करें कि सेवानिवृत्ति के तुरंत बाद सुप्रीमकोर्ट के जज सरकार द्वारा प्रदत्त कोई पद जैसे गवर्नर, राज्यसभा सदस्य आदि न ग्रहण कर सकें। ऐसा प्रतिबंध कम से कम दो वर्ष के लिए जरूर हो, चाहे कानून बनाकर या सुप्रीमकोर्ट के निर्णय द्वारा।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

न्यायिक शुचिता का तो यही तकाज़ा है। ऐसा न होने पर जनता यह सोचने लगती है कि ये जज महोदय सेवाकाल में निष्पक्ष कैसे रहे होंगे! सरकार इन्हें क्यों उपकृत कर रही है? निकट विगत में यह उपकार कुछ ज्यादा ही हुआ है। अयोध्या के मंदिर/मस्जिद मामले का निर्णय देने वाले पांच जजों में चार रिटायर हो चुके हैं। उन सबको रिटायर होते ही सरकारी पदों का उपहार दिया गया। पांचवे जज वर्तमान मुख्य न्यायमूर्ति हैं, जो चंद दिन बाद रिटायर हो रहे हैं। उदाहरण और भी हैं, किंतु विस्तार देना आवश्यक नहीं है।

# हाथ से हाथ बांध कर साइकिल पर बैठी कांग्रेस



नवेद शिकोह
वरिष्ठ पत्रकार

> कांग्रेस यूपी में कमजोर है लेकिन यहां भी गठबंधन में इसकी भागीदारी के बड़े मायने हैं । कांग्रेस का राष्ट्रीय वजूद है, पुराना इतिहास है, देश की आजादी में अहम भूमिका निभाने वाली इस पार्टी ने देश में सार्वाधिक हुकुमत की है । यूपी में करीब चार दशक तक इसकी सरकारें रही । यूपी नेहरू-गांधी परिवार का गढ़ रहा है । सपा के सबसे बड़े मुस्लिम वोट बैंक का पहला प्यार कांग्रेस ही है । लोकसभा में कांग्रेस ने अपनी छह गुना सीटें बढ़ाई ।

देश की सियासत का रुख़ क्षत्रपों की ताकत बढ़ा रहा है और राष्ट्रीय दल बैकफुट पर आ रहे हैं। वर्तमान में सबसे बड़ी और ताकतवर भाजपा की केंद्र सरकार क्षत्रपों के सहारे है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसा भाजपा का इतना बड़ा चेहरा और सबसे बड़े जनाधार के बावजूद भाजपा को लोकसभा चुनाव में अकेले बूते पर सरकार बनाने का बहुमत नहीं मिला। यूपी में भी भाजपा जाति पर आधारित छोटे-छोटे सहयोगी दलों के दबाव में है।

इसी तरह देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस जो देश का सबसे बड़ा विपक्षी दल है, इसे भी क्षेत्रीय दलों के दबाव से गुजरना पड़ रहा है। इंडिया गठबंधन का नेतृत्व करने के बावजूद कांग्रेस ने सहयोगी समाजवादी पार्टी से उत्तर प्रदेश के उप चुनाव में नौ में पांच सीटें मांगी, फिर तीन पर आई गई, किंतु सपा ने कांग्रेस को यहां एक भी सीट नहीं दी। अब यहां नौ की नौ सीटों पर सपा चुनाव लड़ेगी और पंजा साईकिल पर हाथ पर हाथ रख कर सिर्फ बैठा रहेगा। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने हरियाणा में पराजय के बाद कांग्रेस को बैकफुट पर ले लिया, लेकिन कांग्रेस यानी इंडिया गठबंधन से अलग होकर अकेले पीडीए की ताकत पर चुनाव लड़ना इसलिए मुनासिब नहीं समझा क्योंकि कांग्रेस का साथ छोड़ने से मुस्लिम और दलित कांग्रेस में छटक सकता था।

कांग्रेस यूपी में कमजोर है लेकिन यहां भी गठबंधन में इसकी भागीदारी के बड़े मायने हैं। कांग्रेस का राष्ट्रीय वजूद है, पुराना इतिहास है, देश की आजादी में अहम भूमिका निभाने वाली इस पार्टी ने देश में सार्वाधिक हुकुमत की है। यूपी में करीब चार दशक तक इसकी सरकारें रही। यूपी नेहरू-गांधी परिवार का गढ़ रहा है। सपा के सबसे बड़े मुस्लिम वोट बैंक का पहला प्यार कांग्रेस ही है। लोकसभा में कांग्रेस ने अपनी छह गुना सीटें बढ़ाई। इंडिया गठबंधन की सबसे कामयाब टेरीटरी यूपी ही रही जहां सपा-कांग्रेस गठबंधन की केमिस्ट्री हिट और फिट बैठी। यहां लोकसभा चुनाव 2024 में सबसे बड़े विपक्षी दल सपा ने बड़े भाई की भूमिका निभाते हुए कांग्रेस को सत्तरह सीटें दी थी और कांग्रेस को छह पर जीत हासिल हुई और छह सीटों पर करीबी मुकाबले में हार हुई। सूबे में इस गठबंधन की जीत के पीछे एक कारण ये भी सामने आया कि दलित समाज का एक हिस्सा जो भाजपा से नाखुश है और बसपा की निष्क्रियता से नाराज है, उसने कांग्रेस को विकल्प मानकर इंडिया गठबंधन पर विश्वास किया। यूपी में सपा की सरकारों में यादव-दलित में इतनी तल्खियां पैदा हो गई थी कि दलित यहां सपा के बजाय कांग्रेस को विकल्प मानकर इंडिया गठबंधन की ताकत बनता नजर आया था। कांग्रेस और सपा का एक साथ होने से मुस्लिम वोट भी बिखराव से बच कर एकजुट रहा। इस सफलता के बाद भी सपा ने उप चुनाव में कांग्रेस को बैकफुट पर लिया।

"जिसकी जितनी भागीदारी, उसकी उतनी हिस्सेदारी"। ये विपक्षियों का नारा है। सपा, कांग्रेस और ख़ासकर यूपी में अखिलेश यादव का पीडीए इस सिद्धांतों पर केंद्रित है। सामाजिक न्याय और कमजोर को हक देना सपा का सिद्धांत है।

समतामूलक मूल्यों वाला समाजवाद अंतिम पंक्ति में बैठे किसी कमजोर से कमजोर को उसका हक़ देने के लिए संकल्पित है। कमजोर को उसका हक दीजिए तो हर कमजोर ताकतवर बन जाएगा। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने अपनी पार्टी की ऐसी मूल भावना पर अमल किया होता तो यूपी के उपचुनाव में कमजोर कांग्रेस को इंडिया गठबंधन में उसकी हिस्सेदारी ज़रूर दी होती। मरता क्या ना करता! इस कहावत को चरितार्थ करते हुए राष्ट्रीय दल कांग्रेस को क्षेत्रीय दल सपा के आगे झुकना पड़ा और पंजा हाथ से हाथ बांध कर साइकिल पर बैठने को तैयार हो गया। अब देखना ये होगा कि लोकसभा चुनाव की तरह नौ सीटों पर होने वाले उप चुनाव में दलित समाज का एक हिस्सा दुबारा इंडिया गठबंधन का साथ देता है या पंजा गायब होने और सिर्फ साइकिल का निशान देखकर भड़क जाता है।

## सोशल फोरम

# अच्छा आदमी और बुरा आदमी

बहुत लोग कहते सुने जाते हैं कि मैं अच्छों के लिए अच्छा और बुरों के लिए बुरा हूं। वे चाहे अच्छे हों, चाहे बुरे, ग़लतबयानी कर रहे होते हैं। अच्छा आदमी डींग मार रहा होता है और बुरा अपना बचाव करने की तैयारी कर रहा होता है। क़ुदरत आदमी की शख़्सियत में ऐसे दो फाड़ करती ही नहीं-अच्छा आदमी सब के लिए अच्छा होता है और बुरा सबके लिए बुरा। हां, जब अच्छा आदमी बुरा करता दिखे तो जान लो कि किसी बुरे ने उसे इतना उकसा दिया है कि वह फ़िलहाल आपे में नहीं है। फिर आ जाएगा।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

बुरा आदमी अच्छा नहीं बन सकता, न अच्छा आदमी बुरा बन सकता है। किसी चुनाव के तहत नहीं, बस मजबूरी। तो दांत क्यों पीसते हैं? नफ़रत भी किसलिए? वश में ही नहीं है उसके तो क्या करे!

सारे धर्म, सारी विचारधाराएं इसी चट्टान से टकराकर चूर होती रही हैं। आगे भी होंगी। सिद्धांत और व्यवहार के बीच द्वंद्व का यही मूल तत्त्व है। बल्कि जितना उदात्त धर्म, जितनी महान विचारधारा, व्यवहार में उसकी उतनी ही दुर्गति। धूर्तों का यही काम है। उदात्त और महान की आड़ में ही उनकी कला परवान चढ़ती है और धूर्तता बुरे आदमी का विशेषाधिकार है।

आप यह भी जान लो कि तम का आयतन सत्त्व से हमेशा ज्यादा ही होना है। कई गुना। क़ुदरत ऐसी ही है। कभी किसी भले आदमी को ठगे जाते नहीं सुना गया (चिट फंड कंपनी द्वारा भी नहीं)। होता क्या है कि बड़ा ठग छोटे ठग को ही ठगता है। जो इस हुनर में माहिर होते हैं कि भले आदमी और ठग आदमी में तमीज़ कर सकें, वही इस धंधे में फलते-फूलते हैं। उन्हें यह जानने की भी तमीज़ होती है कि कहीं सामने वाला उनका भी बाप तो नहीं...अगर लोग लालची न हों तो ठगी के धंधे में लगे लोग भूखों मर जाएं।

कुछ देर भेद भरी निगाह से देखने के बाद उन्होंने फिर कहा-भला आदमी और बुरा आदमी और कुछ नहीं, बस मज़बूत आदमी और कमज़ोर आदमी है। न कोई भला, न कोई बुरा।

-फेसबुक वॉल से

# 'एका आंदोलन' के महानायक मदारी पासी

> मदारी पासी का कद लगभग 6 फिट हष्ट-पुष्ट शरीर और घनी व बड़ी बड़ी रौबदार मूंछें उन पर खूब फब्ती थी। उन्होंने शैक्षणिक योग्यता तो अर्जित नहीं की थी लेकिन उन्हें हिंदी का अच्छा ज्ञान था। उर्दू भी सीखी थी । वे धनुष बाण के अचूक निशानेबाज थे तलवार लेकर चलते लाठी प्रिय हथियार था उनका धनुष बाण अब तक ग्राम भटेना में उनके मित्र लहुआ पांडे के घर सुरक्षित है।



भारतीय स्वतंत्रता संग्राम के महान नायक एका आंदोलन के प्रणेता और किसान आंदोलन के अग्रदूत क्रांतिकारी मदारी पासी जिनका जन्म 24 अक्टूबर 1860 को हुआ। ये अनुमानित तिथि है, क्योंकि जिस समाज में जन्मे वहां जन्मकुंडली नहीं बनवाई जाती थी और जन्मकुंडली बनाने वाले परहेज भी रखते थे। मदारी पासी का इतिहास आरपी सरोज पूर्व अपर पुलिस महानिदेशक के प्रयास व शोध के कारण मदारी पासी के निधन के 68 वर्षों बाद सामने आया। इतिहाकार राजकुमार के अनुसार क्रांतिवीर मदारी पासी का जन्म ग्राम मोहनखेड़ा, मजरा इटौंजा, तहसील संडीला जनपद हरदोई स्वाभिमानी पासी परिवार में हुआ था। पिता मोहन पासी थे, ये वो दौर था समाज में छुआछूत, ऊंचनींच, जातीपांत का बोलबाला था इसीलिए मदारी पासी में अन्याय, शोषण, व सामाजिक कुरीतियों के विरुद्ध विद्रोह की भावना का बीज अंकुरित हुआ।

मदारी पासी का कद लगभग 6 फिट हष्ट पुष्ट शरीर और घनी व बड़ी बड़ी रौबदार मूंछें उन पर खूब फब्ती थीं। उन्होंने शैक्षणिक योग्यता तो अर्जित नहीं की थी लेकिन उन्हें हिंदी का अच्छा ज्ञान था। उर्दू भी सीखी थी वे धनुष बाण के अचूक निशानेबाज थे। तलवार लेकर चलते लाठी प्रिय हथियार था। उनका धनुष बाण ग्राम भटेना में उनके मित्र लहुआ पांडे के घर अब भी सुरक्षित है।



सुरेन्द्र सोनकर
सामाजिक चिंतक

मदारी पासी के 'एका आंदोलन' की पृष्ठभूमि में उस समय का व्यापक किसान आंदोलन था। गवर्नर जनरल लार्ड डलहौजी की अवध के प्रति हड़प नीति सन 1856 एवं सन 1857 के स्वतंत्रता संग्राम के पश्चात ईस्ट इंडिया कंपनी के अफसरों ने अवध के किसानों का सबसे ज्यादा दमन किया। जमीनें छीनकर अंग्रेजों के दलाल जमींदारों के अधीन कर दी गईं और वे जमींदार अंग्रेजों के एजेंट के तौर पर काम करते थे। अंग्रेजो के अतिरिक्त स्थानीय महाजनों, साहूकारों और जमींदारों ने कभी बेगार के बदले उनके खेत व जेवर छीनने शुरू कर दिए। किसानों की बहु बेटियों की इज्जत भी इन जमींदारों की क्रूरता में शामिल थी। ऊपर से नगदी लगान के कारण साहूकारों व जमींदारों के समक्ष जमीन जायदाद गिरवीं रखते गए बल्कि खुद को भी गिरवीं रख देते। किसानों के भीतर ताल्लुकेदारों और अंग्रेजों के निजाम और गांव के भीतर परंपरागत ढांचे के खिलाफ गुस्सा फूट रहा था। अंग्रेजों की नई बंदोबस्त प्रणाली के कारण किसान मजदूर बनते जा रहे थे। जुल्म की इंतहा थी, लगान नगदी के कारण बेहाल हो रहे थे। 1918 में किसान सभाओं का गठन होना शुरू हुआ। 1920 तक किसान आंदोलन हरदोई, सीतापुर, बहराइच, लखनऊ, उन्नाव , फर्रुखाबाद , प्रतापगढ़, आदि जनपदों में केंद्रित हुआ जो एका आंदोलन के रूप में प्रचलित व प्रख्यात हुआ। एका आंदोलन पूरे मनोयोग व संवेदनशीलता से किसानों के हितों की लड़ाई लड़ रहा था। इस आंदोलन ने थोड़े ही समय में जड़ें जमा लीं, जिसकी कमान मदारी पासी के हाथ थी।

मदारी पासी के प्रभाव के कारण तत्कालीन संयुक्त सरकार ने 1921 में रैय्यतों को सुविधा देने के उद्देश्य से अवध राजस्व अधिनियम में संशोधन किया गया। इस आंदोलन का प्रमुख उद्देश्य था जमींदारों की मनमानी और अत्याचार रोकना, उनकी बेगारी न करना, स्वीकृत लगान के अलावा नजराना, शुकराना आदि न देना, एका की सभाओं में प्रतिज्ञा ली जाती, लगान को छोड़कर कुछ भी न देने की। मदारी पासी को लोग गांधी कहते वे कहते भले ही मुझे लोग गांधी कहें मैं न तो गांधी बाबा हूं न ही उनका आदमी हूं वैसे उनसे हमारा कोई बैर नहीं है। हम चाहते हैं अंग्रेज मुल्क से चले जाएं लेकिन हमारा खून तो हमारे भारतीय ही चूस रहे हैं, खेत हम जोतें और फसल ले जाएं सेठ साहूका। जमींदार और बेगार भरें सो अलग, किसान आंदोलन का नेता स्वतंत्रता आंदोलन का योद्धा दलित होने के कारण साहित्यकारों की कलम का विषय न बन सका।

# बैंकों में घट रहे कर्मचारी

राष्ट्रीयकृत बैंकों और निजी बैंकों में घट रही कर्मचारियों की संख्या न केवल चिंता का विषय बन रही है बल्कि बैंक यूनियन के एक बड़े अखिल भारतीय बैंक संगठन एआईबीईए ने इस बार पुरजोर तरीके से इस मांग को उठाया भी है। कुछ माह पहले ग्रामीण बैंकों, यूनियन बैंक,बैंक ऑफ बड़ौदा आदि के बैंकवार संगठनों ने कर्मचारियों की भर्ती को लेकर आंदोलन भी किए थे। परंतु कोई खास परिणाम न निकलने से अब अखिल भारतीय बैंक संगठन के महामंत्री सीएच वेंकटचलम ने इंडियन बैंक एसोसिएशन को चेतावनी दी है कि बेहतर ग्राहक सेवा और कर्मचारियों पर बढ़ रहे काम के बोझ को देखते हुए पर्याप्त भर्ती शुरू की जाए,उन्होंने बैंक के जोखिम भरे काम को देखते हुए अस्थाई और कैजुअल वर्कर से काम न लिए जाने की भी मांग की है।



संजीव मेहरोत्रा
बरेली

उन्होंने ऋण प्रबंधन को दुरुस्त करने की भी मांग करते हुए डिफाल्टर की सूची प्रकाशित करने की मांग दोहराई है। उनका कहना है कि ऋण न चुकाने वालों में बड़ा हिस्सा कारपोरेट घरानों का है न कि व्यक्तिगत कर्जदारों का।

उल्लेखनीय है हाल में ही बैंको में एक्जिक्यूटिव की नई पोस्ट तो क्रिएट की गई हैं, लेकिन सफाई कर्मचारी, चपरासियों और लिपिकों के करीब एक लाख पद भरे जाने की ओर बैंक और इंडियन बैंक एसोसिएशन कोई ध्यान नहीं दे रहा है। देश में एक ओर बेरोजगारी की समस्या चरम पर है, क्या बैंक यूनियन की मांग पर सरकार ध्यान देगी?

# दीपावली विवाद

इस विषय में पंडितों ने बहुत विद्वत्तापूर्ण चर्चा की है। इस विषय में मेरा अध्ययन नहीं है। सामान्य नियम है कि जिस दिन सूर्यास्त के समय अमावस्या होगी उस दिन दीपावली होगी। दीप सूर्यास्त के बाद ही जलते हैं। विवाद तब होता है जब दो क्रमागत दिनों में सूर्यास्त के समय अमावस्या हो। ऐसा केवल पूर्व भारत में हो रहा है। पश्चिम भारत में देर से सूर्यास्त होगा, वहां केवल 31 अक्टूबर को ही सूर्यास्त समय अमावस्या है। अतः वहां कोई शंका नहीं है। पूर्व भारत में 1 नवंबर को भी सूर्यास्त काल में अमावस्या है। अधिक तिथि या अधिक मास का सामान्य नियम है कि प्रथम दिन/ मास को अधिक तथा द्वितीय को शुद्ध मानते हैं।



अरुण कुमार उपाध्याय
सेवानिवृत्त आईपीएस

एक पंडित ने ऐसा ही नियम दीपावली के लिए उद्धृत किया है। उसके अनुसार 31 अक्टूबर तथा 1 नवंबर दोनों दिन सूर्यास्त के समय अमावस्या है तो 1 नवंबर ही दीपावली होगी। तिथि गणना के लिए सूर्य- चंद्र की सापेक्ष गति लेते हैं, अतः अयनांश के कारण अन्तर नहीं होगा। सूक्ष्म गणना से किसी नगर के पश्चिम भाग में 31 अक्टूबर तथा उसके पूर्व भाग में 1 नवंबर को दीपावली हो सकती है। शास्त्रीय विवाद भूल कर भारत की राजधानी में जिस दिन दीपावली है, उसी दिन पूरे भारत में होनी चाहिए। भारतीय समय के लिए भी यही आधुनिक नियम है।

# कार्यालय नगर पंचायत इकदिल, इटावा

पत्राका :–502स्व0भ0वि0/2024–25 दिनांक:– 23/10/24

## अधिसूचना

**कार्यालय नगर पंचायत इकदिल, इटावा** द्वारा उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916 एवं उसमें दी गई उपधाराओं तथा शासन द्वारा समय–समय पर जारी शासनादेशों में दिए गये दिशा निर्देशों के क्रम में ऑनसाइट स्वच्छता व्यवस्था के अन्तर्गत घर / भवन / प्रतिष्ठान में ऑनसाइट सेनिटेशन सिस्टम (सेप्टिक टैंक / पिट / सोख्ता) के संग्रहण, दुलाई और उससे जुड़े मामलों के लिए निम्नलिखित उपविधियां बनाई गई है। इस अधिसूचना से यदि किसी भी व्यक्ति / सामाजिक संस्थान को कोई आपत्ति / सुझाव है, तो विज्ञप्ति जारी होने की तिथि से 15 दिवस के अन्दर **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** में लिखित रूप में अपने सुझाव / आपत्ति दे सकते है।

प्राधिकार: ये उपविधि निम्नलिखित प्रावधानों को लागू करने वाला सक्षम ढांचा है:
(क) उत्तर प्रदेश राज्य सेप्टेज प्रबंधन नीति, 2019
(ख) फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंधन की राष्ट्रीय नीति, 2017
(ग) सीपीएचईईओ मैनुअल आन सीवरेज और फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंधन 2013
(घ) माडल निर्माण उपविधि 2016 तथा अन्य लागू भवन उपविधि
(ङ) प्रोहिबिशन ऑफ एम्प्लॉय मेटऐज् मैनुअल स्केवेंजर्स एंड देयर रिहैबिलिटेशन ऐक्ट – 2013
(च) आईएसकोड 2470 भाग 1 और II, 1985 (1996 रीअफर्म्ड) – सेप्टिक टैंक संस्थापित करने के लिए कार्य व्यवहार संहिता
(छ) केंद्रीय कानून, नियम और विनियमन पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986
(ज) जल (प्रदूषण पर रोक और नियंत्रण) अधिनियम, 1974
(झ) उत्तर प्रदेश के राजकीय कानून जैसे जल और स्वच्छता संबंधी, जैसे कि यू.पी. जलआपूर्ति एवं सीवरेज अधिनियम, 1975, उत्तर प्रदेश जल संस्थान जला पूर्ति एवं सीवरेज उपविधि 2008 तथा अन्य कोई प्रासंगिक राजकीय कानून!

### क्षेत्र (स्कोप)

ये उपविधि **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** की प्रशासनिक सीमा के भीतर फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्रबंधन में संलग्न सभी हित धारकों पर लागू होते हैं, जिसमे सेप्टिक टैंक वाले घरों के मालिक एवं उपयोगकर्ता, सेप्टिक टैंक सफाई आपरेटर तथा निकाय के उपचार और निस्तारण में संलग्न जवाब देह एजेंसियां शामिल हैं। यह उपविधि सभी सार्वजनिक, निजी, आवासीय, वाणिज्यिक, संस्थागत, प्रस्तावित, नियोजित या निकाय **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** भवनों पर लागू होगा।

### अध्याय–1 (प्रारंभिक)

1. संक्षेप – शीर्षक, विस्तार और आरंभ
(i). इन उपविधियों को **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** फोकल स्लज एवं सेटेज प्रबंधन (FSSM) उपविधि, 2023 कहा जा सकता है।
(ii) ये उपविधि उत्तर प्रदेश राज–पत्र (गजट) में प्रकाशित होने की तारीख से **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** क्रियान्वित होंगे और निकाय की प्रशासकीय परी सीमा के अंदर लागू होगी।

**2. परिभाषा**

(i). फीकल स्लज या सेप्टेज का को ट्रीटमेंट उस प्रकिया को कहते हैं जिसमें सीवेज उपचार सुविधा (एसटीपी) में, शहरों के सीवर के जरिए से ले जाने वाले घरेलू सीवेज के उपचार के अलावा, विभिन्न ऑन–साइट स्वच्छता प्रणालियों के फीकल स्लज औ रसेप्टेज (एफएसएस) का भी उपचार किया जाता है।
(ii). ''को–ट्रीटमेंट फैसिलिटी'' का तात्पर्य है ऐसा सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट जिसमें फिकल स्लज के उपचार के लिए पर्याप्त प्रावधान उपलब्ध हो।
(iii) विकेंद्रीकृत अपशिष्ट जल उपचार (DWWT) '' प्रणाली' का तात्पर्य है ऐसी पद्धति से है जिसमें निजी आवासों, आवासीय संकुलों, एकल समुदायों, उद्योगों, संस्थानों या उत्पादन स्थल के निकट अपशिष्ट जल का संग्रहण, उपचार किया जाता है और निस्तारण/दुबारा इस्तेमाल योग्य बनाया जाता है। ये प्रणाली अपशिष्ट जल के तरल और ठोस दोनों घटकों के लिए प्रयुक्त होते हैं
(iv) 'डिस्लजिंग' का तात्पर्य है लाइसेंस धारी आपरेटर अथवा निकाय के प्रशिक्षित सफाई कर्मचारियों द्वारा सेप्टिक टैंक/पिट से फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकालने की प्रक्रिया।
(अ) निस्तारण का तात्पर्य है फीकल स्लज एवं सेप्टेज का अधिसूचित स्थान तक परिवहन एवं निर्वहन
(vi). फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट (FSTP) का तात्पर्य है सुरक्षित निस्तारण और दुबारा इस्तेमाल के निर्धारित मानदंड के अनुसार ठोस और तरल घटकों को हटाने वाला स्वतंत्र फीकल स्लज एवं सेप्टेज उपचार:
(vii) ''ऑन साइट सेनिटेशन सिस्टम (ओएसएस)" ऐसी स्वच्छता प्रणाली हैं जो पूरी तरह से निजी/ व्यावसायिक/सरकारी आवास और उसके आस–पास के भूखंड परस्थित होता है। आमतौर पर, भूखंड पर स्वच्छता 'घरेलू शौचालय के समान है, लेकिन इसमें एक ही भूखंड पर एक साथ रहने वाले कई परिवारों द्वारा साझा की जाने वाली सुविधाएं हो सकती है।
(viii). आपरेटर का तात्पर्य ऐसे व्यक्ति से है जो फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकालने और उसके परिवहन के व्यवसाय में संलग्न है।
(ix) 'सैनिटरी लेट्रिन्स का अर्थ होगा सेष्टिक टैंक अथवा कोई ओएसएस अथवा भूमिगत सीवरेज प्रणाली से जुड़े शौचालय और मूत्रालय के प्रकार और बनावट जो गल 'अपचित मल मूत्र) के सुरक्षित परिरोधन और निस्तारण को सुनिश्चित करता हो, जिनमें से प्रत्येक का निर्माण निकाय द्वारा जारी किए गए डिजाइन विनिर्देश और दिशा निर्देश के अनुरूप नियमानुसार किया गया हो
(xi) सेप्टिकटैंक भूमिगत निर्मित टैंक हे जो आंशिक रूप से ठोस जमाव और अवायवीय पाचन के संयोजन द्वारा आंशिक रूप से फोकल स्लज एवं सेप्टेज का उपचार करता है, जिसका निर्माण आईएस कोड 2470 के डिजाइन विनिर्देश या निकाय द्वारा जारी दिशा निर्देशों के अनुसार किया गया है !
(xii) शेड्यूल्ड डीस्लजिंग का अर्थ है केंद्रीय लोक स्वास्थ्य एवं पर्यावरण इंजीनियरिंग संगठन (सीपीएचईईओ) की अनुशंसाओं के आधार पर 2–3 वर्षों के अंतराल पर ओएसएस को नियमित रूप से खाली कराने की प्रक्रिया !
(xiii) सेप्टेज का अर्थ है अच्छी तरह डिजायन किए हुए सेप्टिक टैंक से निकलने वाला फीकल स्लज ।
(xiv) सीवेज उपचार संयंत्र का अर्थ उस स्थान से है जहां सुरक्षित निस्तारण और दुबारा उपयोग के लिए निर्धारित मानकों के अनुसार मल जल का उपचार किया जाता है।

### अध्याय– II
### अपशिष्ट जल का प्रबंधन और निस्तारण
### 3. परिसर में अपशिष्ट जल का प्रबंधन और निस्तारण

निकाय में प्रत्येक संपत्ति के मालिक / अधिग्राही (जिसमें मौजूद या प्रस्तावित, आवासीय और व्यावसायिक और अन्य शामिल हैं तथा इसी तक सीमित नहीं हैं) यह सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी होंगे कि उनके परिसर से अपशिष्ट जल को निम्नलिखित तरीके से किसी भी या किसी के संयोजन के माध्यम से उपचार या निस्तारण किया जाता है, अर्थात्
(i) यदि घर की सीमा से 30 मीटर की दूरी या उतनी दूरी जितनी दूर से सीवर कनेक्शन घर तक आ सकता हो, या घर का मालिक कनेक्शन लेने के लिए कोई शुल्क अथवा कोई और जरूरत के अनुसार प्रक्रिया पूर्ण कराकर करे ।
(ii) अपशिष्ट जल को एक निकाय अनुमोदित समुदाय या स्थानीय क्षेत्र उपचार सुविधा तक पहुंचाया जाता है !
(iii) यदि संपत्ति के 30 मीटर में कोई सीवर नहीं है, तो मालिक को यह सुनिश्चित करना होगा कि अपशिष्ट जल को साइट की उपचार प्रणाली में ले जाया जाए, जिसमें सेप्टिक टैंक या ट्विन–पिट या सोक–पिट या साइट पर स्थित आईएसकोड 2470 भाग 1 और 2 के अनुसार निर्मित अन्य प्रणाली शामिल हो सकती हैं।
(iv) वे परिपत्तियाँ जो प्रतिदिन अपशिष्ट जल उत्पन्न करती हैं और उनके परिसर के 2000 वर्ग मीटर से अधिक खुला क्षेत्र है, तो उसमें एक विकेन्द्रीकृत अपशिष्ट जल उपचार प्रणाली स्थापित की जाए ताकि संपत्ति में एकत्र अपशिष्ट जल का उपचार किया जा सके। संपत्ति के मालिक द्वारा बागवानी / फ्लशिंग के लिए उपचारित अपशिष्ट जल का पुनरू उपयोग किया जाए ताकि ताजे पानी पर निर्भरता कम हो !

### अध्याय – III
### ऑन साइट स्वच्छता प्रणालियाँ

4. मालिक या अभिग्राही के कर्त्तव्य और अनुपालन निकाय के दायरे में स्थित किसी भवन या उसके हिस्से का मालिक या अभिग्राही, जैसा भी मामला हो, इन उपविधियों के लागू होने की तारीख से निम्रलिखित दायित्वों को पूरा करने के लिए जिम्मेदार होंगे:
1. उपविधियों के अनुसार प्राधिकार द्वारा जारी सूचना में निर्दिष्ट समय के भीतर वह ऐसे भवन में इंसेनिटरी लेट्रिन्स उपयोग को बंद कर देंगे और निकटवर्ती सामान्य नालियों या खुले भूखंड या जल निकायों के सभी निर्गम को भी बंद कर देंगे तथा अपने स्वामित्व वाले या अपने उपयोग किए जाने. वाले भवनों में केवल सेनिटरी लेटिन्स का निर्माण, संचालन और उनका रख रखाव करेंगे।

**5. ओएसएस का डिजाइन, निर्माण और रख रखाव**

(i). ओएसएस का डिजाइन, निर्माण और उनकी स्थापना आईएसकोड 2470 भाग 1 और 2' के प्रावधानों के अनुसार किया जाएगा, या इसके समय समय पर किए गए संशोधित प्रावधान अथवा **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** या राज्य सरकार या केंद्र सरकार द्वारा जारी किसी अन्य स्वीकृत उपयुक्त अभियांत्रिकी कार्य संहिता द्वारा संशोधित किया गया हो।
(ii). ओएसएस से जुड़ी संपत्ति के मालिक /निवासी ऐसे ओएसएस से निकलने वाले फीकल स्लज के अनुरक्षण, रखरखाव और सुरक्षित निस्तारण के लिए जिम्मेदार होंगे।
(iii) परिसर का मालिक नगर पालिका परिषद, इटावा द्वारा निर्धारित लागत के भुगतान पर नियमित आधार पर (प्रत्येक 2–3 वर्ष में) फीकल स्लज साफ करने का काम करेगा। (अथवा जैसा कि परिशिष्ट 2 में सुझाया गया है।)
(vi). परिसर का मालिक सुनिश्चित करेगा कि कंटेनमेंट संयंत्र के खराब या दोषपूर्ण निर्माण के कारण फीकल स्लज के खुली जगहों में या नाली में गिरने से पर्यावरण प्रदूषित नहीं हो।
(V). परिसर के मालिक को यह सुनिश्चित करना होगा कि सेप्टिक टैंक को लाइसेंस प्राप्त आपरेटर या **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** के प्रशिक्षित स्वच्छता कर्मियों द्वारा पर्याप्त सुरक्षा उपायों के साथ यांत्रिक रूप से साफ किया जाता है और हाथ से सफाई ना हो।
(vi) नियमों के पालन के लिए नगर पालिका परिषद हटावा या उसके अधिकृत प्रतिनिधि को ही परिसर का निरीक्षण करने का अधिकार है। **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** समय–सीमा के भीतर अपने खर्चे पर अपशिष्ट जल प्रबंधन और निस्तारण से संबंधित नियम उल्लंघन की स्थिति में सुधार / संशोधन के लिए परिसर के मालिक के लिए चेतावनी जारी कर सकता है।
(vii) **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** अपने विवेक पर गैर–अनुपालन प्रणालियों के रेट्रोफिटिंग / सुधार के लिए संपत्ति मालिकों को प्रोत्साहन प्रदान कर सकता है और वैकल्पिक प्रणालियों का सुझाव देने के लिए तकनीकी विशेषज्ञों को शामिल कर सकता है।

### अध्याय IV
### फीकल स्लज एवं सेप्टेज के संग्रहण और ढुलाई के लिए लाइसेंस और पंजीकरण
### 6. निकाय द्वारा जारी किया जाने वाला लाइसेंस

(i). **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** वर्तमान में अपनी प्रशासनिक सीमाओं में फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकालने की सेवाएँ प्रदान करने वाले निजी आपरेटरों के स्वामित्व वाले या किराए पर लिए गए वैक्यूम टैंकरों को पंजीकृत करेगा।
ii). **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** अपने कर्मियों सहित ओपेरटरों के लिए आईईसी और क्षमता निर्माण गति विधियाँ करेगा, जहां उन्हें फीकल स्लज एवं सेटेज को सुरक्षित तरीके से खाली करने और ढुलाई के लिए उपयुक्त तरीके से इस्तेमाल करने के लिए जागरुक और प्रशिक्षित किया जाएगा। यह प्रशिक्षण पंजीकरण की तिथि के 1 महीने के भीतर किया जाएगा।
iii. जब आपरेटर को लगे कि वह लाइसेंसिंग के मानदंडों के अनुपालन में सफल है, तो वह इन उपविधियों के फार्म 1 (परिशिष्ट–4) की मदद से इसके लिए आवेदन कर सकता है। इसे प्रशिक्षण के पूरा होने के 2 महीने से अधिक नहीं बढ़ाया जाएगा।
iv. **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** आपरेटर द्वारा अधिसूचित स्थानों पर फीकल स्लज निकालने और फीकल स्लज एवं सेप्टेज की ढुलाई के लिए लाइसेंस जारी करेगा।
V. इन विनियमों के फार्म 2 (परिशिष्ट – 5) में निर्धारित प्रारूप के अनुसार लाइसेंस जारी किया जाएगा, और यदि इसे पहले रद्दन हीं किया जाता है तो जारी होने की तिथि से एक वर्ष के लिए वैध होगा, और अवधि समाप्त होने पर निर्धारित शुल्क का भुगतान करने पर लाइसेंस धारी आपरेटर द्वारा नियमों और शर्तो की पूर्ति के अधीन नवीकरणीय होगा।

**7. लाइसेंस जारी करने की शर्ते**

1. लाइसेंस हासिल करने के पात्र आवेदक का अर्थ इन उपविधियों के खंड 2 (xxi) में परिभाषित 'व्यक्ति' से होगा!
ii. आवेदक को उचित सक्शन/वैक्यूम और डिस्चार्जिग व्यवस्था के साथ रिसाव मुक्त, गंध और छिलका व रहित परिवहन वाहन का मालिक होना चाहिए या ऐसा वाहन उसे किराए पर लेना चाहिए।
III. **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** में परिचालन के लिए वाहन का परिवहन विभाग द्वारा जारी वैध पर मिट या पंजीकरण प्रमाण पत्र होगा।
iv. आवेदक अपने वैक्यूम टैंकर को **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** के साथ पंजीकृत करेगा ।
V. आवेदक का यह उत्तर दायित्व होगा कि उसके स्वामित्व वाले/किराए पर लिए गए वैक्यूम टैंकर इन विनियमों के खंड 16 में दिए गए मानदंडों को पूरा करते हैं।
vi. आवेदक का यह भी उत्तर दायित्व होगा कि **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** या उसके द्वारा किराए पर ली गई एजेंसी द्वारा इस उद्देश्य के लिए नियुक्त कर्मी पर्याप्त रूप से प्रशिक्षित हैं।
. आवेदक द्वारा कर्मियों को सुरक्षा उपस्कर और अन्य सुरक्षात्मक उपकरणों से लैस रखा जाएगा, जो कि सुरक्षित रूप से फीकल स्लज निकालने, उसकी ढुलाई करने और अधिसूचित स्थानों पर फीकल स्लज एवं सेप्टेज का निस्तारण करने के लिए आवश्यक हैं। जरूरी पीपीई इस उपनविधि केप रिशिष्ट– 3 में दी गई सूची के अनुसार होगा।

### 8. लाइसेंस के लिए आवेदन

फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकालने, परिवहन और निपटान हेतु लाइसेंस प्राप्त करने के लिए आवेदन एफएसएस का निर्धारित प्रारूप में प्रस्तुत किया जाएगा, जो इन उपविधियों के फार्म 1 के रूप में संलग्न है, जिसमें नियमों और शर्तो सहित ऐसे दस्तावेजों के साथ जैसा कि निकाय के नामित अधिकारी (परिशिष्ट–4 देखें) द्वारा निर्धारित किया गया हो। **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** द्वारा सत्यापन एवं प्रशिक्षण के बाद ही फीकल स्लज एवं सेप्टेज का संग्रहण, परिवहन एवं निपटन का लाइसेंस आपरेटर को दिया जायेगा (फार्म–2, परिशिष्ट – 5)।

**9. लाइसेंस के लिए आवेदन करने हेतु आमंत्रण–** लाइसेंस के लिए आवेदन करने हेतु इटावा द्वारा संभावित आवेदकों को आमंत्रित करते हुए समय–समय पर अपनी वेबसाइट पर और प्रमुख समाचार पत्रों तथा अन्य प्रिंट व इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से व्यापक विज्ञापन दिया जाएगा।

**10. लाइसेंस के लिए पंजीकरण शुल्क** नए निजी आपरेटरों (फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकालने वाला) के लिए लाइसेंस प्रदान करने हेतु पंजीकरण पूरा करने के लिए समय–समय पर **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** द्वारा निर्धारित पंजीकरण शुल्क (**10.1 देखें**) लिया जा सकता है। यह शुल्क लौटाया नहीं जाएगा और इसका भुगतान इलेक्ट्रानिक या नगद स्वरूप में किया जा सकता है।

10.1 पंजीकरण के शुल्क और वैधता

i). आपरेटर के रूप में नए निजी आपरेटरों को पंजीकृत कराने हेतु पंजीकरण शुल्क रु. 2000
ii) .पंजीकरण की वैधता: पंजीकृत निजी आपरेटर, लाइसेंस नवीनीकरण शुल्क जमा करके अधिकतम 2 वर्षो तक शहर को अपनी सेवा दे सकता है। यदि निजी आपरेटर लाइसेंस नवीनीकरण करने में विफल रहता है तो उसका पंजीकरण स्वत: रद्द हो जाएगा और यदि वह शहर की सीमाओं में फीकल स्लज हटाने वाली सेवाओं को फिर से शुरू करना चाहता है तो उसे पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करनी होगी।
iii- लाइसेंस नवीनीकरण शुल्क: रु.1000

### 11. लाइसेन्स धारी आपरेटर का विज्ञापन

**नगर पंचायत इकदिल, इटावा** द्वारा समय समय पर अपनी वेबसाइट के साथ–साथ प्रिंट और इलेक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से लाइंसेस शुदा आपरेटर का व्यापक विज्ञापन दिया जाएगा।

### 12. जागरुकता अभियान

इन उपविधियों के बारे में जागरूक करने के साथ–साथ फीकल स्लज एवं सेप्टेज की सफाई, दुलाई और निस्तारण हेतु **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** द्वारा लोगों को केवल लाइंसेस धारी आपरेटर को शामिल करने की आवश्यकता के बारे में जागरूक बनाने का अभियान चलाए जाएगा।

### अध्याय V

**फीकल स्लज एवं सेप्टेज का निष्कासन / संग्रहण (डीस्लजिंग) और परिवहन (ढुलाई)**

**13. संपत्ति के मालिक या अभिग्राही द्वारा केवल लाइंसेस धारी आपरेटर को काम पर रखा जाएगा**

i. भवन के प्रत्येक मालिक/अभिग्राही का यह दायित्व होगा कि वह फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकासी और ढुलाई के लिए **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** के लाइसेंस धारी आपरेटर अथवा प्रशिक्षित सफाई कर्मियों की ही सेवाएं लें।
ii. मालिक /अधिभोगी डीस्लजिंग सेवा से सम्बंधित सम्पूर्ण जानकारी आपरेटर को प्रदान करेगा । (परिशिष्ट–6 देखें)।

**14. फीकल स्लज एवं सेप्टेज की निकासी/ढुलाई का शुल्क**

1. समय– समय पर अधिसूचित स्थानों पर फीकल स्लज एवं सेटेज निकासी और ढुलाई का शुल्क निकाय के नामित अधिकारी द्वारा अधिसूचित किया जाएगा (परिशिष्ट 2 देखें) ।
ii. शहर में जब कभी नगर पालिका परिषद, इटावा द्वारा शेड्यूल्ड 'डीस्लजिंग' पालन करने का फैसला किया जाता है, तो फीकल स्लज निकासी शुल्क को 'सफाई शुल्क' से बदल दिया जाएगा या इसे संपत्ति / जलकर में शामिल किया जा सकता है, जिसे **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** द्वारा समय–समय पर अधिसूचित किया जाएगा।
iii. 1. लाइसेंस धारी आपरेटर सम्पत्ति के मालिक/अभिग्राही से निकाय द्वारा समय–समय पर अधिसूचित शुल्क से अधिक राशि नहीं वसूलेगा।
iv. फीकल स्लज एवं सेप्टेज की निकासी और ढुलाई कार्य के लिए अधिसूचित शुल्क से अधिक राशि मांगने पर लाइसेंस धारी आपरेटर का लाइसेंस रद्द कर दिया जाएगा और इन उपविधियों के । उल्लंघन के लिए निर्धारित जुर्माना लगाया जाएगा।

### 15. फीकल स्लज एवं सेप्टेज कीढुलाई के वाहन

i) फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकासी और ढुलाई कार्य केवल लाइसेंस प्राप्त आपरेटर या नगर पालिका परिषद, इटावा के प्रशिक्षित सफाई कर्मियों द्वारा ही किया जाएगा।
ii) आवश्यक शर्तो के पूरा नहीं होने पर भी वैक्यूम टेंकर को 2 वर्ष की अवधि के लिए पंजीकृत कराया जा सकता है। ऐसी स्थिति में, संबंधित आपरेटर को निश्चित समय सीमा के भीतर वैक्यूम टैंकर को समुन्नत अपग्रेड करना चाहिए!
iii) डीस्लजिंग वाहनों का परिचालन फीकल स्लज एवं सेंटेज की सुरक्षित औरकुशल ढुलाई के लिए समय–समय पर**नगर पंचायत इकदिल, इटावा** द्वारा चिह्नित निर्दिष्ट मार्गो पर ही किया जाएगा।
iv) आपरेटर को जारी लाइसेंस की एक प्रति और **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** वाहन का पंजीकरण नंबर फिकल स्लज एवं सेप्टेज की ढुलाई हेतु प्रयुक्त वाहन पर स्पष्टता से प्रदर्शित किया जाएगा !
V) वाहन/टैंकर को पीले रंग से पेंट किया जाएगा जिस पर लाल रंग में (सावधानी के लिए) "septic tank waste" (अंग्रेजी में) और 'मलकुंड अपशिष्ट' (हिंदी में) लिखा होगा।
vi) फीकल स्लज एवं सेप्टेज की दुलाई में प्रयुक्त प्रत्कायेक वाहन में जीपीएस उपकरण निय द्वारा प्रदत्त: लगाया जाएगा और इसका एक्सेस अधिकार अधिशासी अधिकारी और ऐसे वाहनों की ट्रैकिंग के लिए निकाय द्वारा अधिसूचित एजेंसी के पास होगा।

**16. ढुलाई के दौरान सावधानी**

लाइसेंस धारी आपरेटर यह सुनिश्चित करेगा कि निस्तारण के लिए डीस्लजिंग स्थल से अधिसूचित स्थान तक ढुलाई के दौरान फीकल स्लज एवं सेप्टेज से कोई रिसाव या छलकाव न हो ।

**17. दुर्घटना की स्थिति में बचावकारी उपाय** फीकल स्लज एवं सेप्टेज ले जाने वाला वाहन संचलन के दौरान किसी भी आकस्मिक छलकाव के कारण पर्यावरण के लिए किसी भी खतरे से बचने के लिए पर्याप्त रूप से सुसज्जित होना चाहिए।

**18. दुर्घटना की स्थिति में लाइसेंसधारी आपरेटर की जिम्मेदारी** किसी दुर्घटना या आपदा की स्थिति में लाइसेंस धारी आपरेटर किसी भी व्यक्ति, वाहन, संपत्ति या पर्यावरण को होने वाले किसी भी प्रकार के नुकसान के लिए पूर्ण जिम्मेदार होगा और ऐसे में यदि किसी प्राधिकारी अथवा न्यायालय द्वारा पीड़ितों / उनके कानूनी उत्तराधिकारियों को किसी प्रकार के क्षति शुल्क या मुआवजा प्रदान किए जाने का निर्णय दिया जाता है तो उसका भुगतान उसे ही करना होगा।

**19. नियुक्त कर्मियों के लिए सुरक्षा उपाय** हाथ में रखकर इस्तेमाल होने वाले गैस डिटेक्टर, गैस मास्क, सुरक्षा उपकरण, आक्सीजन सिलेंडर के साथ आक्सीजन मास्क और प्राथमिक चिकित्सा बाक्स आदि के प्रावधान सहित सभी सुरक्षा उपाय तथा प्रोहिबिशन ऑफ एम्प्लायमेंट एजमैनुअल स्केवेंजर्स एंड देयर रिहैबिलिटेशन एक्ट, 2013 में निर्दिष्ट ऐसे अन्य उपाय उपलब्ध कराने के लिए लाइसेंसधारी आपरेटर जिम्मेदार होगा।

**20. फीकल स्लज एवं सेप्पेज का निस्तारण**

i). लाइसेंस धारी आपरेटर **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** द्वारा समय–समय पर अधिसूचित स्थानों पर ही फीकल स्लज एवं सेप्टेज का निस्तारण करेगा।
ii)लाइसेंस धारी आपरेटर इन उपविधि के फार्म 3 में निर्धारित विधिवत हस्ताक्षरित फीकल स्लज एवं सेप्टेज निकासी और निस्तारण फार्म, जो विधिवत रूप से भरा गया और हस्ताक्षरित हो, अधिसूचित स्थानों पर फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त करने के लिए नामित निकाय के अधिकारी के पास जमा करेगा (परिशिष्ट– 6 देखें)।
iii) होस्ट यूएलबी ये सुनिश्चित करेगा की उपचार सुविधा पर यूएलबी क्लस्टर या ग्राम पंचायत का पंजीकृत आपरेटर ही फीकल स्लज एवं सेटेज का निस्तारण करे।

21. निकास (उपचार सुविधा वाले के अधिकार))

i) निकाय किसी पास के निकाय या ग्राम पंचायतों के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) (परिशिष्ट 7, फार्म–4) पर हस्ताक्षर करेगा और इसके तहत केंद्र पर उपलब्ध उपचार सुविधा पर फीकल स्लज एवं सेप्टेज के सुरक्षित निस्तारण की अनुमति देने के लिए होस्ट यूएलबी बन जाएगा।
ii) **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** होस्ट यूएलबी से जुड़े यूएलबी क्लस्टर की सीमा के अंदर काम करने वाले (निजी/सरकारी) आपरेटर को उपचार सुविधा के परिचालन अवधि, निस्तारण प्रक्रिया, टिपिंग शुल्क और निर्दिष्ट अवधि के दौरान प्रतिबंधित किए गए वितरण मार्गो के बारे में सूचित करेगा।
iii)**नगर पंचायत इकदिल, इटावा** वैक्यूम टैंकर की गुणवत्ता और रख रखाव का निरीक्षण करेगा और उन पर नियंत्रण रखेगा।
iv) संग्रहीत किए जाने वाले और उपचार सुविधा पर ढोए जाने वाले फीकल स्लज एवं सेप्टेज की गुणवत्ता का निरीक्षण**नगर पंचायत इकदिल, इटावा** द्वारा किया जाएगा।
V) होस्ट यूएलबी अन्य क्लस्टर यूएलबी या ग्राम पंचायत को फीकल स्लज एवं रोप्टेज की उस स्वीकार्य मात्रा के बारे में जानकारी देगा जिसे 'उपचार सुविधा' में निस्तारित किया जा सकता है।
vi) एमओयू अवधि के किसी भी समय, यदि 'होस्टयूएलबी' को लगे कि क्लस्टर यूएलबी / ग्राम पंचायत से आने वाले फीकल स्लज एवं सेप्टेज को निस्तारित नहीं किया जा सकता है, तो ऐसी स्थिति आने से पहले होस्ट यूएलबी कम से कम 15 दिन पहले इसकी सूचना देगा!

**22. निकाय (बिना उपचार सुविधा वाला)** के कर्त्तव्य निकाय या ग्राम पंचायत जिनके पास उपचार सुविधा नहीं है उस निकाय का नामा होस्ट यूएलबी के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर करेगा और होस्ट यूएल बी के पास उपलब्ध उपचार सुविधा पर फीकल स्लज एवं सेप्टेज के सुरक्षित निस्तारण के लिए क्लस्टर यूएलबी का सदस्य बनेगा।
i) निकाय या ग्राम पंचायत (जिनके पास उपचार संयंत्र नहीं है) अपने प्रशासनिक क्षेत्र में काम करने वाले (निजी/सरकारी, ऑपरेटरों को उपचार सुविधा की कार्यअवधि, निस्तारण प्रक्रिया, टिपिंग शुल्क (यदि कोई हो) निकाय द्वारा निर्धारित निर्दिष्ट घंटों के दौरान विशिष्ट आपूर्ति मार्ग के जानकारी देंगे।
ii) यदि निकाय होस्ट यूएलबी के क्लस्टर यूएलबी की स्पष्ट सीमा में नहीं है, तो निकाय उपचार के बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए राज्य के पास पहुंच सकता है और फीकल स्लज एवं सेप्टेज के लिए एक अंतरिम निस्तारण स्थल विकसित कर सकता है।
iii) **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** विनिर्दिष्ट वाहनों की गुणवत्ता और रखरखाव का निरीक्षण करेगा और उन पर नियंत्रण रखेगा।
iv) होस्ट यूएलबी संग्रहीत किए जाने और निर्दिष्ट निस्तारण स्थल तक ढोए जाने वाले फीकल स्लज एवं सेप्टेज की गुणवत्ता का निरीक्षण करेगा।
V) यदि 'होस्टयूएलबी' की क्षमता क्लस्टर यूएलबी के फीकल स्लज एवं सेटेज को निबटाने के लिए कम पड़ जाता है, तो **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** को एक नए 'होस्टयूएलबी' की खोज करनी चाहिए या नए 'उपचार सुविधा' के निर्माण के लिए केंद्र के पास अनुरोध भेजना चाहिए।

**23. कर्मियों का प्रशिक्षण** लाइसेंस प्राप्त आपरेटर फीकल स्लज एवं सेटेज की फीकल स्लज निकासी, ढुलाई और निस्तारण में तैनात कर्मचारियों के सावधिक प्रशिक्षण के लिए उत्तरदायी होगा।

**24. कर्मियों की नियमित स्वास्थ्य जांच :–** यह सुनिश्चित करने का दायित्व लाइसेंसधारी आपरेटर का होगा कि प्रत्येक नियुक्त कर्मी का साल में कम से कम एक बार स्वास्थ्य जांच होनी चाहिए और उसका रिकार्ड निकाय को दिया जना चाहिए, जिसमें विफल रहने पर लाइसें सुधारी आपरेटर को समय–समय पर अधिसूचित दंड का भुगतान करना पड़ सकता है।

**25. बीमा** लाइसेंस धारी आपरेटर द्वारा काम पर रखे गए कर्मियों का प्रोहिबिशन आफ एम्प्लायमेंट एजमैनुअल स्केवेंजर्स एंड देयर रिहेबिलिटेशन एक्ट, 2013 और 2003 की रिट याचिका संख्या 583 (सफाई कर्मचारी आंदोलन तथा अन्य बनाम भारत संघ तथा अन्य) में फीकल स्लज एवं सेप्टेज की निकासी, ढुलाई और निस्तारण की प्रक्रिया के दौरान दुर्घटना की स्थिति में सर्वोच्च न्यायालय के दिनांक 27–03– 2014 के आदेश के तहत पीड़ितों अथवा उनके कानूनी उत्तराधिकारियों को दिए जाने वाले मुआवजे को कवर करने के लिए बीमा किया जाएगा!

**26. लाइसेंस रद्द किया जाना** इन उप विधि सहित हाथ से मैला ढोने वालों के रूप में रोजगार निषेध और उनका पुनर्वास एक्ट, 2013 के किसी भी प्रवधान के उल्लंघन के मामले में, लाइसेंसधारी आपरेटर समय–समय पर अधिसूचित दंड के भुगतान करने का भागी होगा, जिसमें लाइसेंस रद्द किया जाना और निष्पादन गारंटी का अपहार शामिल है जो शहरी स्वच्छता समिति (CSC) अथवा विनिर्दिष्ट अधिकारी (अधिकारियों) की सिफारिश के मुताबिक होगा।

### अध्याय VI

**फीकल स्लज एवं सेप्टेज का उपचार और पुन: उपयोग/निस्तारण**

**27. उपचार / निस्तारण स्थल की पहचान**

i) **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** उस स्थल (स्थलों) की पहचान करेगा और सूचित करेगा जहां लाइसेंस प्राप्त आपरेटर या **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** के प्रशिक्षित सफाई कर्मी द्वारा फीकल स्लज एवं सेप्टेज का उपचार / निस्तारण किया जाएगा।
ii) उपचार सुविधा के अभाव में**नगर पंचायत इकदिल, इटावा** आस पास के होस्ट यूएलबी जिसमे सुचारू उपचार सुविधा हो, उनके साथ समझौता ज्ञापन करके उसके सुविधा का इस्तेमाल करेगा (फार्म 4 परिशिष्ट 7)
iii) फीकल स्लज एवं सेप्टेज के सुरक्षित निस्तारण हेतु निकायकानामा के आस पास के क्षेत्र में 'क्लस्ट रयूएलबी' की अनुपस्थिति की स्थिति में, उपचार के बुनियादी ढांचे (खंड 28 ) के निर्माण तक एक अंतरिम निस्तारण योजना का विकल्प चुना जा सकता है।

**28. फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त करने के लिए अवसंरचना का निर्माण नगर पंचायत इकदिल, इटावा** जरूरी आधार भूत ढांचा तैयार करेगा (यदि) (यदि अनुप्रयोज्य हो तो आदर्श उपचार संयंत्र की व्यवस्था होने तक अंतरिम उपचार बुनियादी ढांचा भी) और पंजीकृत वाहनों द्वारा लाए गए फीकल स्लज एवं सेप्टेज के उपचार / निस्तारण की सुविधा के लिए अधिसूचित स्थल यास्थलों पर आवश्यक उपकरण प्रदान करेगा।

**29. फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त करने के लिए कर्मचारियों की नियुक्ति**

i). फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त करने और इसे संबंधित उपचार सुविधा में स्थानांतरित करने के लिए **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** द्वारा प्रत्येक अधिसूचित स्थल पर पर्याप्त संख्या में कर्मचारियों (लिंग तटस्थ) को नियुक्त किया जाएगा। यदि निकाय के पास उपचार सुविधा है यानी होस्ट यूएलबी
ii) फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त करने और इसे अंतरिम उपचार सुविधा में स्थानांतरित करने या इसे 'होस्ट यूएलबी' के उपचार सुविधा में भेजने के लिए निकाय प्रत्येक अधिसूचित स्थल पर पर्याप्त कर्मचारी (किसी भी लिंग का हो सकता है) नियुक्त करेगा। यदि निकाय के पास उपचार सुविधान हीं है यानी आप क्लस्टर यूएलबी का हिस्सा है।

**30. फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त करने का समय** (निकाय (या फिर यदि लागू हो तो होस्ट यूएलबी), द्वारा नियुक्त कर्मचारियों द्वारा प्रत्येक अधिसूचित स्थल पर समय–समय पर निकाय (या होस्ट्यूएलबी लागू हो) द्वारा अधिसूचित अवधि के दौरान फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त किया जाएगा।

**31. औद्योगिक अपशिष्ट जिनकी अनुमति नहीं है** अधिसूचित स्थल पर औद्योगिक अपशिष्ट वाले फीकल स्लज एवं सेप्टेज के निस्तारण की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**32. फीकल स्लज एवं सेप्टेज पर प्रशिक्षण नगर पंचायत इकदिल, इटावा** द्वारा नियुक्त कर्मचारियों को अधिसूचित स्थल पर फीकल स्लज एवं सेप्टेज प्राप्त करने और उपचार / निस्तारण करने के लिए प्रशिक्षित किया जाएगा।

**33. उपचारित फीकल स्लज एवं सेप्टेज का दुबारा इस्तेमाल** निकाय किसानों को अनुपचारित फीकल स्लज एवं सेप्टेज के कृषि अनुप्रयोग के स्वास्थ्य एवं पर्यावरणीय दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक करेगा और उन्हें उपचार सुविधा से उपचारित फीकल स्लज एवं सेप्टेज इस्तेमाल करने को प्रोत्साहित करेगा।

### अध्याय vii
### प्रशासन और प्रवर्तन

**34. प्रशासन और प्रवर्तन**

i) इन नियमों की प्रशासनिक और प्रवर्तक शक्तियाँ अधिशासी अधिकारी विधिवत अधिकृत निकाय के अभिहित अधिकारी के पास रहेंगी।
ii) **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** फीकल स्लज की निकासी, ढुलाई या उपचार की सेवाएं प्रदान करने के लिए समय–समय पर निर्धारित और अधिसूचित उपयोगकर्ता शुल्क (यूज़रफ़ीस) लगा सकता है। लागत वसूली सुनिश्चित करने के लिए उपयोगकर्ताओं को इन सेवाओं के लिए भुगतान करना होगा। नगर पालिका परिषद, इटावा शहरी स्वच्छता समिति (CSC) का गठन करेगा जो निकाय प्रशासनिक क्षेत्र में समग्र फीकल स्लज एवं सेप्टेज का पर्यवेक्षण और निगरानी सुनिश्चित करेगा।
iV) **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** फीकल स्लज एवं सेप्टेज की निकासी ढुलाई के लिए सुरक्षित तरीके सुनिश्चित करने के लिए एक इमर्जन्सी रिस्पोंस सेनिटेशन यूनिट (ईआरएसयू) नियुक्त करेगा।

**35. जांच के लिए विशेष शक्ति** इन उप विधियों के प्रभावी तरीके से लागू करनेऔर प्रवर्तन के उद्देश्य से, **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** के पास किसी भी समय किसी भी परिसर में, परिवहन वाहनों और फीकल स्लज एवं सेप्टेज उपचार सुविधा के निरीक्षण की शक्ति होगी।

**36. नियम उल्लंघन और जुर्माना**

i) इन उपविधियों के किसी भी प्रावधान का उल्लंघन करने पर व्यक्ति को नियम अनुपालन के लिए नोटिस भेजा जाएगा।
ii) किसी भी व्यक्ति पर इन नियमों के तहत दंडात्मक प्रावधान लागू होंगे, यदि ऐसा व्यक्ति – (क) इन उपविधियों के किसी भी प्रावधान का उल्लंघन करता है या उसका पालन करने में विफल रहता है (ख) इन विनियमों के तहत किसी भी शक्ति के प्रयोग या किसी कर्त्तव्य निष्पादन में निकाय के एक अधिकृत अधिकारी या अन्य अधिकारी के काम में बाधा डालता है, या हस्तक्षेप करता है (ग) किसी भी ओएसएस / सीवर की हाथ से फीकल स्लज निकासी की प्रक्रिया संचालित कराता है।
iii) इन उपविधियों के प्रावधानों के उल्लंघन का दोषी पाए जाने वाले व्यक्ति को परिशिष्ट–8 में उल्लेखित राशि की सीमा तक दंडित किया जाएगा और उचित कानून के तहत मुकदमा चलाया जाएगा और जैसा भी मामला हो, दोषी पाए जाने की स्तिथि में एफएसएस निकासी/ ढ़ोने के वाहन भी ज़ब्त हो सकता है।
iv) जो कोई भी, किसी भी मामले में, जिसमें दंड परिशिष्ट 3 में स्पष्ट रूप से प्रदान नहीं किया गया है, दोषी पाया जाता है, समय–समय पर **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** द्वारा तय किए जाने वाले जुर्माने के साथ दंडनीय होगा।
V) संदेह दूर करने के लिए, यह घोषित किया जाता है कि इन उपविधियों की कोई भी बात किसी भी व्यक्ति को उस समय लागू किसी अन्य प्रासंगिक अधिनियम या इन उपविधियों के तहत दंडनीय कोई कार्य के लिए या चूक के लिए उसके तहत मुकदमा चलाने, दंडित करने से नहीं रोकेगा।

37. **अपील**– निकाय के अधिकृत अधिकारी के निर्णय से असंतुष्ट कोई भी व्यक्ति इन उपविधियों के तहत अधिशासी अधिकारी के पास इस तरह के निर्णय के विरुद्ध अपील (इन उपविधियों के फार्म 5 में संलग्न प्रारूप में)
कर सकता है (परिशिष्ट–9 देखें)

**38. विवाद समाधान उपविधि–** इन उप विधियों के क्रियान्वयन के संदर्भ में उत्पन्न किसी भी विवाद का समाधान केवल शहर **नगर पंचायत इकदिल, इटावा** के अधिकार क्षेत्र वाले सक्षम न्यायालय द्वारा भारतीय कानूनों के तहत किया जाएगा।

**39. फीकल स्लज एवं सेप्टेज उपविधियों में संशोधन**–मानक प्रक्रिया का पालन करते हुए आवश्यकता पड़ने पर निकाय के पास फीकल स्लज एवं सेटेज उपविधियों में संशोधन करने का अधिकार होगा।

### परिशिष्ट–1

(खंड 2 (xxiii), 3 iii) और 5 (i) देखें)

**सेप्टिक टैंक का डिजाइन**

सेप्टिक टैंक स्थापित करने के लिए बी आईएस कार्य संहिता प्रदान करता है (आईएस 2470 (भाग 1, 1985)। सेप्टिक टैंक के निर्माण के लिए यह कुछ मान्यताओं के आधार पर डिजाइन मानदंड प्रदर्शित करता है। छोटे और बड़े क्षेत्रों के लिए यह आबादी को ध्यान में रखते हुए डिजाइन इंस्टालेशन का विवरण प्रदान करता है। केंद्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य एवं पर्यावरण अभियांत्रिकी संगठन, एमओएचयूए के अनुसंधान प्रभाग द्वारा प्रकाशित सीवरेज और मल जल उपचार पर मैनुअल के भाग ए में ओएसएस पर व्यापक डिजाइन मानक दिए गए हैं। प्रचलित और सुरक्षित साइट स्वच्छता के लिए इस खंड में तकनीकों के मानक डिजाइन बताए गए हैं। साथ ही, भारत में सेप्टिक टैंक को आम तौर पर काले पानी के लिए ही हाइ लाइट किया जाता है।

**सेटिक टैंक के विनिर्देशन**

**अयाताकार: लम्बाई और चौडाई का अनुपात 2 से 4**

- गहराई: 1.0 से 2.5 मी. के बीच
- दो कक्ष: पहला कक्ष कुल लंबाई का 2/3
- तीन कक्ष: पहला कक्ष कुल लंबाई का आधा
- मशीन छेद (मैनहोल) प्रत्येक कक्ष के ऊपर
- निर्विवाद, टिकाऊ और स्थिर टैंक

**सेप्टिक टैंक का अनुशंसित आकार**

| उपयोग कर्ता की संख्या | लंबाई (मी.) | चौड़ाई (मी.) | द्रव की गहराई (सफाई अंतराल) (मी.) |
|---|---|---|---|
| | | | दो वर्ष |
| 5 | 1.5 | 0.75 | 1.05 |
| 10 | 2 | 0.90 | 1.40 |
| 15 | 2 | 0.90 | 2.00 |
| 20 | 2.3 | 1.10 | 1.80 |

नोट :1– सेप्टिक टैंक का आकार कुछ अनुमानों (तरल प्रवाह) पर आधारित होता है, सेप्टिक टैंक के आकार का चयन करते समय सटीक गणना की जानी चाहिए। इस बारे में जानकारी के लिए, कृपया बीआईएस 2470 (भाग 1), 1985 देखें !
नोट 2– फ्री बोर्ड के लिए 300 मिमी का प्रावधान रखना चाहिए।
स्रोत: सीवरेज और मल जल उपचार पर मैनुअल – भा गए: इंजीनियरिंग। सीपीएचईईओ, 2012

### परिशिष्ट–2
### (खंड 14 (i) और 5 (iii) देखें)

**नगर पंचायत इकदिल, इटावा में फीकल स्लज निकासी और सेप्टेज की ढुलाई सेवा के लिए उपयोगकर्ता शुल्क यूज़र फ़ीस की सूची अनुमानित**

| क्र.सं. | श्रेणी | रु. में शुल्क की सीमा (प्रतिट्रिप 3000 लीटर तक) |
|---|---|---|
| 1 | कच्चाघर /झोंपड़ी | 350–450 |
| 2. | टिन शेड प्रकार का घर | 750–850 |
| 3. | सभी अन्य घर (पक्का घर) | 1200–1700 |
| 4. | दुकान | 1500–1800 |
| 5. | सभी सरकारी/निजी कार्यालय | 1800–2200 |
| 6. | बैंक | 2000–2500 |
| 7 | सामुदायिक शौचालय/सार्वजनिक शौचालय | 800–1200 |
| 8. | रेस्टोरेंट | 2000–2500 |
| 9. | होटल/गेस्टहाउस (01 से 10 कमरे) | 2000–2500 |
| 10. | होटल/गेस्टहाउस (11 से 20 कमरे | 2500–2800 |
| 11. | होटल/गेस्टहाउस (20 से अधिक कमरे) | 3000–3200 |
| 12. | धर्मशाला (1 से 25– कमरे) | 1200–1600 |
| 13. | धर्मशाला (25 से अधिक कमरे) | 1800–2200 |
| 14 | 3– स्टारहोटल | 2800–3000 |
| 15. | 5– स्टारहोटल | 3500–4000 |
| 16. | सरकारी स्कूल/कालेज (1000 छात्र तक) | 1000–1200 |
| 17. | सरकारी स्कूल/कालेज (1000 से अधिक छात्र) | 1200–1500 |
| 18 | निजी स्कूल/कालेज (1000 छात्र तक) | 1800–2000 |
| 19 | निजी स्कूल/कालेज (1000 छात्र तक) | 2500–3000 |
| 20. | 2 व्हीलर वाहन शोरूम (बिना सर्विस सेंटर) | 1800–2000 |
| 21. | 2– व्हीलर वाहन शोरूम (सर्विस सेंटर के साथ) | 2800–3000 |
| 22. | 4– व्हीलर वाहन शोरूम (बिना सर्विस सेंटर) | 2500–3000 |
| 23 | 4– व्हीलर वाहन शोरूम (सर्विस सेंटर के साथ) | 3500–4000 |
| 24. | मल्टीप्लेक्स | 2000–2500 |
| 25. | छात्रावास (01 से 10 कमरे) | 1800–2200 |
| 26. | छात्रावास (11 से 20 कमरे ) | 2200–2500 |
| 27. | छात्रावास (21 से 50 कमरे ) | 2500–2800 |
| 28. | छात्रावास (50 से अधिक कमरे) | 3000–3200 |
| 29 | विवाह हाल / बैंकेट हाल | 2500–3500 |
| 30. | बार | 2500–3000 |
| 31. | सरकारी अस्पताल (20 बेड तक) | 1800–2500 |
| 32. | सरकारी अस्पताल (20 से अधिक बेड) | 2800–3000 |
| 33 | नर्सिंग होम / क्लीनिक (20 बेड तक) | 1800–2000 |
| 34. | नर्सिंग होम/ क्लीनिक (20 से अधिक बेड) | 2200–2500 |
| 35. | पैथलाजिकल लैब | 1500–2000 |
| 36. | निजी अस्पताल (20 बिस्तर तक) | 2500–2800 |
| 37. | निजी अस्पताल (21–50 बिस्तर तक) | 2500–3000 |
| 38. | निजी अस्पताल (50 बिस्तर तक) | 3500–4000 |
| 39. | राइसमिल / अन्य मिल | 2000–2500 |
| 40 | क्षेत्र में कोई भी उद्योग | 3000–4000 |
| 41 | क्षेत्र से बाहर कोई भी उद्योग | 2000– 2500 |

**नोट: 1–** उपयोगकर्ता शुल्क (यूज़रफ़ीस) की इन सीमाओं में निकाय द्वारा समय–समय पर संशोधन किया जा सकता है ।

**परिशिष्ट– 3** (खंड: 7 (vii) देखें)

# उपद्रवियों को उन्हीं की भाषा में मिले जवाब

## मुख्यमंत्री का निर्देश- अलर्ट रहे टीम यूपी, 28 अक्टूबर से 15 नवंबर तक 24 घंटे मिलेगी बिजली

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सुरक्षातंत्र को स्पष्ट हिदायत दी है कि आने वाले सभी पर्व शांति और सौहार्द के बीच सम्पन्न हों। इसके लिए चिन्हित उपद्रवियों, अराजक तत्वों को पाबंद करें। माहौल खराब करने की कोशिश करने वाले अराजक तत्वों के साथ पूरी कठोरता की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा, यह हर्ष और उल्लास का समय है, इसमें उपद्रव स्वीकार नहीं किया जा सकता। उपद्रवियों को उनकी भाषा में ही जवाब देना उचित होगा।

मुख्यमंत्री ने गुरुवार अपने सरकारी आवास पर प्रदेशस्तरीय बैठक में आगामी पर्व-त्योहारों के सुचारु आयोजन, स्वच्छता, बेहतर कानून व्यवस्था आदि विषयों पर शासन-प्रशासन के अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में सभी मंडलायुक्त, जिलाधिकारी, अपर पुलिस महानिदेशक (ज़ोन), सभी पुलिस आयुक्त, पुलिस महानिरीक्षक, पुलिस उप महानिरीक्षक, आदि वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे।



अधिकारियों के साथ बैठक करते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ। अमृत विचार

### चौबीस घंटे होती रहे बिजली आपूर्ति

योगी आदित्यनाथ के अनुसार उल्लास और उमंग के इस अवसर पर यह सुनिश्चित किया जाए कि 28 अक्टूबर से 15 नवंबर तक पूरे प्रदेश में 24 घंटे अनवरत बिजली आपूर्ति हो। पॉवर कॉर्पोरेशन द्वारा इस संबंध में आवश्यक तैयारी कर ली जाए। इतना ही नहीं, आपातकालीन स्वास्थ्य सेवाएं, ट्रॉमा सेवाएं अनवरत रूप से चलती रहनी चाहिए। गांव हो या नगर हर जगह चिकित्सकों की सुलभ उपलब्धता होनी चाहिए। साथ ही, खाद्य पदार्थों की जांच की कार्रवाई तेज की जाए। किंतु जांच के नाम पर उत्पीड़न नहीं होना चाहिए। नेपाल राष्ट्र से सीमा साझा करने वाले जिलों की संवेदनशीलता को देखते हुए यहां इंटेलिजेंस को और बेहतर करने का प्रयास हो।

बैठक में मुख्यमंत्री ने एक-एक कर सभी अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव गणों से त्योहारों के मद्देनजर उनकी विभागीय तैयारियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा, आने वाले दिनों में धनतेरस, अयोध्या दीपोत्सव, दीपावली, गोवर्धन पूजा, भाई-दूज, देवोत्थान एकादशी, वाराणसी देव दीपावली और छठ महापर्व जैसे त्योहार हैं। इसके अलावा अयोध्या में पंचकोसी, 14 कोसी परिक्रमा, कार्तिक पूर्णिमा स्नान आदि मेलों का आयोजन भी इसी अवधि में है। शांति, सुरक्षा और सुशासन के दृष्टिगत यह समय संवेदनशील है। पिछले अनुभवों से सीख लें। पर्व-त्योहारों के इस समय में पुलिस और प्रशासन सहित पूरी टीम यूपी को हर पल सतर्क रहना होगा। सोशल मीडिया पर चौकसी बढाएं। हर जिले में ऐसी टीम होनी चाहिए जो सोशल मीडिया पर निगरानी करती रहे। यहां फेक अकाउंट बनाकर माहौल खराब करने वाली अफवाह, फेक न्यूज़ प्रसारित करने वालों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।

### पटाखों के अवैध भंडारण पर हो कठोर कार्रवाई

मुख्यमंत्री ने कहा कि, दीपावली के लिए पटाखों की दुकानों, गोदामों का आबादी से दूर होना तय करें। जहां पटाखों का क्रय-विक्रय हो, वहां फायर टेंडर के पर्याप्त इंतज़ाम किए जाएं। पटाखों की दुकान खुले स्थान पर हो। इन्हें लाइसेंस, एनओसी समय से जारी कर दिया जाए। पटाखों के अवैध भंडारण पर कठोर कार्रवाई की जाए। उज्ज्वला योजना के सभी लाभार्थियों को दीपावली से पहले निःशुल्क रसोई गैस सिलेंडर उपलब्ध हो जाए।

### घटना की सूचना पर खुद पहुंचे जिलाधिकारी एसपी

पर्व और त्योहार खुशियों का अवसर होते हैं। हर व्यक्ति उल्लास-उमंग और आह्लाद में होता है। शरारती तत्व दूसरे सम्प्रदाय के लोगों को अनावश्यक उत्तेजित करने की कुत्सित कोशिश कर सकते हैं, ऐसे मामलों पर नजर रखें। छोटी सी घटना लापरवाही के कारण बड़े विवाद का रूप ले सकती है। ऐसे में अतिरिक्त सतर्कता आवश्यक है। जिलाधिकारी, पुलिस कप्तान जैसे वरिष्ठ अधिकारी खुद मौके पर पहुंचकर कार्रवाई करें।

### दीपोत्सव पर हो क्राउड मैनेजमेंट की व्यवस्था

- अयोध्या दीपोत्सव का भव्य आयोजन इस वर्ष 30 अक्टूबर को होना है। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद यह पहला दीपोत्सव है। इस बार दीपोत्सव में श्रद्धालुओं की उपस्थिति अपेक्षाकृत अधिक होगी। इसी प्रकार, 15 नवम्बर को वाराणसी में देव-दीपावली मनाई जाएगी। ऐसे में दोनों ही महत्वपूर्ण आयोजनों में सेफ्टी-सिक्योरिटी और क्राउड मैनेजमेंट की व्यवस्था और अधिक अच्छी होनी चाहिए।

# कानपुर में रहता है अयोध्या में मृत मिले एडीएम का परिवार

संवाददाता, अयोध्या/ कानपुर

**अमृत विचार :** अपने आवास में मृत मिले अपर जिलाधिकारी कानून-व्यवस्था सुरजीत सिंह (58) के घर की जांच में पुलिस और विधि विज्ञान प्रयोगशाला की टीम को बैडरूम से लेकर बहार के कमरे और बाथरूम व वॉश बेसिन में खून बिखरा मिला। मृतक के पास ही दवा की शीशी और टैबलेट रखी हुई थी। इस पर कानपुर के थाना रावतनगर स्थित गणेशनगर में रह रहे एडीएम के परिवार को खबर दी गई। सूचना पर गुरुवार दोपहर एडीएम की पत्नी निशा गंगवार, बेटा हिमांशु व साला विनोद गंगवार पहुंचे तो रोदन-विलाप शुरू हो गया। इसके बाद पुलिस ने मजिस्ट्रेट की मौजदगी में पंचनामा भरवा पैनल से पोस्टमार्टम कराया।

मृतक के बेटे हिमांशु ने उनके ब्लड शुगर से पीड़ित होने की जानकारी दी है। साले विनोद ने मौके की नजाकत को देखते हुए घटना की जाँच कराए जाने की मांग की है। सीओ सिटी शैलेन्द्र सिंह ने बताया कि मामले की जानकारी पर पुलिस के साथ एफएसएल से घनास्थल की जाँच-पड़ताल कराई गई। अनुमान लगाया है क्रि बैडरूम में खून की उलटी होने के बाद वह बाथरूम गए और वॉश बेसिन में भी खून की उल्टी की। इसके बाद उन्होंने बैडरूम में पड़े खून को पोंछने और बाहरी कमरे में गैस का सीरप पीने की कोशिश की। नौकरानी के आने के पूर्व उनकी बाहर का दरवाजा खोल देने की आदत थी, ऐसे में माना जा रहा है कि मौत सुबह के समय हुई।

पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में शव का पंचनामा और पैनल से पीएम कराया है। पोस्टर्माटम रिपोर्ट में कोई आपत्तिजनक तथ्य सामने नहीं आया है।



कानपुर से सुरसुरि कालोनी में पहुंची रोते बिलखते दिवंगत एडीएम की पत्नी।

### एक दिन पूर्व ही कराई थी शुगर जांच

अपर जिलाधिकारी कानून-व्यवस्था ने बुधवार को शहर के खिड़की अली बेग मोहल्ला स्थित एक निजी नर्सिंग होम के चिकित्स्क से ब्लड शुगर तथा अन्य जाँच कराई थी। उनका रैंडम ब्लड शुगर 349 एमजी/डीएल पाया गया था। जानकारों का कहना है कि वह चिकित्सीय परामर्श के लिए कानपुर जाने वाले थे।

### अधिकारियों का रहा जमावड़ा, सांसद-विधायक भी पहुंचे

जिले में तैनात एडीएम स्तर के अधिकारी की मौत को लेकर मौके पर अधिकारियों का जमावड़ा रहा। सांसद अवधेश प्रसाद और विधायकगण वेद प्रकाश गुपता व रामचंदर यादव ने मौके पर पहुंच जानकारी ली। मंडलायुक्त गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार, डीएम सीबी सिंह व एसएसपी राजकरन नैय्यर ने कई बार मौके पर पहुंच जांच की। सदर तहसील समेत अन्य मातहत अधिकारी मौके पर डेरा डाले रहे।

# पर्यटन के नए स्थलों की पहचान कर सुविधाएं स्थापित की जाएं

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार।** पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने पर्यटन स्थायी समिति के सदस्यों से कहा कि पर्यटन के क्षेत्र में नये स्थलों की पहचान एवं मौजूदा पर्यटन स्थलों पर विश्व स्तरीय सुविधायें सृजित करने में सहयोग अपेक्षित है, साथ ही अधिकारियों को निर्देश दिए कि सदस्यों के बहुमूल्य सुझावों को क्रियान्वित किया जाए।

पर्यटन भवन में पर्यटन मंत्री बुधवार को पर्यटन स्थायी समिति के सदस्यों के साथ पहली बैठक संबोधित कर रहे थे। इस सलाहकार समिति में विधानसभा क्षेत्रों के कई विधायक बतौर सदस्य शामिल हैं। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जयवीर सिंह ने समिति सदस्यों को अवगत कराया कि सोनभद्र और मिर्जापुर में प्राकृतिक सौन्दर्य और सम्पदा से परिपूर्ण रमणिक स्थल है। यहां पर करोड़ों वर्ष पुराने जीवाश्म का पार्क है। यह सलखन जीवाश्म पार्क अमेरिका के ऐलो स्टोन पार्क से बड़ा है। देश-विदेश से भू-वैज्ञानिक एवं अन्य पर्यटक शोध के लिए आते रहते हैं। साथ ही यहां पर पर्यटकों के लिए बुनियादी सुविधायें सृजित की जा रही हैं। उन्होंने सभी सदस्यों से कहा कि पर्यटन को उद्योग बनाने के लिए अपने सुझाव एवं मार्गदर्शन दें। प्रदेश की अर्थव्यवस्था को एक ट्रिलियन डॉलर बनाने में के लिए पर्यटन को बढ़ावा देने की जरूरत है। समिति के सदस्य वाराणसी के विधायक सौरभ श्रीवास्तव ने काशी में धार्मिक पर्यटन के साथ-साथ एडवेंचर टूरिज्म, फ्लोटिंग रेस्टोरेन्ट आदि की संभावनाओं पर जोर दिया।

### निवेशकों के लिए राज्य सरकार 'लैंडबैंक' तैयार कर रही

**लखनऊ।** राज्य सरकार निवेशकों के लिए डेढ़ लाख एकड़ से अधिक का 'लैंडबैंक' तैयार करने में जुट गई है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंत तक 82 हजार एकड़ का लक्ष्य है। हाल ही में मुख्यमंत्री के सामने प्रस्तुत की गई वन ट्रिलियन डॉलर इकॉनमी से संबंधित एक रिपोर्ट में बताया गया कि सितंबर 2024 तक सरकार ने 54 हजार एकड़ भूमि का 'लैंडबैंक' तैयार कर लिया है। इसमें से 30-40 प्रतिशत भूमि का उपयोग औद्योगिक उद्देश्यों के लिए किया जाएगा। यह भूमि यूपीसीडा, नोएडा, ग्रेटर नोएडा, यीडा और गीडा जैसे प्रमुख औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के जरिये अधिग्रहीत की जा रही हैं।

# झगड़े में गर्भवती के पेट में मारी लात

**हमीरपुर।** भाइयों के झगड़े में बीच बचाव करने पहुंची गर्भवती के पेट में लात लगने से एक सप्ताह से तड़प रही है। क्षुब्ध महिला ने जहर निगल लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे जिला अस्पताल लाए। गुरुवार को गर्भ में पल रहे अजन्मे बच्चे की मौत हो गई।

सुमेरपुर के शिवानी मोहल्ला निवासी मोहित सोनकर की कानपुर नगर के सजेती थाना क्षेत्र के बीबीपुर निवासी रामस्वरूप की बेटी कोमल से डेढ़ वर्ष पहले विवाह हुआ था। पति आए दिन नशे में पत्नी से मारपीट करता है। एक सप्ताह पूर्व भाइयों के झगड़े में बीचबचाव को पहुंची गर्भवती कोमल के पेट पर लात लग गई, जिससे वह हफ्ते भर दर्द से तड़पती रही। बुधवार शाम पति मोहित गालीगलौज व मारपीट पर आमाद हो गया। इससे आहत गर्भवती ने जहरी खा लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन जिला अस्पताल लाए जहां गुरुवार को उसके अजन्मे बच्चे की मौत हो गई। वहीं पति ने अपने को फंसता देख गुरुवार को जहरीला पदार्थ खा लिया। जिसका जिला अस्पताल में उपचार हो रहा है। उधर कोमल के पिता रामस्वरूप का आरोप है कि मोहित शराब का लती है। आए दिन नशे में उनकी बेटी के साथ मारपीट करता है।



दीप जलाकर कार्यक्रम की शुरुआत करते श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपतराय, उत्तर प्रदेश ईट निर्माता समिति के अध्यक्ष अतुल सिंह व अन्य।

# मंदिर पर एक हजार वर्षों तक मौसम का नहीं पड़ेगा प्रभाव

अयोध्या कार्यालय

**अमृत विचार।** श्रीराम मंदिर पर आगामी एक हजार वर्षों तक मौसम और भूकंप आदि का प्रभाव नहीं पड़ेगा। मंदिर का निर्माण अतिशीघ्र पूर्ण कर लिया जाएगा। ये बातें श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय ने कहीं। वह मानस भवन में चल रहे अखिल भारतीय ईट व टाईल निर्माता महासंघ के तीन दिवसीय अधिवेशन के तहत बुधवार रात भजन संध्या एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। इससे पहले उन्होंने उत्तर प्रदेश ईट निर्माता समिति के अध्यक्ष अतुल कुमार सिंह व अन्य पदाधिकारियों संग दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

विशिष्ट अतिथि महापौर महंत गिरीशपति त्रिपाठी ने कहा कि राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या पहले से और विकसित हो रही है। कार्यक्रम में नवनिर्वाचित राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमवीर भाटी, राष्ट्रीय महामंत्री मुरारी कुमार मन्नू, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष बृजमोहन गुप्ता के अलावा पंजाब के अध्यक्ष रमेश मोही, हरियाणा के अजीत सिंह यादव, उत्तर प्रदेश महामंत्री गोपी श्रीवास्तव, तमिल नाडु के रत्नाशेखर, असम के विपुल मालाकार जी, त्रिपुरा के विश्वजीत सरकार, जम्मू कश्मीर के अध्यक्ष अब्दुल अज़ीज़ धार, मध्य प्रदेश के रमेश प्रजापति आदि मौजूद रहे।

# पैमाइश करने गए लेखपाल पर हमला

**सौरिख, कन्नौज।** थाना क्षेत्र के बेहटा गांव में क्षेत्रीय लेखपाल सरकारी जमीन की पैमाइश करने गया तभी कुछ लोग हमलावर हो गए। लेखपाल ने भाग कर जान बचाई। जानकारी पर जिलाध्यक्ष समेत कई लेखपाल थाने पहुंच गए। पीड़ित ने दो पर रिपोर्ट दर्ज करायी है। छिबरामऊ तहसील परिसर निवासी अमित कुमार पुत्र घनश्याम सिंह वर्तमान समय में सौरिख विकासखंड के ग्राम पंचायत बेहटा रामपुर में लेखपाल के पद पर तैनात है। गुरुवार को राशन वितरण की गोदाम के लिए बेहटा गांव में प्रधान प्रतिनिधि के साथ गाटा संख्या 2104 खाद के गड्ढे की जमीन में पैमाइश करने गए थे। जैसे ही पैमाइश शुरू हुई तभी बेहटा गांव निवासी अमरेंद्र, नागेंद्र पुत्रगण राकेश बाबू मौके पर पहुंच गए। पैमाइश रोकने का दबाव बनाने लगे। जब लेखपाल ने विरोध किया तो दोनों उत्तेजित हो गए और गाली गलौज करते हुए हमलावर हो गए। किसी तरह जान बचाकर लेखपाल वहां से भागे। जानकारी संघ के जिलाध्यक्ष, तहसील अध्यक्ष को दी, इस पर सभी थाने पहुंचे और सरकारी कार्य में बाधा की रिपोर्ट दर्ज कराई।

# अतीक के बेटे उमर व अली सहित 15 पर गैंगेस्टर एक्ट

- उमेशपाल हत्यांकण्ड में शामिल 5-5 लाख के इनामी तीनों शूटर और दो वकीलों पर कार्रवाई

संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचारः** माफिया अतीक अहमद के बेटे अली और उमर सहित गैंग से 15 सदस्यों के खिलाफ प्रयागराज कमिश्नरेट ने गैंगस्टर के तहत बड़ी कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में उमेशपाल हत्यांकण्ड में शामिल 5-5 लाख के इनामी तीनों शूटर और दो वकीलों पर भी गैंगस्टर लगाया गया है।

बता दें कि माफिया अतीक अहमद के बेटे उमर और अली पर धूमनगंज पुलिस ने गैंगस्टर के तहत बड़ी कार्रवाई की है। अतीक का बड़ा बेटा उमर लखनऊ जेल में बंद है, जबकि दूसरे नंबर का बेटा अली नैनी सेंट्रल जेल में बंद है। इस बड़ी कार्रवाई में उमर और अली समेत गैंग के 15 सदस्यों पर गैंगस्टर की कार्रवाई हुई है। यह प्रयागराज कमिश्नट्रेट पुलिस ने की है। जिसमें उमेश पाल हत्याकांड को अंजाम देने वाले तीनों शूटर गुड्डू मुस्लिम, मोहम्मद साबिर और अरमान शामिल हैं। इन तीनों के ऊपर पांच-पांच लाख रुपए का इनाम पुलिस ने घोषित कर रखा है। यह तीनों अभी भी फरार चल रहे हैं। जिनकी तलाश कई राज्यों की पुलिस कर रही है। इस कार्रवाई में अतीक गैंग के दो वकीलों का नाम भी शामिल है। जिसमे खान सौलत हनीफ और विजय मिश्रा है। बता दें कि खान सौलत हनीफ और विजय मिश्रा भी इस समय नैनी सेंट्रल जेल में बंद है। यह बड़ी कार्रवाई उमेश पाल हत्याकांड के मामले में की गई है। जिसमें गैंग बनाकर साजिश रचने और सनसनी खेज वारदात में उमेश पाल और उसके दो सरकारी सुरक्षा कर्मियों की गोलियों से भूनकर हत्या की गई थी। उमेश पाल हत्याकांड के बाद से गुड्डू मुस्लिम शूटर साबिर और अरमान फरार हैं। इतना ही नहीं अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन, अशरफ की पत्नी जैनब फातिमा और अतीक की बहन आयशा नूरी भी फरार है। जिनकी तलाश कई राज्यों में पुलिस कर रही है। इन सभी पर भी पुलिस ने इनाम घोषित कर रखा है।

# हंसी-खुशी बर्थडे मनाकर बीएससी छात्र ने चुनी मौत

संवाददाता, सैफई (इटावा)

**अमृत विचार।** हंसी-खुशी भरे माहौल में बुआ के घर में जन्मदिन मनाने के बाद बीएससी के छात्र ने तमंचा से गोली मारकर खुदकुशी कर ली। गोली का धमाका होते ही घर में कोहराम मच गया। फिलहाल खुदकुशी करने की वजह साफ नहीं है। पुलिस पूरे मामले की गहराई से छानबीन कर रही है।

मैनपुरी जिले के एलाऊ थाना क्षेत्र के नवादा गांव निवासी उम्मेद सिंह का 22 वर्षीय पुत्र अभिषेक यादव सैफई थाना क्षेत्र के झिगूपुर गांव में बचपन से बुआ कमला देवी के घर रहकर पढ़ाई कर रहा था। वह इस समय चौधरी चरण सिंह पीजी कालेज हैंबरा में बीएससी प्रथम वर्ष का छात्र था। बुधवार को अभिषेक का जन्मदिन था। जन्मदिन के मौके पर उसने बुआ-फूफा, दोस्तों और स्वजनों के साथ केक काटकर बर्थडे मनाया। वह काफी खुश दिखाई दे रहा था। रात 12 बजे तक जन्मदिन पार्टी चलती रही। इसके बाद फूफा राकेश, बुआ कमला देवी और उनका बेटा राहुल घर के कमरों में सो गए।

अभिषेक भी घर के अंदर अपने कमरे में सोने की बात कहकर चला गया। कुछ देर बाद अचानक गोली चलने का धमाका हुआ तो फूफा राकेश की नींद खुल गई और वह अंदर गए। अभिषेक के कमरे में जाकर देखा तो वह खून से लथपथ चारपाई पर पड़ा था। मौके पर तमंचा भी पड़ा था। उसने चारपाई पर तमंचे से सीने में गोली मार ली थी। शोरशराबा होने पर परिजन एकत्र हो गए।

एंबुलेंस से अभिषेक को सैफई मेडिकल कॉलेज के ट्रामा सेंटर पहुंचाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने चेकअप करने के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटनास्थल पर थाना प्रभारी निरीक्षक अलमा अहिरवार फोर्स और फारेसिंक टीम के साथ पहुंचे।

### पखवारे भर पहले गांव जाकर कटाया था धान

- घटना की सूचना पर यहां पहुंचे पिता उम्मेद सिंह ने बताया कि अभिषेक पखवारे भर पहले खेत में धान कटाई के लिए नवादा गांव आया हुआ था। बुधवार शाम मैनपुरी मंडी में धान बेचने के बाद वह अपनी बुआ कमला देवी घर पर चला आया था। वह बचपन से ही बुआ कमला के पास रहकर पढ़ाई कर रहा था। उसे किसी भी प्रकार की कोई टेंशन नहीं थी। आखिर उसने यह कदम उठाया किस वजह से उठाया? इस बारे में फिलहाल कुछ कहा नहीं जा सकता है। अभिषेक दो भाइयों और तीन बहनों में तीसरे नंबर का था।


**बचाव उपस्कर और सुरक्षा उपकरण** कार्य स्थल पर बचाव उपस्कर और सुरक्षा उपकरण यथा फेरा मास्क, टार्च, सुरक्षा वस्त्र, दस्ताने, हेलमेट, आखों हेतु सेष्टी ग्लास, ग्राइड पाइप सेट, ऐयर कम्प्रेसर, आपकी मेडिकल आक्सीजन किट, रेनकोट आदि उपलब्ध होने चाहिए:–

**परिशिष्ट–4**

**नियम और शर्तें**

1. फीकल स्लज एवं सेप्टेज को केवल एक यूएलबी द्वारा जारी लाइसेंस प्राप्त आपरेटर द्वारा ही संग्रहीत किया जाएगा और ढुलाई की जाएगी।
2. निर्दिष्ट उपचार संयंत्र तक फीकल स्लज एवं सेप्टेज के संग्रह और ढुलाई के लिए शुल्क यूएलबी द्वारा समय–समय पर निर्धारित किया जाएगा। कोई भी अनुज्ञप्ति धारी आपरेटर घर/संपत्ति के मालिक से निर्धारित शुल्क से अधिक कोई राशि नहीं वसूलेगा।
3. फीकल स्लज एवं सेप्टेज की ढुलाई यूएलबी द्वारा इस प्रयोजन के लिए अनुमोदित वाहनों द्वारा ही किया जाएगा।
4. लाइसेंस धारी आपरेटर यह सुनिश्चित करेगा कि संग्रह स्थल से निर्दिष्ट उपचार संयंत्र तक ढुलाई के दौरान फीकल स्लज एवं सेप्टेज का कोई रिसावन हो।
5. फीकल स्लज एवं सेप्टेज ले जाने वाला वाहन संचलन के दौरान किसी भी आकस्मिक छलकाव के कारण पर्यावरण के लिए किसी भी खतरे से बचने के लिए पर्याप्त रूप से सुसज्जित होना चाहिए।
6. अनुज्ञप्ति धारी केवल निर्दिष्ट शोधन संयंत्र में ही फीकल स्लज एवं सेप्टेज का निपटान करेगा।
7. फीकल स्लज एवं सेप्टेज के परिवहन के लिए उपयोग किए जाने वाले वाहन पर लाइसेंस की एक प्रति प्रमुखता से प्रदर्शित की जाएगी।
8. वाहन/टैंकर कर को पीले रंग से पेंट किया जाएगा जिस पर लाल रंग में सावधानी के साथ "septic tank waste" (अंग्रेजी में) और मलकुंड अपशिष्ट (हिंदी में) लिखा होगा।
10. प्रभावी सफाई सेवाएं प्रदान करने और व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों का उपयोग सुनिश्चित करने के लिए तैनात कर्मचारियों के नियमित प्रशिक्षण के लिए लाइसेंस धारी जिम्मेदार होगा।
11. उपरोक्त बिंदुओं में से किसी के उल्लंघन के मामले में लाइसेंस रद्द करने के लिए उत्तरदायी होगा, लाइसेंस धारक की सुरक्षा जब्त कर ली जाएगी और वह इन विनियमों के उल्लंघन के लिए निर्धारित दंड का भुगतान करने के लिए भी उत्तरदायी होगा।

**परिशिष्ट – 7**

(खंड 21 (i) और 27 (ii) देखें)

**होस्ट यूएलबी तथा बिना उपचार संयंत्र वाले निकाय के बीच समझौता ज्ञापन प्रारूप**

**फार्म 4 :** 'होस्ट यूए लबी' पर उपलब्ध "उपचार संयंत्र'' में फीकल स्लज एवं सेप्टेज के सुरक्षित निस्तारण की अनुमति के लिए समझौता ज्ञापन !

होस्ट निकाय के उपचार संयंत्र पर फीकल स्लज एवं सेप्टेज के सुरक्षित निस्तारण की अनुमति हेतु निकाय (**नगर पंचायत इकदिल, इटावा**) और होस्ट निकाय (होस्ट निकाय का नाम) के बीच समझौता ज्ञापन के लिए फार्म

फीकल स्लज एवं सेप्टेज एवं सेप्टेज प्रबंधन के तहत, एक्स वाई जेड निकाय (संपर्क करने वाले निकाय का नाम) की प्रशासनिक सीमाओं के भीतर घरों, सार्वजनिक / सामुदायिक शौचालयों के नियंत्रण से आने वाले फीकल स्लज एवं सेटेज और सेप्टेज (फीकल स्लज एवं सेप्टेज) के सुरक्षित निस्तारण हेतु जरूरी शर्तें पूरा करने के लिए, 'होस्टयूएलबी' (**नगर पंचायत इकदिल, इटावा** के प्रशासन के तहत 'उपचार संयंत्र' पर, समझौता !

**उपबंध :–**

**उपबंध' :**

1. यह कि 'प्रथम पक्ष' दिनांक दिन/महीना/वर्ष (प्रारंभ तारीख) से दिन/महीना / वर्ष (प्रारंभ तारीख) तक ''द्वितीय पक्ष'' की प्रशासनिक सीमाओं से उनके उपचार संयंत्र'' पर आने वाले फीकल स्लज एवं सेप्टेज के सुरक्षित निस्तारण की अनुमति देगा। / वर्ष (अंतिम तिथि)
2. 'प्रथम पक्ष' अपने प्रशासनिक क्षेत्र से आने वाले भार से समझौता करने से बचने के लिए अपने :उपचार संयंत्र' पर फीकल स्लज एवं सेटेज की दैनिक अनुमत मात्रा की जानकारी देगा।
3. यह कि 'द्वितीय पक्ष' समझ के अनुसार 'प्रथम पक्ष' को फीकल स्लज एवं सेप्टेज के निस्तारण के प्रति खेप टिपिंग शुल्क के रूप में रु. देने के लिए सहमत है।
4. यह कि 'प्रथम पक्ष' उपचार सुविधा के संचालन का समय, अनुमत पहुंच मार्ग, फीकल स्लज एवं सेप्टेज की अनुमत मात्रा, उपचार सुविधा का रखरखाव बंद आदि आवश्यक विवरण समय–समय पर साझा करेगा।
5. कि उपरोक्त कार्यों को करते समय बीच में जाने वाली किसी भी कठिनाई को दोनों पक्ष मिलकर सौहार्द पूर्ण ढंग से सुलझाएं।
6. कि 'द्वितीय पक्ष' केवल लाइसेंस धारी फीकल स्लज निकासी आपरेटर को प्रथम पक्ष की उपचार सुविधा पर फीकल स्लज एवं सेऐज के निस्तारण की अनुमति देगा।
7. प्रथम पक्ष उपचार सुविधा में उनके लाइसेंस पर द्वितीय पक्ष की मुहर के साथ लाइसेंस धारी आपरेटर का प्रवेश सुनिश्चित करेगी।

**परिशिष्ट–8**

| क्रम संख्या | विवरण | खंड संख्या | सांकेतिक फाइन सीमा (रू0 में | जुर्माना (रू0 या किसी अन्य पीनल एक्शन में) |
|---|---|---|---|---|
| 1.1 | नाला / सड़क / खुले क्षेत्र में अपशिष्ट जल का सीधा / असुरक्षित प्रवाह | 3 | 50–100 | |
| 1.2 | लगातार उल्लंघन का दूसरा मामला | 3 | 50–100 | |
| 1.3 | लगातार उल्लंघन का तीसरा मामला | 3 | 10–15 प्रतिदिन | संपत्ति की जब्ती |
| 2.1 | ओएसएस का अवैज्ञानिक डिजायन और निर्माण | 5 | 100–150 | |
| 2.2 | लगातार उल्लंघन का दूसरा मामला | 5 | 100–150 | |
| 2.3 | लगातार उल्लंघन का तीसरा मामला | 5 | 10–15 प्रतिदिन | संपत्ति की जब्ती |
| 3.1 | बिना निकाय पंजीकरण के वैक्यूम टैकर परिचालित करना | 6 | 50–100 | |
| 3.2 | लगातार उल्लंघन का दूसरा मामला | 6 | 50 –100 | |
| 3.3 | लगातार उल्लंघन का तीसरा मामला | 6 | 150–200 प्रतिदिन | वाहन की जब्ती |
| 4.1 | आकस्मिक बिखराव में भाग लेने के लिए गैर अनुपालन | 16,17 | 1000–1500 | |
| 4.2 | लगातार उल्लंघन का दूसरा मामला | 16,17 | 1000–1500 | |
| 4.3 | लगातार उल्लंघन का तीसरा मामला | 16,17 | 300 प्रतिदिन | वाहन की जब्ती |
| 5.1 | एसटीपी से अनुपचारित FSS प्रवाहित करना | 27,28,33 | 5000–10000 | |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत इकदिल, इटावा**



## कार्यालय ग्राम पंचायत नोनार विकास खंड- पहाड़ी, चित्रकूट

**निविदा सूचना**

विकास खंड पहाड़ी अन्तर्गत ग्राम पंचायत नोनार में राज्य वित्त 15वित्त योजना अन्तर्गत निम्न कार्य में प्रयुक्त सामग्री हेतु व्यापार कर व आयकर में पंजीकृत फर्मो से निविदा आमंत्रित किया जाता है निविदा प्रकाशन के तीन दिवस तक ग्राम पंचायत कार्यालय में जमा निविदा ही मान्य होगी। **दिनांक– 25/10/2024से 28/10/2024 तक**

| क्र0 | कार्य | लागत | धरोहर राशि | निविदा राशि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | ग्राम पंचायत नोनार में राजनारायन यादव के घर से पहलादी के घर तक नाली निर्माण | 142304 | 2850 | 500 |
| 2 | ग्राम पंचायत नोनार में सुनील के घर से भइया कारीगर के घर तक नाली निर्माण | 127285 | 2450 | 500 |

**ग्राम प्रधान** **ग्राम पंचायत अधिकारी**
ग्राम पंचायत नोनार विकास खंड पहाड़ी, चित्रकूट



## कार्यालय नगर पंचायत मानिकपुर, सरहट चित्रकूट

पत्रांक– 496/न0प0मा0/2024–25 दिनांक– 24 अक्टूबर 2024

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्रकाशित सूची के कॉलम नं0– 2 में आवेदक द्वारा भवन के निर्माण के लिए भवन मानचित्र आवेदन पत्र सहित प्रस्तुत किया गया है, नगर पालिका अधिनियम 1916 की धारा 180(1) के अन्तर्गत दी गयी व्यवस्था के अनुसार भवन मानचित्र स्वीकृति हेतु प्रस्तुत के सम्बन्ध में यदि किसी पक्ष को कोई आपत्ति हो तो सूचना प्रकाशन से 15 दिन के अन्दर अपनी आपत्ति मय साक्ष्यों सहित नगर पंचायत मानिकपुर सरहट कार्यालय में आकर लिखित रूप से प्राप्त करा दे। यदि निर्धारित अवधि के अन्दर सम्बन्धित पक्ष की कोई प्रमाणित साक्ष्य सहित आपत्ति प्राप्त नहीं होती है तो यह समझा जायेगा कि किसी भी पक्षकर को उक्त भवन निर्माण मानचित्र स्वीकृति के सम्बन्ध में कोई आपत्ति नहीं है। तदानुसार नगर पंचायत द्वारा उक्त भवन मानचित्र स्वीकृति की कार्यवाही सम्पन्न कर दी जायेगी।

**भवन निर्माण मानचित्र स्वीकृति की प्रकाशन सूची**

| क्र0 सं0 | भवन मानचित्र स्वीकृति हेतु प्रार्थी आवेदक का नाम | भूमि का विवरण/ गाटा सं0 रकबा/ चौहद्दी सहित | नगर पंचायत में प्रस्तुत अभिलेख (रजिस्ट्री, वसीयत, पैत्रक आदि) |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री राजेश कुमार, श्री राकेश चन्द्र, सुरेश कुमार, मुकेश कुमार पुत्रगण स्व0 रामआसरे एवं कलावती पत्नी स्व0 रामआसरे | भू–राजस्व खतौनी, मोहल्ला महावीर नगर पूर्व में रोड, पश्चिम में स्वयं की जमीन, उत्तर में सुन्दरलाल भारतीय का मकान, दक्षिण में आनन्द राज का मकान, कुल क्षेत्रफल 891 वर्ग फीट हे0। | भू–राजस्व की खतौनी की छायाप्रति एवं भवन मानचित्र |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पंचायत मानिकपुर, सरहट**

# जाम व अतिक्रमण से मुक्त होंगी पुलिस कमिश्नरेट सिटी

## जाम से निजात दिलाने को यातायात निदेशालय की पक्का लेफ्ट फ्री टर्न चौराहा बनाए जाने की योजना

डी.पी.शुक्ल, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश की सड़कों को जाम और अतिक्रमण से मुक्ति दिलाने के लिए यातायात निदेशालय ने कमर कस ली है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप जिलों में जाम की स्थिति को सुधारने के लिए प्रयोग के तौर पर सभी पुलिस कमिश्नरेट के जिलों में पक्का लेफ्ट फ्री टर्न चौराहा बनाया जायेगा। इसके लिए पीडब्लूडी के अधिकारियों के साथ एडीजी ट्रैफिक की बैठक हुई, जिसमें पीडब्लूडी के अफसरों ने सहयोग करने का भरोसा दिया है। चौराहों पर वाहनों को जाम से निजात दिलाने के लिए पक्का लेफ्ट फ्री चौराहा सिस्टम लखनऊ, गाजियाबाद, गौतमबुद्धनगर, आगरा, वाराणसी, प्रयागराज और कानपुर नगर में लागू किया गया है। यातायात निदेशालय ने लखनऊ कमिश्नरेट में कुल 23 मुख्य चौराहों पर पक्का फ्री लेफ्ट टर्न सिस्टम बनाने के निर्देश दिये हैं। जिसमें हजरतगंज में चार, गोमतीनगर में सात, महानगर में दो, कैन्ट में तीन, कृष्णानगर, काकोरी,गाजीपुर, चौक व गोसाईगंज में एक-एक, अलीगंज और बीकेटी में एक चौराहा शामिल है।

### गोरखपुर में आपातकालीन कॉल सिस्टम

यातायात को और सुदृढ़ बनाने के लिए गोरखपुर में कई चौराहों पर आपातकालीन कॉल सिस्टम लगाया गया है। उदाहरण के तौर पर किसी चौराहे पर वाहन से उतरते समय यदि आपका कोई सामान उस वाहन में छूट गया तो आपको घबराने की जरूरत नहीं। आपको उस चौराहे पर लगे आपात कॉल सिस्टम के पास जाकर उसके बटन को दबाना है। बटन के दबते ही ट्रैफिक कंट्रोल रूम का फोन बज उठेगा। कंट्रोल रूम में तैनात पुलिसकर्मी आपसे जानकारी लेने के बाद तत्काल उक्त वाहन को अगले चौराहे पर रुकवा लेगा।

### हर रूट पर लगे ई-रिक्शा स्टैंड का बोर्ड



शहरों में जाम की समस्या बने ई-रिक्शा के चालकों को निर्धारित रूट पर ही चलने के लिए कड़ाई से पालने के निर्देश दिये गये हैं। यातायात निदेशालय ने पुलिस कमिश्नरेट जिलों को निर्देशित किया है कि नगर में संचालित ई-रिक्शा की कलर नम्बरिंग कर रूट निर्धारित किए जाएं। इसके अलावा यह भी सुनिश्चित किया जाय कि ई-रिक्शा निर्धारित रूट पर निर्धारित पार्किंग स्थल से ही चलें। प्रत्येक रूट पर ई-रिक्शा स्टैण्ड का बोर्ड लगायें तथा वहीं से ही संचालन हो।



जाम से निजात दिलाने और यातायात व्यवस्था और सुदृढ़ बनाने के लिए पुलिस कमिश्नरेट जिलों में मुख्य चौराहों पर पक्का लेफ्ट टर्न बनाये जाने के संबंध में निर्देश दिये गये हैं। इसके अलावा ई-रिक्शा को निर्धारित रूट पर ही चलने के लिए कहा गया है।

– के.सत्यनारायण, एडीजी ट्रैफिक

## उज्जवल गैंग का शूटर नोएडा से गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसटीएफ ने पटना के कुख्यात उज्जवल गैंग के शूटर को नोएडा से गुरुवार को गिरफ्तार किया है। पकड़े गये आरोपी पर पटना पुलिस ने 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया था।

एसटीएफ के एएसपी राजकुमार मिश्रा के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी फैजल उर्फ किट्टू बिहार के पटना स्थित नौबतपुर का रहने वाला है। पूछताछ में आरोपी ने कुबूल किया कि वह गांव के बीकू के जरिये 2020 में पटना के कुख्यात अपराधी उज्जवल से हुई थी। इसके बाद उसके गिरोह के लिए काम करने लगा।

## एक नजर

### परीक्षा संबंधित मांगों को लेकर छात्र आज करेंगे घेराव

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र. अधीनस्थ सेवा चयन आयोग कार्यालय का छात्र शुक्रवार को घेराव करेंगे। इसके लिए छात्रों ने सोशल मीडिया ग्रुप के माध्यम से एक दूसरे से संपर्क साधना शुरू कर दिया है। छात्रों की मांग है कि दर्जन भर लंबित परीक्षाओं को जल्दी सम्पन्न कराया जाए। इसके अलावा पिछले आठ वर्षों से नहीं आई लोवर सबआर्डिनेट की रिक्तियों को शीघ्र निकाला जाए। छात्र यह भी मांग कर रहे हैं कि जिन परीक्षाओं की प्रक्रिया न्यायालय में विचाराधीन है, उनमें प्रभावी पैरवी कर शीघ्र निर्णय कराया जाए।

### आयुष पीजी : दूसरी काउंसिलिंग की मेरिट सूची जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** यूपी आयुष पीजी की दूसरी काउंसिलिंग में 740 अभ्यर्थियों की विभागवार मेरिट सूची जारी कर दी गयी है। जारी सूचियों में आयुर्वेद में 443, होम्योपैथिक में 148 और यूनानी कॉलेजों में दाखिले के लिए 149 अभ्यर्थी शामिल हैं। मेरिट सूची में शामिल अभ्यर्थी क्रमवार संबन्धित विभाग के कॉलेजों की प्राथमिकताएं देंगे, जिसके बाद 25 अक्टूबर को सीट आवंटन किया जाएगा।

### एसजीपीजीआई को गैरवेतन मद में मिले 75 करोड़

**अमृत विचार, लखनऊ :** संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (एसजीपीजीआई) को राज्य सरकार ने गैरवेतन मद में 75 करोड़ जारी किए हैं। यह आदेश चिकित्सा शिक्षा विभाग की विशेष सचिव कृतिका शर्मा द्वारा गुरुवार को जारी कर दिया गया है। एसजीपीजीआई के निदेशक डॉ.आर के धीमन ने बताया कि गैरवेतन मद में आवश्यक व्ययों के लिए संस्थान को 300 करोड़ की धनराशि स्वीकृत है। इसमें 50-50 लाख की दो किस्तें मिल चुकी हैं, तीसरी किस्त 75 करोड़ की जारी की गई है।

# बिजली चोरी प्रकरण में कंपनियां नहीं दे सकेंगी चार किलोवाट का नया कनेक्शन

## नियामक आयोग ने खारिज किया पावर कॉरपोरेशन का प्रस्ताव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** बिजली चोरी प्रकरण में बिजली कंपनियां उपभोक्ताओं को चार किलोवाट भार का नया बिजली कनेक्शन नहीं दे सकेंगी। राज्य विद्युत नियामक आयोग ने उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के प्रस्ताव को खारिज कर दिया। आयोग ने कहा कि कॉरपोरेशन का प्रस्ताव व इसे बगैर स्वीकृति के लागू किया जाना विद्युत अधिनियम 2023 का उल्लंघन है।

पावर कॉरपोरेशन की ओर से 30 सितंबर को नियामक आयोग में कनेक्शन की नियमावली में संशोधन के लिए प्रस्ताव दाखिल किया था। प्रस्ताव में विद्युत वितरण संहिता की धारा 8.1 में संशोधन किए जाने की मांग की गई थी। इसी बीच, 14 अक्टूबर को पावर कारपोरेशन ने बिना आयोग की अनुमति लिए पूरे प्रदेश में यह आदेश लागू कर दिया। आयोग ने कहा कि बिजली चोरी के संबंध में पारित प्रस्ताव नियम विरुद्ध है। विस्तृत आदेश में विद्युत अधिनियम 2003 के प्रावधानों को समझाते हुए आयोग ने कहा कि इसमें कोई भी बदलाव या संशोधन नहीं किया जा सकता है। आयोग ने कहा कि बिजली चोरी के मामले में राजस्व निर्धारण जब तक जमा नहीं होगा तब तक नया कनेक्शन नहीं मिल सकता है।

### कॉरपोरेशन ने दिया था असंवैधानिक आदेश : परिषद

पावर कॉरपोरेशन ने प्रस्ताव भेजने के बाद निदेशक मंडल की बैठक में इसे लागू करने पर फैसला ले लिया था, साथ ही अपने स्तर से आदेश भी जारी किया गया था। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने आयोग के कॉरपोरेशन के प्रस्ताव को खारिज करने की कार्रवाई का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि आयोग एक संवैधानिक संस्था है, प्रस्ताव के बगैर मंजूरी से उसे लागू करना कतई उचित नहीं था। कॉरपोरेशन ने आयोग के अधिकारों पर अतिक्रमण किया था।

# 2324 कर्मचारियों का नियमितीकरण लटका

सुनील कुमार मिश्र, लखनऊ

**सहकारिता विभाग**

▸▸ एसआईटी जांच में क्लीन चिट मिलने के बाद भी सेवा शर्तों को पूरा नहीं कर रहा विभाग

**अमृत विचार :** सहकारिता विभाग में वर्षों से कार्यरत 2324 कर्मचारी आज भी नियमितीकरण और पदोन्नति की बाट जोह रहे हैं। भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी के आरोपों की छानबीन कर रही एसआईटी से क्लीन चिट मिलने के बाद इन कर्मियों सेवाएं जारी रखी गईं, लेकिन वेतन वृद्धि से लेकर सेवा की अन्य शर्तों को विभाग पूरा नहीं कर रहा। स्थिति यह है कि अपनी समस्या को लेकर शासन की चौखट तक पहुंचने का प्रयास कर रहे कर्मियों को विभागीय स्तर से बर्खास्त करने की चेतावनी मिल रही है।

वर्ष 2015 से 2017 के बीच सहकारिता विभाग की सात अलग-अलग संस्थाओं में 2324 पदों पर भर्तियां की गईं थीं। इसके लिए उप्र सहकारी संस्थागत सेवा मंडल की तरफ से विज्ञापन जारी कर बकायदा परीक्षा आयोजित कराई गई थी। परीक्षा पास करके चयनित हुए अभ्यर्थियों को नियुक्ति दी गई थी। 2017 में भाजपा सरकार बनने के साथ ही इस भर्ती में घोटाले की आशंका जताकर जांच की जिम्मेदारी विशेष जांच दल (एसआईटी) को सौंपी गई। करीब चार साल की पड़ताल में एसआईटी ने चयनित अभ्यर्थियों को क्लीन चिट देते हुए भर्ती प्रक्रिया में शामिल अधिकारियों को दोषी माना गया। एसआईटी ने सेवामंडल के तत्कालीन चेयरमैन ओमकार यादव, अध्यक्ष रामजतन यादव, सचिव भूपेन्द्र विश्नोई, तत्कालीन प्रबंध निदेशक यूपी कोऑपरेटिव बैंक आरके सिंह सहित एक दर्जन से अधिक विभागीय अधिकारियों के खिलाफ 20 मई 2021 को प्राथमिकी दर्ज करा दी गई।

वर्ष 2022 में एसआईटी ने सभी दोषियों के खिलाफ आरोप पत्र भी दाखिल कर दिया। इधर, एसआईटी जांच में क्लीन चिट मिलने के बाद चयनित अभ्यर्थियों को उनके पदों पर सेवारत रखने का आदेश शासन की तरफ से जारी हो गया। करीब 9 वर्ष से सभी कर्मचारी उसी वेतन और पर पद पर कार्यरत हैं, जिसपर उनकी नियुक्ति हुई थीं। इस दौरान खाली हुए पदों के सापेक्ष उन्हें पदोन्नति तक का लाभ नहीं दिया गया। यहां तक कि एसआईटी जांच पूरी होने के बावजूद अभी तक इन कर्मचारियों के नियमितीकरण पर कोई विचार नहीं किया।

एसआईटी ने इसके लिए केवल अधिकारियों को दोषी माना और पास अभ्यर्थियों की सेवा जारी रखने की सिफारिश की थी। उप्र सहकारी ग्राम बैंक कर्मचारी संयुक्त परिषद के मंडल अध्यक्ष अतुल कुमार का कहना है कि कर्मचारियों को नियमितीकरण, वेतन वृद्धि, पदोन्नति से वंचित रखने के बावजूद इनसे चुनाव ड्यूटी सहित हर तरह के सार्वजनिक क्षेत्र में सेवा ली जा रही है। कोरोना काल में इन्हें अन्य कर्मचारियों की तरह अवकाश का लाभ भी नहीं दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि कर्मियों को बतौर संविदाकर्मी तैनात कर, भेदभावपूर्ण बर्ताव किया जा रहा है।

## व्यापारी की हत्या करने जा रहे तीन आरोपी गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ :** एसटीएफ की सतर्कता से व्यापारी की हत्या करने की साजिश नाकाम हो गई। इस मामले में एसटीएफ की टीम ने तीन आरोपियों को जौनपुर के सिकरारा स्थित सुजानगंज रोड से गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के पास से असलहा और कारतूस बरामद किए। पूछताछ में सामने आया कि व्यापारी कमलेश पाठक की हत्या के लिए 12 लाख रुपये में सुपारी ली गई थी।

एसटीएफ के डिप्टी एसपी संजीव कुमार दीक्षित के मुताबिक पकड़े गये आरोपियों में सिकरारा के ताहिरपुर का सुनील उपाध्याय उर्फ ओम उपाध्याय, सुशील सरोज ओर मुकेश उर्फ जयहिंद शामिल है। जानकारी मिलने पर टीम ने घेराबंदी की, तीन संदिग्ध दिखे युवकों को दबोच लिया। डिप्टी एसपी के मुताबिक आरोपी सुनील ने कुबूल किया कि जमीन पर कब्जे को लेकर बॉबी उर्फ सैफ ने सुनील को कमलेश की हत्या की सुपारी दी थी। एसटीएफ टीम बॉबी की तलाश कर रही है।

## रिश्वत लेते गिरफ्तार जेई और मेट भेजे गए जेल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** सीबीआई लखनऊ की एंटी करप्शन शाखा की टीम ने मंगलवार को अयोध्या छावनी परिषद के मेट को 10 हजार रुपये रिश्वत लेते दबोचा था। वहीं, बुधवार को संविदा जेई को भी गिरफ्तार कर लिया। दोनों को सीबीआई की अदालत में पेश किया गया। जहां से जेल भेज दिया गया है। आरोपियों ने लकड़ी खरीदने वाले ठेकेदार को अनुमति पत्र देने के नाम पर 15 हजार रुपये की रिश्वत मांगी थी।

सीबीआई अधिकारी के मुताबिक, मैनपुरी के रूहेला निवासी शिवम ने अयोध्या छावनी परिषद से नीलामी में 1,37,500 रुपये कीमत की लकड़ी खरीदी थी। लकड़ी उठवाने की अनुमति पत्र जारी करने के लिए संविदा पर तैनात जूनियर इंजीनियर अमित के इशारे पर मेट विजय कुमार ने 15 हजार रुपये रिश्वत की मांग की थी। शिवम ने इसकी शिकायत सीबीआई की एंटी करप्शन शाखा में की। टीम ने मंगलवार को रिपोर्ट दर्ज कर छावनी परिषद में छापा मारकर मेट विजय कुमार को ठेकेदार शिवम से 10 हजार रुपये रिश्वत लेते दबोच लिया। पूछताछ के बाद संविदा पर तैनात इंजीनियर अमित को भी हिरासत में ले लिया गया।

## मिल्कीपुर उप चुनाव को लेकर मांगा जवाब

**विधि संवाददाता, अमृत विचार, लखनऊ :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने अयोध्या के मिल्कीपुर विधान सभा क्षेत्र के उप चुनाव के सम्बन्ध में दाखिल जनहित याचिका पर चुनाव आयोग से जवाब मांगा है। मामले की अगली सुनवाई 12 नवंबर को होगी। यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने मिल्कीपुर निवासी प्रभुनाथ तिवारी की याचिका पर पारित किया। याचिका में उप चुनाव समय से कराने की मांग की गई है। याचिका पर सुनवाई करते हुए न्यायालय ने चुनाव आयोग के अधिवक्ता को आदेश दिया कि वह इस संबंध में आयोग से निर्देश प्राप्त कर अगली सुनवाई पर जवाब दें। उल्लेखनीय है कि भाजपा नेता गोरखनाथ द्वारा दाखिल एक निर्वाचन याचिका के विचाराधीन होने के कारण चुनाव आयोग ने मिल्कीपुर के उप चुनाव की तारीख घोषित नहीं की। गोरखनाथ की ओर से याचिका को वापस लिए जाने का प्रार्थना पत्र दाखिल किया गया परंतु तय प्रक्रिया न अपनाए जाने की वजह से प्रार्थना पत्र पर सुनवाई टल गई।

## खाद की कालाबाजारी से किसान परेशान : अखिलेश

**अमृत विचार, लखनऊ :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार में जिलों में खाद की कालाबाजारी और मुनाफाखोरी हो रही है। किसानों को आलू, गेहूं और अन्य फसलों की बुआई के लिए डीएपी, यूरिया और अन्य खादें नहीं मिल रही हैं। सपा प्रमुख ने गुरुवार को जारी बयान में कहा कि पिछले एक पखवारे में मैनपुरी, कन्नौज समेत कई जिलों के किसानों ने डीएपी की कमी को लेकर प्रदर्शन किया था। बीते सोमवार को चित्रकूट में डीएपी न मिलने से परेशान किसान ने अपने खेत में पेड़ से फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली।

# समर्थन के बावजूद पक्षद्रोही घोषित करने पर हाईकोर्ट गंभीर

विधि संवाददाता, लखनऊ

▸▸ लोक अभियोजक के खिलाफ कार्रवाई का प्रमुख सचिव, विधि को दिया आदेश

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने एक जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान पाया कि पीड़ित द्वारा अभियोजन कथानक का पूरी तरह समर्थन करने के बावजूद लोक अभियोजक ने पीड़ित को होस्टाइल (पक्षद्रोही) घोषित करने का अनुरोध ट्रायल कोर्ट से कर दिया और ट्रायल कोर्ट ने उक्त अनुरोध को स्वीकार भी कर लिया। न्यायालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए, प्रमुख सचिव, विधि को आदेश दिया है कि वह इस मामले को देखें और संबंधित लोक अभियोजक के विरुद्ध कार्रवाई करें। इसी के साथ न्यायालय ने ट्रायल की प्रक्रिया कर रहे अपर सत्र न्यायाधीश 16, लखनऊ की कोर्ट से किसी अन्य कोर्ट में मामले को स्थानांतरित करने का आदेश जनपद न्यायाधीश लखनऊ को दिया है।

यह निर्णय न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की एकल पीठ ने यश प्रताप सिंह की जमानत याचिका पर पारित किया। न्यायालय ने उक्त अभियुक्त की जमानत याचिका को भी खारिज कर दिया है। विभूति खंड थाने से सम्बंधित हत्या के प्रयास के उक्त मामले में अभियुक्त की ओर से यह कहते हुए जमानत पर रिहा किए जाने की मांग की गई थी कि मामले का पीड़ित होस्टाइल हो चुका है। न्यायालय ने पत्रावली के अवलोकन पर पाया कि मुख्य परीक्षा के दौरान पीड़ित ने अभियोजन केस का पूरी तरह से समर्थन किया, बावजूद इसके सरकार की ओर से पेश लोक अभियोजक ने पीड़ित को होस्टाइल करार देने के लिए ट्रायल कोर्ट से अनुरोध किया। न्यायालय ने अपने आदेश में आश्चर्य जताते हुए कहा कि उक्त अनुरोध को ट्रायल कोर्ट ने स्वीकार भी कर लिया और पीड़ित को होस्टाइल घोषित कर दिया। न्यायालय ने यह भी पाया कि पीड़ित की प्रति परीक्षा लगभग ढाई महीने तक चलती रही, इस दौरान ट्रायल कोर्ट ने प्रति परीक्षा के लिए लंबी-लंबी तारीखें दीं और 12 जून 2024 को हुई प्रति परीक्षा के दौरान पीड़ित ने अभियुक्त द्वारा हमला न करने की बात कही। न्यायालय ने टिप्पणी करते हुए कहा कि पहले भी इस बात की चिंता जाहिर की जा चुकी है कि लंबी तारीखों तक चलने वाली प्रति परीक्षा के दौरान गवाहों का अभियुक्त के पक्ष में बयान दिया जाना गंभीर विषय है।

## वर्ग पहेली-232

**बाएं से दाएं**

4. जिसके उच्चारण में फेफड़ों से आती वायु नासिका विवर से न निकले, अनुनासिक का विपर्याय।

5. 1. जिसमें फल न लगे हों, फलरहित वृक्ष 2. निष्फल, परिणामरहित।

6. नाख़ून से खोटना या नोचना, नाख़ून से काटना।

7. अनुच्छेद, (पैराग्राफ़ का संक्षिप्त रूप)।


**ऊपर से नीचे**

1. 1. चलते-चलते किसी स्थान पर रुकना; थमना 2. किसी की प्रतीक्षा में धैर्यपूर्वक एक स्थान पर बैठे रहना 3. निश्चित या पक्का होना 4. डेरा डालना 5. किसी प्रकार की क्रिया, चेष्टा या व्यापार से रहित या हीन होना 6. गतिशील व्यक्ति, वस्तु का कहीं ठहर जाना 7. मादा का गर्भवती होना; जैसे- गर्भ ठहरना।

2. 1. फलयुक्त होना 2. सुख-सौभाग्य युक्त होना।

3. 1. चुनचुनाहट, खुजली 2. जलन के साथ होने वाली पीड़ा 3. चिनगारी।

5. 1. आघात लगना



### वर्ग पहेली -231 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 शु | ■ | 2 झ | ■ | 3 स |
| 4 मे | जा | ■ | न | ■ | ना |
| ■ | 5 अ | भि | क | थि | त |
| ■ | त | ■ | म | ■ | न |
| ■ | ■ | 6 मा | न | स | ■ |
| ■ | 7 जी | र | क | ■ | ■ |
| ■ | ■ | ना | ■ | ■ | ■ |

## सुडोकू -145

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | 2 | 8 | | | 9 |
| | 1 | 2 | | 6 | | 8 | | |
| 8 | 4 | | | | 7 | | | 3 |
| | 6 | | | 3 | | 2 | | 4 |
| | | | | | | | | |
| 9 | | 8 | | 1 | | | 7 | |
| 3 | | | 7 | | | | 6 | 8 |
| | | 7 | | 8 | | 3 | 1 | |
| 1 | | | 5 | 4 | | 7 | | |

### सुडोकू - 144 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 9 | 7 | 4 | 3 | 1 | 8 | 2 |
| 8 | 4 | 3 | 1 | 2 | 6 | 9 | 7 | 5 |
| 7 | 1 | 2 | 5 | 8 | 9 | 4 | 3 | 6 |
| 3 | 6 | 5 | 8 | 9 | 2 | 7 | 1 | 4 |
| 2 | 7 | 8 | 4 | 1 | 5 | 6 | 9 | 3 |
| 1 | 9 | 4 | 6 | 3 | 7 | 5 | 2 | 8 |
| 5 | 2 | 1 | 9 | 6 | 8 | 3 | 4 | 7 |
| 9 | 3 | 7 | 2 | 5 | 4 | 8 | 6 | 1 |
| 4 | 8 | 6 | 3 | 7 | 1 | 2 | 5 | 9 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 25 अक्टूबर शुक्रवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-नवमी 26 अक्टूबर 03 .22 तक तत्पश्चात दशमी।

### आज का पंचांग




दिशाशूल-पश्चिम। ऋतु-हेमंत। चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुम्भ। ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती। नक्षत्र-पुष्य 07 .40 तक तत्पश्चात अश्लेशा।

**मेष** – आज दांपत्य संबंधों में अहम को लेकर टकराव हो सकता है। स्वास्थ्य को लेकर परेशानी हो सकती है। गैर कानूनी कार्यों से आपको बचना चाहिए। आज वाहन सावधानी पूर्वक चलाएं। घर में नकारात्मकता हावी रहेगी। हल्का और सुपाच्य भोजन ग्रहण करें।

**वृष** – आज राजनीति से जुड़े लोगों को उच्च पद मिल सकता है। आय के नए स्रोत बनने की संभावना बन रही है। सभी काम सुचारू रूप से पूर्ण होंगे। मेहनत का बेहतरीन लाभ प्राप्त होगा। आर्थिक परेशानियों का निराकरण हो सकता है। घर का वातावरण सुखद रहेगा।

**मिथुन** – आज कारोबार के लिए आपको समय निकालना पड़ेगा। परिवार का माहौल खुशनुमा होगा। भाग्य का भरपूर साथ मिलेगा। धन की कमी के कारण काम रुक सकते हैं। नौकरीपेशा व्यक्तियों के ऊपर काम का दबाव बढ़ सकता है।

**कर्क** – आज नया कार्य शुरु करने में आपको सफलता मिलेगी। जीवनसाथी के साथ मतभेद कम होंगे। सभी कार्यों को योजनाबद्ध तरीके से पूर्ण करेंगे। रोजगार के नए साधन उत्पन्न होंगे। घर में मांगलिक कार्यों की रूपरेखा बन सकती हैं।

**सिंह** – आज दांपत्य संबंधों में अनबन होने की आशंका है। बातचीत के दौरान आपको सावधानी रखनी चाहिए। कुछ मित्र आपके प्रति ईर्ष्या भाव रख सकते हैं। अनावश्यक खर्च बढ़ने से बजट प्रभावित हो सकता है। विद्यार्थियों को करियर को लेकर परेशानी हो सकती है।

**कन्या** – आज बुद्धिमान लोगों का सानिध्य प्राप्त होगा। आपको सेहत का विशेष ध्यान रखना चाहिए। प्रेमी जन के साथ रोमांटिक डेट पर जा सकते हैं। तकनीकी क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन बहुत ही अच्छा है। जिस भी कार्य को हांथ में लेंगे उसे पूरा करके ही दम लेंगे।

**तुला** – आज जीवनसाथी से आपको प्रेरणा मिलेगी। बच्चे अपनी पढ़ाई को लेकर काफी सक्रिय रहेंगे। व्यापार में नया निवेश होने की संभावना है। आपकी कार्यशैली से लोग काफी प्रभावित होने वाले हैं। परोपकार में धन खर्च कर सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज घर में धार्मिक वातावरण हो सकता है। आपके आत्मविश्वास और आत्मबल में वृद्धि होगी। नया वाहन खरीदने का विचार बना सकते हैं। निजी मामलों को बाहरी लोगों से शेयर न करें। रियल एस्टेट में बड़ा निवेश करने से बचें।

**धनु** – आज अपनी भावनाओं को सबके समक्ष व्यक्त न करें। घर में अप्रिय व्यक्तियों का आगमन हो सकता है। बदहज़मी के कारण लीवर में परेशानी होने की संभावना है। आज आपको अनावश्यक यात्रा करनी पड़ सकती है। दूसरों के मामलों में ज्यादा हस्तक्षेप न करें।

**मकर** – आज कार्यक्षेत्र को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लेने पड़ेंगे। उच्च अधिकारियों से प्रशंसा प्राप्त होगी। आर्थिक स्थिति को लेकर सन्तुष्ट रहेंगे। छोटी-छोटी बातों को तूल देने से बचें। बड़े व्यावसायिक अनुबन्ध हो सकते हैं। ज्ञान अर्जित करने में लगे रहेंगे।

**कुंभ** – आज परिवार के लोगों की आवश्यकताओं का ध्यान रखें। कार्यक्षेत्र का माहौल बहुत ही अच्छा रहेगा। समाज के कार्यों में आप रुचि लेंगे। बीमार लोगों को दवाइयों में लापरवाही नहीं करनी चाहिए। साहित्य और कला में आपकी स्वाभाविक रुचि बढ़ेगी।

**मीन** – आज अपनी दिनचर्या को अनुशासित रखें। प्रेम संबंधों में धन को लेकर विवाद हो सकता है। पढ़ाई में मेहनत को लेकर परेशानी होगी। बुद्धिमानी के कारण समाज में यश प्राप्त करेंगे। विवाहेतर सम्बन्धों से आपको बचना चाहिये।

## आज की फिल्में

| चैनल | फिल्म | समय |
|---|---|---|
| B4U Movies | मेला | सुबह : 11.00 |
| B4U Movies | शंकर | रात : 07.00 |
| &pictures | हमारा दिल आपके पास है | सुबह : 11.17 |
| &pictures | मिस्टर एवं मिसेज माही | रात : 08.00 |
| Sony Pix | ब्राइटबर्न | सुबह : 11.07 |
| Sony Pix | स्पाइडर मैन | रात : 09.00 |
| Zee Cinema | सोचा न था | सुबह : 10.30 |
| Zee Cinema | काला सोना | रात : 07.45 |
| Zee Action | इंटरनेशनल राउडी | सुबह : 10.47 |
| Zee Action | जाल द ट्रैप | रात : 07.30 |

### आज की सुपरहिट फिल्म




एंड पिक्चर्स पर रात : 08.00 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

कैसे मनाएं इको फ्रेंडली दिवाली, आप भी जान लिजिए

सबसे पहले रसोई में खड़े हो जाएं।

पत्नी द्वारा बनाई गई दिवाली की मिठाई,

उनके सामने ही चट कर जाएं।

फिर हाथ साफ करते हुए फरमाएं...

भई जो भी हो, हमारी अम्मा के हाथ की मिठाई की बात ही कुछ और होती थी।

...बस फिर क्या इको फ्रंडली आतिशबाजी का आनंद ले...।

## कानपुर मंडी

अनाज (प्रति क्वि.) गेहूंदड़ा 2800–2850 आर.आर.21. 2900–2950 गेहूंफारम 3050–3100 जौ 2300 –2400 ज्वार 2000 –4000 बाजरा 2250–2300 मकाई 2400 –2500 दलहन (प्रति क्वि.) चना 6600 –6700 अरहर 7500 –8000 मसूर 5500 –5600 मटर 3300 –3400 उड़दहरा 11500 –12000 उड़दकाला 7500 –8500 मूंग 7500 –8000 दाल (प्रति क्वि.) अरहरफूल 14400–14500 अरहरस्पेशल 11400–11500 चनादाल 8450–8550 मटरदाल 4300–4400 मसूरमलका 7300–7350 मसूरदाल 7575–7625 उड़ददाल 9000– 13500 उड़द धोवा 10000– 12500 मूंगदाल 8500 –9700 मूंग धोवा 9500–11000 चावल (प्रति क्वि.) अरवा 2800–4000 बासमती न01.10500–11000 सेला 3000 –4000 बासमती न02. 7000 –8000 आटा–मैदा (प्रति 50 किग्रा.) आटा 1600–1700 मैदा 1700–1770 सूजी 1730–1780 चक्की आटा (ब्राण्डेड 50 किग्रा.) शाहपसंद 1600–1630 तिलहन (प्रति क्वि.) लाही 5700–5800 अलसी 4500 –4600 अण्डी 4600 –4700 तिल्ली 10500– 11800 मूंगफली दानाषिवपुरी 9400– 11500 बटाली 8500–11000 सेहुआं 4000 – 4500 तेल (प्रित क्वि.) सरसों कोल्हू 14100– 14200 अलसी 12400–12500 अण्डी 13900–14000 रिफाइण्ड (प्रति टिन) सोयाबीन 1965–1984 खली (प्रति क्वि.) सरसों 2600–2625 अलसी 4800– 4900 अण्डी 1400–1450 वनस्पति (प्रति टिन 15 ली.) बावर्ची 1965–1963 मयूर 1965–1963 गुड़ (प्रति क्वि.) पन्सेरा 3700–3800 मंगलौरलड्डू 4500–4600 देशीभेली 4200–4300 शक्करदाना (प्रति क्वि.) एम.30. 4170–4200 घीदेशी (प्रति क्वि.) खुर्जा 61000–62000 औरय्या 52300–52300

## सर्राफा

कानपुर

| | |
| --- | --- |
| चांदी 999 (प्रति किलो) | 100700 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) लिवाल | 115000 |
| सिक्का (प्रति सैकड़ा) बिकवाल | 120000 |
| सोनाबिस्कुट (दस ग्राम) | 80350 |
| गिन्नी (प्रति नग) | 59900–60100 |

# विश्व बैंक के अध्यक्ष से वित्तमंत्री मिलीं, एमडीबी सुधारों पर चर्चा

## विश्व बैंक की ओर से आईईजी की सिफारिशों को आगे बढ़ाने की प्रतीक्षा

वाशिंगटन, एजेंसी

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण विश्व बैंक के अध्यक्ष अजय बंगा से मिलीं और अन्य मुद्दों के अलावा बहुपक्षीय विकास बैंकों में सुधार पर चर्चा की। विश्व बैंक व अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) की वार्षिक बैठकों से इतर दोनों ने वैश्विक वस्तुओं में निजी पूंजी की भागीदारी से जुड़े मुद्दों, ऊर्जा सुरक्षा व बहुपक्षीय विकास बैंकों (एमडीबीएस) में सुधार पर चर्चा की।

वित्त मंत्रालय ने एक्स पर लिखा कि वित्त मंत्री ने कहा कि वह विश्व बैंक द्वारा भारत की जी-20 अध्यक्षता से एमडीबी सुधारों पर आईईजी की सिफारिशों को आगे बढ़ाने की प्रतीक्षा कर रही हैं। उन्होंने भविष्य



- भविष्य में सिफारिशों के कार्यान्वयन की नियमित निगरानी का किया अनुरोध

में सिफारिशों के कार्यान्वयन की नियमित निगरानी का भी अनुरोध किया। भारत की जी-20 अध्यक्षता के दौरान 2023 में गठित स्वतंत्र विशेषज्ञ समूह (आईईजी) ने एमडीबी में सुधारों के ट्रिपल एजेंडे की सिफारिश की है। इसके तीन तत्व गरीबी समाप्त करना, साझा समृद्धि बढ़ाना व वैश्विक वस्तुओं के लिए ऋण तीन गुना बढ़ाने और तीसरा वित्तपोषण तंत्र बनाना शामिल है।

### कोई भारत को नजरअंदाज नहीं कर सकता

**वाशिंगटन।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि भारत की प्राथमिकता प्रभुत्व स्थापित करना नहीं बल्कि अपने प्रभाव को बढ़ाना है। उन्होंने कहा कि अमेरिका हो या चीन कोई भी देश आज भारत को नजरअंदाज नहीं कर सकता। सीतारमण ने सेंटर फॉर ग्लोबल डेवलपमेंट द्वारा आयोजित ब्रेटन वुड्स एट 80 : प्रायोरिटीज फॉर द नेक्स्ट डेकेड में परिचर्चा के दौरान ये टिप्पणियां कीं।

# नेशनल फंड्स : विकास में आपका महत्वपूर्ण योगदान

नेशनल फंड्स एक महत्वपूर्ण वित्तीय साधन हैं, जो सरकारी और सार्वजनिक विकासात्मक परियोजनाओं के लिए पूंजी जुटाने का कार्य करते हैं। इनमें निवेश करके आप न केवल अपने वित्तीय लक्ष्यों को पूरा कर सकते हैं, बल्कि देश के विकास में भी सक्रिय भागीदारी निभा सकते हैं। हालांकि, निवेश करते समय कुछ जोखिम भी होते हैं, जैसे बाजार का उतार–चढ़ाव और लिक्विडिटी के मुद्दे। सही जानकारी और रणनीति के साथ, आप नेशनल फंड्स में सफलतापूर्वक निवेश कर सकते हैं और इसके लाभ प्राप्त कर सकते हैं। आइए इसके बारे में जानें...

### नेशनल फंड्स क्या है?

नेशनल फंड्स आमतौर पर सरकारी या सार्वजनिक संस्थानों की ओर से प्रबंधित फंड होते हैं, जिनका उद्देश्य विभिन्न विकासात्मक गतिविधियों के लिए पूंजी जुटाना होता है। ये फंड्स अलग–अलग सेक्टरों में निवेश कर सकते हैं, जैसे– शिक्षा, स्वास्थ्य, बुनियादी ढांचा, और पर्यावरण।

### कैसे करें निवेश?

- **फंड का चयन :** सबसे पहले, विभिन्न नेशनल फंड्स की जानकारी प्राप्त करें और अपनी जरूरतों के अनुसार एक फंड चुनें।
- **प्रवेश प्रक्रिया :** फंड में निवेश करने के लिए आवश्यक दस्तावेज तैयार करें। इसमें आधार कार्ड, पेन कार्ड और बैंक विवरण शामिल हो सकते हैं।
- **ऑनलाइन–ऑफलाइन आवेदन :** कई फंड्स में ऑनलाइन आवेदन की सुविधा होती है। आप वेबसाइट पर जाकर या संबंधित कार्यालय में जाकर भी आवेदन कर सकते हैं।
- **निवेश की राशि :** निर्धारित राशि का निवेश करें।



### निवेश के लाभ

- **विकास में योगदान :** नेशनल फंड्स में निवेश करने से आप विकासात्मक परियोजनाओं का हिस्सा बनते हैं।
- **कर लाभ :** कुछ नेशनल फंड्स में निवेश करने पर कर में छूट भी मिल सकती है।
- **स्टेबल रिटर्न :** अक्सर ये फंड्स स्थिर और सुरक्षित रिटर्न प्रदान करते हैं।

### निवेशक रखें सावधानी

- **बाजार का उतार–चढ़ाव :** जैसा सभी निवेशों में होता है, नेशनल फंड्स में भी उतार–चढ़ाव का जोखिम होता है।
- **लिक्विडिटी का मुद्दा :** कुछ फंड्स में राशि तुरंत वापस नहीं मिल सकती, इसलिए लिक्विडिटी का ध्यान रखें।
- **सिस्टमेटिक रिस्क :** अगर देश की आर्थिक स्थिति बिगड़ती है, तो फंड्स पर भी इसका असर पड़ सकता है।

### जोखिम से कैसे बचें

- **अच्छी रिसर्च :** फंड के बारे में अच्छे से जानें और उसकी परफॉर्मेंस का विश्लेषण करें।
- **विविधता :** अपने निवेश को विभिन्न फंड्स में बांटें ताकि जोखिम कम हो।

## त्योहारों के मद्देनजर कुछ शहरों में जोमैटो, स्विगी ने बढ़ाया मंच शुल्क

नई दिल्ली, एजेंसी

- दोनों प्रतिद्वंद्वी कंपनियां मंच शुल्क के तौर पर ले रहीं 10 रुपये


खाद्य पदार्थों की आपूर्ति करने वाले ऑनलाइन मंच जोमैटो और स्विगी ने कुछ शहरों में मंच शुल्क बढ़ाने की गुरुवार को घोषणा की। दोनों प्रतिद्वंद्वी अब दिल्ली में मंच शुल्क के तौर पर 10 रुपये वसूल रही हैं। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में उस खबर पर स्पष्टीकरण दिया, जिसमें कहा गया था कि त्योहारों के मद्देनजर मंच ने शुल्क को 10 रुपये तक बढ़ा दिया है। जोमैटो ने कहा कि हमने वास्तव में कल (बुधवार) कुछ शहरों में मंच शुल्क बढ़ाया है। कंपनी अब दिल्ली में त्योहारी सीजन मंच शुल्क के तौर पर 10 रुपये वसूल रही है। जोमैटो ने हालांकि यह स्पष्ट नहीं किया गया कि किन शहरों में मंच शुल्क में कितनी वृद्धि की गई है। कंपनी ने कहा कि मंच शुल्क में ऐसे बदलाव नियमित व्यावसायिक प्रक्रिया है और ऐसा समय-समय पर होता है। यह (शुल्क) हर शहर में अलग होते हैं। इसी तरह, स्विगी ने भी अपने मंच शुल्क में वृद्धि की है, लेकिन कंपनी से इस संबंध में किए सवालों का खबर लिखने तक कोई जवाब नहीं दिया।

## ऑनलाइन गेमिंग व डिजिटल अर्थव्यवस्था के लिए धन शोधन बेहद खतरनाक

नई दिल्ली, एजेंसी

- डिजिटल इंडिया फाउंडेशन ने की दिए सुझावों की वकालत

तेजी से बढ़ते भारतीय ऑनलाइन गेमिंग क्षेत्र को धन शोधन (मनी लॉन्ड्रिंग) के खतरे का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे में इसकी निरंतर सफलता सुनिश्चित करने और देश की मजबूत डिजिटल अर्थव्यवस्था की रक्षा के लिए कदम उठाने की जरूरत है। डिजिटल इंडिया फाउंडेशन की रिपोर्ट में अवैध परिचालकों से निपटने के लिए कार्यबल बनाने, वैध संचालकों की श्वेत सूची बनाने, भ्रामक विज्ञापनों से निपटने तथा वित्तीय अखंडता व अंतर्राष्ट्रीय



सहयोग के सिद्धांतों को शामिल करने की वकालत की गई है। इसमें कहा गया है कि अन्य उपायों में जागरुकता तथा शिक्षा शामिल है, ताकि उपयोगकर्ता सतर्क निर्णय ले सकें व भ्रामक व्यवहार में संलग्न मंच से बच सकें। रिपोर्ट के अनुसार, भारतीय रियल मनी गेमिंग (आरएमजी) क्षेत्र वित्त वर्ष 2019-20 से वित्त वर्ष 2022-23 तक 28 प्रतिशत की सालाना वृद्धि के साथ वैश्विक बाजार में अग्रणी बन गया है। पांच वर्षों में इस क्षेत्र का राजस्व 7.5 अरब अमेरिकी डॉलर पहुंचने का अनुमान है। फाउंडेशन के सह-संस्थापक अरविंद गुप्ता ने कहा कि अवैध परिचालकों पर अंकुश लगाने के नियामकीय प्रयासों के बावजूद कई मंच मिरर साइट्स, अवैध ब्रांडिंग और असंगत वादों के जरिये प्रतिबंधों को दरकिनार कर देते हैं।

## भारत में एआई कम्प्यूटिंग अवसंरचना बनाएंगी एनवीडिया और रिलायंस

मुंबई, एजेंसी

- रिलायंस का नया प्रमुख डेटा सेंटर नवीनतम एनवीडिया ब्लैकवेल एआई चिप का करेगा उपयोग

कृत्रिम मेधा (एआई) चिप की प्रमुख वैश्विक कंपनी एनवीडिया कॉर्प के सीईओ जेन्सेन हुआंग ने गुरुवार को कहा कि उनकी कंपनी ने भारत में एआई कम्प्यूटिंग अवसंरचना और नवाचार केंद्र बनाने के लिए मुकेश अंबानी से समझौता किया है। रिलायंस का नया प्रमुख डेटा सेंटर नवीनतम एनवीडिया ब्लैकवेल एआई चिप का उपयोग करेगा। एनवीडिया की भारत में छह स्थानों पर पहले से मौजूदगी है। अमेरिकी कंपनी अपने त्वरित कम्प्यूटिंग स्टैक द्वारा संचालित एआई अवसंरचना बनाने को उद्यमों, क्लाउड प्रदाताओं और स्टार्टअप इकाइयों के साथ काम करती है, जिसमें इसके हजारों उन्नत जीपीयू (ग्राफिक्स प्रोसेसिंग यूनिट), उच्च प्रदर्शन नेटवर्किंग और एआई सॉफ्टवेयर मंच और उपकरण हैं। एनवीडिया एआई शिखर सम्मेलन-2024 में अंबानी और हुआंग ने एआई में भारत की क्षमता और इस क्षेत्र में वैश्विक अगुवा के रूप में इसकी उभरती भूमिका पर चर्चा की।



## एक नजर

### राजस्थानः दुर्घटना में एक परिवार के 5 लोगों की मौत

**जयपुर।** राजस्थान के सिरोही जिले में गुरुवार सुबह सड़क हादसे में दो महिलाओं तथा एक बच्ची समेत एक ही परिवार के पांच सदस्यों की मौत हो गई और एक अन्य महिला घायल हो गई। कोतवाली के थाना प्रभारी कैलाश दान ने बताया कि यह हादसा ब्यावर–पिंडवाड़ा राजमार्ग पर हुआ जब एक तेज रफ्तार कार टायर फटने के कारण पलट गई। उन्होंने बताया कि कार में सवार लोग गुजरात से फलौदी से जा रहे थे। थाना प्रभारी ने बताया कि हादसे में प्रताप (53), उनकी पत्नी उषा (48), रामूराम (50), पूजा (25) और आशु (11 माह) की मौत हो गई तथा एक अन्य महिला घायल है। पुलिस ने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

### कोयला घोटाला : मधु कोड़ा की याचिका पर सुनवाई आज

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की याचिका पर शुक्रवार को सुनवाई करेगा, जिसमें उन्होंने कोयला घोटाला मामले में अपनी दोषसिद्धि पर रोक का अनुरोध किया है, ताकि वह आगामी राज्य विधानसभा चुनाव लड़ सकें। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना, न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति आर महादेवन की पीठ ने गुरुवार को कहा कि न्यायाधीश मामले की फाइल पर गौर नहीं कर पाए हैं, क्योंकि वे उन्हें देरी से भेजी गई थीं, इसलिए मामले पर शुक्रवार को सुनवाई होगी।

### कांकेर में कार दुर्घटना में छह शिक्षक घायल

**कांकेर।** शिक्षक मोर्चा द्वारा गुरुवार को विभिन्न मांगों को लेकर सभी विकासखंड मुख्यालयों में प्रदर्शन किया जा रहा है। कांकेर में भी ये प्रदर्शन जारी है। इसी में शामिल होने के लिए पखांजुर से कांकेर जिला मुख्यालय के लिए छह शिक्षक एक कार में सवार होकर निकले थे। शिक्षकों की कार जैसे ही दुर्गुकोंदल थाना क्षेत्र के पास पहुंची पुत्तरवाही के पास कार अनियंत्रित होकर एक पेड़ से जा टकराई और कार सवार छह शिक्षक घायल हो गये।

### झारखंड में सड़क हादसे में चार लोगों की मौत

**मेदिनीनगर (झारखंड)।** पलामू जिले में वाहन के पलटने से चार लोगों की मौत हो गई जबकि तीन घायल हो गए। पुलिस ने गुरुवार को बताया कि रांची से 165 किमी दूर उरुर जंगल के पास बुधवार रात हादसा हुआ। वाहन पलटने से चार की मौत हो गई। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

# नहीं आईं सेबी प्रमुख, पीएसी की बैठक स्थगित

## एकतरफा निर्णय का आरोप लगाकर भाजपा ने की लोस अध्यक्ष से वेणुगोपाल की शिकायत

- पीएसी अध्यक्ष पर असंसदीय आचरण का भी लगाया आरोप

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड (सेबी) की प्रमुख माधवी पुरी बुच के गुरुवार को संसद की लोक लेखा समिति (पीएसी) के समक्ष उपस्थित होने में असमर्थता जताने के कारण समिति के प्रमुख के.सी. वेणुगोपाल ने इसकी बैठक स्थगित कर दी। भाजपा ने वेणुगोपाल पर एकतरफा निर्णय लेने और असंसदीय आचरण करने का आरोप लगाते हुए लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से शिकायत की।

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता वेणुगोपाल का कहना है कि बुच की तरफ से गुरुवार सुबह साढ़े नौ बजे सूचित किया कि वह निजी कारणों से पीएसी की बैठक में शामिल नहीं हो सकेंगी, जिसके बाद बैठक को स्थगित करने का फैसला किया गया। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने कहा कि यह बहुत बड़ा विषय है। उनका कहना है कि स्वतः संज्ञान लेते हुए फैसला किया गया। आपने कैसे निर्णय लिया? पीएसी का काम सीएजी (नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक) रिपोर्ट पर विचार-विमर्श करना है। उन्होंने कहा कि अलग-अलग संस्थाओं के कामकाज को देखने के लिए संबंधित विभागों की स्थायी समितियां हैं। बाद में भाजपा नेताओं ने वेणुगोपाल के आचरण को लेकर लोकसभा अध्यक्ष के समक्ष विरोध दर्ज कराया।





पीएसी बैठक स्थगित होने के बाद केसी वेणुगोपाल व भाजपा नेता रविशंकर प्रसाद

### बुच को बुलाना सत्तारूढ़ पार्टी को नहीं आया पसंद

पीएसी की बैठक के एजेंडे में संसद के अधिनियम द्वारा स्थापित नियामक निकायों के कामकाज की समीक्षा को समिति के निर्णय के हिस्से के रूप में वित्त मंत्रालय और सेबी के प्रतिनिधियों के मौखिक साक्ष्य शामिल थे। इस एजेंडे में संचार मंत्रालय और भारतीय दूरसंचार नियामक प्राधिकरण के प्रतिनिधियों के मौखिक साक्ष्य भी थे। एजेंडे में कानून द्वारा स्थापित नियामक निकायों के कामकाज की समीक्षा को शामिल करने के समिति के फैसले का कोई विरोध नहीं था, लेकिन बुच को बुलाने का वेणुगोपाल का निर्णय सत्तारूढ़ पार्टी के सदस्यों को पसंद नहीं आया।

## जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए मोदी से मिले उमर

**नई दिल्ली।** जम्मू- कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने पद संभालने के बाद दिल्ली दौरे के दौरान गुरुवार को प्रधानमंत्री मोदी से मुलाकात की। केंद्र शासित प्रदेश में हुए चुनाव में अब्दुल्ला की नेशनल कॉन्फ्रेंस ने 42 सीट प्राप्त कर सरकार बनाई है। नई सरकार ने पहली मंत्रिमंडल बैठक में प्रस्ताव पारित कर केंद्र सरकार से जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने का आग्रह किया। बाद में, इस प्रस्ताव को उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने भी मंजूरी दे दी थी। मंत्रिमंडल के अनुमोदन के बाद मुख्यमंत्री को जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने की पैरवी करने के लिए प्रधानमंत्री और केंद्र के साथ बातचीत करने का अधिकार दिया गया है।

# चुनाव के दौरान अजित को घड़ी चिह्न के इस्तेमाल का निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी



- न्यायालय ने शरद पवार की याचिका पर अजित को जारी किया नोटिस

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार को महाराष्ट्र चुनाव के दौरान प्रचार सामग्री में घड़ी चिह्न के प्रयोग का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति सूर्यकांत, दीपांकर दत्ता और उज्ज्ल भुइयां की पीठ ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के शरद पवार नीत खेमे की एक याचिका पर यह आदेश पारित किया। साथ ही, पीठ ने अजित को एक नोटिस जारी किया।

शीर्ष अदालत ने 19 मार्च और चार अप्रैल को अजित पवार नीत खेमे को अंग्रेजी, हिंदी और मराठी भाषा के अखबारों में एक सार्वजनिक नोटिस जारी कर उसमें यह उल्लेख करने का निर्देश दिया था कि घड़ी चिह्न का आवंटन न्यायालय के विचाराधीन है। न्यायालय ने यह भी कहा था कि अजित पवार खेमा को मामले में निर्णय आने तक इस चिह्न के उपयोग की अनुमति होगी। गुरुवार को कार्यवाही के दौरान पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी की दलीलों पर गौर किया। वह शरद पवार खेमे की ओर से पेश हुए। सिंघवी ने दलील दी कि विरोधी समूह को घड़ी चिह्न का इस्तेमाल करने से रोका जाए क्योंकि इसने अपनी प्रचार सामग्री में डिस्क्लेमर का उपयोग नहीं किया और मतदाताओं को गुमराह किया है।

## इंडिया गठबंधन प्रत्याशियों का उत्तर प्रदेश में समर्थन करेगी कांग्रेस

नई दिल्ली, एजेंसी

- विस उपचुनावों में सपा के चुनाव चिह्न पर लड़ रहे गठबंधन के उम्मीदवार

कांग्रेस ने गुरुवार को कहा कि उसने संविधान, सामाजिक सौहार्द और भाईचारे के लिए उत्तर प्रदेश में विधानसभा उपचुनावों में उम्मीदवार नहीं उतारने तथा सपा के चुनाव चिह्न लड़ रहे प्रत्याशियों के समर्थन का फैसला किया है। कांग्रेस महासचिव एवं प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे ने कहा कि पार्टी नेतृत्व के साथ विचार-विमर्श करने के बाद समाज, प्रदेश और देश के हित में यह निर्णय लिया गया है।

इससे पहले, सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने बुधवार को ऐलान किया था कि 13 नवंबर को होने वाले उपचुनाव में सभी नौ सीट पर इंडिया गठबंधन के उम्मीदवार उनकी पार्टी के चिह्न पर चुनाव लड़ेंगे। पांडे ने कहा कि मल्लिकार्जुन खरगे, राहुल गांधी, प्रियंका गांधी तथा केसी वेणुगोपाल के साथ गहन चर्चा हुई। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने कहा कि इंडिया गठबंधन एकजुट है और उत्तर प्रदेश की स्थिति को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है। परिस्थिति को देखते हुए फैसला हुआ है जो प्रदेश के हित में है।

## 3 आरोपियों को बरी करने के फैसले को चुनौती देने की अनुमति नहीं मिली

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने 1984 के सिख दंगों के मामले में 27 साल से अधिक की देरी के बाद तीन आरोपियों को बरी करने के फैसले को चुनौती देने की सरकार को अनुमति देने से इनकार कर दिया है। न्यायमूर्ति प्रतिभा एम सिंह और अमित शर्मा की पीठ ने 21 अक्टूबर को कहा कि उसे जान-माल के बड़े पैमाने पर हुए नुकसान के बारे में जानकारी है, लेकिन वह अभियोजन पक्ष द्वारा अपील दायर करने में किये गये लंबे विलंब की अनदेखी नहीं कर सकती।

1984 दंगे

# सोरेन, बाउरी सहित 50 से अधिक का नामांकन

रांची, एजेंसी

झारखंड चुनाव

झारखंड विधानसभा चुनाव के लिए गुरुवार को मुख्यमंत्री व झामुमो के नेता हेमंत सोरेन, नेता प्रतिपक्ष व भाजपा नेता अमर कुमार बाउरी और अन्य उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किए। मुख्यमंत्री ने बरहेट क्षेत्र जबकि उनकी विधायक पत्नी कल्पना ने गांडेय से नामांकन पत्र दाखिल किए। हेमंत सोरेन ने एक्स पर कहा कि अमर वीर शहीद सिदो-कान्हू, फूलो-झानो, चांद-भैरव की क्रांतिकारी भूमि बरहेट विधानसभा से नामांकन पत्र दाखिल करने का परम सौभाग्य मिला। झामुमो नेताओं के अलावा भाजपा और कांग्रेस के 50 से अधिक नेताओं ने विभिन्न सीट से नामांकन पत्र दाखिल किए।

भाजपा विधायक और नेता प्रतिपक्ष अमर बाउरी ने चंदनकियारी क्षेत्र से नामांकन किया, जो अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है। गठबंधन सरकार में कांग्रेस के कोटे के चार मंत्रियों रामेश्वर उरांव, इरफान अंसारी, दीपिका पांडे सिंह और बन्ना गुप्ता समेत कई उम्मीदवारों ने नामांकन किए। पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन के बेटे बाबूलाल सोरेन ने घाटशिला सीट जबकि पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा की पत्नी मीरा मुंडा ने पोटका विधानसभा क्षेत्र से नामांकन पत्र दाखिल किए।



साहिबगंज जिले के बरहेट क्षेत्र से नामांकन दाखिल करते झारखंड के मुख्यमंत्री व झामुमो उम्मीदवार हेमंत सोरेन।

## ड्रग तस्करी के आरोप में गिरफ्तार सतकार कौर भाजपा से निष्कासित

**चंडीगढ़।** भाजपा ने फिरोजपुर की पूर्व विधायक सतकार कौर को ड्रग तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किये जाने के बाद छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। भाजपा के प्रदेश महासचिव अनील सरीन ने गुरुवार को पत्र जारी कर उनकी बर्खास्तगी की घोषणा की। कौर को पुलिस उनके भतीजे के साथ मेडिकल जांच के लिए अस्पताल ले आई थी। जब उनसे उनके घर से किसी भी तरह की बरामदगी के बारे में पूछा गया तो उन्होंने किसी भी तरह की बरामदगी से इनकार किया।

## एमवीए में सीट को लेकर अंतिम समझौते की आज होगी घोषणा

**पुणे।** कांग्रेस की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख नाना पटोले ने गुरुवार को कहा कि महा विकास आघाडी (एमवीए) गठबंधन के सीट-बंटवारे को लेकर अंतिम समझौते की घोषणा शुक्रवार सुबह की जायेगी। पटोले ने कहा कि पार्टी ने अपने उन कुछ उम्मीदवारों से नामांकन पत्र दाखिल करने को कहा है, जिन्हें 20 नवंबर को होने वाले राज्य विधानसभा चुनाव के लिए टिकट मिलना तय माना जा रहा है। उन्होंने कहा कि सीट-बंटवारे की घोषणा कल सुबह तक कर दी जाएगी। कई दिन के गतिरोध के बाद विपक्षी गठबंधन ने घोषणा की थी कि कांग्रेस, राकांपा (एसपी) व शिवसेना (यूबीटी) 85-85 सीट पर चुनाव लड़ेंगे तथा शेष सीट के लिए बातचीत जारी है।

# केरल : जीएसटी विभाग ने 104 किलो सोना किया जब्त

त्रिशूर (केरल), एजेंसी

- अधिकारियों ने स्वर्ण आभूषण निर्माण इकाइयों पर की छापेमारी

सोने के व्यापार के लिए मशहूर त्रिशूर में केरल माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के अधिकारियों ने स्वर्ण आभूषण निर्माण इकाइयों पर छापेमारी कर बेहिसाबी 104 किलोग्राम सोना जब्त किया, जिसका बाजार मूल्य 75 करोड़ रुपये है। इस अभियान को टोरे डेल ओरो नाम दिया गया है। यह नाम एक स्पेनिश शब्द से लिया गया है, जिसका अर्थ है सोने की मीनार। बुधवार शाम शुरू हुआ यह अभियान गुरुवार को भी जारी रहा और इस दौरान 700 से अधिक अधिकारियों ने पूरे मध्य केरल जिले में विनिर्माण इकाइयों और जौहरियों के घरों सहित लगभग 78 स्थानों पर छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि जीएसटी विभाग की खुफिया शाखा पिछले छह माह से आभूषण निर्माताओं द्वारा की जा रही कथित जीएसटी धोखाधड़ी की जांच कर रही है।

# ध्वस्तीकरण से प्रभावित लोग अदालत आ सकते हैं : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को उस याचिका पर सुनवाई से इनकार कर दिया, जिसमें उत्तराखंड, राजस्थान और उत्तर प्रदेश के प्राधिकारियों पर संपत्तियों के ध्वस्तीकरण संबंधी उसके आदेश की अवमानना का आरोप लगाया गया था।

न्यायमूर्ति बीआर गवई, पीके मिश्रा और केवी विश्वनाथन की पीठ ने कहा कि वह इन याचिका पर विचार करने की इच्छुक नहीं है, जो प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से कथित कृत्य से जुड़ा नहीं है। हम भानुमती का पिटारा नहीं खोलना चाहते। शीर्ष अदालत ने कहा कि तोड़फोड़ से प्रभावित लोगों को अदालत में आने दें। याचिकाकर्ता के वकील ने आरोप लगाया कि हरिद्वार, जयपुर और कानपुर में प्राधिकारियों ने सुप्रीम कोर्ट के उस आदेश की अवमानना करते हुए संपत्तियों को ध्वस्त किया, जिसमें कहा गया था कि उसकी अनुमति के बिना ध्वस्तीकरण नहीं होगा। वकील ने कहा कि आदेश स्पष्ट था कि इस अदालत की अनुमति के बिना तोड़फोड़ नहीं होगी। उन्होंने आरोप लगाया कि इनमें से एक मामले में प्राथमिकी दर्ज होने के तुरंत बाद संपत्ति को ध्वस्त कर दिया गया था।



- राज्यों के खिलाफ अवमानना याचिका को शीर्ष अदालत ने किया खारिज

### आरोपी पत्रकार पर दंडात्मक कार्रवाई न करने का निर्देश

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने गुरुवार को उत्तर प्रदेश में महिला पत्रकार के खिलाफ दर्ज चार प्राथमिकियों में उन पर दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति बीआर गवई, पीके मिश्रा और केवी विश्वनाथन की पीठ ने पत्रकार ममता त्रिपाठी की याचिका पर उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। याचिका में प्राथमिकी रद करने का अनुरोध किया गया है। त्रिपाठी ने दावा किया कि ये प्राथमिकी राजनीति से प्रेरित है और प्रेस की स्वतंत्रता को दबाने के प्रयास में दर्ज हुई हैं। पीठ ने कहा कि यह निर्देश दिया जाता है कि याचिकाकर्ता पर कोई दंडात्मक कदम नहीं उठाया जाये।

## खेल डायरी

### पूर्व महिला हॉकी कप्तान रानी ने लिया संन्यास



**नई दिल्ली।** पूर्व महिला हॉकी टीम की कप्तान रानी रामपाल ने गुरुवार को हॉकी से संन्यास ले लिया। रानी ने आज कहा कि उनके हॉकी करियर की यात्रा शानदार रही है। मैंने कभी नहीं सोचा था कि भारत के लिए इतने लंबे समय तक खेलूंगी। मेरा बचपन से बहुत गरीबी में रहा लेकिन मेरा ध्यान हमेशा कुछ करने देश का प्रतिनिधित्व करने पर था। उन्होंने वर्ष 2008 में 14 वर्ष की आयु में अंतर्राष्ट्रीय हॉकी में पर्दापण किया था। उन्होंने अपने करियर में देश के लिए 254 मैचों में 205 गोल किए। रानी रामपाल को वर्ष 2020 में मेजर ध्यानचंद खेल रत्न पुरस्कार और इसके बाद देश के चौथे सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार पद्मश्री से सम्मानित किया गया। उन्हें हाल ही में सब जूनियर महिला टीम का राष्ट्रीय कोच नियक्त किया था।

### साजिद के दम पर पाकिस्तान ने इंग्लैंड को 267 पर समेटा



**रावपिंडी।** पाकिस्तान ने गुरुवार को तीसरे टेस्ट मैच में पहली बार अलग तरह की गेंदबाजी शुरुआत करते हुए इंग्लैंड को 267 पर समेटने के बाद 73 रन पर तीन विकेट गवां कर बैकफुट पर है। इंग्लैंड को ऑलआउट करने के बाद बल्लेबाजी करने उतरी पाकिस्तान की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। 10वें ओवर में शोएब बशीर ने अब्दुल्लाह शफीक (14) को आउट कर पाकिस्तान को पहला झटका दिया। इसके बाद 13वें ओवर में जैक लीच ने सईम अयूब (19) को पवेलियन का रास्ता दिखा दिया। इसके बाद कामरान गुलाम (तीन) को गस ऐटकिंसन ने बोल्ड आउट कर पाकिस्तान को 46 के स्कोर पर तीसरा झटका दिया। दिन का खेल समाप्त होने के समय पाकिस्तान ने तीन विकेट पर 73 रन बना लिये थे और शान मसूद (नाबाद 16) और साउद शकील (16) क्रीज पर मौजूद थे। आज इससे पहले साजिद खान (छह विकेट) और नोमान अली (तीन विकेट) की शानदार गेंदबाजी की बदौलत पाकिस्तान ने इंग्लैंड को पहली पारी को 267 के स्कोर पर समेट दिया है। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी इंग्लैंड की पूरी टीम 68 .2 ओवर में 267 पर सिमट गई। पाकिस्तान की ओर से साजिद खान ने 29 .2 ओवर में 128 रन देकर (छह विकेट) लिए और नोमान अली ने 28 ओवर में 88 रन देकर (तीन विकेट) झटके। जाहिद महमूद ने एक बल्लेबाज को आउट किया।

### रबाडा की गेंदबाजी से द. अफ्रीका ने बांग्लादेश को हराया

**मीरपुर।** अनुभवी तेज गेंदबाज कागिसो रबाडा (दूसरी पारी में 39 रन पर छह विकेट) की शानदार गेंदबाजी के बूते दक्षिण अफ्रीका ने दो मैचों की शृंखला के पहले टेस्ट मैच में गुरुवार को यहां चौथे दिन बांग्लादेश को सात विकेट से शिकस्त देकर 1–0 की बढ़त बना ली। रबाडा की धारदार गेंदबाजी के सामने बांग्लादेश की दूसरी पारी 307 रन पर सिमटी जिससे दक्षिण अफ्रीका को जीत के लिए 106 रन का लक्ष्य मिला। दक्षिण अफ्रीका ने लंच से पहले के सत्र में 22 ओवर में तीन विकेट पर 106 रन बनाकर मैच को अपने नाम किया। बांग्लादेश की पहली पारी 106 रन पर सिमटी थी जिसके बाद दक्षिण अफ्रीका ने 308 रन बनाकर 202 रन की बढ़त हासिल की थी। बांग्लादेश ने दिन की शुरुआत अपनी दूसरी पारी में सात विकेट पर 283 रन से आगे से की लेकिन रबाडा और वियान मुलडर ने दूसरी नयी गेंद से बल्लेबाजों को ज्यादा मौके नहीं दिए। रबाडा ने दिन की शुरुआती ओवर में नईम हसन को पगबाधा कर टेस्ट पारी में 15वीं बार पांच विकेट झटकने का कारनामा किया। उन्होंने इसके बाद मेहदी हसन मिराज (97) को शतक पूरा करने से पहले चलता कर दिया। लक्ष्य का पीछा करते हुए टोनी डि जॉर्जी ने 41 जबकि ट्रिस्टन स्टब्स ने नाबाद 30 रन बनाए।

# डब्ल्यूएफआई ने टीम को विश्व चैंपियनशिप से हटाया

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय कश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) ने विश्व चैंपियनशिप से भारतीय टीम को हटा लिया और विश्व संचालन संस्था यूडब्ल्यूडब्ल्यू को सूचित किया कि खेल मंत्रालय उसकी स्वायत्तता में हस्तक्षेप कर रहा है। सीनियर विश्व चैंपियनशिप 12 गैर ओलंपिक वर्गों में 28 अक्टूबर से अल्बानिया के तिराना में आयोजित होगी।

डब्ल्यूएफआई ने हाल में अंडर 23 और विश्व चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल की घोषणा की थी और प्रदर्शनकारी पहलवानों ने चयन ट्रायल की वैधता पर सवाल उठाते हुए अदालत की अवमानना के तौर पर चुनौती दी थी। डब्ल्यूएफआई ने चयन ट्रायल नोटिस वापस ले लिया और अदालत ने 4 अक्टूबर को अवमानना याचिका पर आगे नहीं बढ़ने का फैसला किया। डब्ल्यूएफआई के एक सूत्र ने बताया साक्षी मलिक के पति सत्यव्रत कादियान ने हाल में अदालत का दरवाजा खटखटाया और कहा कि डब्ल्यूएफआई पर अदालत की अवमानना का आरोप लगाया जाना चाहिए। यह सब मंत्रालय के निलंबन के कारण हो रहा है।निलंबन बनाए रखने का कोई आधार नहीं है। अगर मंत्रालय निलंबन हटा देता है तो ये सभी मुद्दे नहीं होंगे।



- यूडब्ल्यूडबल्यू को सरकारी हस्तक्षेप की शिकायत, अगर मंत्रालय निलंबन हटा देता है तो नहीं होंगे ये सभी मुद्दे

#### डब्ल्यूएफआई की स्वायत्तता में हो रहा हस्तक्षेप

खेल मंत्रालय ने नए अधिकारियों के चुनाव के लिए मतदान के तुरंत बाद 24 दिसंबर को डब्ल्यूएफआई को निलंबित कर दिया था। डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष संजय सिंह ने यूडब्ल्यूडब्ल्यू के अध्यक्ष नेनाद लालोविच को पत्र में लिखा दुर्भाग्य से खेल मंत्रालय का डब्ल्यूएफआई की स्वायत्तता में हस्तक्षेप करना जारी है। खेल मंत्रालय ने 24 दिसंबर 2023 को डब्ल्यूएफआई के दैनिक प्रशासन का काम बंद करने और रोकने का आदेश दिया और भारतीय ओलंपिक संघ (भारत की राष्ट्रीय ओलंपिक समिति) को डब्ल्यूएफआई के संचालन के लिए तदर्थ समिति बनाने का निर्देश दिया। आईओए ने फरवरी में यूडब्ल्यूडब्ल्यू द्वारा डब्ल्यूएफआई पर प्रतिबंध हटाए जाने के बाद इस साल मार्च में महासंघ का प्रबंधन करने वाले तदर्थ पैनल को भंग कर दिया था।

# राधा की फिरकी में उलझी न्यूजीलैंड की महिला टीम

- भारत ने पहला एकदिवसीय मैच 59 रन से जीता, शृंखला में 1-0 की बनाई बढ़त

अहमदाबाद, एजेंसी

बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव की अगुआई में गेंदबाजों के उम्दा प्रदर्शन से भारत ने पहले महिला एकदिवसीय मैच में गुरुवार को यहां न्यूजीलैंड को 59 रन से हराकर तीन मैच की शृंखला में 1-0 की बढ़त बना ली

भारत के 228 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए न्यूजीलैंड की टीम राधा (35 रन पर तीन विकेट) और तेज गेंदबाजी साइमा ठाकोर (26 रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने 40.4 ओवर में 168 रन पर ढेर हो गई। दीप्ति शर्मा (35 रन पर एक विकेट) और अरुंधति रेड्डी (21 रन पर एक विकेट) ने भी एक-एक विकेट चटकाया। इससे पहले अमेलिया और जेस ने मिलकर सात विकेट चटकाए जिससे न्यूजीलैंड ने भारत को 44.3 ओवर में 227 रन समेटा। लेग स्पिनर अमेलिया ने चार जबकि जेस ने तीन विकेट हासिल किए जिससे न्यूजीलैंड ने भारत को नियमित अंतराल पर झटके दिए।

# सुंदर के शिकंजे में फंसे कीवी बल्लेबाज

## वाशिंगटन ने झटके सात विकेट, 259 पर सिमटी न्यूजीलैंड



वाशिंगटन सुंदर

7 विकेट

59 रन

23 ओवर

<< न्यूजीलैंड की पारी का अंतिम विकेट लेने के बाद सुंदर को बधाई देते जसप्रीत बुमराह। ● एजेंसी

पुणे, एजेंसी

हरफनमौला वाशिंगटन सुंदर (59 रन पर सात विकेट) की शानदार ऑफ स्पिन गेंदबाजी से भारत ने तीन मैचों की शृंखला के शुरुआती टेस्ट में गुरुवार को यहां न्यूजीलैंड की पहली पारी को 259 रन पर समेटने के बाद स्टंप्स तक एक विकेट पर 16 रन बना लिए हैं। दिन का खेल समाप्त होने पर शुभमन गिल नाबाद 10 और सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल नाबाद छह रन बनाकर क्रीज पर मौजूद थे। टिम साउथी ने अपने दूसरे ओवर में भारतीय कप्तान रोहित शर्मा को खाता खोले बगैर बोल्ड किया।

कुलदीप यादव की जगह टीम में जगह बनाने वाले सुंदर ने लगभग ढाई साल के बाद टेस्ट टीम में वापसी पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। इससे पहले उनके नाम चार टेस्ट में छह विकेट थे। भारत के लिए अनुभवी रविचंद्रन अश्विन ने 64 रन देकर तीन विकेट लिए। भारतीय सरजमीं पर यह पहली बार है जब किसी टेस्ट मैच में सभी 10 विकेट दायें हाथ के ऑफ स्पिनरों ने झटके हो। अश्विन डेवोन कोन्वे को आउट कर अपने विकेटों की संख्या 531 तक पहुंचाकर ऑस्ट्रेलिया के नाथन लियोन से आगे निकल गए। न्यूजीलैंड के लिए डेवोन कोन्वे ने 76, रचिन रविंद्र ने 65 और मिचेल सेंटनर ने 33 रन का योगदान दिया। कुलदीप की जगह टीम में शामिल करने के फैसले को सही साबित करते हुए सुंदर ने अपने 14वें ओवर में पिछले मैच के शतकवीर रविंद्र को आउट कर पहली सफलता हासिल करने के बाद अपने छोर से विकेट चटकाना जारी रखा।



रोहित शर्मा का विकेट लेने के बाद जश्न मनाते टिम साउथी व अन्य। ● एजेंसी

#### टीम में तीन बदलाव, घबराहट भरा फैसला : गावस्कर

**पुणे।** पूर्व दिग्गज सुनील गावस्कर का मानना है कि न्यूजीलैंड के खिलाफ दूसरे टेस्ट के लिए भारत ने घबराहट में अंतिम एकादश में कुलदीप यादव की जगह वाशिंगटन सुंदर को शामिल किया। भारतीय टीम ने दूसरे टेस्ट के लिए अपनी टीम में तीन बदलाव किए। उन्होंने मोहम्मद सिराज और लोकेश राहुल की जगह क्रमश: आकाश दीप और शुभमन गिल टीम में शामिल करने के साथ कलाई के स्पिनर कुलदीप यादव की जगह वाशिंगटन को मौका दिया। गावस्कर ने टॉस के बाद कहा यह भारतीय टीम का घबराहट भरा फैसला लगता है। आप अक्सर टीम में तीन बदलाव नहीं करते हैं। पिछले सप्ताह पहला टेस्ट आठ विकेट से हारने के बाद भारत तीन मैचों की शृंखला में 0–1 से पीछे है। गावस्कर ने कहा जब तक चोट की चिंता न हो, मैं बहुत सी टीमों को तीन बदलाव करते नहीं देखता।

#### स्कोर बोर्ड

**न्यूजीलैंड पहली पारी : 259/10 (79.1 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| टॉम लाथम पगबाधा अश्विन | 15 | 22 | 2/0 |
| डेवोन कोन्वे का पंत बो अश्विन | 76 | 141 | 11/0 |
| विल यंग का पंत बो अश्विन | 18 | 45 | 2/0 |
| रचिन रविंद्र बो वाशिंगटन | 65 | 105 | 5/1 |
| डेरिल मिचेल पगबाधा सुंदर | 18 | 54 | 0/0 |
| टॉम ब्लंडेल बो सुंदर | 3 | 12 | 0/0 |
| ग्लेन फिलिप्स का अश्विन बो सुंदर | 9 | 31 | 0/0 |
| मिचेल सेंटनर बो सुंदर | 33 | 51 | 3/2 |
| टिम साउदी बो सुंदर | 5 | 8 | 1/0 |
| एजाज पटेल बो सुंदर | 4 | 9 | 1/0 |
| विलियम ओ'रोउर्के नाबाद | 0 | 0 | 0/0 |

अतिरिक्त : 13, गेंदबाजी : बुमराह 8–2–32–0, आकाश दीप 6–0–41–0, अश्विन 24–2–64–3, सुंदर 23 .1–4–59–7, जडेजा 18–0–53–0

**भारत पहली पारी : 16/1 (11 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल नाबाद | 6 | 25 | 1/0 |
| रोहित शर्मा बो साउथी | 0 | 9 | 0/0 |
| शुभमन गिल नाबाद | 10 | 32 | 1/0 |

गेंदबाजी : साउथी 3–1–4–1, ओ'रोउर्के 3–2–5–0, पटेल 3–1–5–0, सेंटनर 2–0–2–0

#### मैच के दौरान पानी की कमी पर भड़के प्रशंसक, एमसीए ने मांगी माफी

**पुणे।** भारत और न्यूजीलैंड के बीच दूसरे क्रिकेट टेस्ट मैच के दौरान पानी की बोतलें पहुंचने में देरी के कारण एमसीए स्टेडियम में अफरा–तफरी मच गई और प्रशंसकों ने संघ के खिलाफ नारे लगाए। बाद में मेजबान संघ ने इस चूक के लिए माफी मांगी। गुरुवार को शुरू हुए मुकाबले के लिए लगभग 18 हजार दर्शक मैदान पर पहुंचे। एमसीए के अधिकांश हिस्से में छत नहीं है और धूप में बैठे प्रशंसक जब पानी लेने पहुंचे तो उन्हें पता चला कि पानी की बोतलें उपलब्ध नहीं हैं।

# लीवरपूल ने लीपजिंग को हराया, मैनचेस्टर सिटी और बार्सीलोना ने दर्ज की बड़ी जीत

बार्सीलोना, एजेंसी



सीएल राउंडअप

- मैनचेस्टर सिटी ने लीग के इतिहास में लगातार सबसे अधिक मैचों में अपराजित रहने का बनाया रिकॉर्ड

यूएफा चैंपियंस लीग फुटबॉल में इंग्लैंड के क्लबों के साथ बार्सीलोना ने अपने-अपने मैचों में शानदार जीत से दबदबा कायम किया। प्रीमियर लीग की तालिका में शीर्ष पर काबिज लीवरपूल ने लगातार तीसरी जीत के बाद चैंपियंस लीग में शीर्ष पर काबिज एस्टोन विला से अंकों की बराबरी की तो वहीं मैनचेस्टर सिटी ने प्रतियोगिता के इतिहास में लगातार सबसे अधिक मैचों में अपराजित रहने का नया रिकॉर्ड बनाया।

डार्विन नुनेज के गोल से लीवरपूल ने लीपजिंग को 1-0 से हराया। एर्लिंग हालैंड के दो गोल की मदद से सिटी ने स्पार्टा प्राग को 5-0 से करारी शिकस्त दी। कप्तान राफिन्हा की हैट्रिक की से बार्सीलोना आखिरकार बायर्न म्यूनिख को शिकस्त देने में सफल रहा। टीम ने 4-1 की एकतरफा जीत दर्ज की। बार्सीलोना ने जर्मनी की इस टीम के खिलाफ लगातार छह हार के बाद जीत का स्वाद चखा है। तीन दौर के मैचों के बाद लीवरपूल और एस्टोन विला के पास तालिका में शीर्ष पर मैनचेस्टर सिटी और आर्सेनल पर दो अंकों की बढ़त है। बार्सीलोना की बायर्न म्यूनिख पर 2015 के बाद पहली जीत में राफिन्हा के अलावा दिग्गज रोबर्ट लेवांडोवस्की ने भी गोल दागा। लेवांडोवस्की ने बायर्न म्यूनिख का प्रतिनिधित्व किया है। बायर्न के इस इस मैच का इकलौता गोल हैरी केन ने किया। मैनचेस्टर सिटी ने स्पार्टा प्राग को हराकर मैनचेस्टर यूनाइटेड के रिकॉर्ड को अपने नाम किया। सिटी पिछले 26 मैचों से अपराजेय है।

# स्विस इंडोर्स : वावरिंका ने मन्नारिनो हराया, रुबलेव भी आगे बढ़े

बेसल (स्विट्जरलैंड), एजेंसी

स्टैन वावरिंका ने एड्रियन मन्नारिनो को 6-3, 3-6, 7-5 से हरा स्विस इंडोर्स टेनिस टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे उम्रदराज मैच विजेता बन गए। घरेलू दर्शकों के सामने 39 वर्षीय वावरिंका की फ्रांस के खिलाड़ी के खिलाफ चार मैचों में पहली जीत है।

वावरिंका को क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने के लिए अब 22 वर्षीय बेन शेल्टन से भिड़ना होगा। शीर्ष वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव ने एलेजांद्रो टैबिलो को 7-6 (3), 6-1 से हराकर सत्र के अपने 13वें क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट ने दूसरी वरीयता प्राप्त कैस्पर रूड को 6-3, 3-6, 6-3 से पराजित किया तो वहीं दो बार के गत चैंपियन फेलिक्स ऑगर-अलियासिमे ने सेबेस्टियन बेज को 7-5, 6-1 से मात दी। डेविड गोफिन और पेड्रो मार्टिनेज भी जीत के साथ आगे बढ़ने वाले खिलाड़ियों में शामिल रहे।



39 वर्षीय वावरिंका की फ्रांस के खिलाड़ी के खिलाफ चार मैचों में पहली जीत

- आंद्रे रुबलेव ने एलेजांद्रो को हराकर क्वार्टर फाइनल में किया प्रवेश
- रॉबर्टो बॉतिस्ता अगुट ने कैस्पर रूड को किया पराजित, अलियासिमे ने भी जीता अपना मैच

<< अपने मैच के दौरान शॉट लगाते स्टैन वावरिंका। ● एजेंसी

#### पेरिस मास्टर्स से हटे जोकोविच

**पेरिस।** गत चैंपियन नोवाक जोकोविच ने अगले सप्ताह होने वाले पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है। 37 साल के खिलाड़ी ने पिछले सप्ताह सिक्स किंग्स स्लैम प्रदर्शनी टूर्नामेंट में भाग लिया था। आयोजकों ने जोकोविच के हटने का कोई कारण नहीं बताया है। रैंकिंग में सबसे लंबे समय तक शीर्ष स्थान रहे सर्बिया के इस खिलाड़ी ने एक इंस्टाग्राम पोस्ट में कहा कि मुझे उन सभी लोगों के लिए खेद है जो मुझे वहां खेलते हुए देखना चाहते थे। वहां सात खिताब जीतने के दौरान मेरी कई अच्छी यादें हैं और उम्मीद है कि अगले साल वापस आऊंगा।

#### एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने वियना प्री-क्वार्टर फाइनल में बनाई जगह

**वियना।** एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने एर्स्टे बैंक ओपन टेनिस के प्री–क्वार्टर फाइनल यहां मार्कोस गिरोन को 6–2, 7–5 से शिकस्त दी। रैंकिंग में तीसरे स्थान पर काबिज जर्मनी के इस खिलाड़ी की यह मौजूदा साल की 61वीं जीत है। इससे उन्होंने 2018 में दर्ज 60 जीत की अपनी रिकॉर्ड में सुधार किया। ज्वेरेव के सामने क्वार्टर फाइनल में लोरेंजो मुसेटी की चुनौती होगी। गेल मोनफिल्स के बीमारी के कारण अपने दूसरे दौर के मैच से हटने से मुसेटी ने अंतिम आठ में अपनी जगह पक्की की। ग्रिगोर दिमित्रोव ने झांग झिझेन को हराया।

## बॉलीवुड हलचल

### पुष्पा 2: द रूल 5 दिसंबर को होगी रिलीज



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की बहुप्रतीक्षित फिल्म पुष्पा 2 : द रूल 5 दिसंबर को रिलीज होगी। 2024 की बहुप्रतीक्षित फिल्मों में से एक पुष्पा 2 : द रूल पहले 6 दिसंबर को रिलीज होने वाली थी। अब यह फिल्म 5 दिसंबर को रिलीज होगी। अल्लू अर्जुन ने सोशल मीडिया पर पुष्पा 2 : द रूल का एक नया पोस्टर शेयर किया है। चिल्लम पीते हुए पुष्पाराज अपने हाथ में पकड़े बंदूक को निहार रहे है। वह नोटों की गड्डी के सामने खड़े हुए हैं। अल्लू अर्जुन ने हैशटैग में पुष्पा 2 : द रूल ऑन 5 दिसंबर लिखा है। पुष्पा 2 : द रूल पुष्पा राज की दिलचस्प यात्रा को पेश करेगी, जब वह स्मगलिंग और शक्ति की जोखिम भरी दुनिया में प्रवेश कर रहा होगा। अल्लू अर्जुन ने इस किरदार को निभाया है, और इस बार कहानी में ज्यादा गहराई होगी। फिल्म में रश्मिका मंदाना और फहाद फासिल भी हैं। सुकुमार द्वारा निर्देशित पुष्पा 2 :द रूल 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

### हिंदी और तमिल में बनेगी गजनी 2, स्क्रिप्ट पर हो रहा काम



**मुंबई।** बॉलीवुड के मिस्टर परफेक्शनिस्ट आमिर खान की सुपरहिट फिल्म गजनी की सीक्वल गजनी 2, हिंदी और तमिल भाषा में बनाई जा सकती है। 2008 में प्रदर्शित आमिर खान की सुपरहिट फिल्म गजनी का सीक्वल बनने जा रहा है। निर्माता अल्लू अरविंद और मधु मंटेना ने इस फिल्म पर काम करना शुरू कर दिया है। फिल्म निर्माताओं ने तय किया है कि गजनी 2 को हिंदी और तमिल, दोनों भाषाओं में एक साथ बनाया जाएगा।साथ ही इसे एक ही दिन सिनेमाघरों में रिलीज भी किया जाएगा। हिंदी में गजनी 2, आमिर खान जबकि तमिल में यह फिल्म सूर्या के साथ बनाई जा सकती है।गजनी 2 को लेकर मेकर्स आमिर खान से मिले थे। उन्हें सीक्वल का आइडिया भी शेयर किया था। हाल ही में सूर्या ने भी कहा था कि गजनी 2 प्रोसेस में हैं और ये बन सकती है। अभी स्क्रिप्ट पर काम हो रहा है।

### द साबरमती रिपोर्ट का मोशन पोस्टर हुआ रिलीज

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता विक्रांत मैसी की आने वाली फिल्म द साबरमती रिपोर्ट का मोशन पोस्टर रिलीज हो गया है। 27 फरवरी 2002 की सुबह, गुजरात के गोधरा रेलवे स्टेशन के पास एक भयानक घटना घटी, जिसने पूरे देश को झकझोर दिया और भारत के इतिहास को बदल दिया। साबरमती एक्सप्रेस ट्रेन में अचानक आग लग गई, जिससे 59 तीर्थयात्रियों और कारसेवकों की जान चली गई, जो अयोध्या से लौट रहे थे। इस घटना पर फिल्म द साबरमती रिपोर्ट बनायी जा रही है। द साबरमती रिपोर्ट का नया मोशन पोस्टर रिलीज किया गया है।यह मोशन पोस्टर काफी दिलचस्प और शक्तिशाली लग रहा है, जिसमें एक जलती हुई अखबार की कतरन और बैकग्राउंड में गुस्से से भरी आंखें दिख रही हैं। बालाजी मोशन पिक्चर्स, बालाजी टेलीफिल्म्स लिमिटेड का एक डिविजन और विकिर फिल्म्स प्रोडक्शन द्वारा प्रस्तुत, द साबरमती रिपोर्ट में विक्रांत मैसी, राशी खन्ना और रिद्धि डोगरा लीड रोल में हैं। यह फिल्म धीरज सरना निर्देशित और शोभा कपूर, एकता आर कपूर, अमूल वी मोहन और अंशुल मोहन द्वारा निर्मित है, जिसे ज़ी स्टूडियोज द्वारा पूरी दुनिया में रिलीज किया जायेगा। यह फिल्म 15 नवंबर को रिलीज होगी।

# हॉकी में भारत ने जर्मनी को 5–3 से हराया पेनल्टी शूटआउट में जर्मनी ने जीती ट्रॉफी

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत ने गुरुवार जर्मनी को हॉकी के दूसरे मैच में 5-3 से हरा कर पहले मैच को बदला ले लिया। जीत के बावजूद भारतीय को उस समय मायूसी हाथ लगी जब सीरीज के विजेता के लिए हुए पेनल्टी शूटआउट में भारतीय टीम 3-1 से हार गई और जर्मनी ने सीरीज 2-0 से जीत ली।

आज यहां मेजर ध्यानचंद नेशनल स्टेडियम में भारतीय हॉकी टीम ने पहले मैच में जर्मनी से 2-0 से हार के बावजूद नई स्पूर्ति के साथ मैदान में उतरी। पहले क्वार्टर में माजकोर ने भारतीय गोलकीपर को छकाते हुए गोल दाग दिया और अपनी टीम को 1-0 से बढ़त दिलाई। उसके बाद दोनों टीमें दूसरे क्वार्टर में कोई गोल नहीं कर पाई, लेकिन तीसरे क्वार्टर में भारतीय टीम ने जोरदार वापसी करते हुए अपना पहला गोल दागकर स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने टीम को 2-1 से बढ़त दिलाई। कप्तान के गोल से अगले मिनट ही भारत को एक और पेनल्टी कॉर्नर मिला और हरमनप्रीत सिंह ने फिर से गोल दागते हुए टीम को 3-1 से बढ़त दिलाई।

भारत के लिए सुखजीत सिंह (34वें और 48वें मिनट में), हरमनप्रीत सिंह (42वें और 43वें मिनट में) और अभिषेक (45वें मिनट में) ने गोल किए। जबकि हॉकी विश्व रैंकिग में दूसरे स्थान पर काबिज जर्मनी के लिए इलियन मैजकर (7वें और 57वें मिनट में) और हेनरिक मर्टगेन्स (60वें मिनट में) ने गोल किए। सीरीज के विजेता के लिए हुए पेनल्टी शूटआउट में भारतीय टीम 3-1 से हार गई और जर्मनी ने सीरीज 2-0 से जीत ली।



गोल दागने के बाद एक–दूसरे को बधाई देते भारतीय खिलाड़ी। ● एजेंसी


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 14/76-एल सिविल लाइन्स, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। संपादक-**शंभू दयाल वाजपेयी**, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह* 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- amritvicharkanpur@gmail.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

